BANARAS HINDU UNIVERSITY JOURNAL

Vol. X (1) 14 NOV. 1964

Subscription Rates (per issue) :—

U.S.A.	...	...	...	1 $
U.K.	...	...	...	10s
India	...	...	...	Rs. 5.00
B.H.U. (Staff and Students)		...	...	Rs. 3.00

RULES

(1) The "Prajñā", shall, so far as possible, be published twice a year: one issue immediately after the Diwali, the other immediately before the Holi.

(2) All subscriptions should be sent to the Assistant Editor, "Prajñā", B.H.U. Journal, Varanasi-5.

(3) Articles intended for publication in this Journal by B.H.U. scholars should be submitted to the College Editor before July 20 for the first issue and November 20 for the next issue and should reach the Editorial Board on July 30 and Nov. 30 respectively.

(4) Article should ordinarily be typewritten on foolscap paper on one side only and should not ordinarily cover more than 10 pages. Teacher authors contributing original articles to the Journal are entitled to receive 50 off-prints *gratis* and the students will get 25 off-prints.

(5) Articles of a highly techinical nature will not be entertained.

BA

Vol.

BANARAS HINDU UNIVERSITY JOURNAL

Vol. X (1)

14 NOV. 1964

विश्वविद्यालय के संस्थापक

पूज्य महामना

हिताय सर्वलोकानां निग्रहाय च दुष्कृतां
धर्मसंस्थापनार्थाय प्रणम्य परमेश्वरम् ।
प्रसादाद्विश्वनाथस्य काश्यां भागीरथीतटे
विश्वविद्यालयः श्रेष्ठः हिन्दूनां मानवर्धनः ॥

जन्म :—वि० सं० १९१८ पौषकृष्ण ८ (२५-१२-१८६१)

मोक्ष :—वि० सं० २००३ मार्गशीर्षकृष्ण ४ (१२-११-१९४६)

विषय-सूची

पण्डित नेहरू व्याख्यान देते हुये

मालवीय जन्म-शती पर नेहरू जी का व्याख्यान

वाइसचान्सलर साहब, विश्वविद्यालय के आचार्य, अध्यापकगण व विद्यार्थियो, बहनो, भाइयो और बच्चो !

आज इस जगह पर खड़े होकर और इस महान समारोह को देखकर मेरा मन कुछ पिछले जमाने में जाता है, गुजरे जमाने में; और अनेक चित्र उसमें आते हैं—तस्वीरें उन बातों की जो गुजर गई हैं, हो गई हैं। ठीक है, ऐसा तो होना ही है क्योंकि हम आए हैं एक महापुरुष की याद में और इसलिए पुराना जमाना याद आयेगा ही।

जब यह विश्वविद्यालय शुरू हुआ था, वह दिन भी मुझे याद है और शायद मैं तारीख भूल जाता उसकी लेकिन एक वजह से बहुत याद है मुझे। मैं उसमें आ नहीं सका था, इच्छा तो थी, लेकिन उसमें और एक बात में कुछ मुठभेंड़ हो गई। बात यह कि उसी तिथि को, उसी तारीख को, दिल्ली में मेरी शादी थी। वसंत पंचमी का दिन था, एक शुभ दिन विश्वविद्यालय के आरम्भ करने का भी और मेरी शादी का भी।

तो उस समय से कितनी बातें हुईं जो याद आती हैं इस विश्वविद्यालय के सिलसिले में। और जहाँ तक पूज्य मालवीय जी का सम्बन्ध था मुझे याद नहीं पड़ता कि कब पहले उनकी और मेरी मुलाकात हुई क्योंकि वह शायद मेरी पैंदाइस के थोड़े दिन बाद हुई थी। साफ याद नहीं है मुझे। बचपन में उनको देखा दूर से। वह एक बुजुर्ग थे आदरणीय बुजुर्ग। मैं एक बच्चा था, लड़का था। कुछ बड़े आदमियों को देखकर दूर से कुछ घबड़ाता भी था कि बहुत बड़े लोग हैं उनके पास नहीं जाऊँ, क्योंकि याद रखिए उस जमाने में बुजुर्गों का हम लोग ज्यादा आदर किया करते थे बनिस्वत आजकल के। और इस तरह हम बड़े हुए। फिर मैं चला गया विदेश पढ़ाई-लिखाई के सिललिले में और सात-आठ वर्ष वहाँ रहा। और जब वापिस आया तो फिर से उनसे मिलना जुलना हुआ और अक्सर हुआ।

हम दोनों इलहाबाद के रहने वाले थे। लेकिन खाली मिलने-जुलने की बात नहीं थी, बल्कि मेरे दिल में कुछ परेशानी रहती थी, क्योंकि जमाना ऐसा था कि मेरे दिल में ही नहीं—मैं जब अपना कहता हूँ आप समझिये उस जमाने के नौजवानों का कहता हूँ—उनके दिल में अक्सर परेशानी थी भारत की हालत पर, नाराजगी थी कि क्यों यहाँ अंग्रेजी साम्राज्य चलता जाता है, क्यों नहीं उसको हटाते, और उसी के साथ यह बकसी कि करें क्या।

उधर उसके थोड़े ही दिन पहले कुछ नौजवानों ने, नवयुवकों ने बंगाल में—उधर महाराष्ट्र के तरफ भी—बम फेंकना शुरू किया था, कुछ बरस, एक-दो बरस पहिले। वह भी एक निहायत निकम्मी बात मालूम होती थी हमें। और उसी के साथ एक दूसरा तरीका भी था कि प्रार्थना-पत्र लिखते जाँय, भेजते जाँय, तार भेजते जाँय और दरखास्तें भेजें। वह भी एक निकम्मी चीज और कुछ शान के खिलाफ बात मालूम होती थी।

लेकिन इसमें कोई शक नहीं कि यह जमाना था जब भारत में काफी लम्बे लोग पैदा हुए। खासी पैदाइश के वक्त वे लम्बे नहीं थ। लेकिन मैं उनके कद की बात नहीं कहता। उनके दिमाग का, सेवा भाव का और बातों का। काफी बड़े आदमी भारत ने उस जमाने में पैदा किए और इसी साल (१९६१) में आप देखिये कितनी शताब्दियाँ हम मना रहे हैं और जितनी मना रहे हैं उससे और भी बहुत हुए जिनकी हमने मनाई नहीं। और काफी बड़े आदमी हुए लेकिन वह चूँकि अपने फन में बड़े थे, इसलिये सारा देश उन्हें शायद न जानता हो। विज्ञान में बड़े से बड़े आदमी सर पी० सी० राय—आचार्य रे—बंगाल के बहुत बड़े आदमी थे। उनकी भी शताब्दी इसी साल मनायी जा रही है। तो एक ऐसा समय था जब कि इक्तिफाक से भारत ने बड़े-बड़े आदमियों को पैदा किया और इस तरह से दिखाया कि वह एक जीवित देश है, जिन्दा देश है, क्योंकि निशानी यही है देश की। निशानी यह तो नही है कि हमारे देश में ४३ करोड़ आदमी रहते हैं; निशानी यह कि ४३ करोड़ में कितने ऊँचे दर्जे के लोग हैं, कितनी क्वालिटी के लोग हैं। और ऐसी हालत में जब कि भारत अंग्रेजी साम्राज्य में था, दबा था और बढ़ने के मौके कम मिलते थे, उसमें ऐसे लोगों को पैदा किया जिनकी शताब्दी हम मनाते हैं। और थोड़े दिन बाद महात्मा गांधी को पैदा किया। अगर हमें कुछ भी भारत के बारे में मालूम न हो तो हम यह कह सकते हैं कि भारत में कुछ ऐसे गुण हैं कुछ बड़ी भारी जबरदस्त चीज है जो ऐसे लोगों को पैदा कर सकती है कभी-कभी।

मालवीय जी इन बहुत बड़े आदमियों में थे, और ऐसे समय आए जब कि एक बदलता हुआ भारत कुछ थोड़ा सा बदल रहा था। भारत कुछ सम्हल रहा था उस धक्के से जो कि १८५७ की आजादी की लड़ाई में उसे मिला था, जब अंग्रेजी साम्राज्य ने बेरहमी से कुचला था हमारे देश को विशेषकर उत्तर भारत को। कुछ उससे सम्हल रहा था हल्के-हल्के और उसको सम्हलने का वक्त आया जब उसके २०-२५ वर्ष बाद नेशनल कांग्रेस का जन्म हुआ और नेशनल कांग्रेस के करीब-करीब जन्म होते ही शायद दूसरे ही वर्ष मालवीय जी उसमें शरीक हुए—और उनकी जिन्दगी भी उस भारत के बढ़ते हुए इतिहास के साथ थी। कहा जा सकता है कि उस समय के इतिहास को नेशनल कांग्रेस ने लिखा भारत का; तो वह उसमें शरीक हुए। उसके बनाने वाले थे और उसकी सेवा करने वाले थे तो यह तो एक बहुत बड़ा हिस्सा उनकी राजनीति का हुआ, जो उन्होंने विशेषकर कांग्रेस द्वारा किया।

लेकिन वह हर तरफ़ देखते थे। शुरु ही से उनका ध्यान हमारी शिक्षा की तरफ गया। क्योंकि वह ऐसा समय था कि हमारी शिक्षा अव्वल तो बहुत कुछ फैली नहीं थी—फैल रही थी हल्के-हल्के—लेकिन फिर भी थोड़े से लोगों के लिए थी और उस पर असर पश्चिमी देशों का बहुत था, होना ही था, आश्चर्य की बात नहीं। शिक्षा में बहुत सी बातें हमें पश्चिमी देशों से सीखनी थीं हम गिर गये थे वह आगे बढ़े थे हमें सीखनी थीं बहुत बातें वह ठीक था लेकिन उसी के साथ बहुत सारी बातें उधर से आने लगीं जो कि बहुत आवश्यक नहीं थी, बल्कि कुछ हानिकारक थीं—और हम एक नकली लोग होने लगे हल्के-हल्के, असली नहीं। असली आदमी होता है वह जो दूसरों की नकल नहीं करता हम सब

नकल करने लगे योरप की ऊपरी बातों का। यूरोप में बहुत अच्छी बातें थीं और हैं। योरप ने एक सिविलाइजेशन ऐसी बनाई है इस बीसवीं शदी में जिसमें अनेक खूबियां हैं, ऊचे दर्जे की हैं अगर हम उन बातों को सीखते तो अच्छा था क्योंकि हममें कमियां थीं लेकिन हमारा ध्यान कोट, पतलून, टाई और कालर की तरफ जाता था और योरप की असली विद्या जिसने योरप को बड़ा किया उसकी तरफ कम गया और साथ ही जिन बातों ने भारत को बड़ा किया था प्राचीन समय में और बाद में उनको हल्के-हल्के भूलने लगे; तो मालवीय जी ने इस बात को पकड़ा। यों तो योरप की अच्छी बातों को वह अच्छी तरह से समझते थे। अंग्रेजी भाषा के वह बेनजीर बोलने वाले थे, लिखने वाले थे और योरप की साइंस विज्ञान की बड़ी कद्र करते थे, लेकिन वे ऊपरी बातों की नहीं करते थे। तो एक माने में आप देखें कि वह मिलाना चाहते थे दो बातों को—भारतीय संस्कृति और योरप के विज्ञान को। विज्ञान के साथ और चीजें बढ़ीं विज्ञान के साथ एक नई दुनियाँ बनी, नई इण्ड-स्ट्रियल सिविलाइजशन उद्योग की दुनियाँ बनी मशीनरी वगैरह की। वह दोनों को मिलाना चाहते थे जैसा हम आज भी चाहते हैं और कोशिश करते हैं।

आदरणीय मालवीय जी ने इस बहुत भारी लक्ष्य को अपने सामने रखकर यह विश्व-विद्यालय कायम किया और जमाना इसको हो गया और आज हम यहाँ बैठे हैं; तो सोचे हमलोग मालवीय जी का स्मारक बनाने की कोशिश करते हैं; उनकी स्मृति की उनकी याद करते हैं लेकिन कितने लोग दुनियाँ मे होंगे जिनका कोई स्मारक ऐसा शानदार बना हो जैसा कि यह विश्वविद्यालय यहाँ है—सोचिए, शानदार ही नहीं बल्कि एक पक्की चीज, एक बढ़ती हुई चीज, जीती जागती चीज जिसका असर देश भर में पड़े। इससे ज्यादा कोई चीज स्मारक नहीं हो सकती। हाँ मूर्तियाँ और इमारतें ईट पत्थर की बनती हैं और बनेंगी। लेकिन यह कि एक जिन्दा चीज, एक जीवित चीज जो कि आप को याद भी दिलाए और स्मारक भी हो और आगे की तरफ दिखाए भी आप को, इस तरह से आप पिछले जमाने को भविष्य से मिलाएँ तो यह हमेशा के लिये उनकी यादगार है और बताएगी किस तरह उनका जीवन था भारत की आजादी के लिए। बहुत लोगों से उस जमाने में मिला हूँ। जानता हूँ हजारों को भारत में जिन्होंने अपने जीवन को इस स्वराज्य के संग्राम में सर्व कर दिया; पूरी तौर से दे भी दिया। लेकिन मैं समझता हूँ कि ऐसे कम ही होंगे जिनके दिल में इस स्वतन्त्रता के लिए, आजादी के लिए ऐसी आग—लौ जलती थी जैसी मालवीय जी के दिल में। यह तो उनके जीवन का बड़ा भाग है, बड़ा भारी हिस्सा जिसका असर भारत के इतिहास पर पड़ा भारत की बढ़ती हुई आजादी की लड़ाई पर पड़ा। दूसरा हिस्सा उनका यह है—दोनों हिस्से अलग नहीं हैं—जिसकी निशानी यह विश्वविद्यालय है काशी का; जहाँ हम इस वक्त मौजूद हैं। दूसरा हिस्सा मैंने कहा लेकिन दोनों बिल्कुल मिले हुए हैं। भारत की आजादी—राजनीतिक आजादी हुई। हम आजाद हो गए। नक्शे पर हमारा एक रंग था पहले—अब दूसरा हो गया। अंग्रेज यहाँ से हट गए यह बात ठीक है। लेकिन जितने हमारे बड़े आदमी हुए हैं उन्होंने आजादी के माने कुछ अधिक समझा। खाली ऊपर से नहीं। मालवीय जी समझे और इसीलिए उस आजादी को मजबूत करने के लिए—आने वाली आजादी को—उनका ध्यान शिक्षा की तरफ, विश्वविद्यालय की तरफ गया।

गांधी जी को लीजिए, कोई अगर देखना चाह, अगर समझना चाहे कि जो-जो बातें उन्होंने कीं उसके माने क्या हैं तो पहले माने उसके यह नहीं है कि वे अंग्रेजी हुकुमत को यहाँ से अलग कर दें—यह माने थे उसके यह नतीजा था उनके काम का यह उनके मन में था। लेकिन जिस नीयत से वह काम करते थे वह यह था कि हम कैसे भारत की जनता की ताकत को बढ़ाएँ असली ताकत कि भारत की जनता के दिल से डर निकाल दें उसमें एक हिम्मत या वीरता आए। क्योंकि अगर ये बातें आ जाती हैं तो भारत की जनता की ताकत बढ़ जाती है। उसका लाजिमी नतीजा यह है कि कोई बाहर की हुकुमत यहाँ नहीं रह सकती। देखिए सोचने का तरीका। एक यह कि किसी तरह से बम फेंक कर यह करके, वह करके हम अंग्रेजी हुकुमत को निकाल दें फिर हम देख लेंगे, यह नहीं था, पर किस तरह हम हिन्दुस्तान के करोड़ों आदमियों की ताकत बढ़ाएँ सहयोग की शक्ति बढ़ाएँ जिससे बड़ी जबरदस्त शक्ति हो जाती है—उसके सामने अंग्रेजी राज्य नहीं रह सकता और उसके बाद कोई और हमला नहीं कर सकता। अगर किसी इत्तिफाक से, चतुराई से अंग्रेजी राज्य यहाँ से हट जाता तो हमारी ताकत नहीं होती काफी फिर गिर जाते जैसे बार-बार हम गिरे इतिहास में अपनी कमज़ोरी से, आपस में लड़ने से।

मेरा विचार यह है—कहाँ तक सही है, आप के आचार्य लोग जानें—हिन्दुस्तान की यह दलबन्दी की आदत, अलग-अलग खानों में रहने की आदत, हमारे जाति-भेद से पैदा हुई है जो खास भारत की एक चीज है और जगह भी दलबन्दी वगैरह होती है लेकिन जाति-भेद तो भारत की एक खास चीज है जिसने यहाँ के लोगों के इतने टुकड़े किए, खानों में रक्खा अलग-अलग और एक असली राष्ट्रीयता को पैदा होने नहीं दिया। हम राष्ट्रवादी हैं। हम बहुत कुछ नेशनलिज्म की चर्चा करते हैं लेकिन सच बात यह है कि हमारे यहाँ जैसा जाति-भेद और नेशनलिज्म साथ-साथ मिलकर नहीं रह सकता। एक दूसरे को कमजोर कर देता है और पूरी राष्ट्रीयता हमारे देश में नहीं आ सकती जब तक कि हम इस बात को न समझें और भेद को खत्म न करें। समाजवाद वगैरह की चर्चा तो और भी दूर की चीज है तो अब यह प्रश्न गांधी जी के सामने था कि जो बातें कमजोर करती हैं हम उनको कैसे हटाएँ सारा आन्दोलन, असहयोग आन्दोलन व सिविल नाफरमानी, जो भी वे करते थे उसका मतलब यही था—लोगों की ताकत बढ़ाना, लोगों से भय निकालना और लोगों में सहयोग का माद्दा पैदा करना यह बुनियादी बात थी इसी सिलसिले में उन्होंने अस्पृश्यता का विरोध बड़े जोरों से किया क्योंकि हमारे देश में राष्ट्रीयता कैसी जब हम आधे देश को या एक चौथाई देश को दबाकर रक्खें? आजादी उनके लिए नहीं है। नहीं देश बन सकता इस तरह। जितनें काम उन्होंने किया उसी ढंग से देखिए—भारत की जनता को उठाना, उसकी शक्ति बढ़ाना, उसमें ताकत हो, शक्ति हो, बलिदान करने की हिम्मत हो और मिलकर रहें।

तो इसी ढंग से मालवीय जी के सामने भी प्रश्न थे। मालवीय जी और गांधी जी में हर बात में एक राय नहीं थी। एक दूसरे से बहुत प्रेम करते थे और बहुत आदर करते थे और बहुत बातों में एक राय के भी थे लेकिन हर बात पर एक राय नहीं थे। लेकिन बुनियादी तौर से मालवीय जी के सामने और हमारे नेताओं के सामने बात थी भारत के

लोगों को मजबूत करना उठाना उनको शिक्षा के जरिए से और बातों से तैयार करना जिम्मेदारी लेने की। उसी सिलसिले में विश्वविद्यालय भी कायम हुआ। मालवीय जी की एक और विशेषता थी। यह सब लोग जानते हैं कि उनको हमारी पुरानी संस्कृति से बहुत प्रेम था—उसके बहुत अच्छी निशानी और नमूने थे वह। नरम दिल थे लेकिन सिद्धान्त के पक्के। आसानी से वह अपने किसी सिद्धान्त को नहीं छोड़ते थे। लेकिन फिर भी नरमी से बात करते थे। वे मिलाना चाहते थे, तोड़ना नहीं चाहते थे। किसी बड़े आदमी की भी एक बड़ी निशानी यह होती है कि वह मिलता है न कि तोड़ता है और खासकर हमारे देश में जहाँ इतनी सारी शक्तियाँ हैं तोड़ने की, अलग करने की तो और भी वह बड़ी बात हो जाती है कि कौन मिलाता है, जोड़ता है। सबसे बड़ी मिलाने की बात क्या है? पहली बात तो यही कि हिन्दुस्तान में, भारत में जो ४२ करोड़ ४३ करोड़ रहने वाले हैं वह मिलकर रहें। मोटी बात है मिलकर नहीं रह सकते तो फिर भारत इस तरह से नहीं चल सकता—भारत की शक्ति अपने को उठाने में नहीं लगेगी, आपस में लड़ाई झगड़े में लगेगी। इसलिये भारत के लोगों को मिलना है।

भारत के लोग कैसे मिलें? अनेक प्रकार के लोग मिलते हैं हमारे देश में। हाँ, उनमें एकता है लेकिन फिर भी अनेकता बहुत है। आप जाइये आसाम से लेकर दक्षिण में कन्या-कुमारी तक। कितना फर्क आप पाएँगे—भाषा म, खान-पीने में कपड़े लत्ते जो पहनते हैं, सब बातों में और उसी के साथ आप एक जबरदस्त पक्की एकता भी पाएँगे संस्कृति की जो चली आती है प्राचीन समय से; दोनों बातें कुछ एक दूसरे की विरोधी नहीं हैं। हमारी अनेकता उस समय एकता को कमजोर नहीं करती। हाँ, अगर अनेकता की तरफ ज्यादा ध्यान दीजिये तो एकता कमजोर हो जाती है।

तो पहला सवाल हमारे सामने, गांधी जी के सामने, मालवीय जी के सामने, यह रहा है कि कैसे हम इस देश के लोगों में एकता पैदा करें। एकता के माने यह नहीं है कि सब एक से हो जायँ। एक से लोग नहीं होते। अलग-अलग धर्म हैं। अलग-अलग जगह संस्कृति भी थोड़ी-बहुत अलग-अलग हो सकती है, भाषाएँ अलग हो सकती हैं। और बातें अलग हो सकती हैं। फिर भी एकता है। यह बड़ा सवाल है।

अब आप भारत के इतिहास को देखिए—आज के नहीं, एक हजार दो हजार बरस के इतिहास को, तो आप पाएँगें कि भारत के मन में हमेशा एक खोज रही—समन्वय की, एक सिन्थेसिस की, मिलाने की जो जाहिरा अलग-अलग चीजें हों उनको जोड़ देने की। और यही भारत की ताकत रही। भारत का बड़ा जमाना जब-जब हुआ वह जमाना एक अलग रहने का नहीं था। वह जमाना था जिसकी दरवाजे खिड़कियां खुली थीं। जो आना चाहें आएँ; जो विचार आना चाहे आएँ। जो अच्छे हैं, उचित समझेंगे तो हम उसे अपनाएँगे, उसको ले लेंगे। यह नहीं कि हम दरवाजे खिड़कियाँ बन्द कर देंगे। हमारे लोगों ने प्राचीन समय में बड़ी-बड़ी यात्राएँ कीं। सारे हमारे पुराने किस्से-कहानियाँ क्या हैं? आप पुराण पढ़िये। भारत के बाहर की कहानियाँ हैं और भी बातें हैं। आप जानते हैं कि कैसे भारत के लोगों की पूर्वी एशिया देशों में पहुंच हुई? और भी दूर-दूर तक और पूर्वी एशिया का तो कोई भी देश नहीं है जहाँ भारतीय लोगों की पहुँच नहीं हुई।

अब भी भारत की संस्कृति का अध्ययन करना चाहें तो आपको भारत के बाहर जाकर देखना होगा। भारत के बाहर देखिए कि क्या होता था। चाहे आप इन्डोनेशिया जाइए, चाहे इन्डोचाइना जाइए या और कहीं; आप हजारों मील दूर मंगोलिया जाइए। वहां बड़ी-बड़ी इमारतें बनीं, बड़े-बड़े मन्दिर बने। यह सब अधिकतर तो बौद्ध जमाने में हुआ। याद रखिये बौद्ध जमाना हमारा जमाना था। बौद्धधर्म हमारा धर्म है। वह कोई विदेशियों का धर्म नहीं था। तो उस वक्त भारत के दिमाग की खिड़कियां खुली थीं। हममें हिम्मत थी। हम जाते थे और जगह अपनी कला लेके, अपनी संस्कृत को लेके, अपनी भाषा को—यानी संस्कृति को—लेके। दूर-दूर जाते थे और सब लोग स्वागत करते थे, इसलिये कि जो चीज हम ले जाते थे वह कीमती थी। कुछ जबरदस्ती तो थी नहीं—फौज को लेकर तो हम गए नहीं वहाँ। अब भी आप जाइए—मंगोलिया जाइए—तो मंगोलिया वाले कहेंगे कि उनका जो राजवंश था वह एक भारतीय था जो यहाँ से—भारत से—गया था शायद एक बौद्ध बौद्धधर्म को लेकर। जिस तरह से वहाँ जाकर उसने विवाह किया वहाँ की किसी रहने वाली से—कोई राजकुमारी थी—तो उससे उनका राजवंश शुरू हुआ था। यह कहानी उनके यहाँ आती है। बहुत पुरानी बात है। ऐसी ही कहानी है कम्बोडिया में—कम्बोज में। तो जरा सा आप देखिए उस समय हमारे संबंध दुनिया के देशों से थे। वहाँ हम जाते-आते थे, कोई रुकावटें नहीं थीं। बाद के समय देखिये रुकावटें हुई, दीवारें पैदा हुई, समुद्रपार करना, कहीं जाना पाप समझा जाने लगा। प्रायश्चित करो। दीवारें हो गई। तो निशानी है यह एक कौम की जो गिर रही है। बजाय दिमाग की खिड़कियां खुली हों सब बन्द होने लगीं। सिटकिनी और ताले पड़ने लगे उनमें। हम अपने कुएं में बैठकर समझने लगे कि हमें कहीं जाना नहीं है, हम जितना सीख सकते थे सीख लिया हमने और कहीं बाहर जायँ तो जाने क्या बात हो जाय। देखिये भारत के इतिहास में कि कैसे हम गिरे। जहाँ मन के दरवाजे और खिड़कियां बन्द करने का प्रश्न आया एक देश गिरने लगता है, क्योंकि दुनियाँ एक देश से कुछ अधिक बड़ी चीज है। और मोटी बात यह कि जहाँ आप और दुनियाँ की हवाएं नहीं खाते और फिर मन में नहीं लाते आप पिछड़ जाते है। यही हुआ। बिलकुल यही हुआ। दुनियाँ में कैसी-कैसी बातें हुई इस समय पर, इस पिछले तीन-चार सौ बरस में। ३०० बरस में बड़ी क्रान्तियां आईं, इन्कलाब आए, "इंडस्ट्रियल रेवेल्यूशन" आया। बदलती गयी दुनिया—शक्ति बढ़ी उसकी। लेकिन हम बैठे हैं। यहाँ अकलमन्द आदमी हैं बड़े, लेकिन अकलमन्दी ज्यादा है पुराने सबक के रटने में, कोई नई बात करने का दम नहीं रहा। नई हिम्मत नहीं आई। हिम्मत तो थी वह राजस्थान में आप देखें। कितनी हमारी कहानियाँ हैं वीरता की राजस्थान में, और बड़े हम लोग पढ़ते हैं उनको तो हमारा दिल भी उभर आता है। लेकिन आप देखिए, वीरता अक्सर कैसी रही ? दो वीर पुरुष एक दूसरे से लड़ रहे हैं कि किसकी मूँछ ऊँची है, किसकी नीची है और अपने को तबाह कर रहे हैं और तीसरा दुश्मन लाभ उठाता है। इसी तरह अंगरेज आए यहाँ। खास उनमें माद्दा आपस में फूट का था जिसने हमें कमजोर किया। कभी भी हमारे देश में वीर पुरुषों की कमी नहीं रही। तेज दिमाग आदमियों की हर बात में थी। लेकिन फिर भी कमी रही तो माद्दा मिलकर काम करने को जो एक बड़ी भारी

बात है औ इस मिलाकर काम करने को कमज़ोर कर दिया हमारे समाज के संघटन के जाति भेद ने। खैर पुरानी बातें हैं लेकिन उससे हम सबक सीख सकते हैं।

जो बात आप से मैं कह रहा था वह यह कि भारत के सामने दो बड़ी बातें हैं और सब उसके पीछें हैं। एक तो यही कि भारत के लोगों में आपस में एकता हो। एकता के माने यह नहीं कि सब एक से हो जाँय। लोग अपने अपने ढंग से रहें, अपने-अपने धर्म पर रहें। अपने-अपने जो कुछ हैं—आदतें हैं, रस्म हैं—उसमें रहें, लेकिन उनका राष्ट्रीय धर्म एक हो। एक राष्ट्र के रहने वाले हैं तो उनका राष्ट्रीय धर्म एक होना चाहिए, नहीं तो राष्ट्रीयता से अलग हो जाते हैं। यह हमें स्वीकार करना चाहिए कि अलग-अलग धर्म के लोग भारतीय हैं और उतना ही उनको हक है जितना किसी और को हो सकता है—किसी को भी। यह अगर हम समझते हैं कि भारत की संस्कृति की एक बुनियादी चीज है, तो वह यही है जो आप देखते हैं दो हजार दो सौ वर्ष पूर्व लिखा हुआ सम्राट अशोक के स्तम्भों और पत्थरों पर कि तुम अपने धर्म का पालन करते हो, आदर करते हो तो दूसरे का जो धर्म है उसका भी, उसके धर्म का भी आदर करो। अगर उसके धर्म का आदर करोंगे तो वह तुम्हारे धर्म का आदर करेगा—यानी एक दूसरे की बरदाश्त। यह विशेषकर भारतीय संस्कृति की निशानी है। इसी तरह से भारत बना है। भारत के लोग चारो ओर फैले हुए हैं—वह आप की राय से एक धर्म के पैदा हुए। बात यह है कि तरह-तरह के लोग आए, वह अपनाए गए, हमारे समाज में दाखिल हो गए, हजारों बरस में बरदाश्त करने की बुनियादी नीति पर। अगर वह न होता तो असली जो सिक्का है भारत का वह नहीं होता हम लोगों में। तो यह हमें पहला सबक सीखना है।

दूसरा है, उतना ही आवश्यक, हमारी पुरानी संस्कृति। और जब मैं पुरानी संस्कृति कहता हूँ, मैं ऊपर की बातों को नहीं कहता कि आप कैसे अपने बालों को रखें, चोटी रखें न रखें टीका लम्बा लगाएँ कि चौड़ा लगाएँ। यह कोई संस्कृति की तो चीज नहीं है। अच्छी बात आप करना चाहते हैं तो आप करें नहीं तो नहीं करें। टीका लगाने से दिमाग के अन्दर की अक्ल नहीं बढ़ जाती है, हो सकता है कि और भी कम हो जाय। वह तो एक निशानी है, अच्छी निशानी तो आप रखें। लेकिन भारत की जो असली संस्कृति है जो कि कहिए दिमाग की, मन की है, आध्यात्मिक है, जो कुछ कहिए वह है एक चीज है जिसका कि दुनिया पर असर पड़ा है, जिसका असर हम लोगों पर अनजान भी हो तो पड़ता है जबरदस्त। वह एक कीमती चीज है—बेशकीमती चीज। तो उसे हमें रखना है और हमें तो रखना ही है। हम उसी से पैदा हुए हैं, उसी से ढले हैं और अगर वह हमसे छूट जाती है तो हमारे पैरों के नीचे से जमीन फिसल जाती है, हम बेजड़ हो जाते हैं। वह तो ठीक बात है।

लेकिन उतना ही आवश्यक है हमारे लिए आजकल की दुनिया को समझना, आज-कल के विज्ञान की दुनिया को समझना। विज्ञान से सब चीजें निकलती है, सब उद्योग धंधे। तो कैसे दोनों बातों का समन्वय करें? यह प्रश्न आ जाता है। आचार्य विनोवा भावे एक बात कुछ रोज-महीनों से कह रहे हैं जिसका लोगों पर बड़ा असर हुआ है।

उन्होंने कहा, यह उन्हीं के शब्द हैं जहाँ तक मुझे याद आता है, वह उस वक्त थे उत्तर भारत में, पंजाब में या कहाँ मुझे याद नहीं। उन्होंने कहा कि राजनीति या रियासत और मजहब इन दोनों के दिन खत्म हो गये। जरा गौर कीजियेगा। आजार्य विनोबा भावे से ज्यादा धार्मिक आदमी कोई भारत में नहीं हैं लेकिन जिस माने में यह कहा उन्होंने उसको आप समझिए। उन्होंने कहा कि पालिटिक्स और रिलिजिन के दिन खत्म हो गए। इसके माने यह थे कि आजकल जो परिस्थिति होती है और आजकल जो धर्म होता है उसका जमाना खत्म हो गया। लेकिन उसकी जगह क्या है ? उन्होंने कहा अब जमाना है विज्ञान का, साइंस का और स्पिरिचुएलिटी का, आध्यात्मिक विद्या का। गौर कीजियेगा। उन्होंने फर्क किया धर्म में और आध्यात्मिक विद्या में। एक धर्म के माने हैं धर्म के दिखाने की चीजें, ऊपर की; पर जो असली चीज है उसको तो बहुत किमती वह समझते हैं। तो यह बात गौरतलब है कि जो हमारी पुरानी संस्कृति की असली चीज है, जिसने भारत को भारत बनाया, वह तो रहना ही है। और उसका जो कुछ समन्वय हो आजकल की साइंस से, विज्ञान से और जो उससे बातें मिली हुई हैं, उसे करना है आजकल की दुनिया में हमें—आप को रहना है। पुरानी दुनिया से हम ताकत लें, विद्या लें, लेकिन रहना है हमें आजकल की दुनिया में। हम पुरानी दुनिया को लेना चाहें तो हम ले सकते हैं लेकिन उसका असर किसी पर नहीं होता और जब कोई तूफान आता है तो झाड़ू से हम अलग कर दिए जाते हैं। क्योंकि हम जमे नहीं आजकल की दुनिया में। तो यह बड़ा प्रश्न हमारे सामने है। सब बातें हम जो करते है—हम पंचवर्षीय योजना बनाएँ, यह करें, वह करें, उसके पीछे यही कि हम कैसे जोड़े इन बातों को। हम नहीं हैं हिन्दुस्तान को छोड़ा चाहते—जिन बातों ने भारत को भारत बनाया है हजारों वरस में कैसे उसे छोड़ सकते हैं हम ? माना, लेकिन हम उस समय में नहीं रह सकते हजारों वर्ष पहिले के। आज के समय में रहना है दुनिया में आज-कल की दुनिया में जिसमें प्रकृति की शक्तियों से लोग काम लेते हैं—यानी बिजली है, एटामिक एनर्जी है, और क्या है। यह क्या है ? यह जादू तो नहीं है। यह तो प्रकृति है। उसको समझना विज्ञान है।

तो दोनों का समन्वय करना है। मालवीय जी के मन में यह समन्वय था और इसलिये विशेषकर उन्होंने यह विश्वविद्यालय बनाया; और भी देश में काम करते थे वे लेकिन वह एक माने में इकट्ठा होके शक्ल पाई इस विश्वविद्यालय में। वे दूरदर्शी थे। दूर तक देखते थे। अब वह समय गुजरा। ऐसे मौके पर वह थे, जीवित थे, जब कि हल्के-हल्के नया भारत पैदा हो रहा था, आँखे खोल रहा था, कुछ अगड़ाइया ले रहा था, और हल्के-हल्के उसमें कुछ ताकत आई और वह स्वतन्त्र हो गया। और स्वतंत्र होते ही उसके सामने जो सवाल, जो प्रश्न छिपे हुए थे वह आग आ गए जिन्हें देखना था, जिन्हें हल करना था।

मैं इधर एक दूर की बात करता हूँ, लेकिन देखिए यह बातें जुड़ी हैं। हमारी नीति वैदेशिक नीति रही है कि हम सब देशों से मित्रता करें और कोई फौजी सन्धि किसी से न करें, यानी हमारी—जो कहते हैं—"नानअलाइनमेंट" की नीति रही है। अभी यह कोई चीज हवा से तो निकल नहीं आई। मैं कहता हूँ आप से कि यह नानअलाइनमेंट की

नीति हिन्दुस्तान के रवा और रेशे में भरी है---मेरे नहीं, मैं एक टुकड़ा हूँ इस महान देश का—लेकिन सारे हजारों बरस के हमारे मन में भरी है, हमारी। उसके माने क्या हैं ? हम अपनी हैसियत नहीं छोड़ा चाहते हैं। हम अपनी जिम्मेदारी रखा चाहते हैं। हम नहीं किसी से बँधकर, उसके साथ-साथ बँधे बँधे फिरा चाहते हैं। हम मित्रता रखना चाहते हैं हर एक से। लेकिन अपने रास्ते को हम खुद चुनना चाहते हैं, मित्रता रखते हुए। अगर मित्रता है तो हमारा फैसला ऐसा नहीं होना चाहिए कि जिससे हम लड़ाई किसी से करें। ठीक, तो यह नानअलाइमेंट की नीति है। कोई चारा नहीं है। लेकिन जहाँ हम बँध जाते हैं किसी फौजी सम्बन्ध में तो फिर बँध जाते हैं उसके गेन्ग से, हम खींचते-ढकेले जाते हैं उस तरफ—चाहें या न चाहें। फैसला सवालों का और देश करते हैं—हम बँधे हुए चले तो हमें भी मानना पड़ता है। हमारी आजादी कम हो जाती है। यों भी यह ठीक बात नहीं है विशेषकर हमारे जैसे देश भारत जैसे देश—के लिए। और जैसा मैं समझता हूँ—कि भारत का कुछ संदेशा दुनिया के लिए है। हर देश का कुछ न कुछ पैगाम होता है, कुछ न कुछ संदेशा होता है अपने-अपने ढंग से। लेकिन भारत का अवश्य है। तो मैं उसको दबाना नहीं चाहता। मैं चाहता हूँ कि वह बढ़े। उसका असर हो दुनिया पर। वह चीज और विशेषकर आजकल की दुनिया में इसकी जरूरत है।

तो मैं बँध जाऊँ और औरों की बातों में फँस जाऊँ, अपनी बात न रखूँ, भारत राय न रखे, तो भारत अपने व्यक्तित्व को भूल जाता है, अपनी सक्सियत से अलग हो जाता है। यह बात मुझे तो गवारा नहीं है। भारत ऐसा देश नहीं है कि मध्यम रहे। वह शान का देश है, मजबूत देश है, जानदार देश है, आगे बढ़ता हुआ देश है। गिरे हुए जमाने के बाद हम बढ़ रहे हैं और होंगे शानदार। लेकिन शानदार होंगे जब हम अपने रास्ते पर रहते हैं। गलती भी होती है हर एक से। हमसे भी होती है। वह तो और बात है। लेकिन एक ईमानदारी से जो सिद्धान्त, लक्ष्य रखकर हम काम करें तो गलती भी होगी तो हम सम्हल जाएँगे।

मैं आज सुबह इलाहाबाद से आया और करीब-करीब सीधा पहुँच कर मैं सारनाथ गया; क्योंकि सारनाथ, हालाकि मैं कई बरस बाद गया, मुझे बहुत खींचता हैं, मुझे सारी गौतम बुद्ध की कहानी खींचती है। और जब मैं यहाँ आता हूँ—बनारस या वाराणसी या काशी जो कुछ कहिए—तो मेरी आखों के सामने जरा कम आप की इमारतें यह वह रहती हैं। मेरे सामने हजार चित्र आते हैं—पुराने समय के, पुराने दिनों के, इस शहर के जो कि शायद दुनिया में उन दो-चार दरअसल में पुराने और प्राचीन शहरों में हैं, उसके साथ का है। प्राचीन शहर तो बहुत थे लेकिन यह उस समय से अब तक कायम है बगैर उखड़े—यह नहीं कि जमीन से गाड़कर आप निकालें जैसे मोहनजोदड़ो को निकाला गया। यह कायम है उस समय से। इसकी चर्चा महाभारत और रामायण में है और २५०० बरस हुए गौतम बुद्ध आए थे यहाँ, अपना पहला भाषण देने। क्यों आए थे वे यहाँ ? इसलिये कि बनारस उस समय भी भारत का एक केन्द्र था, विचारों का केन्द्र था, संस्कृति का केन्द्र था। इसलिये वे आए थे यहाँ और यही से शुरू किया उन्होंने बौद्ध धर्म का प्रचार।

तो बनारस में तो बहुत सारी बातें हैं जो अच्छी नहीं लगतीं। आपकी गलियां निहायत गंदी हैं, बदबूदार हैं। लेकिन वह बदबू भी भूल जाता है आदमी—कम से कम मैं—जब मेरे सामने चित्र आते हैं। मैं देखता हूँ गौतम बुद्ध को अपना पहला भाषण देते तो मेरी भी आखें उससे खुल जाती हैं उस विचार से और मैं देखता हूँ इस तरह से। और भी कितनी तस्वीरें—क्या-क्या हुआ बनारस में, क्या-क्या नहीं हुआ और भी कितने आए और गए और अपना कुछ छोड़ गए थोड़ा सा। तो यह एक पैनोरमा, सुन्दर चित्रा-वली है—बड़ी जबरदस्त। शायद ही कोई शहर दुनिया में इसका मुकाबला कर सके। यह तो हमें मिला है, हमारी विरासत है। हम कैसे उसको चलाते हैं, यह आपका और हमारा काम है। कम से कम हमें इसको याद रखना चाहिए कि कितनी बड़ी जिम्मेदारी है हमारी। जब हम वारिस हों इसके तो इस विरासत को रखना है, बढ़ाना है कुछ ताकि हमारे बाद जो आवें कहें कि उनको कुछ बढ़कर मिली है न कि घटकर। तो आज कल का हमारा कुछ कर्त्तव्य है। और मालवीय जी इसी बात की याद दिलाते थे, इस बड़ी भारी विरासत की जो कि हमारी है। हमारी संस्कृति, पुरानी संस्कृति और उसको जोड़ना आजकल की दुनिया में और उससे लाभ खाली नहीं उठाना, बल्कि उसको बढ़ाना अपनी शक्ति से अपनी ताकत से यह समारा आजकल के जमाने का काम है।

हर युग का एक धर्म होता है। कभी-कभी एक युग का धर्म दूसरे युग में ठीक चस्पा नहीं होता पूरी तौर से। युग बदलता जाता है, या धर्म का रूप कुछ बदल जाता है, या धर्म का रूप कुछ बदल जाता है नये युग में। चाहे धर्म वही हो उसको अमल करने का तरीका कुछ बदल जाता है। अब इसलिये आजकल जो हमारा युग है उसके जो बड़े सवाल हैं उसमें हमें देखना है कि हमारा कर्त्तव्य क्या है। भारत का कर्त्तव्य क्या है, क्योंकि भारत उन देशों में नहीं हो सकता कि वह अलग रहे दुनिया के चलने से, दुनिया की रफतार से। क्यों नहीं ? एक तो इसलिये कि यह इतना वड़ा है, इतना बड़ा देश कि जिसमें दुनिया की सातवीं आवादी—एक सातवाँ हिस्सा दुनिया का--भारत में रहती है। लेकिन अलावा इसके भारत एक ऊपरी देश नहीं है, एक सुपरफिसियल देश नहीं है। भारत की जड़ बहुत पुरानी है, हजारों बरस की। और हजारों बरस से भी कुछ नहीं होता है—हजारों बरस जहालत में भी गुजर सकते हैं। लेकिन उसके हजारों बरस जहालत में नहीं गुजरे हैं। बाज गुजरे हों। काफी ऊँची बातें हैं भारत के दिमाग ने निकाली। हाँ, बीच में एक जमाना हो गया था जब हम गिर गए थे लेकिन अब फिर उठ रहे हैं। फिर जमाना हमारा एक आजमाइश का आता है, कि फिर हम ललकार सकते हैं कि नहीं आसमान को भी अपने दिमाग से अपने मन से अपने कर्म से। तो इनमें विशेषकर जो हमारी पुरानी संस्कृति है वह मदद करती है, लेकिन जभी मदद करती है जब आप उसे लाकर आजकल के विज्ञान से मिलाएँ। अलग-अलग रखें तो न वह मदद करेगी न विज्ञान मदद करेगा। विज्ञान की हालत यह है आजकल कि हमें घसीट के हमारी शक्ति बढ़ाता जाता है। यानी आदमी की, इन्सान की शक्ति इतनी शक्ति हो गई, उसके हाथ में शक्ति आ गई कि सारी पृथ्वी को उड़ा दे वह अपने हाइड्रोजनबम वगैरह से। शक्ति बढ़ती जाती है। लेकिन मानसिक शक्ति, आध्यात्मिक शक्ति नहीं आई कि इसको काबू में रखें। तो दोनों को बराबर रखना

है। इसलिये मैं कहता हूँ, इसलिये मैं जाता हूँ सारनाथ और वहाँ गौतम बुद्ध की याद तो यों ही रहती है लेकिन और विशेष हो जाती है। तो उनका संदेशा कान में आता है। अशोक का संदेशा कान में आता है जो कि असली भारत की संस्कृति का निचोड़ है और मैं समझता हूँ कि वह संदेशा दुनियाँ के लिए है। खैर, दुनिया में क्या कहें हम जाके। पहले तो खुद हम समझें, खुद हम उसे अमल करें। फिर दुनिया से कहें।

तो आप यहाँ विश्वविद्यालय में हैं और हम मिले आज यहाँ महामना मालवीय जी की शताब्दी मनाने। इस सिलसिले में बहुत सारे स्मारक खड़े होंगे इमारतें खड़ी होंगी। लेकिन आखिर में एक बड़े आदमी की याद तो यही है कि उसकी बात हम समझें और उसे अमल करें। और जितने बहुत बड़े आदमी हुए हैं इसी तरह से याद रही है उनके संदेश की, उनके पैगाम की। तो क्या हम सीखते हैं इस जमाने से जिस पर इतना बड़ा असर मालवीय जी ने डाला। कुछ मैं ने उसको आप के सामने रखने की कोशिश की। फिर से कहना चाहता हूँ कि आप के यहाँ—बनारस हिन्दू युनिवर्सिटी इसका नाम है और ठीक है—यह पुरानी संस्कृति वगैरह इसका विशेष काम है, उसके तरफ ध्यान दें लोग सीखें-समझें। लेकिन अगर उस संस्कृति को आप ने एक तंगख्याली से देखा, तंगख्याली से चले और आप ने वजाय जोड़ने के अपने को अलग किया औरों से जो हिन्दू न हों या जिनकी कुछ संस्कृति और हो तो आप उस भारतीय संस्कृति के साथ ना इंसाफी करेंगे; क्योंकि असल संस्कृति जो भारत की है वह अलग की नहीं है मिलने की है, जोड़ने की है और दरवाजे-खिड़कियाँ दिमाग के खोलने की है। इसलिये आप यहाँ इस संस्कृति का अध्ययन करें, लेकिन इस तरह से कि आप दिखाइए कि वह चीज खास एक सम्प्रदाय की नहीं है बल्कि दुनिया की चीज है और विशेषकर भारत में जो अनेकता है उसको मिलाती है, उसको और अलग नहीं रखती। हम अलग हैं और लोग अलग हैं तब आप भारत की सेवा ठीक नहीं कर सकते हैं।

तो मैंने इधर-उधर के विचार आपके सामने रखे जो मेरे मन में आते थे। कुछ जब मैं सोचता हूँ मालवीय जी का या उस समय का जब वह एक बड़े जोरों से भारत में काम कर रहे थे और हम लोग भी उनके पीछे चलते थे, उन नेताओं के, और उससे कुछ सीखते थे और जो कुछ हम हैं उन्होंने ही बनाए। उन बातों को आप सोंचे, विचार करें। हमारे और आपके सामने कोई आसान रास्ता नहीं है। आप बच नहीं सकते। अगर आप आराम की जिन्दगी चाहें तो मैं नहीं दे सकता आपको, न कोई दे सकता है, क्योंकि जमाना आराम का नहीं है। एटामिक जमाने के दरवाजे पर हम हैं। जमाना ऐसा कि लड़ाई छिड़े, बड़ी लड़ाइयाँ हों। हम क्या करें? तो इसका मुकाबला करने के लिये जरा हमें भी अपने दिमाग को बढ़ाना है। जरा और समझना है इस दुनिया को। देश को सम्हालना है। शक्ति देनी है। और विशेषकर उन बातों को जो हमारी पुरानी संस्कृति, पुराने हमारे सिद्धान्त थे उनको याद करना है और ढंग से सामना करना है और आजकल के विज्ञान को भी लेके।

जो इस समय आपको मौका मिलता है सीखने का, पढ़ने का, अपने को तैयार करने का, अपने को एक तलवार बनाने का, एक दिमागी तलवार—मतलब यह नहीं कि तलवार

लेकर आप लड़ाई लड़ें जाके—लेकिन आप का मन, आपका शरीर एक तलवार से तेज हो काम करने के लिए, समझने के लिए और जो-जो गांठे हों उनको, उन गांठों को काटने के लिए। तब आप मैदान में कूदिए जोर से। अगर आप इस समय से लाभ नहीं उठाते तो ऐसा समय, जो दुबारा नहीं आता किसी के जीवन में, उसको जाया कर देते हैं, और यह अफसोस की बात होती है।

आपके सामने इस विश्वविद्यालय में हर वक्त मालवीय जी की याद होनी चाहिए, मालवीय जी के काम की और उन्होंने जो कामयाबी हासिल की, सफलता हासिल की, उस काम में और आप अपने मन से विचार करके सोंचिए कि आपको किस रास्ते पर चलना है। लेकिन जो भी रास्ता हो कुछ बुनियादी बातें होती हैं जो कि हर रास्ते में होनी चाहिए। और वह बुनियादी बातें आप हमारे बुजुर्गों से सीख सकते हैं—मालवीय जी हैं, गांधी जी हैं—उनसे सीख सकते हैं। फिर आप उन बातों को याद रख के आप जो रास्ता चाहें उस पर चलिए। इस तरह से आप इस शताब्दी को मनाएँ तो आप अपने को भी बनाएँगे और देश के बनाने में भी मदद करेंगे।

जयहिन्द।

---

[1] पं० महामना मदनमोहन मालवीय जन्मशती समारोह के शुभ अवसर पर टेप-रेकार्डर द्वारा लिया गया पंडित जवाहर लाल नेहरू का अविकल व्याख्यान

—बी० एच० यू० गजेट के सौजन्य से

पण्डित नेहरू अपने उद्यान में

अनुस्मृतिः

रामचन्द्रशास्त्री भारद्वाजः

अध्यक्षः—संस्कृतमहाविद्यालयः
काशी हिन्दू विश्वविद्यालयः

श्रीमोतीलालदम्पत्योस्तपस्संपत्फलायितम् ।
कौलवंशोद्भवं रत्नमनर्घमतिसुन्दरम् ॥१॥

विनीतं बहुविद्यासु कमलागृहमेधिनम् ।
विनूतने वयस्येव श्रितगान्धिमहोदयम् ॥२॥

वैदेशिकपराधीनभारतोन्मोचने रतम् ।
तृणीकृतस्वपित्र्यादिरिक्थसन्दोहमञ्जसा ॥३॥

स्वातन्त्र्यफलसंग्रामनासीरप्रष्ठमुत्सुकम् ।
राजाधिराजसम्मान्यराज्यतन्त्रविशारदम् ॥४॥

आस्वातन्त्र्यान्निर्वहन्तं धुरां राज्यस्य लीलया ।
वरिष्ठं मन्त्रिमुख्यानां विश्वसौहार्दकांक्षिणम् ॥५॥

भारतस्य समुन्नत्यै दारिद्र्यदलनाय च ।
निद्राहारावपि त्यक्त्वा यतमानमहर्निशम् ॥६॥

विश्वशान्त्यग्रदूतं तं वाचोयुक्तिपटूत्तमम् ।
विश्वघस्मरशस्त्रौघनिर्माणविनिवारणम् ॥७॥

विश्वाडम्बरमहायुद्धवार्तयाप्यतिदुःखितम् ।
आयोधनार्थसंभारसज्जीकृतिविरोधिनम् ॥८॥

प्रतिद्वन्द्विमनोवृत्तियुतेषु दलबन्धिषु ।
प्रबलेष्वपि राष्ट्रेषु विनिर्बध्नत्सु नैकधा ॥९॥

माध्यस्थ्यमेव मन्वानं राष्ट्रस्यास्य हितावहम् ।
निश्चित्य जनतासौख्यं पुमर्थं परमं स्वकम् ॥१०॥

श्राम्यन्तं सततं तस्मै दश सप्त च हायनान् ।
अध्यक्षैरपि राष्ट्राणामर्हणीयेषु सत्तमम् ॥११॥

शतधा शकलीकृत्या खिद्यन्तीं भारतप्रसूम् ।
विरोपयन्समग्राङ्गीं कुर्वाणं बलबृंहिताम् ॥१२॥

श्रीमज्जवाहरं लालमात्मजं कर्मयोगिनम् ।
अगणेयगुणग्राममसोमोत्प्राप्य याऽनिशम् ॥१३॥

वीरसूरिति यान्वर्थसंज्ञया जुघुषे भुवि ।
सा भरतप्रसूरद्य परलोकमितं सुतम् ॥१४॥

स्मारं स्मारमविच्छिन्नधाराप्रवहदश्रुभिः ।
क्रन्दन्ती नास्य शोकस्य पारं परमुदीक्षते ॥१५॥

नान्तोस्ति पुत्रदुःखस्य मातुरित्यभिचक्षते ।
अमृष्यदुःखसन्तप्तां सतीं भारतमातरम् ॥१६॥

सर्वार्तिहारी भगवान् करुणावरुणालयः ।
पयादपायादखिलात्तरुणेन्दुशिखामणिः ॥१७॥

X (1)

OUR OBLIGATION

SURINDER JETLEY,
Department of Political Science and Sociology

It lies as an obligation for the present generation to leave for posterity, an objective record of the life of one of the Greatest of men of our times, and yet how difficult it is for us, who lived under the very shadow of his magnetic personality, his almost omnipotent influence and unchallanged poltical supremacy, to be objective. Any assessment of the man, would be coloured mostly by a habit he gave to us—a habit of looking up to him for all troubles, and satisfied by the solutions he gave. It can be anything but cold evaluation. Still the obligation is with us and we cannot shirk it. We may wait for a few years to let the first flood of emotions pass, to think more reasonably and in a detached manner.

The first decade of Nehru's life was spent without a companion of his age, which left a deep imprint on him and loneliness formed the deeper level of his personality content, though this may have in turn been responsible for his craving for meeting people—to be in the crowd. Nehru lived under the assertive personality of his father and it continued to shape him, till the encounter with the Mahatama brought a turning point in his life. It was after he had been conditioned by these two, Nehru admits, that he met another of our illustrious men of this age—Rabindra Nath. Gandhiji's pruning fingers were deft to pick up this assertive shy, westernized youth, 'a hangover' from Harrow and Cambridge and shaped him by filling him with a fervent desire for Freedom and a hard resolve to achieve it. Still we find that Nehru did never become a mouthpiece of the personality which most influenced him. He always matched his rationale with Gandhiji's intuitive idealism, his own modern world view with his revivalism. We find that after Gandhiji's death, Nehru translating his own views with a far greater speed than he could ever do while the master was living.

Nehru's private Tutor, Brooks deserves the claim of kindling in the boy a taste for reading, a persistent curosity in science, and love for the English Language. They say, probably he thought in English. Perhaps this gave him in turn, a cosmopolitan outlook, which very often irritated his fellowmen. His concern with the world around, sometime was criticised as there was so much to accupy his attention at home. But he kept wider interests before him and a broad outlook of mind. His struggle for Independence along with the other stalwarts against the British, never influenced him in any way to hate Britishers as such. Some of his best friends among foriegners, were British.

Nehru's first formative years of life were spent abroad and this perhaps explains his wonderful capacity of adjustment. But he inherited from his father the assertive tendency of outshining everywhere. He towered above his fellowmen and they let him do it out of sheer love of the leader and he sometime took advantage of the blind love and faith of the people—in which lay his strength. For a long time in the recent history of India, his pervading influence dwarfed men with the result that today we have a man as the present Prime Minister, who though possessed of a very virtuous and honest record, has been chosen because of his close conformity to Nehru's views, and an unconscious belief that his election may give peace to the departed soul.

For all his weaknesses and failures his "Banayan Tree" quality and Caesarian label, he was loved and respected by his countrymen, as a Great man, a Great leader and a Great architect of the Indian Nation. The Epitaph be wrote of himself a decade before his death shows his deep love towards his countrymen. Perhaps, for many generations to come, there will not be so lovable a leader. It may seem a prevision, its truth will be found only with time. His one great desire was to be well remembered by his people and that they will do—for a considerably long time. His testament to the nation added a last graceful touch to the picture built for him, when he desired to be an indistinguishable

part of India. For nearly half a century he plunged himself completely into the building up of India and then died in harness. His love for the people was too intoxicating and powerful. After him, we find fear and hesitation to step into his shoes lest the powerful 'Mana' of the strong soul may prove too strong for the digestion of weaker men! A persistence of the blind loyalty to the departed leader can be seen in all the committees and counsels. It will take some time before Nehru will be understood and interpreted in a better way. It will be only then that the people will realise that he would have never liked them to have agreed with him over time and space. He was too much of a democrat to expect that. Even when he was voicing his own opinions and ideas as country's policies he described them as People's "democratic urges". Nevertheless Nehru was to India a source of strength and in his absence we have become for a time at least, a ship without a rudder.

INFLUENCE OF BUDHISM ON NEHRU

DR. N. H. SAMTANI,
College of Indology.

Our late beloved Prime Minister Shri Jawharlal Nehru was not a religious man in the sense that he did not believe in any religious dogma. No religion attracted him for it is generally associated with superstitious practices, dogmatic beliefs, uncritical credulousness and unscientific approach towards life's problems. Nonetheless Nehru was neither irreligious nor anti-religious. He acknowledges that "it had produced many fine types of men and women, as well as bigoted, narrow minded, cruel tyrants. It had given a set of values to human life, and though some of these values had no application today, or were even harmful, others were still the foundation of morality and ethics"[1].

Nehru was attracted towards finer things in religion. And in this respect, Buddhism has played no mean role in influencing him. Especially in the evening of his life the influence of Buddhism was marked in his utterances and actions. The active role he played in the celebrations of the 2500th Buddha Jayanti in 1956 was the evidence of it. It is said that once he confided to a friend, "No other religion attracts me, but if I had to choose it would certainly be Buddhism"[2]. He was especially drawn towards its rational approach, its stress on free will, its contempt for superstitious and ritual and its message of Non-violence.

Real Bodhisattva :

Nehru was not a Buddhist. He was a Brahmin by birth. But he was a real *Bodhisattva* who worked for the well being of his people, nay the whole world, till the last breath of his life.

[1] *The Discovery of India* P. 12 (Published by Merdian Books Limited, 8 Garrick Street, London-W.C.2(1960).

[2] M. Brecher : *Nehru : A Political Biography* P. 606.

It is said in the Buddhist scriptures that a *bodhisattva* refuses to enter *Nirvana* till the last man on the earth has obtained liberation. It seemed Nehru also refused to take rest till the last tear on the human face was wiped out. It was Nehru and Nehru alone who could raise the solgan of *Ārām Harām Hai* (Rest is taboo), whose life was a living example of it. Born with a sliver spoon in his mouth, blessed with all the luxuries that life could give him, he purposely chose the life of strenuous work and struggle. Before independence, he fought with foreign rule and after independence, he fought against hardles in the raising of India of his dreams.

Budhha at his Bedside

In this article I am going to quote profusely from Nehru's two major works '*Autobiography*' and '*The Discovery of India*' to show how powerfully he was influenced by the Buddha and Buddhism in his life. The very fact that till his last breath he kept the picture of Buddha at his bedside goes to show the deep reverence he had for the Buddha in the innermost recesses of his heart.

Early Days :

In his 'Autobiography[1] he tells us that his tutor Mr. F. T. Brooks developed in him a taste for reading and theosophical studies. *Dhammapada*, a Buddhist anthology was one of the books which was referred to or discussed in the talks. In *The Discovery of India* he writes, "The Buddha story attracted me even in early boyhood, and I was drawn to the young Siddhartha who, after inner struggle and pain and torment, was to develop into the Buddha. Edwin Arnold's '*The Light of Asia*' became one of my favourite books. In the later years when I travelled about a great deal in my province, I liked to visit many places connected with the Buddha legend, sometimes making a detour for the purpose"[2].

[1] J. Nehru : *An Autobiography* (Bidely Head, London 1953) P. 15

[2] J. Nehru : *The Discovery of India* P. 120.

Later this interest in Buddhism had still grown more. The places connected with the Buddha had a special charm for Nehru. Writing about the panorama of India's past in *The Discovery of India*, he writes, "Hundreds of vivid pictures of the past filled my mind, and they would stand as soon as I visited a particular place associated with them. At Sārnāth, near Benares, I would almost see the Buddha preaching his first sermon, and some of his recorded words would come like a distant echo to me through two thousand five hundred years. Asoka's pillars of stone with their inscriptions would speak to me in their magnificent language and tell me of a man who, though an emperor, was greater than any king or emperor".[1]

Young Nehru full of KARUṆĀ (Compassion):

It cannot be said that Buddhism had directly influenced Nehru to be full of compassion which is the key note of Buddha's teaching. But the future Prime Minister of independent India and the champion of the World-without-War had in the early days soft feelings towards animals also, In his *Autobiography* writing about 'shikār' he says, "I indulged in some diversions like 'shikār' but had no special aptitude or inclinaion for it. I liked the outings in the jungle and cared little for the killing. Indeed my reputation was a singularly bloodless one, although I have succeeded, more or less by a fluke, in killing a bear in Kashmir.. An incident with a little antelope damped even the little ardour that I possessed for shikār. This harmless little animal fell down at my feet, wounded to death, and looked up at me with its great big eyes full of tears. Those eyes have often haunted me since".[2]

Nehru in Ceylon:

Nehru visited many Buddhist countries after independence. But early during the struggle of Independence, he went to Ceylon with his wife Kamalā and daughter Indirā for a peaceful holiday. Ceylon, the centre of Buddhism, attracted him very

---

[1] Ibid P. 39.

[2] *Autobiography* P. 30.

much. The sight of Buddha's statue creates vivid memories of past in him. He writes in his *Autobiography*. "We visited many of the famous sights of historical ruins of island and Buddhist monasteries and the rich tropical forests. At ānurodhpura, I liked greatly an old statue of the Buddha. A year later, when I was in Dherādun Jail, a friend in Ceylon sent me a picture of this statue, and I kept it on my table in my cell. It became a precious companion for me, and the strong, calm features of Buddha's statue soothed me and gave me strength and helped me to overcome many a period of depression".

"Buddha", writes Nehru further in his *Autobiography*, "always has had a great appeal for me. It is difficult for me to analyse this appeal, but it is not a religious appeal, and I am not interested in dogmas that have grown up round Buddhism It is the personality that has drawn me. So also the personality of Christ attracted me".[1]

Buddhist Bhikshus :

Speaking about Buddhist monks, Nehru says, "I saw many Buddhist Bhikshus (monks) in their monasteries and on the high ways, meeting with respect wherever they went. The dominant expression of almost all of them was one of peace and calm, a strange detachment from the cares of the world. They did not have intellectual faces, as a rule, and there was no trace of fierce conflicts of the mind on their countenances. Life seemed to be for them a smooth flowing river moving slowly to the great ocean. I looked at them with some envy, with just a faint yearning for a heaven, but I knew well enough that my lot was a different one, cast in storms and tempests. There was to be no heaven for me, for the tempests within me were as stormy as those outside. And if per chance I found myself in safe harbour, protected from the fury of the winds, would be contented or happy there ?" asks Nehru in the end in his characteristic style[2].

---

[1] P. 272.

[2] *Ibid* pp. 272.

Visit to Buddhist Countries :

Speaking of some foreign Buddhist conntries in different vein, he writes in *The Discovery of India*, "When I visited countries where Buddhism is still a living and dominant faith, I went to see the temples and the monasteries and met monks and laymen, and tried to make out what Buddhism had done to the people. How had it influenced them, what impress had it left on their minds and faces, how did they react to modern life? There was much I did not like. The rational ethical doctrine had become overlaid with so much verbiage, so much ceremonial, canon law, in spite of the Buddha, metaphysical doctrine and even magic. Despite Buddha's warning, they had deified him, and his huge images, in the temples and elsewhere looked down upon me and I wondered what he would have thought. Many of the monks were ignorant persons, rather conceited and demanding obeisance if not to themselves then to their vestments[1]".

But that is not the complete picture. Nehru saw in these Buddhist countries many good things also which he had liked. He writes, " There was an atmosphere of peaceful study and contemplation in some of the monasteries and the schools attached to them. There was a look of peace and calm on the faces of many of the monks, a dignity, a gentleness, an air of detachment and freedom from the cares of the world". And this all sends Nehru in questioning mood. He characteristically asks, "Did all this accord with life today, or was it a mere escape from it ? Could it not be fitted into life's ceaseless struggle and so tone down the vulgarity and acquisitiveness and violence that afflict us ?"[2]

Buddha's Immortal Message :

Buddha's message has a strong appeal to Nehru for its simplicity and directness. He writes, "For more than debates and arguments, of which India has always been so enamoured,

[1] *The Discovery of India* P. 120.

[2] *Ibid* p. 120.

the personality of tremendous and radiant being had impressed the people and his memory was fresh in their minds. His message, old and yet very new and original for those immersed in metaphysical subtleties, captured the imagination of the intellectuals; it went deep down into the hearts of the people. 'Go into all lands, had said the Buddha to his disciples, 'and preach this gospel. Tell them that the poor and the lowly, the rich and the high, are all one, and that all castes unite in this religion as do the rivers in the sea'. His message was one of universal benevolence, of love for all. For, 'Never in this world does hatred cease by hatred; hatred ceases by love'. And 'Let a man overcome anger by kindness, evil by good'[1].

Pessimism and Buddha:

The charge often levelled against Buddhism is that it is a religion of pessimism. But to Nehru, when he thinks of the Buddha, no such feelings arise. For, he cannot imagine that a religion based on passivity and pessimism could have had such a powerful hold on a vast number of human beings, among them were the most gifted of their kind.[3]

Buddha's Image:

As stated above Nehru is powerfully influenced by Buddha's personality who symbolises the spirit of Indian thought. Buddha's image or statue or portrait sends Nehru into raptures. The pen picture that he draws of the meditating Buddha in *The Discovery of India* is one of the masterpieces of his literary style. I cannot withhold the temptation of reproducing it verbatim :—

"Seated on the lotus flower, calm and impassive, above passion and desire, beyond the storm and strife of this world, so far away he seems, out of reach, unattainable. Yet again we look and behind those still, unmoving features there is a passion

[1] *Ibid* P. 117.

[2] *Ibid* P. 121.

and emotion, strange and more powerful than the passions and emotions we have known. His eyes are closed, but some power of the spirit looks out of them and a vital energy fills the frame. The ages roll by and Buddha seems not so far away after all; his voice whispers in our ears and tells us not to run away from the struggle but, calm eyed, to face it and to see in life ever greater opportunites for growth and advancement".[1]

Rightly in the end of that masterpiece of his prose he quotes a foreign author who has described Buddha as the 'finished model of calm and sweet majesty' and Nehru proudly remarks in the end.

"And the nation and the race which can produce such a magnificent type must have deep reserves of wisdom and inner strength".[2]

---

[1] *The Discovery of India* P. 121.

[2] *Ibid* p. 121.

NEHRU AS WE THOUGHT OF HIM

By

Dr. K. P. SRIVASTAVA,

Department of Zoology

उक्त तीन या चार अक्षरों में उपसर्गों, प्रत्ययों और शब्दों के मुख्य भाग—सभी की गणना हो जानी चाहिए। एक उदाहरण है—technology का पर्याय—'प्रौद्योगिकी' (प्र-उद्योग-इकी)।

विषयों के नामों के लिए इकी प्रत्यय का प्रयोग किया गया है। हम यहाँ कुछ अन्य उदाहरण देते हैं :

Physics — भौतिकी
Geology — भौमिकी
Astronomy — खगोलिकी
Zoology — प्राणिकी
Biology — जैविकी

कुछ आलोचकों ने डॉ० रघुवीर का उपहास करने के लिए कुछ बहुत ही भद्दे और जटिल पदों का निर्माण किया है। हमने कुछ उदाहरण तो इस लेख के आरम्भ में ही दिए हैं। कुछ अन्य उदाहरण यह हैं :

रूमाल — मुखमार्जन वस्त्र खण्ड
सन्लाइट सोप — सूर्य प्रकाश स्वच्छक

(५) उपसर्गों और प्रत्ययों का अनुवाद उपसर्गों और प्रत्ययों द्वारा ही किया गया है। कुछ उदाहरण लीजिए—

उपसर्ग :

peri	परि	perimeter	— परिमाप
		periphery	— परिणाह
anti	प्रति	anticorruption	— प्रतिभ्रष्टाचार
		antifriction	— प्रतिघर्षण

con	सं	concurrence	—	संगम
		continuous	—	संतत

प्रत्यय :

ate	इय	sulphate	—	शुल्बीय
		phosphate	—	भास्वीय
ide	एय	sulphide	—	शुल्बेय
		phosphide	—	भास्वेय
ic	इक	sulphuric	—	शुल्बारिक
		phosphatic	—	भास्वीयिक

(७-९) समस्त शब्दों का अनुवाद उनके व्युत्पन्नों और परिवारों के साथ ही करना चाहिए। एक उदाहरण यह है :

hydrogen	—	उदजन
hydrogenate	—	उदजनन
hydrogenated	—	उदजनित
hydrogenator	—	उदजनक
hydrogenic	—	उदजनिक
hydrogenide	—	उदजनेय
hydrogenite	—	उदजनक (उदजन जनक का संक्षेप)
hydrogenous	—	उदजन्य

(१०) प्राचीन संस्कृत शब्दों की उपेक्षा नहीं करनी चाहिए। इसके अतिरिक्त यथासम्भव आधुनिक भारतीय भाषाओं के शब्दों को भी अपनाना चाहिए। कुछ उदाहरण:

cancellation of a common factor	—	अपवर्तन (प्राचीन)
invention	—	उपज्ञा (पाणिनि से)
expression	—	व्यंजक (मराठी से)
alternative	—	वैकल्पिक (हिन्दी और बंगाली से)

(११) नए विचारों के लिए नए प्रत्ययों का निर्माण करना चाहिए, जैसे—

धातु के लिए आतु :

chromine	—	वर्णातु
thorium	—	ह्रसातु

वाति (gas) के लिए आति :

helium	—	सूर्याति
nitrogen	—	भूयाति

(१२) कर्णकटु ध्वनियों और जटिल व्यंजकों का बहिष्कार करना चाहिए।

सामान्यतया डॉ० रघुवीर ने इस सिद्धान्त का पालन किया है, किन्तु हमें उनके कोश में कहीं-कहीं इस नियम के भी अपवाद दिखाई पड़े हैं, जैसे—

biaxial — द्व्यक्ष
blower — ध्मात्र

इन शब्दों का ठीक-ठीक उच्चारण करना दुष्कर है। हमें कुछ लोगों ने बताया है कि संस्कृत साहित्य में एक प्राचीन शब्द 'उपध्मानीय' आता है। हमारे लिए इसका शुद्ध उच्चारण करना कठिन है।

इसमें सन्देह नहीं कि डॉ० रघुवीर ने इस देश की महान् सेवा की है। उनकी शब्दावली पूर्णतः स्वीकार नहीं हुई है; किन्तु उनका कोश ज्ञान की कई शाखाओं के पारिभाषिक शब्दों के लिए कामधेनु सिद्ध हुआ है। उनके अर्द्धपारिभाषिक शब्दों में से तो कई ऐसे हैं जो देश भर में चालू हो चुके हैं। उदाहरणार्थ—

circular — परिपत्र
commission — आयोग
technique — प्रविधि
constitution — संविधान
act — अधिनियम

किन्तु डॉ० रघुवीर के कोश में शब्दों की निर्माण पद्धति के अतिरिक्त दो मूलभूत बातें और भी ऐसी थीं जिनके कारण वैज्ञानिक जगत् ने उसका ऐसा स्वागत नहीं किया जैसी उन्हें आशा थी। एक तो यह थी कि उन्होंने ऐसे अंग्रेजी और उर्दू शब्दों का भी अनुवाद किया जो देश में बहुप्रचलित हो चुके हैं, जैसे

इंच — प्रांगुल
रेडियो — वितन्तु
तरबूज़ — कालिन्द
शर्बत — मिष्टोद

जो शब्द अपढ़ जनता तक पहुँच चुके हों उन्हें हटाया नहीं जा सकता। हम जनता से यह आशा नहीं कर सकते कि कुर्सी और मेज़ जैसे प्रचलित शब्दों के लिए 'आसन्दी' और 'पटल' जैसे अप्रचलित शब्द स्वीकार कर ले, चाहे ऐसे शब्द प्राचीन संस्कृत साहित्य से ही क्यों न लिए गए हों।

दूसरी बात यह है कि डॉ० रघुवीर ने नामों का सर्वथा बहिष्कार किया है। वैज्ञानिक शिष्टाचार के नाते आविष्कारक का नाम आविष्कार के साथ जोड़ा जाता है; किन्तु डॉ० रघुवीर ने ऐसे आविष्कारों के लिए भी वर्णनात्मक पर्यायों का निर्माण किया है, जैसे—

Charles' Law —ताप परिमा सिद्धान्त
Fraunhoffer lines —राम रेखा
Cauchy's theorem (Complex Analysis) —समाकल शून्यता प्रमेय

यह मनोवृत्ति हमारी संस्कृति को आघात पहुँचाती है। कदाचित् यह भी एक कारण था जो डॉ० रघुवीर की शब्दावली केन्द्रीय सरकार को मान्य नहीं हुई।

इस दिशा में सबसे पहला आधिकारिक प्रयास केन्द्रीय सरकार ने १९५० में किया, जब उसने वैज्ञानिक शब्दावली मण्डल की स्थापना की। उक्त मण्डल पिछले चौदह वर्ष से कार्य कर रहा है और देश के समस्त भागों के वैज्ञानिकों के सहयोग से उसने विभिन्न विषयों की शब्दावलियों पर चालीस से अधिक पुस्तिकाएँ प्रकाशित की हैं। पहले तो यह कार्य शिक्षा मंत्रालय के प्रत्यक्ष तत्त्वावधान में हो रहा था। पर यह आवश्यक समझा गया कि एक स्वतंत्र संस्था की स्थापना की जाय जो उक्त कार्य का दायित्त्व सम्हाले। इस हेतु केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय की स्थापना की गई।

मंत्रालय न प्रत्येक विषय की शब्दावली के लिए एक समिति बनाई। इस प्रकार छब्बीस समितियों का प्रार्दुभाव हुआ। शब्द निर्माण का कार्य आगे बढ़ता गया, किन्तु विभिन्न समितियों के कार्य में संयोजन का अभाव था। कभी-कभी ऐसा होता था कि एक ही शब्द के लिए विभिन्न समितियाँ विभिन्न पर्याय बना देती थीं। अतः यह आवश्यक समझा गया कि एक आयोग की स्थापना की जाय जो विभिन्न समितियों के कार्य में समन्वय स्थापित करे। इस हेतु अक्टूबर १९६१ में डॉ० दौलतसिंह कोठारी की अध्यक्षता में 'वैज्ञानिक शब्दावली आयोग' की स्थापना हुई। आयोग ने १९६२ की गर्मियों में शिमले में एक शब्दावली संगोष्ठी की। उक्त प्रयोग को आशातीत सफलता मिली। संप्रति गणित, भौतिकी और रसायन के बी० एससी० तक के शब्द परिनिश्चित हो चुके हैं। उक्त समस्त शब्दों को एक बृहत् शब्दावली के रूप में प्रकाशित किया जा रहा है।

जब वैज्ञानिक शब्दावली मण्डल की स्थापना हुई थी, उसका उद्देश्य था हिन्दी में वैज्ञानिक शब्दावली का निर्माण करना; किन्तु २७ अप्रैल १९६० को राष्ट्रपति ने एक आज्ञा द्वारा उक्त उद्देश्य का विस्तार कर दिया। उक्त आदेश का मुख्य आशय यह था कि समस्त भारतीय भाषाओं के लिए एक समान शब्दावली का निर्माण किया जाय। अतः अब हमारा प्रयत्न यह होना चाहिए कि पारिभाषिक शब्दों के लिए ऐसे पर्याय निश्चित करें जो देश की समस्त भाषाओं में ज्यों के त्यों प्रयुक्त हो जाँय।

३—संकेतन और अक्षरांकन

वैज्ञानिक शब्दावली के साथ ही साथ हमें वैज्ञानिक संकेतन और अक्षरांकन की समस्याओं पर भी विचार करना है। इस विषय पर भी देश में बड़ा मत वैभिन्य दिखाई दे रहा है। पिछले दस-बारह वर्षों से तो दोनों ओर से तर्क-वितर्क भी चल रहे थे। किन्तु हाल ही में हमें आशा की एक किरण यह दिखाई दी है कि कदाचित् दोनों प्रकार के विचारकों में समझौता हो जाय। केन्द्रीय सरकार ने यह निश्चय कर लिया है कि संकेतन तो हमें ज्यों का त्यों अंग्रेजी से ले लेना चाहिए क्योंकि वह अब प्रायः अन्तर्राष्ट्रीय बन चुका है; किन्तु शब्दावली हमें अपनी ही बनानी चाहिए। शब्दावली के क्षेत्र में भी हमें ऐसे बहुत से शब्द लेने होंगे जो अन्तर्राष्ट्रीय स्तर तक पहुँच चुके हैं। इतना अवश्य है कि जहाँ कहीं आवश्यकता हो हम उन्हें थोड़ा बहुत संशोधित करके भारतीय

कलेवर प्रदान कर सकते हैं। इस संबंध में हम यहाँ वैज्ञानिक आयोग के उस निश्चय का उद्धरण देते हैं जो उन्होंने १८ नवम्बर १९६१ को किया था :

(१) जो अंक, संकेत और चिह्न गणित और अन्य विज्ञानों में प्रयुक्त होते हैं उन्हें उनके वर्तमान अंग्रेजी रूप में ही लिखना चाहिए। जो रोमन और ग्रीक अक्षर गणितीय संक्रियाओं में प्रयुक्त होते हैं उन्हें भी उसी रोमन अथवा ग्रीक रूप में लिखना चाहिए।

(२) अंग्रेजी और ग्रीक के कुछ शब्द स्थिरांकों का काम देते हैं, जैसे π, e, g, γ। इन्हें हिन्दी में भी इसी रूप में लिखना चाहिए।

(३) ज्यामितीय आकृतियों में भारतीय अक्षरों क, ख, ग, घ, का प्रयोग करना चाहिए; किन्तु त्रिकोणमितीय संबंधों और सूत्रों आदि में अंग्रेजी और ग्रीक वर्णों को ही प्रयुक्त करना चाहिए।

इस निश्चय से तो ऐसा प्रतीत होता है कि हम उच्च ज्यामितीय आकृतियों में भारतीय वर्णों का प्रयोग कर सकते हैं; किन्तु यहाँ तुरन्त एक कठिनाई आन पड़ती है। मान लीजिए कि हम निर्देशांक ज्यामिति (Coordinate Geometry) का कोई प्रारम्भिक साध्य प्रतिपादित कर रहे हैं और रेखाचित्र खींच कर उसमें नागरी अक्षरों का प्रयोग करते हैं। मान लीजिए कि हमें निम्नलिखित सूत्र देना है :—

$$PQ^2=(x_1-x_2)^2+(y_1-y_2)^2.$$

उपर्युक्त निश्चय के अनुसार हमें यह सूत्र तो रोमन वर्णों में ही देना होगा; किन्तु चित्र में अक्षर दिए गए हैं नागरी के क, ख, ग,··· । अब प्रश्न यह है कि आकृति के अक्षरों और सूत्र के संकेतों में किस प्रकार सामञ्जस्य बिठाया जायगा। स्पष्ट है कि कम से कम वैश्लेषिक ज्यामिति (Analytical Geometry) में तो हमें रोमन और ग्रीक वर्णों का ही प्रयोग करना पड़ेगा। इतना ही नहीं, ठोस मापिकी (Solid Mensuration) जैसे विषय में भी जो हम माध्यमिक कक्षाओं में पढ़ाते हैं, हमें इस प्रकार के सूत्रों का प्रयोग करना पड़ता है :

$$\text{गोले का आयतन}=\tfrac{4}{3}\pi r^3$$

अतः यहाँ भी हमें रोमन और ग्रीक वर्णों का ही प्रयोग करना होगा। वज्रानुपात ज्यामिति (Cross-Ratio Geometry) में भी इस प्रकार के सूत्र बराबर आते रहते ह।

$$\frac{(x_1-x_2)\ (x_3-x_4)}{(x_2-x_3)\ (x_4-x_1)}=-1$$

2

इन तथ्यों से यह निष्कर्ष अनिवार्य है कि उच्च ज्यामिति में हम भारतीय लिपियों के वर्णों का प्रयोग नहीं कर सकते। कदाचित् शुद्ध ज्यामिति (Pure Geometry) की कुछ पुस्तकों में यह सम्भव हो। किन्तु व्यावहारिक दृष्टि से सुविधा इसी में होगी कि हम उच्च ज्यामिति के समस्त विषयों में रोमन और ग्रीक वर्णों का ही प्रयोग करें।

हम यहाँ उपरिलिखित तथ्यों का सारांश देते हैं :

(क) स्कूल अंकगणित में हमें अंग्रेजी अंकों का ही प्रयोग करना होगा जिन्हें अब लोग भारतीय अंकों का अन्तर्राष्ट्रीय रूप कहने लगे हैं।

(ख) बीजगणित में हमें जिस दिन से विद्यार्थी उक्त विषय का आरम्भ करता है, उसी दिन से अंग्रेजी अक्षरों $a, b, c, \ldots x, y, z$ का प्रयोग करना होगा।

(ग) स्कूल की ज्यामिति में हम भारतीय अक्षरों का प्रयोग कर सकते हैं। उदाहरणार्थ हम त्रिभुजों को क ख ग और चतुर्भुजों को क ख ग घ से निरूपित कर सकते हैं।

(घ) त्रिकोणमिति में हमें त्रिकोणमितीय अनुपातों को उनके वर्तमान अंग्रेजी रूप में ही रखना होगा जैसे—

$$\sin A, \cos B, \tan C, \ldots\ldots\ldots$$

(ङ) कलन(Calculus) में हमें अवकलन (Differentiation) और समाकलन (Integration) के चिह्नों को ज्यों का त्यों अपनाना होगा : जैसे—

$$\frac{dy}{dx}, \int f(x)\, dx$$

(च) भौतिकी और रसायन के समस्त संकेत ज्यों के त्यों बने रहेंगे।

उदाहरणार्थ—

Silver के लिए पर्याय तो रजत रहेगा; किन्तु उसका संकेत Ag होगा जो argentum का संकेत है।

भारतीय भाषाओं की वैज्ञानिक पुस्तकों में water के लिए 'जल' का प्रयोग होगा किन्तु उसका संकेत H_2O रहेगा।

अतः रसायन के समस्त समीकरण अंग्रेजी रूप में ही दिए जायेंगे।

हम यहाँ प्रारम्भिक कलन के एक प्रश्न का हल देते हैं।

Find, from first principles, the differential co-efficient of $\sin x$.

We have

$$\frac{d}{dx}\sin x = \underset{h\to 0}{\text{Lt}}\ \frac{\sin(x+h)-\sin x}{h}, \text{ by definition}$$

$$= \underset{h\to 0}{\text{Lt}}\ \frac{h}{2}\cos\left(x+\frac{h}{2}\right)\sin\frac{h}{2}$$

$$=\underset{h\to 0}{\text{Lt}} \left\{ \cos\left(x+\frac{h}{2}\right)\frac{\sin\frac{h}{2}}{\frac{h}{2}} \right\}$$

$$\text{But } \underset{h\to 0}{\text{Lt}} \frac{\sin\frac{h}{2}}{\frac{h}{2}} = \underset{h\to 0}{\text{Lt}} \frac{\sin h}{h} = 1$$

$$\therefore \quad \frac{dy}{dx} = \underset{h\to 0}{\text{Lt}} \cos\left(x+\frac{h}{2}\right) = \cos x, \quad \text{i.e. } \frac{d}{dx}(\sin x) = \cos x.$$

हिन्दी में यह प्रश्न इस प्रकार लिखा जायगा :

आदि सिद्धान्तों से $\sin x$ का अवकल गुणांक निकालो।

इस प्रश्न के हल में केवल निम्नलिखित तीन पदों का ही हिन्दी अनुवाद किया जायगा—

We have — हमें प्राप्त है
by definition — परिभाषा से
but — किन्तु

शेष सारा हल ज्यों का त्यों बना रहेगा।

(४) जो शब्द अंग्रेजी से ले लेने हैं

(१) अंग्रेजी के कई प्रकार के बहुत से ऐसे शब्द हैं जिन्हें हम ज्यों का त्यों अपना सकते हैं। सबसे महत्त्वपूर्ण तो वह है जिन्हें अन्तर्राष्ट्रीय कहा जाता है। शब्दावली आयोग ने ऐसे शब्दों का वर्गीकरण किया है :—

(क) तत्त्वों और संयोगों के नाम जैसे—
ऑक्सीजन, हीलियम, कार्बन-डाई-आक्साइड

(ख) नाप तौल के मात्रक, जैसे—
अर्ग, डाइन, कैलरी, एम्पियर, ओह्म, फैरेडे, पाउण्डल, सेण्टीमीटर, किलोग्राम

(ग) वानस्पतिकी, प्राणिकी और भौमिकी जैसे विज्ञानों की द्विपद नामावली।

(२) देश में बहुत से ऐसे शब्द प्रचलित हो गए हैं जिन्हें अंतर्राष्ट्रीय पद प्राप्त हैं। ऐसे शब्दों को भी हमें अपनाना ही होगा, जैसे—रेडियो, पेट्रोल, रडार, स्टेशन, रेल, इंजन, मोटर कार

(३) हमारे लिए नाम संबंधी शब्दों को भी अपनाना आवश्यक है, जैसे—

Raman Effect — रमन प्रभाव
Gibb's Phenomenon — गिब की परिवृत्ति
Newton's Theorem — न्यूटन का प्रमेय
Taylor's Series — टेलर की श्रेणी

विभक्ति वाले पदों में से हम विभक्ति को हटाकर उन्हें कुछ छोटा रूप दे सकते हैं। हम Newton's Theorem, को "न्यूटन प्रमेय," और Taylor's Series को "टेलर श्रेणी" कह सकते हैं।

यह उदाहरण है नामों से उत्पन्न पदों का। इसके अतिरिक्त कुछ पारिभाषिक शब्द ऐसे भी होते हैं जो नामों द्वारा उत्पन्न हुए हैं और स्वयं नाम बन गए हैं, जैसे :—

Laplacian — लैप्लासियन
Jacobian — जैकोबियन
Wronskian — रॉंस्कियन
Polonium — पॉलोनियम
Europium — यूरोपियम

ऐसे शब्दों को भी हमें आत्मसात कर लेना है। इतना अवश्य है कि यह सब नागरी लिपि में लिखे जाँयगे।

(४) कुछ ऐसे शब्द भी हैं जिनके अर्थ प्रयोग से बिल्कुल बदल गए हैं। इनके लिए भारतीय भाषाओं में ऐसे पर्याय स्थिर करना बहुत कठिन है जिनसे इनके पूरे-पूरे अर्थ निकल सकें। हम यहाँ कुछ उदाहरण देते हैं।

अंग्रेजी शब्द field के तीन अर्थ हैं। इसका साधारण अर्थ तो 'खेत' है ही। इसका एक अर्द्धपारिभाषिक अर्थ है जो field of force जैसे पद में दृष्टिगोचर होता है। यहाँ हम field के लिए 'क्षेत्र' का प्रयोग करेंगे। अतएव field of force का पर्याय "बल क्षेत्र" होगा। किन्तु उच्च गणित की एक शाखा 'समुदाय सिद्धान्त' (Group Theory) है। उक्त विषय में field का एक उच्च पारिभाषिक अर्थ होता है जिसका द्योतक न तो "खेत" है, न "क्षेत्र"। उक्त अर्थ समझाने के लिए एक लम्बी चौड़ी परिभाषा देनी पड़ेगी। अतएव उस अर्थ में हम field के लिए "फील्ड" पर्याय ही निश्चित करेंगे।

अंग्रेजी शब्द normal के भी तीन अर्थ हैं। ज्यामितीय अर्थ में तो इसका अनुवाद है "अभिलम्ब"। जब हम normal form of equation जैसे पद का प्रयोग करते हैं तो हमारा अभिप्राय ऐसे समीकरण से होता है जो किसी मानक अथवा प्रतिमान के अनुरूप हो। उक्त अर्थ न "साधारण" से व्यक्त होता है न "असाधारण" से। वह तो दोनों के बीच की स्थिति है। अतएव उक्त अर्थ के लिए एक नया शब्द "प्रसामान्य" अथवा "प्रसम" बनाया गया है। किन्तु normal का उपर्युक्त दोनों अर्थों के अतिरिक्त एक तीसरा अर्थ भी है जो सांख्यिकी के पद normal distribution में दिखाई पड़ता है। उक्त अर्थ की व्याख्या करने के लिए कई वाक्यों का प्रयोग करना पड़ेगा। अतएव उक्त अर्थ के लिए हम normal को "नॉर्मल" ही कहेंगे।

गणित का एक शब्द vector भी इसी प्रकार का है। इसका साधारण अर्थ तो ऐसी राशि है जिसमें दिशा भी विद्यमान हो। इस संकल्पना का द्योतक शब्द है "सदिश"। अतएव उक्त अर्थ के लिए यह शब्द बिल्कुल उपयुक्त रहेगा। किन्तु यदि हम vector space का अनुवाद करना चाहें तो उक्त शब्द से काम नहीं चल सकता। इस अर्थ में

दिशा का कोई प्रश्न नहीं है। इसका अर्थ तो एक व्याख्यात्मक परिभाषा द्वारा ही दिया जा सकता है। अतः हम उक्त अर्थ के लिए "वेक्टर" शब्द ज्यों का त्यों अपनाए लेते हैं। इस प्रकार हमें vector field को हिन्दी में "वेक्टर फील्ड" ही लिखना होगा।

(४) कई प्रकार के महत्त्वपूर्ण शब्द ऐसे होते हैं जो खगोलिकीय पिण्डों (astronomical bodies), ठोसों, उपकरणों, वक्रों अथवा विषयों को द्योतित करते हैं। ऐसे शब्दों के लिए हमें जहाँ कहीं भी कोई प्राचीन शब्द दिखाई पड़ा है, हमने उसे स्वीकार कर लिया है। खगोलिकीय पिण्डों के लिए हमें जब कोई प्राचीन शब्द नहीं मिला तो हमने अंग्रेजी शब्द को अपना लिया है। जहाँ कहीं प्राचीन शब्द उपलब्ध है भी, हमने विकल्प रूप से उसका संगत अंग्रेजी शब्द भी दे दिया है। जैसे :—

acubens (canceri) — अकूबेन्स (कर्क)
delta (—andromeda) — डेल्टा (--चतुर्थ देवयानी)
kiffa borealis (librae) — किफ्फा बोरियैलिस (—द्वितीय तुला)
porrima (verginis) — पोरिमा (तृतीय कन्या)
shelyak — लि० (=लिप्यन्तरण)
sualocin — लि०

वक्रों और ठोसों के लिए जब कभी हमें कोई प्राचीन शब्द नहीं मिला तो हमने यथा-साध्य एक नए उपपुक्त शब्द का निर्माण किया है। किन्तु जब कभी हमें यह भान हुआ है कि नया शब्द उक्त संकल्पना का ठीक-ठीक अर्थ नहीं देता तो हमने विकल्प रूप में अंग्रेजी शब्द दे दिया है। जैसे—

helix — कुण्डलिनी
spiral — सर्पिल
parabola — परवलय, लि०
cone — शंकु, लि०
cylinder — बेलन, लि०
sphere — गोला,

सिलिण्डर के लिए प्राचीन शब्द "बेलन" है जो संस्कृत "वेल्लन" से निकला है। इस शब्द को 'सिलिण्डर' के लिए प्रयुक्त करने में एक कठिनाई है। मान लीजिए कि हम ऐसे ठोस का वर्णन कर रहें हैं जो बहुत कुछ हमारे रसोईघर वाले बेलन के ही आकार का है। उसके बीच का भाग सिलिण्डराकार है और दानों छोरों के भाग शंक्वाकार (conical) हैं, तो हमें इस प्रकार के वाक्य का प्रयोग करना पड़ेगा—

"एक बलन के बीच का भाग बेलनाकार और सिरों के भाग शंक्वाकार हैं।" अतएव स्पष्ट है कि हम "सिलिण्डर" के लिए समस्त स्थानों पर "बेलन" का प्रयोग नहीं कर सकते।

उपकरणों के विषय में हमने यह नीति अपनाई है कि यदि किसी उपकरण का नाम देश में प्रचलित हो गया है तो हमने उसका अंग्रेज़ी नाम और हिन्दी पर्याय दोनों दे दिए हैं, जैसे—

thermometer — लि०, तापमापी
barometer — लि०, वायुदाबमापी
abacus — लि०, गिन्तारा

अन्य प्रकार के उपकरणों के विषय में हमने यह नीति निर्धारित की है कि यदि किसी उपकरण का कोई सार्थक नाम है जो उपकरणों के किसी वर्ग को द्योतित करता है तो हमने उसका अनुवाद कर दिया है। किन्तु विशेषित उपकरणों के नाम हमने अंग्रेजी से ज्यों के त्यों ले लिए हैं, जैसे—

slide rule — लि०
T-Square — लि०
gyrostat — घूर्णाक्षस्थायी
magic lantern — चित्रप्रक्षेपी लालटेन
theodolite — लि०

ऐसे उपकरणों के विषय में, जिनके नाम वर्णनात्मक हों, हमने दोनों सिद्धान्तों का समन्वय कर दिया है, जैसे—

diving well — विमज्जन कोष्ठ, लि०
manometer — दाबान्तरमापी, लि०
campass — दिक्सूचक, लि०

विषयों के नामों का हमने सर्वत्र अनुवाद किया है। किन्तु हम यह चाहते हैं कि हमारे छात्र विभिन्न विषयों के अंग्रेजी नामों से भी परिचित रहें; ताकि यदि उन्हें कभी उक्त विषयों पर अंग्रेजी में दिए गए व्याख्यानों को सुनने का अवसर मिले तो वे कम से कम शीर्षकों का अर्थ अवश्य समझ लें। अतएव विकल्प रूप में हमने विषयों के अंग्रेजी नाम भी दे दिए हैं, जैसे—

Differential Calculus — अवकलन गणित, लि०
Commutative Algebra— क्रमविनिमय बीजगणित, लि०
Trigonometry — त्रिकोणमिति, लि०

किन्तु यहाँ एक अनुबंध लगा दिया गया है। वह यह कि भारतीय भाषाओं में पुस्तकें लिखने में सदैव विषयों के भारतीय नामों का ही प्रयोग किया जाय।

(५) जो शब्द नए बनाने हैं

नियमतः हमने संकल्पनात्मक शब्दों का अनुवाद किया है या यों कहिए कि जो शब्द केवल संकेतात्मक ही नहीं है वरन् जिनके कुछ अर्थ भी होते हैं, उन्हें हमने अनूदित किया है। हम यहाँ कुछ उदाहरण देते हैं—

convergence — अभिसरण
divergence — अपसरण
objective — वस्तुनिष्ठ

subjective	—	व्यक्तिनिष्ठ
gyration	—	परिभ्रमण
revolution	—	परिक्रमण
rotation	—	घूर्णन
spinning	—	चक्रण

कभी-कभी ऐसा होता है कि एक ही विचार के लिए भिन्न-भिन्न लेखक भिन्न-भिन्न पारिभाषिक पर्याय दे देते हैं। यदि हम अपनी भाषाओं में इनमें से प्रत्येक के लिए एक विभिन्न पर्याय दें तो इससे लाभ कुछ नहीं होगा। उल्टे हमारी शब्दावली का आकार बढ़ जायगा। अतः हमने ऐसे शब्दों के लिए एक ही पर्याय निश्चित किया, जैसे—

point of accumulation	—	cluster point
	—	limiting point
	=	गुच्छ बिन्दु
ideal line	—	line at infinity
	=	अनन्तस्थ रेखा
retardation	—	deceleration
	=	मन्दन
quadric equation	—	quadratic equation
	=	द्विघात समीकरण
anti-clockwise	—	counter-clockwise
	=	वामावर्त
non-algebraic number	—	transcendental number
	=	अबीजीय संख्या

इसके विपरीत कुछ पारिभाषिक शब्द ऐसे भी हैं जिनके विभिन्न संदर्भों में भिन-भिन्न पर्याय दिए जाते हैं, जैसे—

1.	congruent triangles	—	सर्वांगसम त्रिभुज
	congruent numbers	—	संशेषी संख्यायें
	congruent transformation	—	संवादी रूपान्तर
2.	fixed (in value)	—	निश्चित, नियत
	fixed (in position)	—	स्थिर
3.	period (periodic time)	—	आवर्तन काल
	duration	—	अवधि
	time	—	समय
	group (of digits)	—	आवर्तक
	(of a function)	—	आवर्तक

4. balance — १. शेष
   २. तुला
   ३. संतुलित होना
5. central section — केन्द्रीय परिच्छेद
   central conic — सकेन्द्र शांकव
6. range — १. परास (projection)
   २. परिसर (statistics)
   ३. माला (points)

कुछ प्राचीन शब्द आधुनिक आवश्यकताओं के लिए अनुपयुक्त हो गए हैं। अतः उनके स्थान पर नए शब्दों का निर्माण किया गया है। हम यहाँ कुछ उदाहरण देते हैं :

(१) "क्रिया" शब्द प्राचीन समय से action और operation दोनों के लिए प्रयुक्त होता आ रहा है। अब यह आवश्यक हो गया है कि इन दोनों शब्दों के लिए दो विभिन्न पर्याय निर्धारित किए जाँय। चूँकि "क्रिया और प्रतिक्रिया" बहुत ही प्रचलित पद हैं, यह सम्भव नहीं है कि क्रिया को action के अर्थ से अलग कर दिया जाय। अतः operation के लिए एक नए शब्द "संक्रिया" का निर्माण किया गया है।

(२) सैकड़ों वर्ष से "सम कोण', right angle के अर्थ में प्रयुक्त होता आ रहा है किन्तु गणित की कुछ प्राचीन पुस्तकों के अवलोकन से पता चलता है कि "सम" अथवा "सं" दस विभिन्न अर्थों में प्रयुक्त हुए हैं। यह तथ्य हम निम्नलिखित उदाहरणों से स्पष्ट करते हैं।

1. equal

समभुजीय	equilateral
सम अतिपर्वलय	equilateral Hyperbola
समकौणिक	equiangular
समता	equality

2. regular

सम बहुभुज	equilateral and equiangular polygon
सम चतुष्फलक	regular tetrahedron
सम बहुफलक	regular polyhedron

3. of even surface

समतल	plane, plane surface
समतली	coplanar
समतल भूमि	even ground

4. uniform (constant)

सम त्वरण	uniform acceleration
सम दाब	uniform pressure

5. uniform (of uniform material)

सम छड़	uniform rod
सम रज्जुका	uniform catenary

6. uniform (of the same form)

सम अभिसृति	uniform convergence
समरूपता	uniformity

7. pertaining to 1 :

संरैखिक	colinear
संवृत्तीय	concyclic

8.

सम संख्या	even number
विषम संख्या	odd number

9. alike

सम समान्तर बल	like parallel forces

10. right

सम कोण	right angle
सम शंकु	right cone
सम सूचीस्तम्भ	right pyramid

यह आवश्यक था कि "सम" शब्द को अर्थों की इस भूल-भूलैया से बाहर निकाला जाय। अतः "लम्बकोण" शब्द का निर्माण किया गया जो right angle के लिए अधिक अभिव्यंजक है। किन्तु चूँकि "सम कोण" शब्द प्राचीन गणितीय पुस्तकों में सैकड़ों बार प्रयुक्त हो चुका है, अतः इससे सर्वथा पीछा छुड़ा लेना असम्भव है। इसलिए विकल्प रूप में इसको भी दे दिया गया है।

(३) "गणना" शब्द प्राचीन पुस्तकों में counting और calculation दोनों के लिए प्रयुक्त होता आ रहा है। किन्तु calculation में केवल गिनने की संक्रिया ही नहीं की जाती। इसमें जोड़ना, घटाना, गुणा करना आदि अनेक क्रियाओं का समावेश होता है। अतएव calculation की संकल्पना के लिए एक नया शब्द 'परिकलन' बनाया गया है। यह शब्द अधिक उपयुक्त है क्योंकि हमने calculus का पर्याय "कलन" निश्चित किया है।

(६) शब्द निर्माण की विधियाँ

नए शब्दों के निर्माण के लिए राष्ट्रपति ने अपने १८ नवम्बर सन् १९६१ के आदेश में निम्नलिखित दो आधारित सिद्धान्त निश्चित किए थे—

(१) पर्यायों के निर्धारण में शब्दों की सरलता और बोधगम्यता और अर्थों की यथार्थता पर विशेष रूप से ध्यान देना चाहिए। शुद्धिवाद के नाम पर कठिन शब्दों का प्रयोग नहीं करना चाहिए।

(२) यह प्रयास करना चाहिए कि यथासाध्य समस्त भारतीय भाषाओं में एक से पर्याय प्रयुक्त हों। इस हेतु ऐसे शब्द निर्धारित करने चाहिए जो—

(क) अधिक से अधिक प्रादेशिक भाषाओं से प्रयुक्त होते हों,

(ख) संस्कृत धातुओं से निकले हों।

हमने इन्हीं सिद्धान्तों के आधार पर नए शब्दों का निर्माण किया है। अर्थों की यथार्थता के संबंध में हम यहाँ दो तीन उदाहरण देते हैं :

अवकलन समीकरणों के संबंध में एक पद आता है particular integral जो बिल्कुल गलत है। वस्तुतः इसके स्थान पर होना चाहिए particular solution. अतएव हमने इसका अनुवाद 'विशिष्ट समाकल' नहीं किया है, वरन् 'विशिष्ट साधन' किया है, यद्यपि हमने integral का पर्याय 'समाकल' निर्धारित किया है।

खगोलिकी का एक पद है equation of time जिसमें equation शब्द का प्रयोग गलत है। वास्तव में इसके स्थान पर होना चाहिए था equaliser of time. Equation का पर्याय समीकरण है, किन्तु हमने उपर्युक्त तथ्यों को ध्यान में रखकर equation of time के लिए निर्धारित किया है "समय समीकार।"

इसी प्रकार का एक गलत पद है modulus of elasticity, जो वास्तव में होना चाहिए coefficient of restitution। चूँकि restitution का पर्याय 'प्रत्यवस्थान' है, अतः हमने उक्त पद के लिए 'प्रत्यवस्थान गुणाँक' निर्धारित किया है।

कभी-कभी हमारे सम्मुख ऐसे प्रचलित शब्द भी आ पड़ते हैं जो उन अर्थों को ठीक-ठीक व्यक्त नहीं करते जिनके लिए वे प्रयुक्त होते हैं। ऐसी अवस्था में हमने नए शब्दों का निर्माण करने में कोई संकोच नहीं किया है। Nerve के लिए प्रचलित शब्द 'स्नायु' है, किन्तु हमने इसके स्थान पर 'तन्त्रिका' निश्चित किया है जो अधिक बोधगम्य है और उक्त अर्थ के लिए अधिक उपयुक्त भी। इसी प्रकार हमने heat के लिए 'ताप' शब्द को छोड़कर 'ऊष्मा' निर्धारित किया और 'ताप' को temperature का पर्याय माना है।

जो शब्द हमने प्रादेशिक भाषाओं से लिए हैं उनके हम यहाँ केवल दो एक उदाहरण देंगे। Bracket के लिए बंगाली शब्द 'बंधनी' है और हिन्दी शब्द 'कोष्ठक'। और दोनों शब्द बहुप्रचलित हैं। हमने दोनों को अपना लिया है। Acknowledgement के लिए मराठी में 'पावती' प्रचलित है और net (जैसे net profit) के लिए कन्नड़ में 'निवल'। हमने इन दोनों को स्वीकार कर लिया है।

बहुत से शब्द अपने परिवारों के साथ-साथ चलते हैं। हमने ऐसे परिवारों पर एक साथ विचार किया है ताकि हमारी शब्दावली में उसी प्रकार अर्थों के सूक्ष्मान्तर व्यक्त हो जाँय जैसे बहु विकसित अंग्रेजी शब्दावली में। हम यहाँ ऐसे परिवारों के पाँच उदाहरण देते हैं: दो उच्च पारिभाषिक, एक अर्द्ध पारिभाषिक और दो अपारिभाषिक:—

1. converse — विलोम
   inverse — प्रतिलोम
   reciprocal — व्युत्क्रम
   reverse — उत्क्रम

2\. bound — परिबंध
boundary — परिसीमा
circumference — परिधि
limit — सीमा
perimeter — परिमाप
periphery — परिरेखा
contour — कण्टूर

3\. appliance — साधित्र
apparatus — उपकरण
device — युक्ति
equipment — उपस्कर
implement — औज़ार
instrument — यंत्र
machine — मशीन, यंत्र
machinery — मशीनरी, यंत्रावली
mechanism — (१) यांत्रिकता (२) कार्यविधि
plant — संयंत्र
tool — औज़ार

4\. blue-print — ब्लूप्रिंट
chart — चार्ट
diagram — आरेख
drawing — रेखाचित्र
figure — आकृति, चित्र
flow-sheet — प्रक्रमचित्र
graph — ग्राफ, लेखाचित्र, आलेख
map — मानचित्र, नक्शा
outline — रूपरेखा
photo — फ़ोटो
plan — मापचित्र
sketch — रेखाकृति, रेखाचित्र
trace, tracing — अनुरेख, अनुरेखन

5\. code — कोड, संकेतलिपि
notation — संकेतन
pointer — संकेतक
sign — चिह्न
signal — संकेत, सिग्नल

symbol — संकेत, प्रतीक
symbolism — प्रतीकवाद
token — प्रतीक

नए शब्दों के निर्माण के लिए हमने तीन विधियों का प्रयोग किया है।

(क) प्रत्यय विधि—हमने कुछ मौलिक शब्दों में मापी, आत्मक, आभ जैसे प्रत्यय लगाकर नए शब्द बनाए हैं, उदारणार्थ—

thermometer — तापमापी
manometer — दाबान्तरमापी
barometer — वायुदाबमापी
experimental — प्रयोगात्मक
harmonical — हरात्मक
numerical — संख्यात्मक
spheroid — गोलाभ
cuboid — घनाभ
prismoid — प्रिज़्माभ

(ख) उपसर्ग विधि—कुछ शब्दों में उपसर्ग लगाए गए हैं, जैसे सं, प्रति, अर्द्ध।

उदाहरणार्थ—

concurrent — संगामी
concyclic — संवृत्तीय
conjugate — संयुग्मी
antiparallel — प्रतिसमान्तर
anti-derivative — प्रतिअवकलज
antilogarithm — प्रतिलघुगणक
hemisphere — अर्द्धगोला
semicircle — अर्द्धवृत्त
semi-major axis — अर्द्धदीर्घाक्ष

(ग) संयोजन विधि—कुछ शब्द धर्मी, दर्शी, क्रम जैसे शब्दांश जोड़कर बनाए गए हैं। उदाहरणार्थ—

radio-active — रेडिय-धर्मी
transparent — पारदर्शी
pay scale — वेतनक्रम
self-corresponding points — स्वसंगत बिन्दु
homographic axis — व्रजानुपाती अक्ष

परमाणु रचना की खोज

डॉ० नन्दलाल सिंह
अध्यक्ष, स्पेक्ट्रोस्कोपी विभाग,
काशी हिन्दू विश्वविद्यालय

उन्नीसवीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध में ही रसायनशास्त्रियों को आभास हो गया था कि परमाणु को समांशी ठोस गोली के सदृश मानना ठीक नहीं। गोली का रूपक देकर पदार्थ-रचना सम्बन्धी अनेक समस्याएँ हल की गई थीं, परन्तु यह भी धारणा बँध गई थी कि परमाणु समांशी ठोस गोली के समान कदापि नहीं माना जा सकता। ऐसा भ्रम उन्हें कई कारणों से उत्पन्न हुआ और उन्हीं कारणों को समझने की चेष्टा में नई-नई उपलब्धियाँ हुईं जिनसे अनेक धारणाओं का स्पष्टीकरण हुआ और परमाणु रचना सम्बन्धी विचारों का विकास हो सका।

यदि परमाणु समांशी ठोस गोली है तो किन्हीं दो गोलियों को बाँधकर रखने के लिए कोई साधन होना आवश्यक है। यदि गोलियों में हुक हो तो दोनों को जोड़ा जा सकता है; अन्यथा गोलियाँ जुड़ेंगी कैसे? अणु के भीतर परमाणु बिना किसी ऐसे लगाव के किस प्रकार जुटे रह सकते हैं? रसायनशास्त्री इस लगाव को रासायनिक बन्ध (chemical bond) कहते हैं। रासायनिक क्रियाओं से पता चला कि विभिन्न तत्त्वों की संयोजकता और संयोजन शक्ति भिन्न होती है जो उन्हीं के परमाणुओं के रासायनिक बन्ध और बन्धन-शक्ति पर निर्भर होती है। किसी तत्त्व की संयोजकता (valency) से हमें विदित होता है कि उसका परमाणु हाइड्रोजन अथवा उसके समतुल्य तत्त्व के कितने परमाणुओं को अपने साथ संगठित कर सकता है। हम देखते हैं कि जल के अणु H_2O में आक्सीजन का एक परमाणु हाइड्रोजन के दो परमाणुओं के साथ जुटा रहता है। अतः आक्सीजन की संयोजकता २ होती है। मिथेन के अणु CH_4 में कार्बन के साथ हाइड्रोजन के चार परमाणु बँधे रहते हैं। अतः कार्बन की संयोजकता ४ होती है। कार्बन-डाई-आक्साइड में कार्बन के साथ आक्सीजन के दो ही परमाणु संगठित पाए जाते हैं क्योंकि आक्सीजन की संयोजकता २ है और कार्बन की ४। अमोनियम NH_3 में नाइट्रोजन के साथ हाइड्रोजन के ३ परमाणु पाए जाते हैं, अतः नाइट्रोजन की संयोजकता ३ होती है। इसी प्रकार अनेक रासायनिक यौगिकों के अध्ययन से पता लगता है कि विभिन्न तत्त्वों की संयोजकता तथा उनकी संयोजन शक्ति भिन्न होती है और उनकी संयोजकता परमाणु सारिणी के वर्ग-विभाजन के अनुकूल क्रमबद्ध पाई जाती है।

आवर्त सारिणी के किसी ऊर्ध्व स्तम्भ में एक वर्ग के तत्त्वों की संयोजकता समान पाई जाती है। शून्य समुदाय (zero group) के तत्त्व जैसे हीलियम, निआन, आर्गन, क्रिप्टान, ज़ेनान की संयोजकता शून्य होती है। इन साधु गैसों का संयोजन किसी अन्य तत्त्व से नहीं होता। प्रथम स्तम्भ के तत्त्वों की संयोजकता १, द्वितीय स्तम्भवालों की २, तृतीय स्तम्भ

वालों की ३, और चतुर्थ स्तम्भवालों की प्रायः ४ होती है। सामान्यतः परमाणुओं का संगठन पारस्परिक आकर्षण से होता है और यह आकर्षण बल वैद्युतिक पाया जाता है। अतः एक धनात्मक परमाणु अपनी ओर एक ऋणात्मक परमाणु को ही खींच सकता है। साधारण रासायनिक यौगिक धातु तत्त्व और अधातु तत्त्वों के संगठन से बनते हैं। प्रथम तीन वर्गों के तत्त्व धातु तत्त्व होते हैं और इनकी संयोजकता धनात्मक होती है। ५वें, ६ठें, और ७वें समुदाय के तत्त्व अधातु तत्त्व हैं इनकी संयोजकता ऋणात्मक होती है। फ्लोरीन, क्लोरिन, ब्रोमीन, आयोडीन आदि ७वें स्तम्भ के तत्त्वों की ऋणात्मक संयोजकता हाइड्रोजन की अपेक्षा १ होती है। ६ठें स्तम्भवालों की २ और ५वें समुदायवालों की उसी हिसाब से ३ पाई जाती है। तत्त्वों की संयोजकता (valency) और परमाणुओं के बन्धन (bond) परमाणु की रचना पर निर्भर करते हैं। इसका स्पष्टीकरण आगे चलकर होगा।

इस तरह के अणु रासायनिक क्रिया से एक अथवा अधिक अणुओं में बदल जाते हैं। लकड़ी के भीतर सेलुलोस नामी बड़ा अणु पाया जाता है जिसके भीतर कार्बन, हाइड्रोजन और आक्सीजन के परमाणु होते हैं। जलते समय हवा से आक्सीजन मिलता है और सेलुलोस कार्बन-डाई-आक्साइड और जलवाष्प में बदल जाता है। अणु के परिवर्तन में वही परमाणु अपनी बन्धन-शक्ति के अनुसार अन्य परमाणुओं के साथ नियमानुकूल जुड़कर दूसरे अणु बनाता है। कुछ बन्धन अन्य की अपेक्षा दृढ़ पाए जाते हैं। बन्धन जितना ही सुदृढ़ होता है यौगिक उतना ही स्थायी बनता है। ढीले बन्धन से अस्थायी यौगिक बनते हैं। अस्थायी यौगिक सरलता से टूट सकते हैं और विघटन क्रिया से शक्ति, ताप अथवा विद्युत रूप में निकलती है। किन्तु अणु की परिवर्तन क्रिया में कभी तो शक्ति निकलती है और कभी बाहरी शक्ति की आवश्यकता पड़ती है। यह रासायनिक क्रिया के प्रारम्भिक और अन्तिम अणुओं की दृढ़ता पर निर्भर है। इसीलिए कुछ रासायनिक क्रियाओं में बाहरी ताप अथवा विद्युत् शक्ति की आवश्यकता पड़ती है और कुछ क्रियाओं में ताप अथवा विद्युत शक्ति बाहर निकलती है।

हम कई प्रकार की शक्तियों का उपयोग अपने जीवन में करते हैं। इन सब शक्तियों का प्रारंभिक श्रोत सूर्य है। वनस्पतियाँ सूर्य के प्रकाश को ग्रहण करती हैं और प्रकाश के प्रभाव से उनमें कार्बन, हाइड्रोजन और आक्सीजन के यौगिक बनते हैं। कार्बन परमाणु और हाइड्रोजन परमाणु के बीच बन्धन ढीला होता है। इस अस्थायी बन्धन के टूटने से शक्ति उपलब्ध होती है। ऐसा ही बन्धन गैसोलीन, चीनी, लकड़ी आदि के अणुओं में पाया जाता है। इनके जलते समय इस अस्थायी बन्धन के टूटने से शक्ति मिलती है और अपेक्षाकृत अधिक सुदृढ़ बन्धन कार्बन और आक्सीजन के बीच बनता है जिसमें शक्ति कम पाई जाती है। आक्सीजन अणु में दो समान परमाणु आक्सीजन के होते हैं। उनके बीच बन्धन ढीला रहता है। उनके टूटने से अधिक शक्ति निकलती है और सुदृढ़ अणु हाइड्रोजन और आक्सीजन के सुसंगठन से बनता है जिसमें बाहरी शक्ति की आवश्यकता पड़ती है। रासायनिक क्रिया के प्रारम्भिक और अन्तिम अणुओं की बन्धन-शक्ति के अन्तर के बराबर ही शक्ति उपलब्ध होती है। यंत्रों के चलाने में और ताप पैदा करने में इसी शक्ति का उपयोग किया जाता है।

टी० एन० टी० ऐसे विस्फोटकों की प्रबल शक्ति इसी नियम के अनुसार विघटित होती है। विस्फोट के समय टी० एन० टी० का बड़ा अणु छोटे अणुओं, जैसे कार्बन-डाई आक्साइड, पानी, नाइट्रोजन आदि में बदल जाता है। इन छोटे स्थायी अणुओं में बन्धन-शक्ति बड़े स्थायी टी० एन० टी० के अणु के परमाणुओं की बन्धन-शक्ति से कम होती है। इन्हीं बन्धनों की शक्ति के अन्तर के बराबर शक्ति निकलती है जो स्थानीय गैसों को उत्तप्त करती है और उनमें एकाएक आयतनिक प्रसार होता है। इसी एकाएक प्रसरण से टी० एन० टी० का धड़ाका छूटता है।

आप पूछ सकते हैं कि परमाणुओं की बन्धन-शक्ति कैसे उत्पन्न होती है और उनके सतह पर बन्ध किस प्रकार का होता है ? यह गोली के हुक के समान सतह पर तो निकला हुआ नहीं हो सकता। यदि यह सम्भव भी हो तो निःसन्देह कुछ परमाणु नर की प्रकृति के कर्मठ(active)और दूसरे मादा के रूप में कर्मपात्र(passive) होने चाहिए। अणु में परमाणुओं का बन्धन पारस्परिक होता है। जल के अणु के विषय में यह कहना कि आक्सीजन का परमाणु हाइड्रोजन के दो परमाणुओं को पकड़े रहता है उतना ही यथार्थ है जितना यह बताना कि हाइड्रोजन के दो परमाणु मिलकर एक आक्सीजन के परमाणु को पकड़े रहते हैं। अणु में एकपक्षीय खिंचाव नहीं मिलता। परमाणुओं के बीच का बन्ध उनके बीच किसी चीज़ के पारस्परिक हेर-फेर से उत्पन्न होता है। एक से कोई न कोई चीज निकलकर दूसरे में जाती है और दोनों के बीच इसी चीज़ के आदान-प्रदान से बन्धन-शक्ति उत्पन्न होती है।

अब प्रश्न उठता है कि वह कौन-सी चीज़ है जिसका आदान-प्रदान परमाणुओं के बीच होता है ? वर्षों तक इसका कुछ भी पता न चल सका। रसायनशास्त्री बन्धन के विचार से ही सन्तुष्ट रहे, उसके मूल कारण पर ध्यान ही नहीं दिए। वास्तव में, इस रहस्य का पता रसायन क्रियाओं से न चल सका; इसकी सूझ परमाणु के वैद्युतिक अध्ययन से मिली। प्रश्न हल होते ही परमाणु बन्ध का महत्त्व बहुत बढ़ गया कारण कि परमाणु-रचना के अतिरिक्त अनेक रहस्यों का उद्‌घाटन इसी के द्वारा सम्भव हो सका।

परमाणु की सतह पर इलेक्ट्रान

सैकड़ों वर्ष पूर्व यूनानी दार्शनिकों को मालूम हो गया था कि जब अम्बर (amber) का छड़ कपड़े अथवा रोएँ के साथ रगड़ा जाता है तो छड़ वैद्युतिक हो जाता है और इसमें नन्हें तिनकों को, कागज़ के टुकड़ों को खींचने की शक्ति आ जाती है। यही गुण काँच तथा अन्य कई वस्तुओं में भी पाया जाता है। जब इन वस्तुओं को कपड़ा, रेशम अथवा रोएँ से रगड़ा जाता है तो रगड़ने पर इनमें से कुछ धनात्मक और कुछ ऋणात्मक विद्युत से आवेष्ठित पाए जाते हैं। धनात्मक और ऋणात्मक वस्तुओं का वर्गीकरण केवल इस बात से किया गया कि रगड़ने पर वे आवेष्ठित अम्बर द्वारा आकर्षित होते हैं अथवा विकर्षित होते हैं। आवेष्ठित अम्बर को यों ही ऋणात्मक मान लिया गया था। यूनानी भाषा में अम्बर को इलेक्ट्रान कहते हैं। दो वस्तुओं को परस्पर रगड़ने से जो विद्युत पैदा होती है उसे घर्षण-विद्युत अथवा स्थिर-विद्युत कहते हैं। यह विद्युत धारा-

विद्युत से भिन्न होती है। धारा-विद्युत का पता गेलवनी और वोल्टा १८वीं शताब्दी में लगा चुके थे। आज हम सभी विद्युत-धारा से परिचित हैं। यह विद्युत बैटरी में सरल रासायनिक क्रिया से अथवा डायनमों में चुम्बकीय उत्पादन से उत्पन्न होती है और इसकी धारा किसी सुचालक तार में प्रवाहित होती है। १९वीं शताब्दी में दोनों प्रकार की विद्युत की समानता की खोज की गई। इसी उद्देश्य से किए हुए प्रयोगों द्वारा प्रकृति के मूल कण इलेक्ट्रान का पता लगा और उसे ढूँढ निकालना सम्भव हुआ। फिर उनके गुणों का अध्ययन करना सुगम हुआ।

साधारण प्रयोग में काँच की एक नली होती है। इसका दोनों सिरा बन्द रहता है। हर एक सिरे पर प्लैटिनम का एक टुकड़ा जड़ा होता है चित्र १। इन टुकड़ों के भीतरी सिरे पर एल्यूमीनियम की एक पट्टी जड़ी होती है और बाहरी सिरे इण्डक्शन क्वायल अथवा ट्रान्सफार्मर से जोड़ दिए जाते हैं। रेक्टिफायर लगाकर धारा को एकदेशीय (डी० सी०) बना लिया जाता है। नली के बगल की छोटी नलिका वायुपम्प से जोड़ दी जाती है। विद्युत चलाने पर देखते हैं कि भीतर नली में कोई क्रिया नहीं होती। नली में हवा साधारण दाब पर रहती है जो विद्युत प्रवाह में अवरोध डालती है और विद्युत विसर्जन नहीं हो पाता। जब पम्प चलाकर हवा निकालने लगते हैं तो दाब घटने पर अल्यूमीनियम की पट्टियों पर एक चमक दिखाई पड़ती है। फिर भीतर से कुछ चुरचुराहट सुनाई पड़ती है और दो-तीन वक्ररेखा के समान स्फुलिंग धनात्मक सिरे से ऋणात्मक की ओर जाने लगते हैं। दाब और घटाने पर धनात्मक सिरे की चमक फैलकर पूरी नली को ऋणात्मक सिरे तक भर लेती है चित्र २। जैसे-जैसे हवा का दाब घटता है वैसे-वैसे भीतरी प्रकाश में चित्ताकर्षक परिवर्तन होता है। एक अवस्था ऐसी आती है जब प्रकाशस्तम्भ सिकुड़ता हुआ फिर धनात्मक सिरे पर सीमित हो जाता है। नली अन्धकारमय हो जाती है। जब दाब घटकर लगभग $१०^{-४}$ मिलीमीटर हो जाता है तो ऋणात्मक सिरे से, जिसे कैथोड कहते हैं, एक अदृश्य किरणपुंज निकलती है जो दूसरी ओर नली की दीवाल पर पड़कर उसे दीप्तिमान बनाती है चित्र ३। दीवाल की प्रतिदीप्ति का रंग काँच पर निर्भर करता है जो भिन्न काँच के लिए भिन्न रंग का देखा जाता है। इन अदृश्य किरणों को कैथोड किरण कहते हैं। कैथोड की ओर से ऐनोड की ओर कणिकाएँ जाती हुई मालूम पड़ती हैं। यदि काँच की एक पट्टी पर जिंक सल्फाइड पोतकर इनके मार्ग में रक्खा जाता है तो पट्टी की सारी सतह प्रकाशमान हो जाती है। जिंक सल्फाइड के प्रत्येक कण में अलग-अलग चमक निकलती है जैसे उन पर क्षण-क्षण बाद कुछ अदृश्य कणों का आघात पड़ रहा हो। दमकते जिंक सल्फाइड के कण एक ही विस्तार के दिखाई पड़ते हैं। जिससे विदित होता है कि आघाती पुंज में अनेक समान अदृश्य कण सम्मिलित हैं।

यह अदृश्य कणपुंज ऋण-विद्युत से आविष्ट पाया जाता है। नली के समीप एक चुम्बक लाकर उन सबको सीधे मार्ग से विचलित किया जा सकता है। कणपुंज को रेखाकृत बनाकर काँच की पट्टी पर छोटा प्रकाश विन्दु बना लिया जाता है। चुम्बक लाने पर इसी विन्दुवत् प्रकाश का विचलन देखा जाता है। यह प्रकाश विन्दु दाहिने बाँएँ चुम्बकीय क्षेत्र के अनुसार विचलित होता है जिससे विदित हो जाता है कि कण ऋण-विद्युत से आविष्ट हैं।

चित्र १

चित्र २

चित्र ३

चित्र ४ अ

चित्र ५

चित्र ४ ब

सर जे०जे० टामसन ने ऐसे ही प्रयोगों के आधार पर निर्णय किया कि अदृश्य किरण-पुंज में अनगिनत ऋणात्मक इकाई कण सम्मिलित हैं। उन्होंने इस इकाई कण के ऋणात्मक आवेश को मालूम किया फिर इसकी तौल भी मालूम की। आश्चर्य की बात है कि अदृश्य कण तौला जा सका; किन्तु इसमें कोई गूढ़ता नहीं। आप समझ सकते हैं कि वज़नी वस्तुओं की अपेक्षा हल्की चीजों को उनके मार्ग से विचलित करना आसान होता है। यदि किसी प्रकार अनेक गेंद एक सीधी कतार में उड़ा दी जाँय तो इनमें से एक-एक गेंद को साधारण बल से सरलतापूर्वक जिधर चाहें उधर मार्ग से हटा सकते हैं और मालूम किया जा सकता है कि कितना बल किस ओर लगाना है कि गेंद निश्चित दूरी तक हट जाय; किन्तु यदि कई ट्रकें (trucks) एक कतार में जा रही हों तो संभव नहीं कि हिसाब लगाकर बल का अनुमान किया जाय और उसे वांछित दिशा में लगाकर किसी एक चलती ट्रक को सड़क से इधर-उधर निश्चित विन्दु तक विचलित किया जा सके। जे० जे० टामसन ने पता लगाया कि इस नन्हें कण को कितने चुम्बकीय बल से विचलित किया जा सकता है। फिर उतना ही चुम्बकीय बल लगाकर और उसका हटाव शून्य नली के भीतर नापकर इलेक्ट्रान का भार मालूम किया। तौलने पर मालूम हुआ कि इनसे कम भार का कोई अन्य कण ही मालूम नहीं। इसके पहले हाइड्रोजन परमाणु का भार सबसे कम पाया गया था, किन्तु इन कणों का भार अब हाइड्रोजन परमाणु के भार का $\frac{१}{१८५०}$ मिला। इस प्रकार हमें द्रव्य की न्यूनतम इकाई मिली जो हाइड्रोजन-परमाणु के १८५० वें भार के बराबर होती है।

हाइड्रोजन परमाणु पर कोई विद्युत आवेश नहीं पाया जाता; किन्तु इस कण पर ऋण-विद्युत का न्यूनतम मान पाया गया। टामसन ने सिद्ध किया कि यही आवेशमान विद्युत की इकाई है। इस नए कण का नाम इलेक्ट्रान रक्खा गया। उन्होंने यह भी दिखाया कि इलेक्ट्रानों का प्रवाह ही विद्युत-धारा है। इलेक्ट्रान ही स्थिर विद्युत हैं और जब वे चलते हैं तो विद्युत-धारा बनती है।

नली में चाहे जो गैस भरी हो, इसके सिरों पर चाहे जिस धातु की पट्टियाँ लगी हों; एक सी तौल और एक ही ऋण-विद्युत मान से आवेष्ठित इलेक्ट्रान निकलते हैं। इस प्रकार सर्वव्यापी इलेक्ट्रान का अस्तित्व सिद्ध हुआ। उसके गुणों का अध्ययन किया गया और फिर उसका उपयोग किया गया।

किन्तु जब नली में विद्युत विसर्जन नहीं होता तो ये इलेक्ट्रान कहाँ रहते हैं? जब बैटरी के तार खुले रहते हैं तो इलेक्ट्रान कहाँ रहते हैं? जब बिजलीघर में डायनमों बन्द रहता है तो इलेक्ट्रान कहाँ छिपे रहते हैं? जिज्ञासु की इन शंकाओं का समाधान उसी परमाणु-रचना के ज्ञान से हो सकता है। इलेक्ट्रान कहीं न कहीं अवश्य होंगे। स्विच दबाते ही एकाएक तो उत्पन्न हो सकते नहीं फिर वे कहाँ रहते हैं?

इलेक्ट्रान का निवास स्थान द्रव्य है। इलेक्ट्रान पदार्थों में रहते हैं और उपयुक्त क्रिया से प्रकट हो जाते हैं। अम्बर रोएँ पर रगड़ने से सतह ऋण विद्युन्मय हो जाता है। ऋणात्मक होने का मतलब है कि अम्बर की सतह पर इलेक्ट्रान आ गए हैं। एक तार लगा कर इनको हम सतह से हटा सकते हैं और उनका आवेश तथा भार मालूम कर सकते हैं। हम देखते हैं कि ये वही इलेक्ट्रान हैं जो शून्य नली में विद्युत विसर्जन से उत्पन्न होते हैं।

वही हैं जो स्विच दबाते ही विद्युतधारा के रूप में बत्ती जलाते हैं। अम्बर पर के इलेक्ट्रान रोएँ से आते हैं। परीक्षा करने से मालूम हुआ कि जितनी मात्रा में अम्बर ऋणात्मक हुआ है उतनी ही मात्रा में रोआँ धनात्मक हो गया है। तब तो हम बड़ी सरलता से बहुत से पदार्थों में से इलेक्ट्रान निकाल सकते हैं। मोटी रोएँदार दरी पर तेज़ी से टहलते समय इलेक्ट्रान दरी से निकलकर हमारे बदन में आते हैं। टहलने के तुरन्त बाद ही हम ज़मीन पर रक्खी लोहे की कुर्सी को उँगली से छूएँ तो हमारी उँगली से हल्की चिनगारी (spark) निकलती है। शरीर के भीतर एकत्रित इलेक्ट्रान कुर्सी से होकर पृथ्वी में समा जाते हैं। ऐसी स्थिति में हमें कभी-कभी हल्का झटका भी लगता है।

विभिन्न क्रियाओं द्वारा इलेक्ट्रान सभी पदार्थों में से निकाले जा सकते हैं, चाहे पदार्थ कितना ही कोमल और कठोर क्यों न हो? रोआँ, दरी, ताँबा, सोना, दूध, दही सभी से, यहाँ तक कि पानी से भी, इलेक्ट्रान निकाले जा सकते हैं। शून्य नली के भीतर किसी धातु के तार को गरमकर इलेक्ट्रान प्रकट किए जा सकते हैं। रेडियो सेट के शून्य वाल्व के भीतर इलेक्ट्रान उसके तार को गरम कर उत्पन्न किए जाते हैं। पदार्थों की सतह पर भी कुछ इलेक्ट्रान विद्यमान रहते हैं जिनको घर्षण द्वारा सहज ही निकाल सकते हैं। परमाणुओं के संयोजन से अणु और अणुओं के संगठन से पदार्थ की रचना होती है।

सामान्यतः सारे पदार्थ आवेशहीन पाए जाते हैं। इसी प्रकार उनके परमाणु भी आवेशरहित होते हैं। उनकी सतह से जब कुछ इलेक्ट्रान निकाले जाते हैं तो पदार्थ और उसके भीतरी परमाणु धनात्मक हो जाते हैं और जिस वस्तु में से इलेक्ट्रान एकत्रित होते हैं वह ऋणात्मक हो जाती है। इससे विदित होता है कि साधारण अथवा उदासीन अवस्था में परमाणु की रचना किसी धनात्मक पिण्ड और इन ऋणात्मक इलेक्ट्रानों के मेल से होती है। परमाणु कदापि समांशी ठोस गोली के सदृश नहीं हैं। उनके भीतर अवश्य विशिष्ट रूप की कारीगरी है। कम से कम इतना तो मानना पड़ेगा कि उनके ऊपरी सतह की रचना ऐसी है जो उनके संयोजन में सहायक होती है और अणु बन पाते हैं।

ऊपर अनुमान किया गया है कि परमाणु में हुक नहीं हो सकता, बल्कि संयोजन के समय दो परमाणुओं के बीच किसी चीज़ का हेर-फेर होता है। इसी हेर-फेर से उनके बीच बन्ध पैदा होता है। आदान-प्रदान दो परमाणु के बीच इलेक्ट्रान का होता है। रासायनिक बन्ध (chemical bond) एक जोड़ी इलेक्ट्रान से उत्पन्न होता है। जोड़ी बनाने के लिए एक इलेक्ट्रान परमाणु से और दूसरा इलेक्ट्रान दूसरे परमाणुओं से आता है। इसी बन्धन में पड़कर दोनों परमाणु जुटे रहते हैं। जितने एकबन्धी (monovalent) परमाणु हैं, जैसे हाइड्रोजन अथवा सोडियम के परमाणु, उनमें ऊपरी सतह पर एक इलेक्ट्रान तैयार पाया जाता है जिसका हेर-फेर दूसरे व्युत्क्रम क्रियाशील परमाणु के एक इलेक्ट्रान से हो सकता है; मानों दोनों इलेक्ट्रान के पारस्परिक विनिमय से दोनों परमाणुओं के बीच पारस्परिक बन्धन-सूत्र बन जाता है।

जितने द्विबन्धी (divalent) परमाणु हैं उनमें दो ऊपरी इलेक्ट्रान आदान-प्रदान के लिए प्रस्तुत पाए जाते हैं। ऐसे परमाणु के दोनों इलेक्ट्रानों को अन्य व्युत्क्रम क्रियावान

द्विबन्धी परमाणु अपने दोनों इलेक्ट्रानों से बदल लेते हैं। यदि द्विबन्धी परमाणु का संयोजन एक एकबन्ध वाले परमाणु से सम्भव है तो क्रिया में ऐसे दो परमाणु भाग लेते हैं क्योंकि प्रत्येक से एक ही इलेक्ट्रान ऊपरी सतह पर उपलब्ध हैं। अतः इन दोनों परमाणु के दो इलेक्ट्रान द्विबन्धी के एक ही परमाणु के दो इलेक्ट्रानों से बदले जाते हैं। यही व्यवस्था जल के अणु (H_2O) में पाई जाती है। त्रिबन्धी परमाण् में भी यही नियम लागू होता है।

जल में किसी स्थायी अणु का बन्धन तोड़ने की सामर्थ्य पाई जाती है। जल के प्रभाव से अणु का एक परमाणु एक इलेक्ट्रान छोड़कर धनात्मक हो जाता है और दूसरा परमाणु उसी इलेक्ट्रान को ग्रहण कर ऋणात्मक हो जाता है। साधारण नमक के रवे $NaCl$ अणु से बनते हैं। इसका उपयोग हम जीवन भर करते हैं और जानते हैं कि $NaCl$ आवेशरहित अणु है। पानी में घुलने पर सोडियम परमाणु से एक इलेक्ट्रान निकलता है और यह Na^+ हो जाता है। क्लोरीन का परमाणु Cl उसी इलेक्ट्रान को लेकर Cl^- हो जाता है। जब हम इस नमक के घोल में बिजली चलाते हैं तो धनात्मक Na^+ ऋणद्वार पर ऋणात्मक आवेश लेकर आवेशरहित Na परमाणु बन जाता है और वहीं सोडियम तत्त्व पाया जाता है। कितने Na के परमाणु बने और उनके लिए कितने इलेक्ट्रान ऋणद्वार से लिए गए इन सब का हिसाब किया जा सकता है। किसी निश्चित बड़ी संख्या में Na परमाणु को बनाने के लिए नियमित विद्युत-धारा की आवश्यकता पड़ती है, इसको एक फैराडे विद्युत कहते हैं। तूतिया के घोल से उतनी ही संख्या में Cu परमाणु प्राप्त करने के लिए 2 फैराडे विद्युत की आवश्यकता पड़ती है; अर्थात् एक उदासीन Cu परमाणु की रचना में Na परमाणु की अपेक्षा दूनी संख्या में इलेक्ट्रानों की जरूरत पड़ती है। इसका मतलब है कि तूतिया के घोल में Cu^{++} बनता है और नमक के घोल में Na^+ होता है। Cu परमाणु द्विबन्धी होता है और Na एकबन्धी। इन दो परमाणुओं के ऐसे बन्ध इसी क्रिया में नहीं वरन् उन सभी रासायनिक परिवर्तनों में पाए जाते हैं जिनमें Cu और Na के परमाणु भाग लेते हैं।

इसी प्रकार अल्यूमीनियम के परमाणु को उदासीन अवस्था में किसी उपयुक्त घोल से प्राप्त करने के लिए तीन इलेक्ट्रानों की आवश्यकता पड़ती है। अतः घोल में इस परमाणु का रूप Al^{+++} होता है। Na^+, Cu^{++} और Cl^- क्रमानुसार उदासीन परमाणु Na, Cu और Cl की आयनिक अवस्थाएँ हैं। इनको 'आयन' कहते हैं। 'आयन' यूनानी शब्द है जिसका अर्थ अस्थिर होता है। इन आवेष्ठित परमाणुओं को आयन इसी कारण कहते हैं कि वे विद्युत-क्षेत्र में स्थिर नहीं रह सकते। धनात्मक आयन ऋणात्मक आवेश की खोज में ऋणद्वार की ओर और ऋणात्मक आयन इसी भावना से धनद्वार की ओर जाते हैं। देखिए, अब परमाणु समांशी ठोस गोली नहीं रह गया। हमारे सामने अब उदासीन परमाणु का ऐसा ढाँचा उपस्थित है जिसके ऊपर ऋणात्मक इलेक्ट्रान हैं जो सरलता से अलग किए जा सकते हैं। १९ वीं शताब्दी के अन्त तक परमाणु की रचना के सम्बन्ध में इतनी ही जानकारी हमें थी। किन्तु अन्तिम ५० वर्षों में ऐसे अनुसंधान हुए जिनसे परमाणु-रचना का रहस्य स्पष्ट होने लगा और हम परमाणु-रचना को निश्चित रूप से समझ

सके। इस तरह स्पष्ट जानकारी होने से ही परमाणु-शक्ति का पता लगा और परमाणु बम का निर्माण सम्भव हो सका।

परमाणु के भीतर से निकलने वाली किरणें

इलेक्ट्रान का पता शून्य नली के भीतर लगा जिसके सिरों पर तार जड़े हुए होते हैं और उन तारों के सिरे पर नली के भीतर धातु की पट्टियाँ जड़ी होती हैं। इन्हीं तारों को इण्डक्सन क्वायल अथवा ट्रान्सफार्मर के सिरों को जोड़कर विद्युत प्रवाह कराया जाता है। धातु के तार को काँच में जड़ना कठिन होता है। सर्व प्रथम जर्मनी में हाइनरिश गाइज़लर नामक एक मिस्त्री तार को काँच में जड़ने में सफल हुए। उनकी रीति से संमुद्रण ऐसा बना कि नली हवा रहित होने पर हवा भीतर न प्रविष्ट हो सकी। उन्हीं के नाम पर ऐसी नली आज भी गाइज़लर की नली कही जाती है। इसी नली के भीतर सर जे० जे० टामसन ने इलेक्ट्रान की खोज की और उसके भार तथा आवेश का मान मालूम किया। इलेक्ट्रान समूह देखा नहीं गया, किन्तु उसके द्वारा जिंक सल्फाइड के पर्दे पर प्रतिदीप्ति (fluorescence) उत्पन्न हुई। उस प्रतिदीप्त पर्दे पर एक एक इलेक्ट्रान का आघात देखा गया क्योंकि प्रकाश स्फुरण प्रत्येक इलेक्ट्रान के आघात के कारण जिंक सल्फाइड के कण से होता है।

गाइज़लर की नलियों में विद्युत विसर्जन बड़ा ही सुन्दर होता है। प्रयोगशाला में विद्यार्थियों के मनोरंजन के लिए और उन्हें जाग्रत सचेष्ट (चैतन्य) रखने के लिए भौतिक-विज्ञान के प्रोफेसर कई प्रकार के गाइज़लर ट्यूब रखते हैं। उन्हें १९ वीं शताब्दी के अन्त तक इस नली की पूरी जानकारी हो चुकी थी; किन्तु १८९५ ई० तक वे इलेक्ट्रान समूह अथवा कैथोड किरणों का प्रभाव नली के भीतर ही देखते रहे। इनका निकास कैथोड (ऋणद्वार) से होता है इसलिए उनका ध्यान ऐनोड पर, काँच की दीवाल पर अथवा नली के भीतर रखे हुए किसी पर्दे पर ही सीमित रहा। सन् १८९५ ई० में बिल्हेल्म काइज़र रांग्टजन, एक जर्मन प्रोफेसर, ने देखा कि कोई चीज़ ऐनोड से निकलकर नली की दीवार पार कर बाहर जाती है। उन्होंने नली को काले कागज़ से बिल्कुल ढँक दिया था। समीप में जिंक सल्फाइड का पर्दा बाहर रक्खा हुआ था। उन्होंने देखा कि नली में विद्युत विसर्जन से पर्दा दीप्तिमान हो जाता है। पर्दे पर दीप्ति ऐनोड के समीप अधिक थी और दूर पर कम थी। अतः उन्होंने अनुमान किया कि कोई अधिक प्रभावशाली किरण ऐनोड से निकलकर काँच तथा काले कागज़ को पार कर जिंक सल्फाइड के पर्दे पर प्रभाव डाल रही है। रांग्टजन ने इनको एक्स-किरण कहा; कारण कि उन रहस्यमयी किरणों के गुण प्रकाश-किरण के समान थे, किन्तु वे प्रकाश की किरणें नहीं थीं। उनकी प्राकृतिक रूपरेखा का पता नहीं था। एक्स का उपयोग प्रायः अज्ञात राशि के लिए बीजगणित में किया जाता है। वे कैथोड किरणों से भिन्न थीं क्योंकि इलेक्ट्रान समूह काँच की दीवाल भेद नहीं सकता।

आज हमें एक्स-किरणों की भी जानकारी हो गई है। हमें मालूम हो गया है कि एक्स-किरणें प्रकाश-किरणों के ही समान होती हैं, किन्तु उनसे बहुत छोटी तरंगदैर्ध्य की होती है और इनकी भेदन-शक्ति अधिक होती है। जैसे साधारण प्रकाश-तरग का समूह होता है वैसे ही एक्स-किरणों की भी तरंगे होती हैं। अन्तर इतना है कि एक्स-किरण की

तरंगे प्रकाश-किरण की तरंगों से बहुत छोटी होती हैं। इनकी लम्बाई गाइज़लर नली में विसर्जित विद्युत-धारा के विभव पर निर्भर होती है। एक्स-किरण के अनन्य गुणों को यहाँ दुहराना कोई विशेष लाभकर नहीं। अब यह वैज्ञानिकों के मनोरंजन की ही किरण नहीं है इससे शरीर के भीतरी रोगों की जाँच हो रही है और कई रोगों का उपचार भी किया जा रहा है। एक्स किरण की नलियाँ विभिन्न आकार की बनाई जा रही हैं (चित्र ४)। दन्त-चिकित्सा के लिए मुँह के भीतर ले जाने की छोटी नली और कैंसर की चिकित्सा के लिए बड़ी से बड़ी एक्स नली बड़े अस्पतालों में काम आ रही है।

किन्तु इस कहानी के सिलसिले में यह बताना आवश्यक है कि परमाणु के भीतर से एक्स-किरण कैसे निकलती है? प्रयोग से स्पष्ट है कि इनका निकास ऐनोड की धातु से कैथोड किरणों अर्थात् इलेक्ट्रानों के आघात से होता है। धातु के परमाणुओं की बनावट कैसी है कि संवेगसहित इलेक्ट्रानों के टकराने से उन्हीं परमाणुओं में से अनोखी एक्स-किरणें निकलने लगती हैं? वैज्ञानिक इसी उधेड़-बुन में पड़े थे कि इससे भी गूढ़ अनुसन्धान रेडियोधर्मिता का हुआ।

परमाणु के भीतर से शक्ति का विकिरण

एक्स-किरण का पता प्रो० रांग्टजन ने जिंक सल्फाइड के पर्दे की दीप्ति देखकर लगाया था। क्या अन्य भी ऐसे पदार्थ हैं जिनपर एक्स-किरण से दीप्ति उत्पन्न होती है? प्रो० हेनरी बिक्वेरेल पदार्थों की परीक्षा में संलग्न थे। वास्तव में, यह कार्य उनके पिता ने प्रारम्भ किया था और उसी को वे पूरा कर रहे थे।

कुछ ऐसे भी पदार्थ होते हैं जिन्हें यदि कुछ समय तक प्रकाश में रखकर अंधेरे कमरे में लाया जाय तो उनमें दीप्ति पाई जाती है। इस प्रस्फुरण के लिए सूर्य की किरणें प्रभावशाली पाई गई। उनमें भी अदृश्य नीलोत्तर अल्ट्रावायलेट किरणें अधिक काम की सिद्ध हुईं। परद आर्क यदि क्वार्ट्ज का बना हो तो वह और भी उपयोगी पाया जाता है। बहुत से खनिज इन किरणों को ग्रहण कर कुछ समय तक भासमान रहते हैं। प्रो० बिक्वेरेल ने सोचा कि सूर्य के प्रकाश को ग्रहण कर जो खनिज भासमान हो जाते हैं उनसे शायद कुछ अदृश्य किरणें निकलती हों। उनमें भी शायद वैसी ही अधिक भेदनशील कुछ किरणें निकलती हों जैसी किरणों का पता अभी रांग्टजन ने लगाया है। इसी विचार से उन्होंने टेबुल के ऊपर एक फोटो-प्लेट काले कागज़ से भलीभाँति ढँक कर रक्खा। उसके ऊपर तश्तरी में कुछ खनिज रख दिया। फोटो-प्लेट और तश्तरीसहित टेबुल को थोड़े समय के लिए उन्होंने सूर्य के प्रकाश में रक्खा। सूर्य की किरणों के प्रभाव से यदि खनिज़ के भीतर से दृष्टिगोचर किरणों के साथ अदृश्य किरणें निकलती हैं तो काले कागज़ को पार कर फोटो-प्लेट पर अपना प्रभाव अवश्य डालेंगी। उन्होंने यही प्रयोग खनिज को लेकर किया। विचारशील वैज्ञानिक को सफलता मिली। उन्होंने देखा कि सबमें तो नहीं, किन्तु कुछ खनिजों द्वारा प्लेट पर विशेष प्रभाव पड़ा है। धोने पर ऐसे ख़निजों के साथ की फोटो-प्लेट काली पड़ गई थी।

प्रयोग यहीं समाप्त नहीं हुआ। पेरिस में सन् १८९६ के जाड़े में सभी दिन धूप बराबर नहीं निकली। एक दिन आकाश बादलों से घिरा ही रहा। प्रो० बिक्वेरेल ने प्रयोग

की तैयारी में काले कागज़ से प्लेट लपेट कर उसके ऊपर खनिज भरी तश्तरी टेबुल की दराज़ में रख छोड़ा था ताकि ज्योंही धूप निकले प्रयोग प्रारम्भ कर दिया जाय। सूर्यदेव कई दिनों तक दिखलाई ही न पड़े। अतः उन्होंने उसी प्लेट को एक अन्य प्रयोग में लगाया। प्लेट धोने पर इस दूसरे प्रयोग का तो कोई फल उस पर उन्हें नहीं दिखाई पड़ा; किन्तु प्लेट बुरी तरह काली पड़ गई थी। ऐसा मालूम पड़ा कि प्लेट पूर्व प्रयोग के अनुसार ही धूप में रक्खी दीप्तिमान खनिज के नीचे ही पड़ी थी। इसका निष्कर्ष निकला कि चाहे खनिज पर सूर्य की किरणें पड़ें अथवा न पड़ें उन खनिजों में से कुछ अदृश्य और भेदनशील किरणें निकलती ही रहती हैं। अब तो इस साधारण प्रयोग का महत्त्व और बढ़ा और ऐसे खनिजों की खोज होने लगी। पता लगा कि ऐसी विशेषता उन्हीं खनिजों में पाई जाती है जिसमें यूरेनियम धातु है। जितनी ही अधिक मात्रा में यूरेनियम खनिज के भीतर होती है उतना ही अधिक प्रभाव फोटो-प्लेट पर इन अदृश्य किरणों का पाया जाता है। प्रो० बिक्वेरेल ने ऐसे खनिजों को 'रेडियोधर्मी' कहा क्योंकि उन सबसे ऐसी विचित्र अदृश्य शक्तियों का विकिरण सदा होता रहता है।

प्रो० बिक्वेरेल के सहवर्गी प्रो० पियरी क्यूरी अपनी धर्मपत्नी 'मेरी' के साथ इस रहस्योदघाटन में अधिक दिलचस्पी लेने लगे। प्रो० बिक्वेरेल के आदेश से 'मेरी क्यूरी' ने इन भेदनशील अदृश्य किरणों की जानकारी के लिए अधिक से अधिक संख्या में ऐसे खनिजों की परीक्षा की। इसी सिलसिले में मेरी क्यूरी को यूरेनियम के अतिरिक्त एक दूसरा तत्त्व मिला जिसमें से भी ऐसी शक्तियाँ विकीर्ण होती पाई गई। यह तत्त्व थोरियम था। दम्पति क्यूरी ने पता लगाया कि फोटो-प्लेट का काला होना खनिज में यूरेनियम अथवा थोरियम की मात्रा पर निर्भर होता है, किन्तु उन्हें एक काला खनिज (pitch blende) ऐसा मिला जिसमें केवल यूरेनियम था। इस खनिज में किरणों की तीव्रता यूरेनियम की मात्रा के अनुपात से बहुत अधिक थी। अब पति-पत्नी को एक तीसरे रेडियोधर्मी तत्त्व का संदेह हुआ। उन्होंने अनुमान किया कि इस खनिज में तीसरे तत्त्व की मात्रा बहुत कम होनी चाहिए और उसे निःसन्देह बहुत ही प्रबल रेडियोधर्मी होना चाहिए।

दम्पति क्यूरी की जीवन कहानी आज हम सबको मालूम है। अखबारों में, पुस्तकों में, सिनेमा में हमने पढ़ा, सुना और देखा है। सुखमय जीवन से विमुख हो, वे दोनों किस प्रकार इस तत्त्व की खोज में वर्षों संलग्न रहे। कितनी-कितनी कठिनाईयों का सामना करते रहे। असफलताओं को फटकारते वे अन्त में अपनी तपस्या से रेडियम तत्त्व का पता लगा पाए और अपना यशःशरीर युग-युगान्तर के लिए छोड़ गए, आज यह सारे संसार को विदित है।

रेडियम और रेडियम धर्मिता को भौतिकविज्ञानशास्त्री १९वीं शताब्दी के अन्त तक प्रचलित सिद्धान्तों के अनुकूल समझने में असमर्थ रहे। हेनरी एडम्स लिखते हैं कि स्मिथ-सोनियम संस्था के प्रसिद्ध वैज्ञानिक एस० पी० लांग्ले सन् १९०० ई० की पेरिस प्रदर्शिनी में रेडियम और रेडियमधर्मिता सम्बन्धी प्रयोगों को देखकर चकित रह गए। इन तत्त्वों को बाहर से कोई शक्ति दी नहीं जा रही है फिर वे कहाँ से और कैसे इतनी शक्ति विकीर्ण कर रहे हैं? क्या 'शक्ति अविनाशिता' का सिद्धान्त असत्य है? यदि सत्य है तो इन किरणों का विकिरण कहाँ से हो रहा है?

स्पष्ट है कि इनका उद्गम यूरेनियम, थोरियम, रेडियम के परमाणु ही हो सकते हैं। यदि यह सत्य है तो इन परमाणुओं की बनावट में कुछ विचित्रता होगी। निःसंदेह परमाणु समांशी ठोस गोलियाँ नहीं हो सकते। उनके भीतर कुछ ऐसी रचना होगी जिसमें से ऐसी किरणों का विकिरण बिना ढाँचा टूटे होता रहता है।

परमाणु के भीतर से निकलने वाली कणिकाएँ

रेडियम और रेडियमधर्मिता का अध्ययन २०वीं शताब्दी से प्रारम्भ हुआ। रेडियम के रासायनिक गुणों तथा इसके यौगिकों का बहुत कुछ पता पियरी और मेरी क्यूरी ने लगाया। इसी महान् कार्य के उपलक्ष्य में उन्हें सन् १९०३ ई० में नोबुल पुरस्कार दिया गया। परमाणु की कहानी के सिलसिले में हमें यहाँ केवल रेडियमधर्मिता का भौतिक दृष्टिकोण समझना है। इसी दृष्टि से किए गए अनेक वैज्ञानिकों के कार्य सराहनीय हैं, किन्तु अर्नेस्ट रदरफोर्ड की देन सर्वोपरि है। रदरफोर्ड के प्रारम्भिक अनुसन्धान मैनचेस्टर में और बाद के कैंब्रिज में हुए।

प्रारम्भिक निरीक्षण में देखा गया कि पूर्ण रूप से ढँकी हुई फोटो-प्लेट जब रेडियम के समीप रक्खी जाती है तो धोने पर वह काली पड़ जाती है। ऐसा विदित होता है कि फोटो-प्लेट प्रकाश के समक्ष उद्घाटित हो गई है। दूसरी विधि के अनुसार जब जिंक सल्फाइड पोती हुई काँच की पट्टी रेडियम के समीप लाई जाती है तो वह भासमान हो जाती है। इसी दूसरी रीति से आजकल घड़ियों में भासमान चक्र (डायल) बनाए जाते हैं। डायल पर चिह्न तथा अंक रेडियम पेंट से लिखे जाते हैं। इस पेंट में जिंक सल्फ़ाइड और तनिक सी मात्रा में रेडियम होता है। रेडियम के विकिरण से जिंक सल्फाइड सदा चमकता रहता है और अन्धेरे में भी धड़ी देखी जा सकती है। रेडियम विकिरण के अध्ययन में फोटो-प्लेट और जिंक सल्फाइड-लिप्त काँच की पट्टी—इन्हीं दो सरल साधनों का उपयोग किया गया है।

चित्र (५) में प्रारम्भिक प्रयोग की विधि दिखाई गई है। रेडियम शीशे (lead) की गहरी कटोरी में रख दिया जाता है ताकि रेडियम की हानिकारक किरणें केवल ऊपर की ओर निकल सकें। वास्तव में, शीशे के बड़े चौकोर सिल (slab) के भीतर बारीक छिद्र बनाकर रेडियम तनिक सी मात्रा में सुराख की पेंदी पर रख दिया जाता है। विकीर्ण-पुंज एकाभिमुखी सीधी रेखा मार्ग से ऊपर निकलती है। फोटो-प्लेट को छिद्र के ऊपर विभिन्न स्थानों पर रखकर भासमान विन्दु का अध्ययन कर किरण-पुंज के गुणों का पता लगाया जाता है। जिंक सल्फाइड की पट्टी अधिक सरल और सुगम होती है। पट्टी को दूर हटाने पर भासमान विन्दु के आकार में कोई विशेष वृद्धि नहीं पाई जाती। विन्दु लगभग सुराख के बराबर का देखा जाता है! इससे विदित होता है कि पुंज की किरणें समानान्तर सीधी रेखा मार्ग से चलती हैं। यदि किरण समूह के निकट कोई प्रबल चुम्बक लाया जाता है तो भासमान विन्दु जिंक सल्फाइड की पट्टी पर ज्यों का त्यों बना रहता है, किन्तु उसकी दीप्ति घट जाती है। इससे विदित होता है कि किरणें पूर्ववत् सीधे मार्ग से आ रही हैं, परन्तु उनकी तीव्रता घट गई है। तीव्रता क्यों कम हुई? यदि जिंक सल्फ़ाइड की पट्टी

को सुराख के इधर-उधर तनिक हटाएँ तो देखेंगे कि स्थायी भासमान विन्दु के अगल-बगल दो भासमान विन्दु और विद्यमान हैं। जब चुम्बक हटा लिया जाता है तो तीनों मिलकर फिर एक हो जाते हैं और दीप्ति पूर्ववत् हो जाती है। चुम्बकीय क्षेत्र लगाने पर तीन भासमान विन्दु दिखाई पड़ते हैं। स्पष्ट है कि रेडियम से तीन प्रकार की अगोचर किरणें निकल रही हैं। रदरफोर्ड ने इनका नाम अल्फा, बीटा और गामा रक्खा। चुम्बकीय क्षेत्र लगते ही किरणपुंज तीन भागों में विभाजित हो जाता है। अल्फा किरणें दाहिनी ओर और बीटा किरणें बांई ओर मुड़ गई हैं। तीसरे भाग, गामा किरणों पर क्षेत्र का कोई प्रभाव नहीं पड़ता। अतः जिंक सल्फाइड की पट्टी पर तीन विन्दु दिखाई पड़ते हैं।

इन तीन प्रकार की किरणों के भेद का पता चुम्बकीय क्षेत्र में लगा। क्षेत्र में अल्फा किरणों के विचलन से पता लगता है कि इन किरणों में धनात्मक आवेश है। विचलन अधिक नहीं होता, कारण कि अल्फा किरणों में धनात्मक कण पाए जाते हैं। बीटा किरणों का विचलन विपरीत दिशा में होता है। इससे विदित होता है कि इन किरणों में ऋणात्मक आवेश पाया जाता है। इनका विचलन अल्फा की अपेक्षा बहुत अधिक होता है, अर्थात् बीटा किरणों के कण बहुत हल्के होते हैं। परीक्षण से ज्ञात हुआ है कि बीटा किरण के कारण गाइज़लर नली के इलेक्ट्रान ही हैं। उनमें और आवेष्टित अम्बर के इलेक्ट्रानों में कोई अन्तर नहीं। रेडियम से यह किरणें निरन्तर विकीर्ण होती रहती हैं। इनपर बाहरी शक्तियों का कोई प्रभाव नहीं पड़ता। बाहरी प्रकाश, ताप अथवा विद्युत-शक्ति से विकिरण की मात्रा में कोई न्यूनता-अधिकता नहीं पाई जाती। रेडियम के भीतर से इन किरणों के उद्गम के साथ भीषण शक्ति क्षीण होती है। अल्फा कण का वेग बहुत अधिक और भार भी अधिक होता है। अतः उद्गारित अल्फा कण में बहुत अधिक शक्ति होती है। बीटा कण स्वयं इलेक्ट्रान ही होते हैं और बड़े वेग से निकलते हैं। इनका भार अल्फा कण की अपेक्षा बहुत कम होता है। इस कारण इनमें शक्ति अल्फा से कम पाई जाती है; फिर भी इस शक्ति की मात्रा अधिक ही होती है। इन सबके साथ एक्स-किरण और ताप शक्ति भी निकलती है।

यह विकिरण प्रक्रिया प्रत्येक क्षण, दिन-रात, वर्षों होती रहती हैं। इलेक्ट्रानों तथा अल्फा और गामा किरणों के निष्कासन के लिए कहीं न कहीं से शक्ति का लगना आवश्यक है। अल्फा कण और इलेक्ट्रान भी कहीं न कहीं से उत्पन्न होने चाहिए। इनकी उत्पत्ति रेडियम परमाणु के भीतर ही से सम्भव है, परमाणु की सतह से तो उत्पन्न नहीं हो सकते। परमाणुओं के सुसंगठन से बने हुए अणु से इतनी शक्ति का मिलना और ऐसे कणों का प्रादुर्भाव सम्भव नहीं। इन शक्तियों के पूर्व हमें जो शक्तियाँ ज्ञात थीं वे अणु के भीतर परमाणुओं के बीच के पारस्परिक बन्धन के विनिमय से रासायनिक शक्तियों के रूप में निकलती हुई समझी गई थीं। इसी रासायनिक शक्ति से हमें ईंधनों द्वारा ताप-शक्ति मिलती है तथा बारूद का विस्फोट होता है। किन्तु रेडियमधर्मिता की घोर शक्ति के सामने इन रासायनिक शक्तियों की कोई तुलना नहीं। सूक्ष्मतर प्रयोगों के आधार पर हिसाब लगाने से पता चलता है कि १ आउंस रेडियम के सारे अल्फा कण, इलेक्ट्रान और एक्स-किरण निकालें तो उनके उद्गार के लिए उतने ताप-शक्ति की आवश्यकता होती है जितना ताप १० टन कोयला जलाने से उत्पन्न होता है। १० टन कोयला ३२०,००० आउंस के बराबर होता है;

अर्थात् १ आउंस रेडियम से ३२०,००० आउंस कोयले के बराबर शक्ति निकलती है। यह सब नाप-तौल और हिसाब-किताब २०वीं शताब्दी के प्रारम्भ ही में किए गए और तभी से इस शक्ति को परमाणु शक्ति कहा जाने लगा। इन सब बातों का उल्लेख उस गलतफहमी को दूर करने के लिए आवश्यक है कि परमाणु शक्ति की जानकारी एकाएक प्राप्त हुई और इसके गुप्त रहस्य का उद्घाटन एकाएक हुआ। वैज्ञानिकों के लिए परमाणु शक्ति की कहानी बहुत पुरानी है।

ध्वनि विज्ञान की रूपरेखा

ललितकिशोर सिंह
सह निदेशक, हिन्दी प्रकाशन समिति
काशी हिन्दू विश्वविद्यालय

बहिर्जगत् का ज्ञान मूलतः ज्ञानेन्द्रियों द्वारा होता है। ज्ञानेन्द्रियों में आँख और कान मुख्य हैं। कान के ज्ञानतंतुओं के स्पन्दन को और इस स्पन्दन के बाह्य भौतिक कारण को सामान्यतः ध्वनि कहते हैं। जब हम कहते हैं कि ध्वनि सुनाई पड़ती है और ध्वनि कहीं से आ रही है, तो हमारा संकेत कानों की अनुभूति और बहिर्जगत् में उस अनुभूति का कारण, दोनों ही की ओर होता है। इसलिए भौतिक विज्ञान के विचार-क्षेत्र में ध्वनि की उत्पत्ति और संचार, संचार के माध्यम और ध्वनि-ग्रह यंत्र के रूप में कान की रचना, इन सारी बातों का समावेश है।

यह अनुभव सिद्ध है कि जिस वस्तु से ध्वनि निकलती है उसमें कम्पन होता है; और जब तक यह कम्पन होता रहता है तब तक ध्वनि निकलती रहती है। किसी बाजे के तार को छेड़ने से या किसी घंटी में ठोकर मारने से या मेज़ पर किसी भारी वस्तु को पटकने से यह बात प्रत्यक्ष होती है। ध्वनि और कम्पन के नित्य साहचर्य से यह परिणाम निकलता है कि द्रव्य-समष्टि का कम्पन ही ध्वनि का कारण है। कम्पन नियमित और अनियमित, दोनों ही प्रकार के हो सकते हैं। नियमित कम्पन का स्थूल रूप सामान्य लोलक के कम्पन में मिलता है। एक हलके धागे में लटकी हुई भारी गोली को स्थिर दशा से हिला दिया जाय तो वह स्थिर विन्दु के दोनों ओर डोलती रहेगी। एक निश्चित काल-क्षेप, जैसे एक सेकेण्ड में जितने पूरे कम्पन होते हैं उसे कम्पन की आवृत्ति (frequency) कहते हैं और स्थिर विन्दु से किसी एक ओर जितनी दूर तक अपसार होता है उसे कम्पन का आयाम (amplitude) कहते हैं। आवृत्ति और आयाम, इन्हीं दो लक्षणों से प्रत्येक कम्पन का रूप बँधा रहता है।

ध्वनि कुछ दूरी तय करके कानों तक पहुँचती है; अर्थात् ध्वनि का आकाश में संचार होता है, पर यह संचार कम्पित वस्तु से निकलते हुए किसी प्रकार के कणों का संचार नहीं है। ऐसा होने से रिक्त आकाश में भी ध्वनि का संचार होता। पर हौक्सबी (1705) के प्रयोग से यह सिद्ध हो गया है कि रिक्तता में अर्थात् द्रव्य के अभाव में ध्वनि का संचार नहीं होता। काँच की कुण्डी के भीतर बिजली की घंटी लटका कर और कुण्डी से वायु निकाल कर यह देखा गया कि बटन दबाने पर घंटी चलती हुई मालूम होती है, पर ध्वनि सुनाई नहीं पड़ती। तात्पर्य यह कि ध्वनि संचार के लिए द्रव्य का माध्यम चाहिए। व्यापक और नित्य व्यवहार का माध्यम तो वायु है, पर द्रव और ठोस में भी ध्वनि संचार होता है।

ध्वनि संचार की प्रक्रिया में माध्यम का कोई खण्ड अपने स्थान से टूट कर दूर नहीं हटता, बल्कि प्रत्येक कण या अणु अपने स्थान पर ही कम्पन करता है। ध्वनि की उत्पादक वस्तु अपने संसर्गी माध्यम को आन्दोलित करती है और आन्दोलन माध्यम में तरंग-संतान

के रूप में आगे बढ़ता है । इस प्रकार माध्यम वस्तु के कम्पन को बिना अधिक रूपान्तर के कानों तक पहुँचाता है । इसी क्रम से ध्वनि का बोध होता है ।

ध्वनि का संचार तात्कालिक नहीं होता । ध्वनि उद्गम से कानों तक पहुँचने में या किसी दूसरे स्थान तक पहुँचने में समय लेती है; या यों कह सकते हैं कि प्रत्येक माध्यम में ध्वनि-तरंग का विशेष वेग होता है । यह वेग माध्यम के घनत्व और प्रत्यास्थता पर निर्भर है। प्रत्यास्थता का अर्थ है किसी आरोपित बल से होने वाले विकार का वस्तु द्वारा अवरोध या प्रतिकार । इस वेग पर कम्पन की आवृत्ति और आयाम का कोई असर नहीं पड़ता । ध्वनि का वेग वायु में लगभग 300 मी०/सें०, जल में लगभग 1500 मी०/सें० और इस्पात में लगभग 5100 मी० / सें० होता है । तरंग दो प्रकार के होते हैं—पहला अनुप्रस्थ तरंग, जिसमें माध्यम के कण का कम्पन तरंग-दिशा का अभिलम्बी होता है; दूसरा अनुदैर्घ्य तरंग, जिसमें कम्पन तरंग की दिशा में ही होता है । ध्वनि का संचार अनुदैर्घ्य तरंग से ही होता है ।

ध्वनि-बोध कई प्रकार के होते हैं । कुछ ध्वनियाँ तो श्रुति मधुर होती हैं और कुछ कर्ण-कटु । श्रुति मधुर ध्वनियों को "नाद" कहते हैं और कर्ण पटु ध्वनियों को "शोर" या "राव"। तार के बाजों की आवाज, बाँसुरी की आवाज आदि तो नाद हैं और जूते की रगड़, गाड़ियों की खड़खड़ाहट, यहाँ तक कि साधारण बोल-चाल भी, राव के उदाहरण हैं । इस प्रकार नाद और राव का स्थूल भेद तो स्पष्ट और निर्विवाद है; पर दोनों के बीच कोई निश्चित सीमा नहीं खींची जा सकती । कोई नाद ऐसा नहीं है जिसमें राव का कुछ अंश न हो। वैसे ही, राव भी कभी-कभी नाद का रूप ले लेता है । पर नाद में एक चिकनापन का और राव में किरकिरापन और धक्के का अनुभव होता है । भौतिक दृष्टि से सामान्यतः यह कह सकते हैं कि नाद का कारण नियमित और लगातार कम्पन होता है और राव का कारण अनियमित और विच्छिन्न कम्पन ।

कानों के अनुभव के आधार पर नाद का परिचय तीन लक्षणों से मिलता है । एक तो, नाद का मोटापन-महीनपन या नीचापन-ऊंचापन । हार्मोनियम की पटरियों को एक के बाद एक दबाते हुए दाहिनी ओर बढ़ें तो स्वर ऊँचा होता चला जाता है । इसके विपरीत, बाईं ओर बढ़ने से स्वर नीचे गिरते जाता है । नाद के इस ऊँचेपन-नीचेपन को 'तारता' कहते है। भौतिक विचार में तारता का सम्बन्ध कम्पन की आवृति से है। आवृति जितनी अधिक होगी नाद की तारता भी उतनी ही अधिक होगी और स्वर उतना ही अधिक ऊँचा होगा । चक्के वाले साइरन से इसकी परीक्षा की जा सकती है । यह एक समतल चक्का होता है जिसमें अनेक छोटे-बड़े वृत्तों की परिधियों पर बराबर दूरी पर छेद बने होते हैं। जो परिधि जितनी बड़ी होती है उस पर छेदों की संख्या भी उतनी ही अधिक होती है। इस चक्के को समगति से घुमाते हैं । एक भाथी में लगी हुई नली के मुँह को छेद के सामने रखते हैं । भाथी के चालू करने पर, जब-जब नली का मुँह घूमते हुए चक्के के छेद के सामने आता है तब-तब वायु की एक फूँक या स्पन्द दूसरी ओर निकलता है । इकाई काल में जितने ऐसे समकालिक स्पन्द निकलते हैं उतनी ही आवृति की ध्वनि पैदा होती है । वृत्त जैसे-जैसे बड़ा होता है छेदों की संख्या भी बढ़ती जाती है; इसलिए नली का मुँह छोटी परिधि पर हो तो कम आवृत्ति की और बड़ी पर हो तो अधिक आवृत्ति की ध्वनि निकलेगी ।

कानों का अनुभव यह है कि नली जैसे-जैसे बड़ी परिधि पर जाती है, ध्वनि की तारता भी बढ़ती जाती है। चक्के की गति बढ़ाने से भी तारता बढ़ती है। इससे यह प्रकट होता है कि तारता का आवृत्ति से सीधा संबंध है।

नाद का दूसरा लक्षण है उसका ज़ोरदार या कमज़ोर होना। जो ध्वनि जितनी अधिक बली होती है वह उतनी अधिक दूरी तक सुनाई देती है। घोड़े की आवाज तारता में कम होने पर भी अधिक बली होती है। हार्मोनियम की एक ही पटरी को दबाकर भाथी जोर से चलावें तो स्वर अधिक बली निकलेगा और धीरे-धीरे चलावें तो स्वर धीमा या दुर्बल निकलेगा। इसे ध्वनि की बलिता या प्रबलता कहते हैं जो तारता से भिन्न है। पर तारता की तरह प्रबलता भी कानों की अनुभूति है। भौतिक दृष्टि से इसका संबंध नादक के कम्पन-आयाम से है। किसी कम्पित समष्टि की ऊर्जा उसकी आवृत्ति और उसके आयाम के वर्ग का अनुपाती होती है। नादक अपनी ऊर्जा का कुछ अंश माध्यम को देता है जिससे इसका आयाम कुछ घट जाता है। इस आंशिक ऊर्जा से ही ध्वनि की उत्पत्ति होती है। इसलिए भौतिक परिभाषा में नादक के ऊर्जा-दान की दर या माध्यम के ऊर्जा-लाभ की दर को ही ध्वनि की तीव्रता कहते हैं। माध्यम को जितनी ऊर्जा नादक से मिलती है उसका एक अंश वह कानों तक पहुँचाता है। इसी प्राप्त उर्जा या इसकी तीव्रता से कानों को ध्वनि की प्रबलता का बोध होता है। नादक से ऊर्जा का संचार सामान्यतः चारो ओर, मंडलाकार रूप में होता है। इससे यह समझा जा सकता है कि नादक के निकट ध्वनि की तीव्रता अधिक होगी और दूर जाने पर तीव्रता घटती जायगी। पर सभी जगह तीव्रता कम्पन-आयाम के वर्ग की अनुपाती ही होगी। कानों तक पहुँचती हुई ध्वनि की भौतिक तीव्रता ही प्रबलता के कर्ण-बोध का कारण है, पर इन दोनों का सीधा सम्बन्ध नहीं है। फेच्नर के अनुसार प्रबलता का कर्णबोध तीव्रता के लोगारिद्म का अनुपाती है। पर इस संबंध की भी ठीक-ठीक परीक्षा नहीं हो सकती; इसलिए कि कर्ण-बोध के सही माप का कोई साधन नहीं है।

ध्वनि का तीसरा लक्षण 'गुण' या वैशिष्ट है। कई बाजे साथ-साथ एक ही तारता पर बजते हों, फिर भी प्रत्येक बाजा उसकी ध्वनि से ही जाना जा सकता है। जीव-जन्तुओं और मनुष्यों की पहचान उनकी बोली से होती है। ऐसा जान पड़ता कि प्रत्येक ध्वनि का एक विशेष रूप, एक विशेष प्रकृति होती है जो उसे अन्य ध्वनियों से अलग कर देती है। इस प्रकृति विशेष को ही ध्वनि का गुण कहते हैं। इस गण-भेद का भी भौतिक आधार है। कम्पन के कई वर्ग होते हैं। एक कम्पन सबसे सरल, भीतर-बाहर से सम और सरल आवर्त गति के नियम से बँधा होता है। पेण्डुलम का कम्पन इसी वर्ग का है। दूसरा कम्पन सरल आवर्तगति के नियम से बँधा नहीं होता, पर प्रत्येक कम्पन की ज्यों-की-त्यों आवृत्ति होती है, और एक कम्पन का काल या परिकाल सदा समान रहता है। इसे समकालिक कम्पन कहते हैं। तीसरा कम्पन वैकालिक है जिसमें न तो कम्पन की आवृत्ति होती है और न कम्पन का परिकाल बराबर रहता है। यदि सरल आवर्तक कम्पन को समकालिक कम्पन का ही सरलतम रूप मान लें तो कम्पन के दो वर्ग होंगे— समकालिक और वैकालिक। किसी नादक का कम्पन सामान्यतः सरल आवर्तक न होकर समकालिक ही होता है। गणित में सबसे सरल समकालिक फंक्शन वृत्तीय फंक्शन होता है

जो साइन और कोसाइन के पदों में व्यक्त किया जाता है। इसलिए यह माना जा सकता है कि सरल आवर्तक कम्पन काल के साइन और कोसाइन फंक्शन में प्रकट किया जा सकता है। फोरियर प्रमेय से प्रत्येक समकालिक कम्पन काल के साइन और कोसाइन फंक्शनों की ऐसी श्रेणी से व्यक्त किया जा सकता है जिसकी आवृत्ति मौलिक या आदिम आवृत्ति के अपवर्त्य क्रम से उत्तरोत्तर बढ़ती जाती है। इससे यह स्पष्ट है कि प्रत्येक नाद अनेक नादों का मिश्र है जिनकी आवृत्तियाँ मौलिक आवृत्ति की दूनी, तिगुनी, चौगुनी होती चली जाती हैं। मौलिक को छोड़, जिससे तारता निश्चित होती है, शेष नाद उपस्वर कहे जाते हैं। दूसरे शब्दों में यदि मौलिक को पहला आंशिक कहें तो उपस्वर क्रमशः दूसरे, तीसरे, चौथे आंशिक होंगे। नाद में उपस्वरों का अस्तित्व केवल गणित का प्रमेय नहीं है, यह प्रयोग सिद्ध तथ्य है। इन्हीं उपस्वरों की तीव्रता के तारतम्य से गुण-भेद की उत्पत्ति होती है; अर्थात् किस नाद में किस उपस्वर की तीव्रता कितनी है, इसी पर एक नाद दूसरे से भिन्न हो जाता है। किसी उपस्वर की तीव्रता शून्य हो तो वह नाद में लुप्त होगा। यदि उपस्वरों की आवृत्ति का मौलिक आवृत्ति से अपवर्त्य का अर्थात् सरल गुणक का संबंध न हो तो ध्वनि वैकालिक हो जायगी और उसमें राव का आभास आने लगेगा। धातु के चदरे और डंडे या चमड़े के पर्दे से निकली हुई ध्वनि इसी वैकालिक वर्ग की होती है। तार और वायु के कम्पन से निकली हुई ध्वनि समकालिक होती है। शुद्ध नाद, जिसमें कोई उपस्वर न हों, प्रायः अलभ्य है। ट्यूनिंगफार्क लगभग शुद्ध नाद देता है, इसलिए कि उसका पहला उपस्वर बहुत ही अल्प तीव्रता का होता है।

संगीत का उपादान नाद है। नाद के ही उतार-चढ़ाव से संगीत की सृष्टि होती है। पर यह उतार-चढ़ाव लगातार न होकर सिड्ढियों के क्रम से होता है। इन सिड्ढियों को ही संगीत के स्वर कहते हैं। प्रत्येक स्वर एक विशेष तारता, इसलिए एक विशेष आवृत्ति का नाद होता है। पर एक स्वर और दूसरे स्वर का अंतर आवृत्तियों के अन्तर से नहीं, आवृत्तियों के अनुपात से व्यक्त किया जाता है। इस रीति से व्यक्त किए गए अंतर को "अंतराल" कहते हैं। तात्पर्य यह कि संगीत का आधार शुद्ध तारता नहीं, आपेक्षिक तारता है। प्रत्येक संगीत पद्धति में पहले दो सीमान्त तारताएँ मानी जाती हैं जिनमें दूसरी की आवृत्ति पहली की से दूनी होती है। इन दो सीमान्त स्वरों के बीच का अंतराल २ होता है। इन दो सीमान्त स्वरों के बीच सामान्यतः छः और स्वरों की स्थापना होती है जिनके पहले स्वर से अंतराल भिन्न-भिन्न होते हैं। पहले सीमान्त स्वर को स्वरित कहते हैं और दूसरे सीमान्त स्वर को पहले की ही आवृत्ति मानते हैं। भारतीय पद्धति में स्वरित लेकर सातो स्वरों की संज्ञाएँ तारता क्रम से षड्ज, ऋषभ, गान्धार, मध्यम, पंचम, धैवत और निषाद हैं। दूसरे उपरले सीमान्त स्वर को तार षड्ज कहते हैं। स्वरों के भारतीय संकेत क्रमशः स, री, ग, म, प, ध, नी, सं हैं और पाश्चात्य संकेत C, D, E, F, G, A, B, C′ हैं। इस स्वर समूह को संख्या के हिसाब से भारतीय पद्धति में सप्तक और पाश्चात्य पद्धति में "ओक्टेव" या अष्टक कहते हैं। स्वर-संस्थान की दृष्टि से इसे स्वर-ग्राम कहते हैं। बीच के स्वरों में से एक का भी अंतराल बदले तो ग्राम बदल जाता है। इस प्रकार अनेक प्रकार के ग्राम हो सकते हैं। नीचे सबसे अधिक मान्य आवर्तक या वैज्ञानिक ग्राम, जिसे शुद्ध ग्राम भी कहते हैं, स्वरित से अन्तराल और पारस्परिक अंतराल के साथ, दिया जाता है :—

यहाँ तीन माप के पारस्परिक अंतराल दिखाई पड़ते हैं जिनमें से $\frac{9}{8}$ को गुरु स्वर (मेजर टोन), $\frac{10}{9}$ को लघु स्वर (माइनर टोन) और $\frac{16}{15}$ को अर्ध स्वर (सेमीटोन) कहते हैं। इन स्वरों के क्रम में या अन्तराल में अंतर पड़ने से ग्राम बदल जाता है।

यह संगीत के क्रिया-कलाप में अनुभव सिद्ध है कि किन्हीं दो स्वरों का साथ-साथ उच्चारण मधुर और किन्हीं दो का कटु होता है। मधुर अन्तराल को इष्ट और कटु अन्तराल को अनिष्ट कहते हैं। इष्ट अन्तराल के दोनों स्वर परस्पर संवादी और अनिष्ट अन्तराल के दोनों स्वर परस्पर विवादी माने जाते हैं। ऊपर के ग्राम में स–ग, स–म, स–प और स–ध अन्तराल तो इष्ट हैं और स–र, स–नी अंतराल अनिष्ट है। यह नियम है कि जो अंतराल जितने अधिक छोटे अंकों के अनुपात से व्यक्त होता है वह उतना अधिक इष्ट होता है। इस नियम से स की अपेक्षा इष्टता क्रम में सं, प, म, ग और ध का स्थान है।

दो स्वरों के संवाद-विवाद की भौतिक व्याख्या हेल्महोज ने की। विवाद का कारण उन्होंने दो स्वरों की संगति में 'डोल' का अस्तित्व बताया। किन्हीं दो स्वरों की आवृत्तियों में बहुत ही थोड़ा अन्तर हो तो दोनों के साथ-साथ उच्चारण में तारता का अन्तर तो पकड़ में नहीं आता पर संयुक्त स्वर की तीव्रता घटती-बढ़ती मालूम होती है, जैसे स्वर हिल रहा हो। संयुक्त स्वर के इस हिलने को ही डोल कहते हैं। आवृत्तियाँ सेकेण्ड में नापी जाँय तो उन आवृत्तियों में जितना अन्तर होगा प्रति सेकेण्ड उतने ही डोल होंगे। हेल्महोज के प्रयोग के अनुसार जिन दो स्वरों के बीच तैंतीस डोल हों वे परस्पर सबसे अधिक विवादी होते हैं। अब यह संख्या २३ मानी जाती है। व्यावहारिक तारता पर अर्ध स्वर (१६।१५) अंतराल पर सबसे अधिक विवाद पाया जाता है। डोलों की संख्या इससे घटने या बढ़ने पर विवाद घटता है पर ऐसे दो स्वरों में भी विवाद मिलता है जिनकी आवृत्तियों में बहुत अधिक अंतर है। वहाँ मौलिकों का डोल नहीं, उनके उपस्वरों का डोल विवाद का कारण है। यदि उपस्वरों के डोल से ही स्वरों में विवाद हो तो शुद्ध नादों में, जिनमें उपस्वर नहीं रहते, विवाद न होना चाहिए। पर कहीं-कहीं शुद्ध स्वरों में भी विवाद पाया जाता है जिनमें उपस्वर नहीं हैं। यहाँ विवाद का कारण यौगिक या परिणामी स्वरों का डोल है। जैसे विवाद का कारण उपस्वरों का डोल है वैसे ही संवाद का कारण उपस्वरों का मेल है। तार षड्ज सं के सभी उपस्वर स के उपस्वरों में मिलते हैं। स के जिन उपस्वरों का मेल नहीं है, वे विवादी डोल की सीमा के परे हैं। अनिष्ट डोल होता भी है तो बहुत ऊँचे उपस्वरों में जैसे १५वें और ८वें में जिनकी तीव्रता बहुत थोड़ी रहती है। स के तीसरे आंशिक और प के दूसरे आंशिक में मेल है; इसीलिए संवाद में तार षड्ज के बाद पंचम का ही स्थान है। स का चौथा आंशिक मध्यम के तीसरे आंशिक से मिलता है। इसलिए मध्यम का स्थान पंचम के बाद है। इससे यह तथ्य निकलता है कि नीचे के उप स्वरों में मेल तो संवाद का और डोल विवाद का कारण है।

संगीत के ही प्रसंग में ध्वनि वैज्ञानिक अनुशीलन का विषय माना जाने लगा। विशेषतः वाध्य-यंत्रों की रचना में ध्वनि के भौतिक पक्ष का ज्ञान आवश्यक हो गया। क्रमशः ध्वनि केवल चित्तवृत्ति न रहकर द्रव्य-समष्टि के कम्पन के रूप में मैकेनिक्स के विचार-क्षेत्र में आ गई जिससे इसका अधिकार बढ़ता गया। यह विज्ञान की प्रक्रिया है कि अनुशीलन के साथ ही साथ अनुशीलन के क्षेत्र का भी विस्तार होता जाता है। इसका एक विशद् उदाहरण है। सामान्यतः यही माना जाता है कि जिसका प्रभाव आखों पर पड़े वही प्रकाश है। पर जब मैक्सवेल की कृति से यह प्रकट हुआ कि प्रकाश विद्युत-चुम्बकीय तरंग है तो बड़े-से-बड़े रेडियो तरंग से लेकर गामा-किरण तक एक बहुत ही लंबी श्रृंखला सामने आई। इस श्रृंखला की कुछ ही कड़ियाँ आंखों को प्रभावित करती हैं जिसे दृश्य प्रकाश या दृष्टि प्रकाश कह सकते हैं। पर सारी श्रृंखला की तात्त्विक प्रक्रति एक होने से प्रकाश के प्रकरण में ही इनका समावेश होता है। वैसे ही कम्पन के सहचार से ध्वनि का विस्तार कम-से-कम आवृत्ति से लेकर अधिक से अधिक आवृत्ति तक हो जाता है। कानों के सहचार से ध्वनि लगभग २० चक्र प्रति सेकेण्ड से लेकर २०,००० चक्र प्रति सेकेण्ड तक ही सीमित हो जाती है। यही कानों की क्षमता का विस्तार है जो ध्वनि की मौलिक परिभाषा निर्धारित करता है। पर सभी कम्पनों के, तत्त्व और क्रिया में, एक होने से २०,००० चक्र प्रति सेकेण्ड की आवृत्ति से अधिक आवृत्ति के कम्पनों का विचार भी ध्वनि के प्रकरण में ही होता है। ऐसे कम्पनों को 'परा ध्वनिक' कम्पन कहते हैं। परा ध्वनिक कम्पन के उत्पादन और ग्रहण के अनेक उपाय हैं जिनमें मुख्य हैं 'पीजो विद्युत' और चुम्बक संकोच। क्वार्ट्ज़ क्रिस्टल के ऐसे उपकरण तैयार हुए हैं जिनसे बहुत ही ऊँची आवृत्तियों के कम्पन पैदा होते हैं। परा ध्वनि के नियोग से द्रव और गैस के संबंध में अनेक नए तथ्यों का आविष्कार हुआ है। इसके व्यावहारिक उपयोग भी बहुतेरे हैं; जैसे बेक्टीरिया का नाश, ठोस के भीतरी विकार की परीक्षा, परस्पर न मिलने वाले द्रवों का मिलाना आदि।

पहले, ध्वनि के प्रसंग में नाद की ही विवेचना होती थी और राव की ओर ध्यान नहीं दिया जाता था। पर नगरों के शोर के इतने अनिष्ट परिणाम होते हैं कि इनकी उपेक्षा नहीं की जा सकती। इसलिए अब राव की व्यवस्थित परीक्षा होने लगी है और इस बाधा को दूर करने के उपाय निकाले जाने लगे हैं। वैसे ही बड़े-बड़े हॉलों या दालानों की समस्या है, जहाँ व्याख्यान, संगीत आदि के आयोजन होते हैं। दालान में गूंज अधिक हो तो संगीत-व्याख्यान सभी विकृत हो जाते हैं। इसलिए बड़े-बड़े दालानों की ध्वनि-सम्पत्ति की परीक्षा और सुधार, यह एक मुख्य विषय हो गया है।

यह देखा जाता है कि द्रव्य-कम्पन और विद्युत-कम्पन की सारी प्रक्रियाएँ एक सी हैं। एक ही नियम दोनों ही प्रकार के कम्पनों में लगते हैं और एक से ही परिणाम मिलते हैं। इसी से ध्वनि का रूपान्तर विद्युत-कम्पन में और विद्युत-कम्पन का रूपान्तर ध्वनि में होता है। इसी समता के आधार पर बहुतेरे विद्युत उपकरणों का निर्माण हुआ है जिनसे ध्वनि का उत्पादन, ग्रहण और प्रसार होता है। इसलिए ध्वनि के प्रसंग में ही विद्युत्-कम्पन की यथोचित विवेचना आवश्यक है।

———

GRAHAM GREENE AND THE LOST DIMENSION

Dr. A. P. O'BRIEN

Professor of English

Twenty-one years from the Nineteen Thirties to the Nineteen Fifties have been momentous in literary criticism and literature. They witnessed the existence of the *Scrutiny*, from its first issue in May, 1932, to the Valedictory address by F.R. Leavis in October, 1953. These years established, what may be called, the suzerainity of absolute literary criticism. A poem, for example, was taken on its own merit and its analysis was confined to literary organization alone, apart from any biographical, religious or philosophical bearing, that it may possess. T. S. Eliot in the essay on 'Dante' in *The Sacred Wood* made out a case for the study of philosophy in poetry where the philosophy was material to the existence of the poem. The novel too passed through the same controversial phases as poetry. F.R. Leavis analysed D. H. Lawrence's novels from the stand-point of literary criticism and found them good expressions of sensibility. *St. Mawr*, *Women in Love*, answered to the tests of dramatic poems. Eliot had his differences with Leavis. He found in Lawrence a lack of critical faculties and free thinking unconnected with any 'tradition or institution'. To this Leavis replied with one of his characteristic gibes : 'in purity of interest and sureness of self-knowledge he (D. H. Lawrence) seems to me to surpass Mr. Eliot'.[1]

Absolute literary criticism, in certain instances, yields positive results. Leavis had written in *The Great Tradition:* 'There can't be subtlety of organization without richer matter to organize……'.[2]

This implies an analysis of the organization and a thorough exploration of the subject matter. This means that

[1] *The Common Pursuit* by F. R. Leavis (1952) p. 235.

[2] *The Great Tradition* by F. R. Leavis (1948) p. 4.

even literary criticism may have to consider new fields of learning and experience (including metaphysical truths) if these are fundamental to the creation of particular authors. The English novelist, Graham Greene, can be evaluated, to an extent, ffom a purely literary standard. One can trace in him the stylistic influences of E. M. Forster or the recurrent themes of betrayal and expiation found in Joseph Conrad. Greene does yield to a purely artistic analysis and Kenneth Allott and Miriam Farris have done this largely in their book *The Art of Graham Greene* (Hamish Hamilton, 1951).

There is an aspect of Graham Greene which is fundamental to the understanding of the novelist, at least in his major works. That is the religious element in him. Greene believed that religion was a precious factor in the modern novel. He traced that in his essay on Francois Mauriac where he refers to Henry James :

'with the death of James the religious sense was lost to the English novel, and with the religious sense went the sense of the importance of the human act. It was as if the world of fiction had *lost a dimension*' (italics mine).[1]

Greene's novels restore that lost dimension. He began with experiments of the divided personality and the theme of betrayal in books like *The Man Within* (1929), *The Name of Action* (1930), and *Rumour at Nightfall* (1931). He studied the crime act in what he called Entertainments, such as, *Stamboul Train* (1932), *A Gun for Sale* (1936) and *The Confidential Agent* (1939). But he soon emerged as a great Catholic novelist in his major works : I have taken four outstanding novels as my data to prove this : *Brighton Rock* (1938), *The Power and the Glory* (1940), *The Heart of the Matter* (1948) and *The End of the Affair* (1951). These novels show Greene as an author who, as Francois Mauriac writes : 'broke like a burglar into the kingdom of nature and of Grace'.[2] Greene as a religious writer

[1] *The Lost Childhood* by Graham Greene (1951) p. 69.
[2] *Great Men* by Francois Mauriac (1952) p. 118.

has met with some disapproval at the hands of strict theologians; his novels nevertheless have about them a religious validity for they are not totally unfounded on doctrine.

Greene took the crime story for the exegesis of his mystical view of life. The modern thriller is well known in literature. E.W. Hornung wrote the famous Raffles stories, such as, *Raffles, A Thief in the Night, Mr. Justice Raffles* and *Stingaree*. Raffles was a cat burglar who broke into fashionable Mayfair homes. With James Hadley Chase, the crime story of violence became a self-sufficient form of art. Fast-moving, breath-taking action in the lives of gangsters was depicted in the montage technique of the cinema. *No Orchids for Miss Blandish* (Avon Publishing Co., Inc. New York, Reprint, 1951), for example, is a gruesome sex story. There is a murderous presiding genius, "Ma Grisson", an old, cruel and calculating terror. The white skinned Blandish girl is subject to all sorts of nightmarish terrors. A rival gangster, Riley, has his belly bared and cut with a knife. The whole story is nauseating, full of scenes of death and traumas, like Eddie Schultz being flogged on the windpipe with a truncheon. James Hadley Chase, like Raymond Chandler and Dashiel Hammett, sting us into the experience of a vicarious sensationalism.

When Graham Greene took up the crime story, he did not turn to writers like E. W. Hornung or James Hadley Chase who gives us in the words of George Orwell in *Critical Essays* 'a header into a cess pool'.[1] In that fine book of deeply perceptive essays, *The Lost Childhood*, Greene tells us that it is Marjorie Bowen who, in *The Viper of Milan* with its 'enormous brutality', gave him the form of his writing 'for better or worse'.[2] He found human nature 'not black and white but black and grey'.[3] This was the despairing and the shady side of life which he took up to illustrate 'perfect evil walking the world where perfect good can never walk again',.[4]

[1] *Critical Essays* by George Orwell (1946) p. 146.

[2] *The Lost Childhood* by Graham Greene, p. 15.

[3] *Ibid*. p. 16.

[4] *Ibid*. p. 17.

Greene concerned himself with the horror of life. He gives us murder, suicide, and every form of violence. To dark acts he adds the illumination derived from the institutional philosophy of Catholicism. In this he is in contrast to Elias Canetti who in *Auto da Fé* is concerned with 'the disintegration of culture and the degradation of man...not theological evil'.[1] Greene makes an exploration into God through theological evil. Pinkie in *Brighton Rock* is a youthful pervert. He kills ruthlessly and goes even to the point of urging his wife, Rose, to commit suicide. Nemesis comes fast upon him and he is burnt in the face with the vitriolic liquid he brought to destroy Rose in case she hesitated to take her own life. Over all the insensate deeds and crimes in the story there rises transcendingly the mercy of God. Pinkie dies apparently in sin. Still the good priest whispers to Rose in the confessional: "You can't conceive, my child, nor can I or anyone...the...appalling... strangeness of the mercy of God" (p. 331 *Brighton Rock*, William Heinemann, 1938/1950.) In *The Power and the Glory* a bad whisky priest flies from the arm of the law in the Mexican jungle. He has abjured religion and leads a bad life. Yet when the occasion comes he turns the wafer into the mystical body and blood of Christ. The whisky priest is finally caught and condemned to death. Before his execution he crouches on the floor with his drained brandy flask in his hand and prays brokenly :

"O God, I am sorry and beg pardon for all my sins...crucified... worthy of Thy dreadful punishments." (pp. 272-273 *The Power and the Glory*. William Heinemann. 1940/1949). The whisky priest becomes a martyr of the Church. In the sanctity of his irrevocable office as a priest and his death are visible the power and the glory of God.

The same mystical processes are seen in *The Heart of the Matter*. Scobbie commits suicide but Father Rank tells his wife : 'The Church knows all the rules. But it doesn't know

[1] *The Assessment of Twentieth-Century Literature* by J. Isaacs, (1951) p. 61.

what goes on in a single human heart...It may seem an odd thing to say—when a man's as wrong as he (Scobbie) was—but I think, from what I saw of him, that he really loved God.' (p. 297 *The Heart of the Matter*, The Reprint Society, London, 1948). Scobbie is saved by God's mercy. In the novel *The End of the Affair* Sarah prays for the safety of her lover and falls in love with God as she had done with Bendrix, her lover. The story reveals Sarah, the slut turning into Sarah the saint, for sainthood is given even to corrupt human nature : 'we have to be pushed around. We are inextricably bound to the plot, and wearily God forces us, here and there, according to his intention...' (p. 229, *The End of the Affair*, William Heinemann, 1951).

All these novels of Greene deal with some of the fundamental concepts of the Catholic faith. Man is given free will and he can elect for his own salvation or damnation. Our souls are sustained by "sanctifying grace" which comes from God. Greene, however, goes into paradoxes not easily understandable or decipherable. In *The Heart of the Matter*, for instance, he writes :

'only the man of good will carries always in his heart the capacity for damnation' (p. 60).

'Virtue, the good life, tempted him in the dark like a sin' (p. 199).

'How often, he thought, lack of faith helps one to seem more clearly than faith' (p. 224).

These contradictions do not easily reconcile themselves. The morbid compulsions which cause damnation, sin and lack of faith, Greene transfers for the promotion of salvation, virtue and abiding faith. The crime story in his hands thus becomes a salvation story in *excelsis*.

Mauriac perceives in Greene's *The Power and the Glory* the influence of Bernanos. The great French Catholic novelist, Mauriac, cannot readily understand the English Catholic novelist, Greene. Mauriac himself does not readily accept re-

ligion as a hereditary gift for in such cases we are 'inundated with light'.[1] He discovers religion for himself through base human motives such as despair and greed in *The Knot of Vipers* or hypocrisy in *A Woman of the Pharisees*. In reading Greene, he finds himself baulked—led to a "concealed door" and passing "through tangled branches".[2] Mauriac writes that Greene is moved by the 'hidden presence of God'—'that subterranean flowing of Grace'.[3] In *The Ministry of Fear* Greene gives us a shrinking idealist in Arthur Rowe who did the mercy-killing of his wife. There is this speech in character in *The End of the Affair*: 'How twisted we humans are and yet they say a God made us' (p. 6). Greene pursues his dialectics throughout his books, such as, 'It needed a God to die for the half-hearted and the corrupt' (pp. 123-124, *The Power and the Glory*). From these basic thoughts he studies the pursuit of God covert in *Brighton Rock* and *The Heart of the Matter* and overt in *The Power and the Glory* and *The End of the affair*. It is not merely a Hound of Heaven story of a God pursuing a fleeing soul, but the conquest by God of a challenging and defiant sinner who stands his ground. This is the slant which makes this theology so special—perhaps true, not for people normally situated in life, but those abnormally placed driven by sin and despair. Greene is concerned 'with the four last things—death, resurrection, immortality, and judgement'.[4] These drive Greene as nothing else besides, although Kenneth Allott and Miriam Farris write :

'A terror of life, a terror of what experience can do the individual, a terror at a predetermined corruption, is the motive force which drives Greene as a novelist.'[5]

Concession to this view would mean placing Greene in the genre of horror writers, such as, Dostovesky, or the sociologist, Lewis Mumford, which Greene surely is not.

---

[1] *God and Mammon* by Francois Mauriac, (1946), p. 16.
[2] *Great Men* by Francois Mauriac, (1952), p. 117.
[3] *I bid.* (1952), p. 119.
[4] *Saturday Review*, October 27, 1951, p. 11.
[5] *The Art of Graham Greene* by Kenneth Allott and Miriam Farris, p. 15.

Greene anneals by his art, not just 'realism and spiritua-lity' as Morton Dauwen Zabel writes in *Forms of Modern Fiction*,[1] but institutional Catholicism and a personal philosophy of God's mercy and sanctifying grace. This is the new variant he gives to religion and with it gets back, in a partially traditional and a partially individual way, the lost dimension in the form of the modern novel indulged in by purely 'emotional onanists'. Greene is a novelist who makes us recover through a process of *katharsis* some of 'our lost equanimity, our lost integrity and our lost innocence.'

———

[1] *Forms of Modern Fiction* Ed. by William Van O'Connor, (1948), p. 293.

ASSESSMENT OF POPULATION GROWTH

Dr. UMESH PRASAD

Deptt. of Economics

Population growth in India has high fertility and high mortality. Developments in medical and public health fields mean controlling of infections and parasitic diseases which are mainly responsible for keeping the mortality at a high level. Welfare states have not been slow to take advantage of such developments. It is almost certain that in countries where mortality is in a process of decline, a similar general statement cannot be made about natality. Unless decline in mortality is accompanied by a reduction in natality, the rate in population growth will be accelerated till an optimum with the means of livelihood is reached. In India the strain on the means is already great, and effort is being made to enlarge the means. If the effort does not wholly succeed, there has to be a decline in natality or a rise in mortality to restore equilibrium, even if the problem of raising the low standard of living of the masses is ignored for the time being. Assuming that under national planning the wiser and happier path of reduced births is adopted, the crucial point is the time by which such a reduction is likely to take place. If it is delayed, many extra babies will be born, which in turn would contribute to reproduction on reaching appropriate ages. It is true that a mouth is accompanied by two hands but the position regarding availability of work is already bad. It is evident that the sooner the growth is slowed, the better it would be. In the meantime growth should be known for planning.

It is generally realized that if a plan for economic and social development is to achieve its targets in respect of per capita national income and standard of living, it ought to have a reliable assessment of the dynamics of population growth. Demographers are undoubtedly better equipped than other social

scientists to perform this work. The imortant thing is that those who make population projections, as also those who make use of them, should constantly bear in mind the assumptions, the limitations and the possible margin of error in the projections.

Pit Falls in Population Forecasts and Projections

Demorgraphy begins with questions about size of population, i.e. number of persons at particular times who are located in prescribed area. Demography is generally limited to studies of human populations as influenced by demographic process: fertility, mortality and migration. Demographers are concerned with the demographic process and characteristics of such 'sub-population' as ethnic (concerning nations) or religious classes. Some demographers are also engaged in labour force investigations, i.e., studies of persons classified by type of economic activity, specially as regards relations between the labour force of an area and the size and structure of its total population. Demography as a living discipline changes its interests and operations with changing conditions and, as it does so, it shares interests and knowledge with other disciplines. The desideratrum of each discipline is the efficient development of a cluster of interrelated studies. This involves an equilibrium between concentration and dispersion, subject to constant redefinition through experimentation.

Statistical Technique

The demographer is interested in measuring population changes and relation among factors in population changes, such as the measurement of reproductivity as a joint function of fertility and mortality, relations between vital rates and the age and sex composition of population and the projection of observed trends into the future on the basis of various hypotheses.

Investigations on these topics have led to the gradual formation of a very considerable body of special statistical technique which is constantly being augmented, scrutinized and

revised. There have been important innovations in this field during the last decade. The development, evaluation and application of these techniques is central in the development of demography as a science.

Demographic Analysis

The mathematical treatment of a set of 'core relations' among demographic phenomena (which are both biological and social process) yields highly significant results. The construction of 'Life Tables' and more recently, the construction of 'Stable Populations' (showing the mutual implications of age-specific mortality rates, age specific fertility rates, age structures and rates of increase—usually for hypothetical one sex population) provide impressive examples of the value of mathematical models in the social sciences. *Population projections, treated as hypothetical constructions rather than as estimates of future conditions, have comparable value.*

The statistical treatment of demographic variables, apart from studies of related biological and social determinants and consequences, is sometimes referred to as 'pure or formal' demography. The distinction between this sub-field and other demographic studies does not necessarily imply any distinction in levels of scientific operation, but it concerns the relation of demography to other sciences. The construction of mathematical models to show possible interrelations among demographic and economic variables falls outside the limits, strictly defined, of pure demographic analysis.. Similarly, a study of conditions influencing fecundity or sterility, involving physiological techniques or a study of the influence of types of family organization or attitudes on fertility behaviour, involving sociological and psychological techniques, may be as rigorously scientific as any studies in pure demography. The distinctive character of 'pure demography, is, therefore, essentially a matter of abstraction in dealing with a particular class of phenomena.

This is necessarily a very restricted field. But there have been extremely important contributions to general demography through investigations along this line, and advances already

achieved are constantly being enlarged though new contributions. An understanding of this special field is, therefore, a necessary qualification for advanced work in the development of population studies, while a mastery of the field is essential for the 'formal demographer'.

Population forecasting is not simple matter, it would not be correct to think that the trouble lies with the technique of forecasting. Our real limitation consists in the basis on which we make assumptions regarding the future trends in fertility, mortality and migration. It is because we have no sure way of correctly predicting the future trends in fertility, mortality and migration that some of the projections turn out to be far removed from reality, and as Gannett has rightly said, "one or two of the predictions have by accident hit very near the truth......but all have been finally vide of the mark.[1]

Mr. Harold F. Dorn[2] is highly critical and charges the demographers at the bar of public opinion, for creating a false impression that their forecasts are scientific and accurate, and finds them guilty on nine counts, some of which are as follows:

1. Giving the impression that "projected populations" will be relatively inevitable and certain.
2. Assuming that observed fertility and mortality of a single year or of a short period of years is a reliable guide to future trends. Sometimes underestimating the effects of scientific developments on lowering mortality rates.
3. Believing that the demographic development of a theoretical stable population must inherently characterize current demographic developments in an actual unstable population. Assuming that because birth rates have declined for several generations, they must inevitably continue to decline.

---

[1] Gannett Henry, "Estimates of Future Population", Report of the National Consuration Commission, Vol. II, 1909, p. 7-9.

[2] Dorn Harold F.,"Pitfall in Population Forecast and Projectives" Journal of American statistical Association, Sept. 1950, pp. 311-313.

4. Giving undue weight to recent downward cyclic fluctuation in fertility while making long range population projections.

5. Forgetting that the voluntary control of fertility can cause the birth rate to rise as well as to fall.

6. Consistently overestimating the rate of decrease in the growth of the population in the U.S.

Prof. H.F. Dorn tries to assess the obvious limitations of forecasting population. States that if he were to assess the work of other social scientists, he would find that population forecasting is, at best, subject to the same degree of error as, say, business forecasting, weather forecasting, gallop polls, election forecasts and the like. The success or otherwise of these or any other types of forecasting depends on the assumptions on which a forecast is based and the extent to which these assumptions turn out to be realistic. Population projections are not exact predictions of future population size, nor should they be taken to indicate the probable sex and age structure of the population. They are, "strictly speaking, mere statements of what the size and sex and age composition of the population would be at given future dates if the fertility, mortality and migration were to follow certain specified trends."

Despite the limitations of the population projections, their utility is no longer disputed. A demographer has to make an assessment of the likely future trends in fertility, mortality and migration on the basis of the past trends, the present position and the likely developments in the future. Since the future must always remain uncertain it should not be surprising if the population projections too have a certain degree of uncertainty. And the longer the period for which a projection is made, the greater will be the possible margin of uncertainty. Why then single out population projections and subject them to the fury of criticism which is equally valid for all types of forecasting ?

THE ROLE OF STUDENTS' ASSOCIATIONS IN FREE INDIA

SHRI RAMAPATI SHUKLA

Teachers' Training College, B.H.U.

It is a well known fact that students of our country played a prominent part in the national struggle for independence. Their associations were centres of national propaganda and they helped the national leaders in waking the masses and organising their battles against the foreign rulers of this country. At times they suffered heavily on this account but their spirit remained undaunted and they never failed in their duty to their Motherland. Whenever there was a call to boycott the Government institutions or foreign articles the students were always in the forefront and they showed immense courage and responsibility. Their organising capicity was marvellous and the Government was embarrassed with their unity and strength as well as their disciplined way of doing things.

But now that the war for independence has been won and we are a free country occupying an honourable position among the nations of the world, our wartime tactics should give place to peace time activities. It is now time to consider how the students' organisations should plan their work in order that they may be as useful to the country as they have been in past when they struggled for the liberation of their country from the foreign yoke. They should consider seriously what their proper role should be in free India.

The country's sad plight during the British rule and after they quitted it is well known to the grown up students. The partition of the country into unnatural divisions, trying to break the essential unity of the country and the nation, which resulted in numerous political, economic and social problems, is well known to the students of our colleges and universities. They are not unaware of the colossal task of rehabilitation

of the refugees which has been a great stumbling block in our economic progress and the Kashmir problem which is causing a huge drain on our national finances and no less worries to our political leaders in national as well as international spheres. They are also aware of the many social evils which we have to fight before we can march on our path of economic development. Therefore the students have to find out how far they can help in solving the numerous problems confronting the country and her leaders. It should be the primary duty of students' associations in the country to give serious thought to their future line of action in the light of the changed circumstances and needs of the country.

It is obvious that in peace time all the organisations in a country should strive to make good the losses incurred in past years. All our resources should go to make the country stronger than before. We all know that our national economy has been disturbed and we have to do a lot of constructive work to rebuild it. Unfortunately ours has been a long war of Independence started a hundred years back and during this long period the country has been badly harassed and hopelessly famished by the conquerers. We have, therefore, to work hard to raise the country to the level of progress achieved by other nations of the world with whom we have to stand as equals in international affairs. The students' associations, therefore, have to plan some constructive work which they must do to raise the status of the country.

The most important constructive work awaiting the students to do is lying in the field of social service. Illiteracy, superstition, social inequality, marriage and dowry and host of other problems have to be solved before we can solve our economic problems of far reaching importance. Similarly in the field of health and hygiene students can do much to improve the condition of the people. There are problems of students themselves which their organisations should try to solve in order to raise their standard of education.

The students' associations—unions, parliaments, clubs leagues etc.—can do much to eradicate illiteracy prevalant among the masses. They can run night schools for the benefit of adults who do not find time to read in the day time. But during vacations they can go to villages to open schools for the poor village children and there they may not only teach the three R's but educate the people in the common rules of health and hygiene so that they may learn habits of cleanliness which is next to godliness. Villages are no less dirty than towns and it is specially due to the unhygienic habits of the people. If they only become more careful they can really live a better life. We know that villagers are generally very poor, but proverty does not stand in the way of cleanliness. We have enough water and sunshine freely available in our country. So it is not difficult to wash one's body and clothes daily. This will surely ensure sufficient immunity from a number of diseases. Even in towns there are *harijan bustees* and slums of labouring classes where illiterate people live in dirt and dark. Students would do well to visit these areas in their own towns and organise literacy and cleanliness weeks.

Our social life is no less influenced by superstitions. They abound among low caste people to such an extent that at times they face death rather than dare disturb a deity. Education will go a long way to liquidate these superstitions and people will learn the value of hygiene and medical aid.

Social inequality, better known in the form of untouchability and caste-rules, is another serious evil which has to be fought by our young men specially. They can remove these ills not by precept but by example. This will require a bold step on the part of students themselves. But their organisations can easily fight this evil of social inequality by mixing with the people more and more with a view to demonstrate the futility of regarding some as higher than others. The criterian of gradation should not be birth in a particular caste or family but the deed of the person concerned.

It is hardly necessary to dilate upon the problem of marriage which is engaging the attention of most of our social, economic and political leaders. Child marriage has been tried to be removed by legislation. But the law is only on the Statute Book and it has hardly affected child marriage. Education alone has succeeded in reducing child marriage among the upper classes but it is still rampant among the backward people. Similarly widow re-marriage and polygamy can be removed only by education. But there is one field where education has had an adverse effect. It is the system of dowry. Educated bridegrooms are more costly and their demands become exhorbitant at times. The lives of many girls have been ruined on account of this evil system of marriage dowry. Sometimes the boys suffer no less than the girls because they do not get really good companions for life as money becomes the most important factor in the choice of a bride. It should be the duty of our students' associations to rise to the occasion and carry on a crusade against this socio-economic evil of our society. Their struggle will be more effective as they are themselves a party to it and if they take a vow not to accept dowry and solemnise marriages in simple manner their parents will surely give way and the diehards will have to accept their defeat.

The problem of marriage is intimately related to the problem of population which is increasing by leaps and bounds. Late marriages among educated boys and girls is a better sign and the problem may be solved by the progress of education. But we must be cautious lest there may be a lopsided development of our population. The educated persons are practising family planning but undersirable population of poor and destitute people goes on multiplying without any check. Family planning is more needed among these people who do not realise the responsiblity of begetting children. Legislation is needed for those who are mentally defective and physically destitute and carry hereditary infectious diseases. But the student organisations can do successful propaganda work through education

and social service among these classes to check the unhealthy growth of population which the country cannot support.

Besides social work the students' organisations can do much work in the field of political education. But before making the people political minded they would do well to practise democracy in their own institutions. The students' organisations should be run democratically and the first lessons of democracy should be learnt in these institutions. Some schools and colleges provide facilities for self-government among the students. They should take advantage of such opportunities and learn how to run an efficient government. Undesirable scenes at the time of elections to students' organisations should be carefully avoided.

While trying to learn the lessons of democracy and self-government in students' organisations they should try to keep themselves at an arm's length from political parties in the country. No doubt some of the major political parties exploit the students at the time of general elections to the legislatures. But it will be wiser on the part of student bodies not to actively participate in these political fights. They may maintain mock parties among their unions and parliaments. But these parties should neither align themselves with the political parties of the country nor they should divide the student community into hostile camps. They should be formed only for the purpose of rehearsing the drama of life which will be later on played by the students when they will themselves enter legislatures. Thus their function should be political education and not creation of factions leading to disturbances and indiscipline among students.

Another field of activity for students' associations is organising welfare work for students. There are many poor students who would show better results in education if they were provided with better opportunities. Such students should be carefully marked out by their companions and either by approaching the educational authorities or by collecting funds themselves they should try to help them to receive the kind of

education they desire. Students' Unions can also help the educational authorities in awarding concessions and scholarships to poor and deserving students by pointing out to them the genuine cases in need of help. Very often such cases are left out and undeserving students reap the benefits. The students themselves are responsible for this kind of injustice done to their own brethren and it is high time they should come forward to fight this evil. Only the other day a Cabinet Minister rightly advised the students of a university not to go a begging for help from government. Instead they should try to sacrifice something themseleves and collect funds to help their needy brethren. Cutting short a cinema show or one day's meal will mean a tremendous sum in a university where hundreds and thousands of students are reading.

It is needless to add that parents and teachers of students are always anxious to help them and any constructive work planned by them will find ready favour with their elders. The students' organisations will not suffer for want of funds or encouragement in other ways if they only show their earnest desire to serve their country in some way or other without coming into clash with any other organisation. Free India has held high hopes of her sons and daughters and our studens' organisations should rise to the occasion and make it clear to the nation that her future is safe in their hands.

———

भारतीय कला के छः अंग (षडंग)

रामचन्द्र शुक्ल

प्राध्यापक, टीचर्स ट्रेनिंग कालेज

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय

भारतवर्ष कला की दृष्टि से एक अत्यन्त समृद्धशाली देश माना जाता है। कलाओं का प्रादुर्भाव यहाँ अति प्राचीन काल से है। वेद, पुराण, शास्त्र तथा प्राचीन भारतीय साहित्य इसके साक्षी हैं और प्राचीन कला के असंख्य नमूने आज भी इस देश में मौजूद हैं। वेद, पुराण, शास्त्रों तथा प्राचीन साहित्य में कलाओं पर विस्तृत वर्णन मिलता है। विभिन्न प्रकार की कलाओं, उनकी क्रियाओं, उनके सिद्धान्तों का विस्तृत उल्लेख प्राचीन शास्त्रों में किया गया है। इनमें सबसे महत्वपूर्ण हैं अथर्ववेद, स्थापत्य उपवेद, समरांगण सूत्रधार, मानसार, नीतिसार, विष्णु धर्म्मोत्तर पुराण, कामसूत्र, ललितविस्तर, कला विलास, शैव तंत्र, सिद्धान्तप्रदीप, चुल्लवग्ग, अभिलाषार्थ चिंतामणि, शिल्परत्न, मानसोल्लास, नाट्यशास्त्र, भागवत पुराण, निदान शास्त्र, इत्यादि तमाम ग्रंथ भरे पड़े हैं। लेकिन इनमें से कोई एक ग्रंथ ऐसा नहीं है, जो कला के दर्शन या सौन्दर्य पर विस्तृत व्याख्या प्रस्तुत करे। यही कारण है कि प्रसिद्ध पाश्चात्य विद्वान मैक्समुलर को आश्चर्य प्रगट करना पड़ा कि भारत ऐसे कलासमृद्ध देश ने कभी भी सौन्दर्य की विशद व्याख्या नहीं प्रस्तुत की। मक्समुलर के अनुसार प्रकृति में सौन्दर्य का विचार भारतीय मानस में था ही नहीं। वे जिसे देखते थे उसका वर्णन करते थे, उनकी कुछ बातों की तारीफ करते थे, उनकी प्रकृति से तुलना करते थे किन्तु सौन्दर्य क्या है इसपर सीधे-सीधे उन्होंने कभी विचार नहीं किया।

यह सही है कि भारतीय प्राचीन साहित्य, शास्त्र तथा पुराणों में सौन्दर्य पर एक ही स्थान पर विस्तृत विवेचन नहीं मिलता, लेकिन शायद ही कोई शास्त्र, पुराण ऐसा हो, जिसमें किसी न किसी रूप में कला की चर्चा न की गई हो। चित्रकला या मूर्तिकला की दृष्टि से सबसे विस्तृत कला का विवेचन 'विष्णु धर्म्मोत्तर पुराण' में हुआ है। डाक्टर आनन्दकुमार स्वामी, स्टेला क्रैमरिश, क्षितिमोहन सेन, अभय कुमार गुह, गोविन्द कृष्ण पिल्लई इत्यादि कई विद्वानों ने इनके आधार पर भारतीय शिल्प शास्त्र पर विवेचन प्रस्तुत किया है। डा० अवनीन्द्र नाथ टैगोर ने १९१४ में 'मार्डन रिव्यू' में एक लेख प्रकाशित कराया था जिसका शीर्षक था 'षडंग' या 'कला के छः अंग'।

यह लेख ११वीं सदी के शास्त्रकार यशोधर पंडित द्वारा वात्स्यायन के 'कामसूत्र' की टीका में दिये गये एक श्लोक पर आधारित है—

रूपभेदाः प्रमाणानि भाव-लावण्य-योजनम् ।
सादृश्यं वर्णिकाभंग इति चित्रं षडंगकम् ॥

लेख में डा० टैगोर ने इसी एक श्लोक को लेकर कला के छः प्रमुख सिद्धान्तों पर प्रकाश डाला है। भारतीय चित्रकला में ये सिद्धान्त अति प्राचीन काल से प्रचलित और मान्य रहे हैं, पर इनका सर्वप्रथम उल्लेख हमें यशोधर पंडित की टीका में ही मिलता है। यशोधर पंडित ने भी साधारण टीका के साथ ही इन छः सिद्धान्तों का उल्लेख किया है, पर डा० टैगोर ने अन्य प्राचीन शास्त्रों के अध्ययन के आधार पर तथा अपने अनुभवों के आधार पर इन छः सिद्धान्तों को विस्तार से समझाया है। डा० टैगोर ने चीन में प्रचलित इसी प्रकार के छः कला के सिद्धान्तों का भी उल्लेख किया है। चीन में कला के छः सिद्धान्त पांचवी सदी में ही काफी प्रचलित थे। चूँकि चीन के ये सिद्धान्त भारतीय कला के छः सिद्धान्तों से बहुत कुछ मेल खाते हैं इसलिये डा० टैगोर ने यह अनुमान ठीक ही लगाया है, कि उससे पहले से ही भारत में यह सिद्धान्त प्रचलित थे। जिन लोगों ने लगभग दो हज़ार वर्ष पुरानी भारतीय चित्रकला अजन्ता का अध्ययन किया है, उन्हें यह ज्ञात होने में देर नहीं लगती कि इन्हीं सिद्धान्तों पर अजन्ता की सारी कला निर्मित है। सारी गुप्त-कालीन मूर्तिकला इन्हीं सिद्धान्तों पर आधारित है। सभी प्राचीन शास्त्रों में जहाँ कहीं 'शिल्प' या 'कला' की चर्चा है, इन सिद्धान्तों के अनुरूप ही है। मैंने अपनी पुस्तक 'नवीन भारतीय चित्रकला शिक्षण पद्धति' के अन्त में कला के इन छः सिद्धान्तों पर अलग से विचार प्रस्तुत किया है। मेरे विचार से ये सिद्धान्त कला या चित्रकला के सिद्धान्त नहीं हैं, बल्कि चित्र के छः अंग हैं। चित्र का भी श्लोक के अनुसार तथा परम्परा के अनुसार अर्थ मानव आकृति ही है। मानव आकृति बनाने में इन छः सिद्धान्तों को ध्यान में रक्खा जाता था। ये ही छः सिद्धान्त किसी भी चीज़ की आकृति बनाने में उपयोगी हो सकते हैं और इसीलिये डा० टैगोर ने इन्हें चित्रकला के छः सिद्धान्त मान लिये।

उपर्युक्त श्लोक के अनुसार चित्र के छः अंग हैं। रूप के छः भेद (यहाँ रूप और चित्र पर्याय- वाची शब्द हैं)

१. प्रमाण ज्ञान
२. भाव बोध
३. लावण्य बोध
४. योजना
५. सादृश्य
६. वर्णिकाभंग

अर्थात् किसी भी वस्तु का रूप चित्रित करने के लिये हमें इन छः दृष्टियों से उन्हें पहिचानना पड़ता है।

१. वस्तु का आकार कैसा है?
२. वस्तु कैसा भाव उत्पन्न करती है?
३. वस्तु के रूप का अपना विशेष गुण (सौन्दर्य) क्या है?
४. वस्तु की सृष्टि का सूक्ष्म क्रम (योजना) क्या है?
५. वस्तु किन दूसरी वस्तुओं से मिलती जुलती है?

६. वस्तु का रंग कैसा है ?

डा० अवनीन्द्रनाथ टैगोर चित्रकला के छः भेद इस प्रकार मानते हैं—

१. रूप

रूप दो प्रकार के हो सकते हैं, आँख से दिखाई पड़ने वाले तथा कल्पना से मन में बनने वाले।

२. प्रमाणानि

३. भाव

४. लावण्य योजनम्

५. सादृश्यं

६. वर्णिकाभंग

डा० टैगोर ने रूप को अंग्रेजी में 'फॉर्म' का पर्यायवाची मान लिया है जबकि अंग्रेजी में 'फॉर्म' का अर्थ होता है 'आकार'। रूप और आकार एक ही चीज़ नहीं है। दोनों में अन्तर है। रूप किसी वस्तु का प्रतिविम्ब मात्र है, जो आंख से ही देखा जा सकता है। किन्तु आकार वस्तु का वह रूप है जो हम अपनी अन्य इन्द्रियों से भी पहिचानते हैं, जैसे स्पर्श के द्वारा, ध्वनि के द्वारा, गंध के द्वारा, चखकर इत्यादि। हम पृथ्वी से चाँद का केवल एक धुंधला रूप मात्र देखते हैं जो एक चमकता वृत्त सा दिखाई पड़ता है, पर वस्तुतः यह चाँद का असली रूप या आकार नहीं है। चाँद का असली रूप या आकार हम उसी समय जान सकते या अनुभव कर सकते हैं जब उसके पास जाकर उसे अपनी हर इन्द्रियों से पहिचानें। वास्तव में किसी वस्तु का प्रमाण (नापजोख) ही उसके आकार का ज्ञान हमें करा सकता है। इसलिये प्रमाण को ही आकार ज्ञान माना जा सकता है, रूप को नहीं, जैसा डा० टैगोर ने माना है।

डा० टैगोर ने लावण्य और योजना को अलग-अलग अंग न मानकर एक ही मान लिया है जब कि दोनों दो अलग-अलग गुण हैं और कला के कार्य में आवश्यक हैं।

'चित्र सूत्रम' के अनुसार रूप का अर्थ है विभिन्न प्रकार के व्यक्तियों का चरित्रगत रूप या श्रेणी; जैसे हंस पुरुष, भद्र पुरुष, मालव्य पुरुष, रुचक पुरुष, शशक पुरुष इत्यादि। इसी प्रकार आकृति की नौ मुद्रायें (रूप और आकार) बताई गई हैं। चार प्रकार के चित्र बताये गये हैं; जैसे सत्य चित्र, वेणिक चित्र, नागर चित्र या मिश्रित चित्र। यह सभी रूप के अन्तर्गत आते हैं।

प्रमाण का अर्थ होता था मानव आकृति की बनावट या नाप जोख; जैसे पूर्ण मानव आकृति में सिर कितना बड़ा हो, हाथ कितने लम्बे हों, पैर कितने लम्बे हों और इसी प्रकार शरीर के सभी अंगों का नापजोख बताया गया है।

भाव से तात्पर्य होता था नौ रसों की अभिव्यक्ति जैसे श्रृंगार, हास्य, करुण, रौद्र, वीर, भयानक, वीभत्स, अद्भुत, शान्त। लावण्य का अर्थ है सुकुमारता, मधुरता, सुन्दरता, कमनीयता इत्यादि। आकृति में लावण्य उत्पन्न करने के लिये चित्रकार उसमें कुछ जोड़ या घटाकर परिष्कार के द्वारा और भी आकर्षक बनाता था। कलाकार प्रकृति में जहाँ कहीं

सुन्दरता देखता था, उसका पुट वह मानव आकृति में भी दे देता था, जैसे खंजन के आकार की आंख बना देना, कमल के पंखुड़ियों की तरह आँख बनाना इत्यादि। इसे सादृश्य भी कहा जा सकता है—एक वस्तु में दूसरी वस्तु का सौन्दर्य आरोपित करना।

वर्णिका भंग का तात्पर्य था चित्रों में उचित रंगों का संयोजन, रंग बनाने के सिद्धान्त, रंगों के संम्मिश्रण के सिद्धान्त, तूलिका की क्रिया इत्यादि।

प्राचीन भारतीय चित्रकला को समझने के लिये या उसका रसास्वादन करने के लिय 'षडंग' का ज्ञान होना आवश्यक है। 'षडंग' से भारतीय कला दर्शन पर सीधे-सीधे प्रकाश नहीं पड़ता, फिर भी यह तो मालूम ही होता है कि शास्त्रीय कला के लिये किन गुणों की आवश्यकता होती है। प्राचीन शास्त्रीय ढंग पर चित्र बनाने के लिये चित्रकारों को 'षडंग' से अवश्य परिचित होना चाहिये।

रूपभेदाः

चित्रकला का आनन्द हमें नेत्रों के द्वारा प्राप्त होता है। नेत्रों के द्वारा हम वस्तुओं को देखते हैं। प्रत्येक वस्तु का अलग-अलग आकार, स्वरूप, बनावट तथा रंग होता है। मूल रूप से आँखों के द्वारा हम वस्तु का रूप और रंग ही देख पाते हैं। आँखों के द्वारा हम वस्तु का मूल आकार भी देखकर कल्पना कर लेते हैं, पर वास्तव में आकार हम केवल आँख के द्वारा ग्रहण नहीं कर सकते। किसी वस्तु के आकार को जानने के लिये उसे हमें अपनी सभी इन्द्रियों से ग्रहण करना पड़ता है या कहिये समझना पड़ता है। मान लीजिये हम ताजमहल का आकार जानना चाहते हैं, तो केवल सामने से उसका फोटोग्राफ ले लेने मात्र से उसके आकार को हम नहीं समझ सकते। यदि हम चारों ओर से उसका फोटो लें तो भी हम उसके पूर्ण आकार से न परिचित हो सकेंगे, जब तक ताजमहल के भीतर जाकर उसके अन्दर का भी चित्र न खींच लें। इस प्रकार ताजमहल के पूरे आकार को जानने के लिए शायद सैकड़ों चित्र खीचने पड़ेंगे, फिर भी इनसे पूरी तरह ताजमहज की कल्पना नहीं की जा सकती, जब तक कि हम स्वयं ताजमहल को चारों तरफ से और भीतर भी जाकर अच्छी तरह न देख लें। यदि हम इस प्रकार ताजमहल का एक एक हिस्सा देख डालें, तो भी उसके आकार का चित्र बना पाना असंभव सा ही है। जब भी हम चित्र बनायेंगे वह एकांगी ही होगा। वह ताजमहल के आकार का एकांगी रूप ही प्रस्तुत करेगा पूरा आकार नहीं। इसलिये साधारणतया हम ताजमहल का एकांगी रूप ही चित्रित कर सकते हैं, पूर्ण आकार नहीं। आकार की कल्पना ही की जा सकती है, पर उसका चित्र बनाना असंभव सा ही है। यही कारण है कि जितने भी चित्र ताजमहल के बनाये गये हैं सब एक दूसरे से थोड़ा बहुत भिन्न ही मिलेंगे। चित्रकार या फोटोग्राफर किसी एक पक्ष से ही ताजमहल का चित्र उतार सकता है, पूरे ताजमहल का आकार वह कभी भी चित्रित नहीं कर सकता। ताजमहल का जो भी चित्र बनेगा अधूरा ही होगा। इसी प्रकार किसी भी वस्तु का पूर्ण आकार चित्रित कर पाना चित्रकार के लिये असंभव ही है। इधर उन्नीसवीं तथा बीसवीं सदी में चित्रकारों ने इसका प्रयास किया है कि वह अपने चित्रों में वस्तु का आकार भी चित्रित कर सकें और ऐसी चित्रकला को घनवादी कला (क्यूबिज्म) कहा

गया है। थोड़ी बहुत सफलता भी मिली है, पर आकार-चित्रण इतना सरल नही है। अब कुछ देशों में 'थ्री डाइमेंशनल सिनेमा' दिखाये जाने लगे हैं, जिनमें यह प्रयास रहता है कि वस्तुओं का आकार भी दिखाई पड़े, पर यह भी वस्तु का पूर्ण आकार नहीं दिखा पाता।

ऐसी हालत में चित्रकार वस्तु का केवल एकांगी रूप ही प्रस्तुत कर सकता है। आकार प्रस्तुत करना असंभव ही है। यदि हम वस्तु का एकांगी रूप ही प्रस्तुत कर सकते हैं, तो यह तो साफ है, कि यह रूप वस्तु का पूर्ण या असली रूप नहीं होगा। केवल एक पहिचान मात्र ही होगा या कहिये प्रतीक (सिम्बल) मात्र ही होगा। इसीलिये किसी वस्तु का यथार्थ चित्रण असंभव सा ही है और भारतवर्ष में यथार्थ चित्रण करने का कभी भी प्रयास नहीं हुआ। हम यदि अधिक से अधिक यथार्थ चित्रण करना चाहें, तो हमारे लिये यह आवश्यक हो जाता है, कि किसी वस्तु के आकार से हम पहले पूर्णरूप से परिचित हो लें। मन में उस पूर्ण आकार का एक बिम्ब ग्रहण कर लें और फिर उसी के आधार पर हम चित्र बनायें। कहने का तात्पर्य यह है, कि किसी वस्तु को सामने रखकर, एक पक्ष से उसका चित्र बनाना यथार्थ चित्रण नहीं हैं। हम अधिक से अधिक यथार्थ चित्रण तभी कर सकते हैं, जब वस्तु को देखने के वाद कल्पना के आधार पर, वस्तु का यथार्थ रूप या आकार प्रस्तुत करने का प्रयत्न करें; अर्थात् यथार्थ चित्रण करने के लिये प्रकृति निरीक्षण और कल्पना दोनों की आवश्यकता है। भारतीय चित्रकार दोनों को आवश्यक समझते आये हैं। 'षडंग' में रूपभेद का यही तात्पर्य है। इसीलिये डा० अवनीन्द्रनाथ टैगोर ने रूप का अर्थ वताते हुए उसे दो प्रकार का माना है, आंख से दिखाई पड़ने वाला तथा मानसिक रूप या काल्पनिक रूप। अर्थात् दृष्टिगत रूप तथा काल्पनिक रूप। काल्पनिक रूप दृष्टिगत रूप से कहीं अधिक परिपूर्ण होता है। दृष्टिगत रूप एक पक्षीय रूप होता है और काल्पनिक रूप अनेक पक्षीय होता है। दृष्टिगत रूपों के आधार पर ही काल्पनिक रूप मन में स्थित होता है और भारतीय चित्रकार उसी रूप का चित्रण करने का प्रयास करते आये हैं।

दृष्टिगत रूप—

किसी वस्तु के आकार का चित्रण करने के लिए उसे हमें पहले अच्छी तरह से अपने नेत्रों से देखना पड़ता है। वस्तु के आकार का जो पक्ष चित्रकार को अच्छा लगता है, उसे वह सामने से जैसा देखता है वैसा ही चित्रित कर देता है, अर्थात् उसका प्रतिबिम्ब उतार देता है। यह प्रतिबिम्ब करीब-करीब वैसा ही होता है, जैसा हम वस्तु को दर्पण में देखते हैं। यही दृष्टिगत रूप है। उन्नीसवीं सदी के पाश्चात्य यथार्थवादी चित्रकार तथा इम्प्रेशिनस्टों ने भी अपने चित्रों में दृष्टिगत एकांगी रूप का ही चित्रण किया है। ऐसे चित्रकार अपने चित्रों में कल्पना को कोई स्थान नहीं देते और उससे दूर ही रहना चाहते हैं। इतना ही नहीं वे चित्र में संवेदना को भी महत्व नहीं देते।

कल्पनागत रूप—

कल्पनागत रूप वस्तु का वह रूप या आकार है जो प्रकृति निरीक्षण के बाद या वस्तु निरीक्षण के बाद कलाकार के मन में बनता है। इसमें कलाकार अपनी सारी इन्द्रियों, मन

मस्तिष्क तथा शरीर से वस्तु का आत्म-अनुभव प्रस्तुत करता है। इसमें दृष्टि, कल्पना तथा संवेदना, तीनों के द्वारा जो रूप मन में स्थिर होता है, उसी का चित्रण कलाकार उपस्थित करता है, इस प्रकार यह रूप वस्तु के यथार्थ रूप के और भी नजदीक पहुंच जाता है। इसी को आकार की परिकल्पना या आधुनिक भाषा में। क्रियात्मक बिम्ब (डिनेमिक इमेज) कहते हैं।

षडंग के अनुसार रूपभेद का अर्थ है विभिन्न प्रकार के रूपों को अलग अलग कर पहिचानना, रूपों की समता और विषमता को पहिचानना, दो विभिन्न वस्तुओं के रूपों में कहाँ समता है कहाँ विषमता है समझना। संसार में प्रत्येक वस्तु का अलग अलग रूप तथा आकार है। कुछ वस्तुओं का आकार बिलकुल एक सा होता है, पर रूप भिन्न-भिन्न होता है। चाँद या सूरज दोनों गोलाकार हैं, पर अलग प्रकार की चमक के कारण, बनावट के कारण, प्रभाव के कारण, रंग के कारण उनका रूप एक दूसरे से भिन्न है। इसी प्रकार आदमियों का आकार तो बहुत कुछ एक सा होता है, पर रूप भिन्न होते हैं–कोई लम्बा होता है, कोई मोटा, कोई दुबला। इसी प्रकार उसके अंग प्रत्यंगों का रूप दूसरों से बहुत भिन्न होता है। इस विभिन्नता को पहिचान कर ही विभिन्न रूपों का चित्र बनाया जा सकता है।

रूपों की विभिन्नता कई कारणों से प्रतिलक्षित होती है। षडंग के अनुसार यह कारण है वस्तुओं का विभिन्न प्रमाण, भाव, लावण्य, योजना, सादृश्य तथा वर्ण। 'विष्णु धर्मोत्तर पुराण' के 'चित्र सूत्रम्' प्रकरण में चित्रकला के जो सिद्धान्त बताये गये हैं, वे इन छः श्रेणियों के अन्तर्गत ही आते हैं। अन्य प्राचीन शास्त्रों, पुराणों और साहित्यों में इन्हीं के अन्तर्गत कला के सिद्धान्तों का निरूपण हुआ है।

महाभारत में भी रूपभेद की कल्पना की गई है। शान्तिपर्व में मोक्ष धर्म अध्याय १८४ में ३३ तथा ३४ श्लोक में रूप के निम्नोक्त भेद बताये गये हैं—

प्रमाणगत रूप	१. ह्रस्व—	छोटा या ठिगना
	२. दीर्घ—	लम्बा–पतला
	३. स्थूल—	थुलथुल, मोटा, मुलायम
	४. चतुराश्र—	चौकोर
	५. अनुवृत्य—	गोलाकार
वर्णगत रूप	६. शुक्ल—	स्वच्छ, धवल
	७. कृष्ण—	काला
	८. रक्त—	लाल
	९. पीत—	पीला
	१०. नीलारुण—	बैगनी रंग
चरित्रगत या प्रकृतिगत	११. कठिन—	कड़ा
	१२. चिक्कन—	चमकदार, फिसलदार, चिकना
	१३. स्लक्न—	पतला, क्षीण, नाजुक, छोटा

रूप	१४. पिच्छिल—	पतला, नुकीला, छटकने वाला या रोयेंदार, मयूरपंख की तरह
	१५. मृदु—	मुलायम, नाजुक
	१६. दारुण—	सख्त लकड़ी की तरह, पथरीला, भयानक

यहाँ वस्तुओं के प्रमाणगत, रंग संबन्धी तथा चरित्रगत या प्रकृतिगत रूप का उल्लेख है। और भी प्रकार के प्रकृतिगत रूप हो सकते हैं। इससे यही सिद्ध होता है कि रूपभेद करते समय हमें वस्तु की प्रकृति को हमेशा ध्यान में रखना चाहिये।

डा० टैगोर ने दो प्रकार के रूप बताये हैं। एक है दृष्टिगत रूप और दूसरा आत्म-चेतनागत रूप। वस्तुओं को दृष्टिगत रूप से ही पूरी तरह नहीं पहिचाना जा सकता। आँख से देखकर हम केवल एकपक्षीय ज्ञान ही हासिल कर सकते हैं। वस्तु को मन की आंख से भी देखने और पहिचानने की आवश्यकता है। आँख से देखकर हम वस्तु का केवल बाहरी रूप और वह भी केवल एकपक्षीय रूप जान सकते हैं। आत्मा या आन्तरिक गुणों के द्वारा प्रत्येक वस्तु का अलग अलग रूप होता है और जब तक हम इन्हें भी न पहिचानें, हम वस्तु के पूर्ण रूप से अनभिज्ञ ही रहेंगे।

डा० टैगोर ने इसे समझाने के लिये एक उदाहरण प्रस्तुत किया है। मान लीजिये कहीं पर तीन स्त्रियां हैं--एक पानी भर रही है, दूसरी बाल संवार रही है और तीसरी गोद में बच्चा खिला रही है। दृष्टिगत रूप से ये तीनों स्त्रियों के ही रूप हैं, पर यदि पूछा जाय इनमें से नौकरानी कौन है. बेटी कौन है या माँ कौन है, तो यही कहा जायगा, कि जो पानी भर रही है वह नौकरानी है, जो बाल संवार रही है वह बेटी है और जो बच्चा खिला रही है वह मां है। पर यह जरूरी नहीं कि हमारा जवाब सही ही हो, क्योंकि पानी बेटी या मां भी भर सकती है, बच्चा, बेटी या नौकरानी भी खिला सकती है, बाल मां या नौकरानी भी सवार सकती है। फिर यह जरूरी नहीं कि ये तीनों मां, बेटी या नौकरानी ही हों। वे पड़ोसिनें भी हो सकती हैं, बहनें हो सकती हैं या रिश्तेदार भी हो सकती हैं। कहने का तात्पर्य यह कि एक स्थान पर तीन स्त्रियों को देखकर या उन्हें कोई विशेष कार्य करते देख-कर, यह जान सकना बड़ा कठिन है, कि कौन नौकरानी है, कौन बेटी है या कौन मां है, जब तक हम उन्हें और अच्छी तरह से न जानते तथा पहिचानते हों। अर्थात् वस्तु के दिखाई पड़ने वाले गुणों के अलावा और भी आन्तरिक या छिपे हुये गुण होते हैं, जिन्हें पूरी तरह जाने बिना हम उसके सही रूप की कल्पना नहीं कर सकते। वस्तुओं का वाह्य रूप आँख से पहिचाना जा सकता है पर आन्तरिक रूप जानने के लिये हमें विशेष जानकारी या अनुभव की आवश्यकता पड़ती है और तभी हम वस्तुओं के रूप का सौन्दर्य प्राप्त कर सकते हैं।

सौन्दर्य प्राप्त करने के लिये रुचि का होना भी आवश्यक है। रुचि वस्तु में भी होती है और वस्तु को देखने वाले में भी। रुचि के आधार पर ही हमें सौन्दर्य दिखाई पड़ता है। जब तक हम किसी चीज को अपनी रुचि न दें, हमें वह सुन्दर लग ही नहीं सकती। इसी प्रकार यदि कोई वस्तु अपने को प्रदर्शित न करे, तो फिर उसे देखेगा ही कौन। प्रत्येक वस्तु चाहे स्थल हो या चेतन उसमें रुचि ही वह गुण है, जो हमें अपनी ओर खींचती है। जब

वस्तु की रुचि तथा देखने वाले की रुचि में तादात्म्य स्थापित होता है तो वस्तु सौन्दर्यपूर्ण लगने लगती है। जब वस्तु की रुचि तथा देखने वाले की रुचि में सामंजस्य नहीं उपस्थित हो पाता, तो वस्तु असुन्दर दिखाई देती है।

रुचि सम्पर्क से बनती है। यदि हम किसी रूप से पहले से परिचित नहीं हुए हैं, और वह हमें एकाएक दिखाई पड़ जाय, तो वह हमें आश्चर्यचकित भले कर दे, पर उसकी ओर जरूरी नहीं कि हमारी रुचि जाय। रुचि उसी तरफ जाती है जिस चीज से हमें परिचय प्राप्त रहता है। वे आकार या रूप जो हमारे लिये बिलकुल नये हैं, हमें रुचिकर नहीं भी लग सकते, जब तक कि हमें उनका पूरा परिचय न मिल जाय या धीरे-धीरे हम उनसे परिचित न हो जायें। परिचय यदि सुखद हुआ, तो हमारी रुचि उस वस्तु या रूप में लग जायगी।

रुचि का अर्थ होता है प्रकाश की किरण, लावण्य या प्रियता। हर वस्तु सें एक विशेष प्रकार की किरण छिटकती है। वैसे ही हम भी एक प्रकार की किरण बिखेरते हैं। जिस वस्तु की किरण हमारी किरण से मेल खाती है, उसमें हमारी रुचि होती है और जिससे विरोध उत्पन्न होता है, हमारी अरुचि होती है। डा० टैगोर के अनुसार सौन्दर्य का यही रहस्य है।

प्रमाणानि

प्रमाणानि का तात्पर्य है वस्तुओं के आकारों को नापने के नियम। इन नियमों के द्वारा हम देखी हुई वस्तुओं के आकारों की तथ्यता का ज्ञान हासिल करते हैं। इनके द्वारा हम वस्तुओं की बनावट का अनुपात समझते हैं, उनका नापजोख समझते हैं, उनकी दूरी का ज्ञान हासिल करते हैं, एक वस्तु और दूसरी वस्तु के आकार की समता-विषमता पहिचानते हैं, छोटाई-बड़ाई का अन्दाज लगाते हैं, उनकी बनावट का तथ्य समझते हैं, उनके द्वारा दिखाई पड़ने वाली हर वस्तु का दृष्टि ज्ञान (पर्सपेक्टिव) समझते हैं, रंगों का अनुपात आकारों का अनुपात ज्ञात करते हैं।

प्रमाणानि या नापने के नियमों को समझने की शक्ति को शास्त्रों में 'प्रमात्रि चैतन्य' कहा गया है। यह शक्ति सभी में थोड़ी बहुत रहती है। अभ्यास से इसका विकास होता जाता है। प्रमात्रि चैतन्य के ही कारण हम संसार में उपलब्ध विभिन्न वस्तुओं के आकार तथा रूप का भेद समझ पाते हैं। इसके द्वारा हम विभिन्न वस्तुओं के आकार तथा रूप में निहित रेखा, रंग, बनावट, चिन्हों, प्रतीकों, प्रतिबिम्बों, बिम्ब, चमक, गति, लय, सुमेल, एकता, सन्तुलन या क्रियात्मक बिम्ब (डिनेमिक इमेज) इत्यादि को पहिचान पाते या उनका अन्दाज लगा पाते हैं।

जैसे ही हम किसी वस्तु के सामने जाते हैं, या कोई वस्तु हमारे सम्मुख आती है, हमारा प्रमात्रि चैतन्य जागृत होकर वस्तु पर आरोपित हो जाता है और देखी हुई वस्तु को मानसिक अनुभूति के रूप में परिवर्तित कर देता है। मस्तिष्क आकार के गुण ग्रहण कर लेता है और आकार मानसिक गुण ग्रहण करता है। इस प्रकार प्रमात्रि चैतन्य केवल साधारण नाप-जोख का काम ही नहीं करता, बल्कि वह वस्तु का बाह्य तथा आन्तरिक दोनों

पक्षों का ज्ञान कराता है। 'प्रमा' के द्वारा हम वस्तु के वाह्य तथा आन्तरिक दोनों गुणों को पहिचानते हैं। वास्तव में प्रमात्रि चैतन्य के द्वारा ही हमारा मस्तिष्क आकारों को अलग-अलग पहिचानने में समर्थ होता है। सारी इन्द्रियां अलग-अलग जो अनुभव प्राप्त करती है, वे सब मिलकर प्रमात्रि चैतन्य में एक रूप हो जाती हैं, निश्चितता प्राप्त करती हैं। प्रमात्रि चैतन्य वस्तु के आकार को एक साथ दृष्टिगत, प्रकृतिगत, तथा संवेदनागत रूप से धारण करता है और इसे ही कलाकार अपने चित्र में अभिव्यक्त करता है।

भाव—

भाव का अर्थ होता है भावना, उद्वेग, आवेग, संवेग, उन्मेष, आवेष, इच्छा, प्रकृति, और व्यंग इत्यादि का अनुभव। यह अनुभव हमारी इन्द्रियों के द्वारा मन और मस्तिष्क को प्राप्त होकर आत्मा को प्रभावित करता है। भाव हमारे मन में उठते हैं। विभिन्न परिस्थितियों में हममें विभिन्न भाव उठते हैं। मूल रूप से साधारणतया दो ही भाव प्रमुख हैं सुख-दुख। विभिन्न प्रकार की परिस्थितियों या विभिन्न प्रकार की वस्तुओं से, हमारे मन में विभिन्न भाव उठते हैं और उन्हें हम साधारणतया सुख या दुख की कोटि में ग्रहण करते हैं। ऐसी परिस्थिति को जहाँ न सुख का अनुभव हो न दुख का, हम अकसर आनन्द की स्थिति मानते हैं और ऐसी स्थिति साधारणतया हमें प्राप्त नहीं होती। इसीलिये अधिकतर हम सुख या दुख का ही अनुभव करते हैं। कभी-कभी ऐसी भी परिस्थिति होती है, कि जहाँ हम अतीव दुखी होते हैं, वहीं हमें अतीव सुख भी महसूस होते हैं, जैसे राजा हरिश्चंद ने अपना सब कुछ गँवा देने पर भी सुख का ही अनुभव किया था, रामचन्द्र ने राजपाट छोड़कर १४ वर्ष का बनवास पसन्द किया। यहां परिस्थिति दुख की है, पर राम ने सुख का अनुभव किया। अर्थात् सुख-दुःख बाह्य चीजों या परिस्थितियों के कारण ही नहीं होता। जिस परिस्थिति को हम जिस रूप में ग्रहण करते हैं वैसा ही अनुभव हमें होता है। साधारणतया जिन-जिन परिस्थितियों में लोगों को दुःख होता है, उसी में किसी को सुख भी मिल सकता है। रोम जब आग की लपटों में चीत्कार कर रहा था नीरो खुशी का अनुभव कर रहा था। अर्थात् वस्तु, वस्तुस्थिति या परिस्थिति सुख-दुःख के भाव का मूल कारण नहीं हैं। सुख-दुःख मानसिक गुण हैं। हम जिसे सुख समझते हैं उससे सुख का अनुभव होता है, जिसे दुःख समझते हैं उससे दुःख का अनुभव होता है। इसलिये भावना मानवीय मानस का ही गुण है, वस्तु या परिस्थिति का नहीं।

भाव को भारतीय शास्त्रों में रस की कोटि में विभाजित किया गया है जिसे ९ रस कहते हैं जैसे श्रृंगार, हास्य, करुण, रौद्र, वीर, भयानक, वीभत्स, अद्भुत तथा शान्त। यह सभी मन की ९ परिस्थितियां ही हैं। वाह्य वस्तुयें या परिस्थितियां इनसे भिन्न होती हैं, यद्यपि यही अक्सर कारण बन जाती हैं भाव या रस की उत्पत्ति की। वैष्णव सौन्दर्य शास्त्र के अनुसार भाव हमारे मानसिक स्वभाव के परिवर्तन मात्र ही हैं, जो विभाव के कारण उत्पन्न होते हैं। विभाव का अर्थ है आन्तरिक महत्त्व या सूक्ष्म वस्तुओं तथा आदर्शों का वाह्य रूप। जब हमारे मन में भाव उत्पन्न होते हैं, तो वे हमारी इन्द्रियों को प्रभावित करते हैं। उनमें एक प्रकार का कम्पन, गति या लय उत्पन्न करते हैं, जिससे हमारे भावों की

शारीरिक अभिव्यक्ति आरम्भ हो जाती है। ऐसी स्थिति में कलाकार जब सृष्टि करता है, तो उसके मनोभाव उसकी कला में अभिव्यक्त होने लगते हैं।

भाव का प्रभाव—

भाव शरीर को तीन तरह से प्रभावित करते हैं—

१. पांच इन्द्रियों को (कान, आंख, नाक, जीभ. त्वचा)

२. शरीर के पांच अंगों को (हाथ, पैर, सिर, धड़, गुप्तांग)

३. पांच आन्तरिक अंगों को (मानस, बुद्धि, अहंकार, चित्त, आत्मा)

अर्थात् भाव उठने पर हमारा शरीर काम करने को उद्यत हो जाता है और यह काम साधारण जीवन-यापन का भी हो सकता है या कला का भी। भाव ही कलाकार को प्रेरित करते हैं, कला की रचना करने के लिये और भाव ही अभिव्यक्त होते हैं कलाकृति में। अर्थात् भाव अभिव्यक्त के लिये ही उत्पन्न होते हैं, इसीलिये कला को अभिव्यक्ति का माध्यम माना जाता है।

व्यंग—

भाव मन की स्थिति है। कला के द्वारा इस स्थिति का आभास होता है। कला में भाव आकारों के संयोजन से उत्पन्न होता है। विभिन्न प्रकार के आकार प्रतीकों के रूप में विभिन्न भाव व्यक्त करते हैं। आकार भाव के प्रतिरूप नहीं होते, बल्कि इशारे से(व्यंग के द्वारा) भाव को उद्घाटित करते हैं। कला में व्यंग के द्वारा ही भाव-बोध उत्पन्न किया जाता है। केवल वाह्य रूपों की अनुकृति के द्वारा भावबोध नहीं कराया जा सकता, जबतक उसमें व्यंग्य (सजेशन) का गुण भी न उपस्थित किया जाय। उन्हीं चीजों की अनुकृति करना उचित है, जिनमें व्यंग्य की भी क्षमता हो। बिना व्यंग्य के कोई कृति कला की श्रेणी में रक्खी ही नहीं जा सकती।

कला में भाव का परिणाम है रूपांकन। लेकिन वस्तुओं का रूप अंकित कर देने से ही आन्तरिक भाव की अभिव्यक्ति नहीं होती। व्यंग्य के द्वारा आन्तरिक भाव की अभिव्यक्ति होती है। इसे समझाने के लिये डा० टैगोर ने 'भिक्षापात्र' का उदाहरण दिया है। कोई भी पात्र या कटोरा भिक्षापात्र नहीं माना जाता। भिखारी जब किसी कटोरे को लेकर भिक्षा मांगता है, तो उसी पात्र को भिक्षापात्र कहा जाता है। मान लीजिये हम अपने चित्र में भिक्षापात्र या भीख मांगने वाले कटोरे का ही चित्रण करना चाहते हैं। इसके लिये यदि हम चित्र में एक कटोरा चित्रित कर दें, तो उसे कोई भी भिक्षापात्र नहीं मानेगा। या हम किसी भिखारी का कटोरा लाकर उसे देखकर चित्र बनायें तो भी उसे कोई भिक्षापात्र नहीं कहेगा, एक साधारण कटोरा ही समझेगा। ऐसी हालत में शायद एक भिखारी के हाथ में पात्र देकर चित्र बनाना ही उचित होगा। पर तब तो हमारा चित्र भिखारी का चित्र कहलायेगा न कि भिक्षापात्र का। ऐसी हालत में हमें व्यंग्य का सहारा लेना पड़ेगा, पात्र को भिक्षापात्र का भाव देने के लिये। भिखारी का चित्र न बनाकर पात्र के साथ भिखारी के जीवन के कुछ चिन्ह दिखाकर ही हम उससे भिक्षापात्र का भाव उत्पन्न कर

सकते हैं, जैसे पात्र के साथ एक चिथड़े या कुछ बिखरे हुये पैसे चित्रित कर या किसी महल की बाहरी सीढ़ी पर एक टूटा-फूटा कटोरा रखकर हम भिक्षा पात्र के भाव की अभिव्यक्ति या व्यंजना कर सकते हैं।

लावण्य योजना—

डा० अवनीन्द्रनाथ टैगोर ने अपनी व्याख्या में लावण्य योजना को एक शब्द मानकर इसका अर्थ बताया है। उनके अनुसार इसका अर्थ होता है, चित्र में शालीनता और कलात्मकता भरना।

वैष्णव कला-शात्रियों ने या सौन्दर्य शास्त्रियों ने लावण्य की तुलना एक प्रकार की चमक से की है, जो विशेष प्रकार के असली मोतियों में हुआ करती है। यह मोती इसीलिए कीमती माने जाते हैं, कि उनमें एक अद्‌भुत चमक होती है। यह चमक न हो तो इन मोतियों और साधारण मोतियों में कोई खास अन्तर न होगा। इसको अकसर एक प्रकार का पानी कहा जाता है, जो विशेष किस्म के मोतियों में प्राकृतिक तौर पर होता है और उनके कारण वे विशेष सुन्दर लगते हैं। यह चमक एक प्रकार की प्रतिभा ही है। कलाकार जब प्रतिभाशाली होता है तो वह अपनी कृति में अपनी प्रतिभा की एक विशेष चमक उत्पन्न कर देता है। इससे उसकी कृति प्राणवान हो उठती है।

इस प्रकार की चमक अक्सर कुछ युवक और युवतियों की आंखों की पुतलियों में भी देखने को मिलती है, जिससे उनमें एक विशेष प्रकार की प्रतिभा झलकती है। बच्चों की आंखों की पुतलियों में भी अक्सर ऐसी चमक होती है। हिरण की आंख में भी अक्सर ऐसी चमक होती है। वृद्ध आदमियों की आंखों में, शायद ही कभी ऐसी चमक देखने को मिले। वास्तव में यह चमक ताजगी का ही द्योतक है। ताजे फल, ताजी तरकारियों में जो जीवन दिखाई पड़ता है वह बासी वस्तुओं में नहीं रह जाता। चमक और ताज़ापन करीब-करीब एक से हैं। ताज़गी न होने पर फल तथा तरकारियाँ कम से कम देखने में तो सुन्दर नहीं ही लगतीं। ताज़गी का तात्पर्य है जीवन। वृक्ष से तुरंत तोड़े फलों में यह ताज़गी रहती है। धीरे-धीरे वे कुम्हलाने लगते हैं। यही हाल फूलों का होता है। बाग में फूल हंसते से लगते हैं और तोड़कर घर लाने पर वे धीरे-धीरे कुम्हलाने लगते हैं। इसीलिये अक्सर हम गुलदस्तों में पानी भरकर फूलों को सजाते हैं। इससे कुछ देर तक फूल ताजे लगते हैं और उनकी चमक बनी रहती है। सब्जी वाले भी अक्सर सब्जी पर पानी छिड़कते रहते हैं, उन्हें ताजा रखने के लिये। पानी बरसने के बाद पृथ्वी पर सभी फल-फूल के वृक्ष हरे भरे तथा चमकदार हो जाते हैं। दूब और घास एक नई चमक अख्तियार करती हैं। सारी प्रकृति लावण्यमय हो उठती हैं।

अक्सर लावण्य का अर्थ एक प्रकार के नमक से लगाया जाता है। उर्दू भाषा में अक्सर विशेष सुन्दर आकृति के लिए 'नमकीन' शब्द का प्रयोग किया जाता है। अक्सर सांवली सूरतों में नमकीनपन (कमनीयता) या एक विशेष चमक देखी जाती है। गोरे रंग वालों में यह कम दिखती है। यह बात कला की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। यदि लावण्य एक प्रकार की चमक ही है, तो सफेद चीज़ में यदि कोई चमक हो, तो वह और भी तीक्ष्ण

(तीखा) हो जायगी। सांवले रंग की चीजों में ज़रा सी चमक होने पर वे और भी सुन्दर लगने लगती हैं। विरोधाभास (कन्ट्राडिक्शन) के कारण। यही कारण है कि नीलम की चमक और प्रकार के हीरों से ज्यादा प्रिय होती हैं। सूर्य, चांद और तारे सभी चमकदार हैं, पर दोपहर में चमकता सूर्य असह्य हो जाता है। वैसे भी प्रखर सूर्य की ओर हम देखने तक की इच्छा नहीं करते। हां सुबह और शाम को जब वह मद्धिम प्रकाश छोड़ता है, रंग विरंग बिखेरता है, भला लगता है। सूर्य से कहीं अधिक सुन्दर चाँद और चाँदनी को माना जाता है, क्योंकि वह मद्धिम होते हैं, आंखों को प्रिय लगते हैं। तारे तो और भी मद्धिम होते हैं और अक्सर चांद से भी ज्यादा खूबसूरत लगते हैं। कहने का तात्पर्य यह कि एक प्रकार की हल्की चमक या चमक की रेख को ही लावण्यमय, मधुर या कमनीय माना जाता है। चित्रकार जब अपने चित्रों में अति तीखे रंग, तीखी रेखायें, तीखी आकृतियां प्रस्तुत करता है तो उसकी मधुरता नष्ट हो जाती है। ऐसे में चित्रकार के चित्रों में लावण्य का गुण नही दिखाई पड़ता। लावण्य उस प्रकार की चमक है जैसे घनघोर बादलों के पीछे से चांद या सूर्य बादलों पर एक हल्की चमक की रेख सी अंकित कर देता है, जिसे चांदी का गोटा (सिलवर लाइनिंग) कहा जाता है। अक्सर ऐसी ही चमक चित्रकार अपने चित्रों की आकृतियों में भर देता है, जिससे चित्र प्राणवान हो उठता, लावण्यमय हो जाता है। इसे अक्सर चित्रकला की भाषा में अन्तिम परिष्कार (फिनिशिंग टच) भी कहा जाता है।

अन्तिम परिष्कार (फिनिशिंग टच) का उत्तम प्रयोग बड़े ही प्रवीण तथा अनुभवी कलाकार की कृतियों में देखने को मिलता है। साधारण चित्रकार केवल स्वाभाविक रंग ही भरकर अपने चित्रों में खुशी का अनुभव करते हैं, पर जब तक चित्र में अन्तिम परिष्कार का सूक्ष्म प्रयोग न हो, चित्र प्राणवन्त नहीं हो पाता। अन्तिम परिष्कार से चमक या लावण्य उत्पन्न करना बड़ी साधना, परिश्रम, अनुभव तथा ज्ञान से आता है। वास्तव में जब कलाकार अपनी कृति में तन्मय हो जाता है, तब वह अतिस्नेह तथा प्रेम से हल्के हाथों से, इस प्रकार आकृतियों को अपनी तूलिका से छूता है जैसे कोई पिता या माता अपने नन्हें शिशु को प्यार करते हैं, पुचकारते हैं, दुलार करते हैं, थपकियां देते हैं या उन्हें प्यार से चूमते हैं। बिलकुल इसी प्रकार स्नेह तथा दुलार से कलाकार अपनी कृति में अन्तिम रेखायें भरता है और उसे लावण्य प्रदान करता है। लावण्य ज्ञान या बुद्धि का नहीं बल्कि स्नेह का गुण है।

योजना—

कला में योजना का बड़ा महत्त्व है। कोई भी कार्य तब तक सफल नहीं हो सकता जब तक योजना बनाकर कार्य न किया जाय। प्राचीन कला आदर्शवादी थी, इसलिये योजना के आधार पर ही चित्र या मूर्ति बनते थे। योजना का आधार शास्त्रीय ज्ञान था। विष्णु धर्मोत्तर पुराण में 'चित्र सूत्रम्' में चित्र निर्मित करने के नियम तथा योजनायें बताई गई हैं। जो चित्र या मूर्ति इन योजनाओं के आधार पर नहीं बनते थे, उन्हें शास्त्रोचित नहीं माना जाता था, निम्न श्रेणी का माना जाता था।

'शास्त्रज्ञः सुकृतेदद्येश्चित्रं हि मनुजाधिप'

योजना का अर्थ होता है अनुभव के आधार पर, कल्पना कर, निश्चित लक्ष्य बना-

कर, कार्यविधि की पूर्वपीठिका तैयार करना। यह कार्य वैसा ही है जैसा किसी भवन या पुल को बनाने के पहले इंजीनियर अपनी योजना या नक्शा (मैप) बनाते हैं। सारी प्राचीन भारतीय चित्रकला वास्तव में वास्तुकला या भवननिर्माण कला के अन्तर्गत ही मानी जाती थी। वास्तुकला का आधार योजना होता है, इसीलिए कलाशास्त्रों में चित्रकला के कार्यों के लिये भी योजना को आवश्यक समझा है। आज भी शास्त्रीय ढंग से चित्र बनाने वाले कलाकार योजना बनाकर ही चित्र बनाते हैं। डा० अवनीन्द्रनाथ टैगोर के नेतृत्व में बंगाल में जिस कला का प्रादुर्भाव हुआ उसका आधार भी शास्त्रीय था। इसीलिये इस शैली के कलाकार भी योजना के आधार पर ही चित्र बनाते हैं। वास्तव में सभी आदर्शवादी कलायें योजना बनाकर ही आरम्भ की जाती हैं।

बीसवीं सदी में चित्रकला में योजना का महत्व बहुत ही क्षीण हो गया है क्योंकि कला की मूल परिभाषा ही बदल गई है। आदर्श चित्रण के स्थान पर यथार्थ चित्रण, स्वतंत्र भाव प्रकाशन या मौलिक सृष्टि को महत्व दिया जाने लगा है, जिसमें पहले से योजना बनाना ज़रा भी आवश्यक नहीं होता। योजना तो अब केवल इंजीनियरों को ही काम देती है। अब तो उन कलाओं को जो किसी निश्चित योजना तथा लक्ष्य के लिये बनाई जाती हैं, कला न मानकर कौशल-दस्तकारी या क्राफ्ट माना जाता है। प्राचीन कला में ऐसी स्वतंत्रता नहीं थी। आज के प्राचीनतावादी या शास्त्रीय कलाकार इसीलिये आधुनिक शैलियों के चित्रों को निरर्थक तथा ऊटपटांग अर्थात् योजना-रहित मानते हैं। ऐसी कला को वे बेकार समझते हैं जो शास्त्रीय नहीं हैं या किसी योजना पर आधारित नहीं है।

'षडंग' योजना के महत्व को स्वीकार करता है और उसके अनुसार योजना भी कला का एक प्रमुख अंग है। योजना के अन्तर्गत षडंग के अन्य अंग भी आ जाते हैं जैसे रूपभेद, प्रमाण, भाव, लावण्य, सादृश्य, रंग-प्रयोग। इन सभी दृष्टियों से योजना बनाकर, कल्पना तथा भावना के आधार पर शास्त्रीय ढंग से चित्र बनाना उचित समझा जाता था।

सादृश्य—

'चित्र सूत्रम्' में सादृश्य को बड़ा महत्व दिया गया है। चित्र सूत्रकार ने लिखा है-

'चित्रे सादृश्यकरणं प्रधानं परिकीर्तितम्'

इसके ऊपर के श्लोक इस प्रकार हैं—

वृषाः केसरिणश्चैव याश्चान्याः सत्वजातयः ॥४६॥
यथाभूमिनिवेशास्ते लोकं दृष्ट्वा नराधिप ॥
एतद्रूपसमुद्देशमदृष्टानां तवेरितम् ॥४७॥
दृष्टं सुसदृशं कार्यं सर्वेषामविशेषतः ॥
चित्रे सादृश्यकरणं प्रधानं परिकीर्तितम् ॥४८॥

इसके पश्चात् सूत्रकार ने लिखा है—

बुद्ध्या रूपं यथावेशं वर्णं च मनुजोत्तम् ॥
देशे देशे नराः कार्या यथावत्तत्समुद्भवाः ॥४९॥

देशं नियोगं स्थानं च कर्म बुद्ध्वा च यत्नतः॥
आसनं शयनं यानं वेशं कार्यं नराधिप ॥५०॥
सरितां सशरीरीणां वाहनानि प्रदर्शयेत् ॥
पूर्ण कुम्भकराः कार्यास्तथा नामीतजानवः ॥५१॥

उपर्युक्त श्लोकों से सादृश्य का तीन अर्थ निकलता है।

एक तो सादृश्य का अर्थ है पुनः उपस्थित करना (रिप्रेजेन्टेशन) अर्थात् वस्तु को उसी रूप में चित्रित करना जैसी वह दिखाई पड़ती है।

दूसरे सादृश्य का तात्पर्य है वस्तुओं के देश, प्रकृति, स्थान तथा वर्ण को यत्नपूर्वक समझकर उसी के अनुसार चित्र बनाना।

तीसरी दृष्टि से सादृश्य का अर्थ है उचित चिन्हों, प्रतीकों, उपमाओं तथा अलंकारों से युक्त चित्र बनाना।

वास्तव में सादृश्य का मूल अर्थ यही है कि वस्तुओं को केवल देखकर ही नहीं, बल्कि समझकर और कल्पना कर, चित्र में स्थान देना चाहिये। देखना, समझना और कल्पना करना तीनों मिलकर जो रूप मन में उपस्थित करते हैं, उसी की अभिव्यक्ति वाह्य दृष्टिगत रेखा, रंग, रूप, आकार, प्रतिबिम्ब, बिम्ब या क्रियात्मक बिम्ब द्वारा उपस्थित करना ही सादृश्य है।

चित्र सूत्रम् में सादृश्य उपस्थित करने के अनेक उदाहरण बताये गये हैं, जैसे जानवर, नदी, पर्वत, समुद्र, वन, नगर, गाँव, बाज़ार, श्मशान, रात्रि, घर, वसन्त, ग्रीष्म, वर्षा, शरद, हेमन्त, शिशिर तथा नौ रसों इत्यादि का चित्रण उदाहरण सहित समझाया गया है।

वास्तव में सादृश्य उपस्थित करने का मूल प्रयास यही है कि चित्र आन्तरिक भावों की अभिव्यक्ति करे जैसा कि पहले हम 'भिक्षापात्र' के चित्र का उदाहरण देते समय कर चुके हैं। यदि चित्रकार भिक्षा का पात्र चित्रित करना चाहता है तो उसे केवल देखकर चित्रित नहीं किया जा सकता। बिना व्यंग (सजेशन) के पात्र का भिक्षापन चित्रित नहीं किया जा सकता। व्यंग्य का अर्थ हम बता चुके हैं। व्यंग्य उपस्थित करने के लिये हमें प्रतीकों का सहारा लेना पड़ता है और व्यंग्य के द्वारा आन्तरिक भाव की अभिव्यक्ति होती है। सादृश्य का मूल तात्पर्य है भाव-सादृश्य अर्थात् भाव के अनुरूप चित्र बनाना या रूप उपस्थित करना। वस्तु का चित्रांकन करना भारतीय कला का उद्देश्य नहीं है, बल्कि वस्तु को इस रूप में परिवर्तित करके उपस्थित करना है कि वह आन्तरिक भाव की अभिव्यक्ति करने लगे। भाव और रस मिलकर संवेग उपस्थित करते हैं। संवेग उपस्थित करना आधुनिक कला की दृष्टि से भी उपयुक्त है। भाव-सादृश्य और रूप-सादृश्य दो अलग-अलग तरीके हैं। उन्नीसवीं सदी की अधिकांश यूरोपीय कला रूप-सादृश्य पर आधारित थी और प्राचीन भारतीय कला में हमेशा भाव-सादृश्य पर जोर दिया है। आधुनिक कला में आत्म अभिव्यक्तिवादी (एक्स्प्रेश्निस्ट कला) भाव-सादृश्य पर ही आधारित है। अंतर केवल इतना ही है कि वे अपने यहाँ के सामाजिक तथा प्राकृतिक रूपों के द्वारा भाव की अभिव्यक्ति करते हैं और प्राचीन भारतीय चित्रकारों ने अपने देश, काल, समाज, जीवन

तथा प्रकृति के रूपों के द्वारा आत्म अभिव्यक्ति की है। लेकिन मूलतः दोनों वृत्तियाँ एक सी ही हैं। भारतीय चित्रकार परम्परागत रूपों को चुनते थे और आधुनिक कलाकार आज के उपस्थित रूपों को चुनते हैं। आज की आधुनिक कला की अधिकतर शैलियाँ भाव प्रधान हैं, प्रतीकात्मक हैं और व्यंग के द्वारा आत्म अभिव्यक्ति करती हैं। केवल अरूप-वादी सूक्ष्म चित्रकला (ऐव्सट्रैक्ट आर्ट) प्रतीकों का सहारा नहीं लेती न उसमें आत्म अभि-व्यक्ति का उतना महत्व ही है। वे मौलिक आकारों की रचना या सृष्टि को ही महत्त्वपूर्ण समझते हैं। न तो वे कोई अभिव्यक्ति करना चाहते हैं न संदेश देना चाहते हैं।

चित्रकला और काव्य दोनों में सादृश्य का प्रयोग होता है। काव्य में सादृश्य का काम उपमा से चल जाता है, पर वही उपमायें चित्रकला में भी प्रयुक्त हो जायँ, यह आव-श्यक नहीं है। काव्य में यह आवश्यक नहीं होता, कि जिस वस्तु से उपमा दी जा रही है, वह उपमेय वस्तु के आकार से भी मिलती जुलती हो जैसे पुत्र को बुढ़ापे की लाठी साहित्य में कहा जा सकता है। यहाँ कवि सहारे के अर्थ में लाठी का प्रयोग कर रहा है। वृद्धा-वस्था में जैसे वृद्ध को लाठी का सहारा देती है वैसे ही पुत्र भी वृद्धावस्था का सहारा होता है। यहाँ लाठी और पुत्र के वाह्य रूप में कोई समता नहीं है। लाठी का रूप दूसरा होता है और पुत्र का रूप मानवीय आकार का होता है। यदि चित्रकार अपने चित्र में वृद्ध के हाथ में लाठी थमा कर चित्रित करे तो उसे देखकर कोई यह नहीं कहेगा कि यह वृद्ध का पुत्र है। इसी प्रकार यदि चित्र में वृद्ध को अपने पुत्र का सहारा लेकर चलते दिखाया जाय तो पुत्र को कोई लाठी नहीं देखेगा। अक्सर साहित्य और काव्य में रूप की दृष्टि से ऐसी ही बेतुकी उपमायें दी जाती हैं पर उनका भाव समझने में लोगों को कठिनाई नहीं होती, क्योंकि यह उपमायें प्रचलन के कारण सहज बन चुकी रहती हैं। चित्रकला में ऐसी उपमा से सादृश्य का कोई तालमेल नहीं है।

चित्रकला में सादृश्य या उपमा के लिये यह आवश्यक है कि उपमेय वस्तु और उपमान वस्तु के आकार एक दूसरे से मिलते जुलते हों, और ऐसा करने में भी बड़ी सतर्कता बरतनी पड़ती है। काव्य या साहित्य में युवती की चोटी की उपमा सर्प से दी जाती है। यहाँ दोनों में आकार की बहुत कुछ समता है, पर चित्र के लिये यह सादृश्य या उपमा भी बेकार है। चित्रकार अपने चित्र में युवती की चोटी की जगह सर्प नहीं चित्रित कर सकता। और यदि करता है तो उसे देखने वाले सर्प ही समझेंगे, चोटी नहीं। चित्रकार किसी चीज के प्राकृतिक रूप को दूसरी वस्तु मान कर चित्रित नहीं कर सकता। चित्रकार केवल इतना कर सकता है, कि चोटी को सर्प की भांति लहराता चित्रित करे, लेकिन रहेगी वह चोटी ही। अर्थात् चित्रकला में सादृश्य गुणों का होता है, न कि वस्तु का। शुक नासिका साहित्य में कहा जा सकता है, पर चित्र में हम नाक की जगह तोते की टोंट नहीं बना सकते। हम इतना ही कर सकते हैं कि नाक में कुछ वैसा ही घुमाव उपस्थित करें, जैसा तोते की टोंट में होता है। साहित्य में केले के खम्बों से जाँघों की उपमा दी जाती है। चित्र में हम जाँघों की जगह केले के खम्भे नहीं लगा सकते। केवल हम जाघों की बनावट उसी प्रकार के उतार चढ़ाव से बना सकते हैं जैसे केले के खम्भे में दिखाई पड़ता है। साहित्य में हम युवती के मुख की उपमा चाँद से देते हैं, पर चित्र में हम मुख की जगह चाँद नहीं

बना सकते, हां चाँद की तरह सलोनी सूरत बना सकते हैं अर्थात् चाँद को देखने पर जैसा सलोना प्रभाव हमारे मन पर पड़ता है वैसा ही प्रभाव हम युवती की मुखाकृति द्वारा भी उत्पन्न करने का प्रयास कर सकते हैं।

वर्णिका भंग

वर्णिका भंग का अर्थ है रंग विधान का ज्ञान तथा रंग-प्रयोग। प्रत्येक वस्तु का आकार होता है और प्रत्येक वस्तु का अलग-अलग रंग होता है। प्रकृति विविध आकारों तथा रंगों के कारण ही प्रतिलक्षित होती है। बहुत सी वस्तुओं का आकार एक दूसरे से मिलता जुलता है, यदि उनमें भिन्न-भिन्न रंग न हों, तो उन्हें अलग-अलग पहिचानना मुश्किल हो जाय। वस्तुओं को हम उनके आकार, स्वरूप या रंग से पहिचानते हैं। यदि विभिन्न वस्तुओं में केवल आकार ही होता, उनके अलग-अलग रंग न होते, तो कितनी नीरस हो जाती प्रकृति। इसी प्रकार यदि मानव को रंग का बोध न होता, तो उसे कितनी दिक्कत पड़ती, चीजों को पहिचानने में। चित्रकार के लिये तो रंग उसकी अभिव्यक्ति का मूल माध्यम ही है। यदि रंग का ज्ञान मानव को न प्राप्त हुआ होता, तो फिर, चित्रकला का जन्म ही क्यों होता? रंग का जीवन और कला दोनों में बहुत महत्त्व है। यही कारण है भारतीय शास्त्रों में रंग-ज्ञान पर बहुत महत्त्व दिया गया है। वैसे इस विषय पर 'चित्र सूत्रम्' में पर्याप्त प्रकाश नहीं पड़ता। मूल रंगों के नाम बताये गये हैं, रंग तैयार करने की विधियां बताई गई हैं, विभिन्न रंग तैयार करने के ढंग बताये गये हैं, पर रंग की उत्पत्ति के कारण पर व्याख्यायें नहीं मिलतीं, न ही यह बताया गया है, कि रंग भाव और रस की उत्पत्ति में किस प्रकार सहायक होते हैं। वैसे अन्य प्राचीन ग्रंथों में विविध स्थानों पर रंगों के महत्व पर भिन्न-भिन्न रूप में प्रकाश डाला गया है।

वर्णिकाभंग का एक दूसरा भी अर्थ हो सकता है। वर्ण माने रंग और वर्णिका का अर्थ तूलिका भी हो सकता है। भंग माने भंगिमा होता है। वर्णिका-भंग का अर्थ है तूलिका की भंगिमा। यहां तूलिका की भंगिमा का अर्थ है, तूलिका को विभिन्न रूप से चलाकर या उसकी विभिन्न भंगिमाओं से, चित्र के रूप में विभिन्न प्रकार की आकृतियां बनाना। वर्णिका भंग को हम तूलिका-प्रयोग या तूलिका-प्रवाह भी कह सकते हैं। तूलिका का उचित प्रयोग ही वर्णिका भंग है। रंग सम्मिश्रण को भी हम वर्णिका भंग कह सकते हैं। तूलिका प्रवाह पर सिद्धि पाने को भी वर्णिका भंग कहा जा सकता है। तूलिका का स्वाभाविकता तथा आत्मविश्वास के साथ प्रयोग करना वर्णिका-भंग का ही कार्य है।

यदि 'षडंग' के विभिन्न अंगों पर विचार किया जाय तो वर्णिका-भंग सबसे महत्त्व-पूर्ण स्थान प्राप्त करता है, क्योंकि रूप, प्रमाण, भाव, लावण्य, योजना, सादृश्य सभी का आधार वर्ण या वर्णिकाभंग है। वर्ण या रंग का यदि हमें पूर्ण ज्ञान न हो या तूलिका प्रयोग में हम निपुण न हों, तो षडंग के अन्य अंगों की अभिव्यक्ति हो ही नहीं सकती। वर्ण या रंग से ही रूप चित्रित किया जाता है। प्रमाण ज्ञान में रंग भी सहायक है। भाव की अभिव्यक्ति में तो रंग का प्रमुख हाथ रहता ही है। सादृश्य उपस्थित करने के लिये भी रंग का पूर्ण ज्ञान और उचित प्रयोग बहुत ही आवश्यक है।

सादृश्य तथा भाव की दृष्टि से रंग प्रयोग या वर्णिका भंग अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है। रूप-सादृश्य उपस्थित करने में ज्ञान तथा रंग का प्रयोग अति आवश्यक है, पर भाव सादृश्य उपस्थित करने में यह कहीं अधिक महत्त्वपूर्ण हैं। भाव की अभिव्यक्ति से कला में रस उत्पन्न होता है और रस की अभिव्यक्ति पूर्ण रूप से रंग-प्रयोग तथा रंग-ज्ञान पर आधारित है। रस की दृष्टि से रंगों का अध्ययन करना कलाकार के लिये बहुत जरूरी है। रंग ही मूल माध्यम है रस की उत्पत्ति का। यदि चित्र में कोई जाना पहिचाना रूप या आकार न भी चित्रित किया जाय केवल विभिन्न रंगों तथा रंगतों को भाव तथा रस के अनुसार प्रवाहित किया जाय तो रंग स्वरों के संयोजन राग-रागनियों की भांति रस की अभिव्यक्ति करने में समर्थ होते हैं। यही कारण है कि प्राचीन कला में हर देवी देवता के शरीर को विभिन्न रंग या रंगत के द्वारा प्रस्तुत किया जाता था जैसे कृष्ण तथा राम का रंग नीला, शिव का सफेद, गणेश का लाल इत्यादि। यहाँ रंग इन देवताओं की प्रकृति तथा मूल भाव या रस के द्योतक ही हैं।

भारतीय चित्रकला में भाव तथा रस की उत्पत्ति के लिये छन्द, लय, गति या प्रवाह को सदैव प्रमुख माध्यम माना गया है। वर्णिकाभंग अर्थात् तूलिका-प्रयोग रस-उत्पत्ति के लिये, लय या प्रवाह उत्पन्न करने में बहुत ही महत्त्वपूर्ण हैं। जो कलाकार जितनी ही स्वाभाविकता से प्रवाह के साथ पट पर अपनी तूलिका चला सकता है उसका चित्र उतना ही लयमय तथा रसमय हो उठता है। तूलिका प्रयोग का अद्भुत कौशल हमें अजन्ता की कला में देखने को मिलता है।

वर्णिका भंग में प्रवीणता चित्रकार के लिये सबसे पहली और आखिरी शर्त है। इसमें पूर्णरूप से निपुण हुए बिना चित्रकार उत्तम कला का निर्माण कदापि नहीं कर सकता। भाव तथा रस की अभिव्यक्ति की दृष्टि से रंगों के महत्त्व पर मैंने अपनी पुस्तक 'कला और आधुनिक प्रवृत्तियां' तथा 'चित्रकला का रसास्वादन' में समुचित विवेचन प्रस्तुत किया है।

BUDDHISM AND CHRISTIANITY

ARCHIE. J. BAHM

Professor of Philosophy, University of New Mexico, Albuquerque, and Visiting Fulbright Research Professor, Banaras Hindu University

Without doubt, the two greatest religious traditions which attribute their origin to particular founders are Buddhism and Christianity. The names of Gautama, the Buddha, and Jesus, the Christ, are probably the best-known names in the history of the religions of mankind. Since Christian thought has permeated and dominated Western civilization throughout the centuries, and since Buddhist thought not only arose out of Indian views but also penetrated and modified Chinese, Japanese and, indeed, all Asiatic thought, one can understand neither Eastern nor Western civilizations, nor their fundamental differences, without having some insight into the central ideals and history of these two great religions.

My task today consists in trying to summarize and compare these central ideals and to note their complementary character in promoting the welfare of mankind. Comparison involves attention to both similarities and differences. Although differences may prove to be more interesting, similarities, which are equally significant, need to be recognized and appreciated according to their worth. Similarities will be treated first and then differences, with some more obvious and less obvious traits being noted in each case.

Similarities

Both Buddhism and Christianity are very old and enduring, having lasted already for about two millenia. Both grew out of earlier, long-in-developing traditions. Both arose, not as revolts against, but as revolts within their civilizations. Both have become widespread, have a complex history of successes

and failures, conquests and persecutions, and divisions into many sects with their differing philosophical explanations. Each has mingled with local political, religious, geographical and cultural conditions in multifarious ways. Each was inspired by a single, simple but profound, sincere, powerful personality and each originally centered about a clear and compelling principle which all who heard and understood had to accept. Each depended for its preservation upon a body of followers who were organized in monastic orders to memorize and promote its doctrines. Each progressively deified its founder and attributed its teachings, both early and late, to divine revelation. Each not only prospered by means of its monastic system, but also suffered naturally from the onset of formalization, with accompanying tendencies toward sterilization, degeneration, grat and disintegration. But both also found champions which revived and rejuvenated them from time to time. Both suffered distortions of, and a partial smothering of, the original teachings as a consequence of such formalization and rejuvenation, to say nothing of difficulties naturallyinherent in transmission, translation and interpretations needed in teaching.

Both came to be plagued not only by uncertainties about history and paradoxes in doctrine but also by sectarian conflicts which have tended to diminish effectiveness in attracting new adherents. Both have become shaped into two major divisions, Hīnayāna and Mahāyāna Buddhism and Catholic and Protestant Christianity. When, later each has met the other, each resisted amalgamation ; and their encounters have yielded both considerable misunderstanding and mistrust. Yet also each has begun to have some influence upon the other. Shin Buddhism, for example, has adopted doctrines of love and grace and a familiar paradise more characteristic of Christianity. Christian Science has adopted ideals of the unreality of evil and matter more typical of Vijñānavāda. Both, starting with discoveries by their teachers that the goal of life can be realized here and now "in this very life", were made to serve popular interests in magical supernaturalism, but both have returned, for time

to serve this worldly needs. Recent Humanistic forms may be found in Zen and Unitarianism.

Other similarities may not be so obvious. Both have been able to provide a way to salvation, to confident living, to feeling that one has realized the goal of life. Despite the fact that the adherents of each have tended to reject the views and practices of the other—the more narrow the commitment the more persistent the rejection—each has served religious needs with a large measure of satisfaction. Both are alike. I shall further contend in that each has something of humanistic value to contribute to the other ; or, to put the matter differently, both have something fundamental to contribute to human insight into the nature of happiness. That is, both are alike in that each can supplement the other in its service to mankind.

Differences :

Among the more obvious differences, we may recall that Buddhism is older than Christianity by half a millenium, that Christianity has flourished in and dominated Western civilization with its conflicting Greek and Hebrew traditions while Buddhism has permeated two of the world's great civilizations, the Hindu and the Chinese, becoming one of the "three truths of China" in competition with indigenous Taoism and Confucianism. Geographically, Christianity has prevailed in Europe and the Americas whereas Buddhism has spread throughout South-East Asia, China and Japan. Christianity has been molded by and has in turn modified, the European languages, while Buddhism has shaped, and in turn been shaped by the idioms typical of Sanskrit and Pali and Chinese and Japanese languages. Except for popular deifications, Buddhist doctrine has remained primarily atheistic, whereas Christianity has perplexed its people and theologians with a trinitarian type of monotheism. Buddhism has emphasized the impermanence and thus unreality of the individual soul, together, paradoxically, with reincarnation, whereas Christianity orthodoxly asserts both the eternality of the soul and, perhaps equally paradoxically, only a single short temporal life.

Not so obvious to most are the ways in which Buddhist and Christian doctrines and practices are products of their respective cultural traditions. Christianity arose late in Hebrew history and Jesus, the Jew, came not to set aside but to "fulfil the law and the prophets". Hebraic conceptions of the nature of God and man center about "will". God's will is supremely powerful, for by it he created the world ("Let there be light", and there was light) and men. Men were created as free wills; and sin consisted in willing to go against the will of God. "Will", as a comprehensive metaphysical term, includes desiring, longing, hoping, yearning, hating, fearing and loving. Jesus, though emphasizing love as against fear, reemphasized will: "Thy faith (will to believe) hath made thee whole". But Christianity survived and grew through the efforts of Paul, who wrote and spoke in Greek to Greeks. The great Greek philosophers, Plato and Aristotle, through numerous Patristics and Plotinus, contributed a second major source of Christian thought. Greek minds emphasized "reason" in all its forms, ratio, relationship, law, order, hierarchy, eternality and perfection. In the mind of Augustine, Christian theology took its permanent form. Ingeniously he reconciled irrational will and willess reason by making them identical in God, as perfect, but differeing in man, as imperfect. The perpetual emphasis upon the ultimacy of both will and reason has both given Western civilization, and Christian theology, its most characteristic traits, as compared with Buddhism and Oriental civilizations. These two traits require some elaboration.

Will, when idealized as something ultimate, contributes to the idealization of free will and of freedom conceived in terms of doing what one wills to do. Hence desired activity, self-assertion, and self-expression are approved. Willing entails ideals of influencing or determining what will be, and thus provides Western mentality with an aggressive character. Man should exercize dominion over the earth, and change it to suit the heart's desire. Ideals of progress, meaning that the future will be better than the present, are a natural consequence.

Thus one ought to try to improve himself, improve others, improve the world.

Reason, when idealized as some thing ultimate, begets ideals of orderliness in the universe, in society, in man, and in God. Existence is structured in forms and by laws. Knowledge of these laws is possible. Hence, one should seek knowledge of these laws. Logic and the ologies (sciences), including theology, result. Laws are hidden behind sensuous appearances, so the Western mind becomes realistic. Reality lies behind appearances, thus outside the self. If God is that which is most real, then he must be not only beyond the self but outside the world of appearances. Science abstracts universals or laws with the help of theories involving speculation about possibilities. Possibilities (at least in Leibniz) come to be regarded as prior to actualities, and theoretical science (in contemporary "pure" sciences) as more revelatory of truth than the practical or engineering sciences.

Western civilization is not without its serious problems, constituting a kind of intellectual indigestion, as a consequence of having both will and reason as ultimates. Science, seeking to be "objective", falsely infers that it must therefore abhor the "subjective", and, locating values subjectively, falsely concludes that science is at its best when it is completely value-free. The freedom-determinism controversy perpetually plagues Western minds, for it can neither surrender its ideals of rationality, which imply determinsm, nor its ideals of the ultimacy of will, which presupose freedom. The history of Christianity is interwoven with controversies about this problem.

But I must hasten to point out Oriental contrasts to these two Western ideals. Whereas Western will manifests itself as willfulness, Orientals tend to idealize either the total absence of desire or will (*nishkama yoga*) or of willingness, submissiveness to circumstances, or "non-attachment". Orientals idealize passivity, both within self (*mukti*), between selves (*ahimsa*), and in ultimate reality (*nirvana, śunya*). Thus one should accept himself and others as they really are, looking

inward for such reality, and being conservative in the sense that what is is good and futurity can only bring us to another presence which in its turn must be accepted also as good in itself. Enjoyment of intrinsic value, inherent within self, is idealized above concern for instrumental values, or means to other ends, which entail us in gadgets, machines, tools, and thus tend to force a soul which is good in itself into subservience to material means to external ends.

Reason, which presupposes structure, including things and their external relations, apprehands things indirectly, through inference. Intuition, on the other hand, consists in direct apprehension. Although both intuition and reason are essential ingredients in human knowing, Orientals have idealized intuitive knowing whereas Westerners worship reason. Orientals not only seek ultimate reality subjectively but find that here alone can they attain the surest insight into it through self-intuition. Science which depends upon the senses (*indriyas*) can yield only illusion (*avidyā*). Furthermore, science, as analytic, seeks knowledge of things by disecting them into their ultimate or atomic parts. But self is indivisible and hence unanalyzable, and the universal self likewise is indivisible and unanalyzable. Ultimate reality (*nirguṇa brahman* or *śunya*) not only is indescriable in analytical terms but it contains no parts, hence no matter, no law, and no time. It permits no external relatedness, and hence is not different from anything. Anything else which partakes of ultimate reality must thus sare in this total non-difference. Hence the true knower is not a scientist who seeks multiplicities of different parts and of different laws but a yogic seer who intuits ultimate reality existing within everything, hence within himself.

Contrasting West and East, we note that whereas in Augustine's ultimate reality, God, reason and will (desire) are identical, in Hindu and Buddhist ultimate reality, *Nirguṇa Brahman* and *śunya*, everything, including willingness or desirelessness and intuition are non-different. It is true that willfulness and rational inference come to be thought of as non-

different from that in which willingness and intuition are non-different; but this non-difference implies that both reason, with its different laws, and will, with its many different desires, are, as different from each other, ultimately unreal. Hence, so far as typical ideals are concerned, even of not so much in actual practice, East and West are poles apart. These polar differences infect Buddhism and Christianity and throw considerable light upon both their different natures and upon why they have difficulty in coming to terms with each other.

Comparison of Buddhism and Christianity, which is the purpose of this article, may be summed up by examining the Hindu-Buddhist ideals of yoga, depicted in descriptions of the *arhat* and *bodhisattva*, and the Jewish-Christian ideals of love, depicted in the happy family. Jewish life was, and is, essentially familiar. By the time of Jesus, the Hebrew *Yahweh* (Jehovah) had been transformed from a "jealous god" into a "loving father". With Jesus, "God's will" became, almost exclucisvely, "God's love". Jesu's most characteristic pronouncement was that "God is love". Unhappiness exists whenever men compel each other, for then they fear and hate and kill each other. The ideal society is one in which men love each other even as a father, or mother, loves his her children. He forgives them even when they do not deserve forgiveness. He helps them graciously even when he can expect no help in return from them. And since he wants to help all of them to be happy, he wants them to love rather than hate and fear each other. Hence, God is pictured as the epitome of love, and love as the epitome of divinity. "Love ye one another". "Forgive your enemies". And above all, love God; but loving God means loving love, and if one really loves such love, he will embody it within himself through his loving others. Love is divine and one partakes of the ultimate in the way of divinity by surrendering all desire for justice and revenge and replacing it with that love which "casteth out fear". Whether one loves or not is a matter of his own free choice. The "Kingdom of heaven is at hand," if we will only emulate the Heavenly Father,

loving others so much that we are willing to forgive their trespasses against us "seventy times seven".

Jesus' ideals of love suffered eclipse as Christianity came under the sway of Greek ideals of the ultimacy of reason; and Hebraic ideals of justice and even wrath persisted in the Old Testament of the Christian Bible and in Paul's interpretation of Jesus' cosmic significance. Development of monastic orders providing opportunity for withdrawal from the world, and development of doctrines emphasizing utter devotion to preparation for life after death through dependence upon the services of a clerical hierarchy, never did banish ideals of love, but led to use of both as explanations for "seeking God", paying for the services of the Church, and maintaining social stability and personal self-restraint. Mediaeval sterility, corruption and excessive control led to the Reformation and Bible reading and personal conviction about the need to follow Jesus through loving others in everyday life. With the advent of the modern age, commerce, science, industrialization and urbanization created both new goods and evils and greater interdependence, and the socially-minded extended Jesus' ideals of a happy family into a "social gospel" advocating love to our urban neighbours, or fellow countrymen, and indeed all mankind, through economic assistance and political organizations designed to assure general economic welfare. (Laissez-faire capitalism's justification in terms of "the greatest good for the greatest number" and Marxist utopianism, which has been described as "a Christian heresy", cannot be fully understood apart from their sources in prevailing ideals rooted in Christian concern for love for all mankind.)

Hindu ideals focus in yoga, and *Karma* yoga, *bhakti* yoga, *jnana* yoga and *rāja* yoga, all involve *nishkama* yoga (desire for complete desirelessness) and end in *mukti*, freedom from desire, disturbance (*vritti*) and illusion. The other values recognized as important in ordinary life, *kama* (desire), *artha* (wealth) and *dharma* (duty), vanish completely in the ideal state, *nirvaṇa*. By the time of Gautama, or at least within the life of Gautama, Hindu ideals of *mukti* as freedom from desire

had become transformed into freedom from desire for what will not be obtained. (See my *Philosophy of the Buddha*, Rider and Co., 1958, Harper and Brothers, 1959, and Collierbooks, 1962). Freedom from desirousness (*tanha*) replaced freedom from desire (*chanda*) as the evil to be avoided. Thus *nirvaṇa* came to be interpreted as confident living "in this very life". But the monastic order of the Kashyappa bothers with which Gotama became associated, and which perpetuated and reinterpreted his teachings, retained ideas of *karma*, reincarnation and of *nivaṇa* and *mukti* as fully attainable only after death, in their ideal of the *arhat*. *Rāja* and *hatha* yogic practices, much like those later described by Patanjali (See my *Yoga; Union with the Ultimate*, Unger, 1958), were prescribed for monks seeking the goal of life. Although, as in Hindu tradition, a monk should first settle his social debts before seeking solitary salvation, no element of love is present in his conception of ultimate reality and value or of the goal of life. *Nibbana* is bliss, but it is an utterly amoral bliss.

Although the Mahāyāna *bodhisattva* ideal modified the Hinayāna *arhat* ideal by adding a "compassionate" dimension, such compassionateness was expected to manifest itself only after one had attained amoral *arhatship* and then to consist in aiding others on their way into that amoral condition also. Although *bodhisattva* ideals degenerated in popular practice into treating *bodhisattvas* wart-healing and womb-impregnating magicians, effective ideals of promoting general social welfare have become associated with Buddhist organizations only after competing with Western influences. Charity has always existed, but its justification has been explained in terms of personal accumulation of karmic merit and quicker entry into *bodhisattvaship* and *buddhahood*. Except in Amida-worshipping Shin and in Humanistic this-worldly Zen, Mahāyāna Buddhism has continued to idealize the ultimate goal as *mukti* and *nirvaṇa* as *śunya*, or total voidness of individual self-consciousness, not to mention voidance of all awareness of, including specific love of, other persons or other things.

To sum up and evaluate Buddhism and Christianity—a rash adventure for anyone acquainted with their huge and complex histories—Christianity depicts the goal of life as "heaven", whether "heaven above" or "heaven on earth", conceived in terms of a happy family in which the prevailing means and character is love, while Buddhism envisions the end of life as *nirvana* (*nibbana*) whether as *sunya* (*nirvana* beyond life) or as *jivanmukti* (*nirvana* in this very live), conceived as *mukti* or blissful individual freedom from all awareness except perhaps self-awareness or, more ultimately, pure awareness undefiled even by any trace of the individual self, in which the prevailing means and character is yoga, union with ultimate reality as perfect indefiniteness. Christian love involved active willing; Buddhist yoga idealizes passive desirelessness. Christianity advocates unselfishness; Buddhism advocates selflessness. So similar, and yet so different!

I must resist the temptation to evaluate Christianity as more interested in social welfare than Buddhism, because Western socialism is a product of humanistic revolts against Christianity and of materialistic science and technology and historical accidents as much as of Christian ideals of love, and because Buddhism has yet to prove itself under urbanized conditions. In some ways, socialism, including world-socialism, flows naturally from the ideal of a happy family; yet Christian countries have often idealized individualism. In some ways, socialism, including world-socialism, flows naturally from idealizing ultimate reality as a unity involving complete absence of difference; yet Buddhist countries have been slow to adopt effective social-welfare programs. Buddhism partakes of that Oriental spirit which expresses itself as "All religions are one"; Christianity has persisted in claiming exclusive knowledge of the truth. Christianity and Buddhism increasingly face each other in an "encounter", but they do not yet show significant signs of merging their efforts in a common attack upon the evils facing mankind.

My own conclusion is that both love (willful, forward-looking, progressive, ambitious) and yoga (willing, present-

enjoying, conservative, contented) are traits, and virtues, of human nature. Mankind impoverishes itself if it fails to profit from the achievements of both traditions. The task for the future is neither over emphasis upon the future (mania for progress) nor overemphasis upon the present (indifference to progress) but a judicious enjoyment of both. Both Christianity and Buddhism may become overshadowed by practical considerations resulting from science and technology. So long as "science" misclaims to be "value-free", it has no value philosophy to offer, and so men must depend upon the value philosophies of older traditions. But as scientific humanism formulates and spreads value ideals which prove to be widely acceptable, both Buddhism and Christianity, singly and together, face the prospect of diminution of their effectiveness as goal-inspiring guides for mankind.

———

सांख्यदर्शन

(क्रमागत)

पं० हीरावल्लभ शास्त्री

संस्कृत महाविद्यालय

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय

अब यह विचार करना है कि सांख्य शब्द का दर्शन शब्द से मेल होने पर संयुक्त "सांख्यदर्शन" पद का क्या अर्थ होता है। इस संयुक्त पद के अर्थ को बताने के पूर्व यह बताना आवश्यक है कि दर्शन शब्द का क्या अर्थ है। मेदिनी कोश का वचन है—"नेत्रे, स्वप्ने, बुद्धौ, धर्मे, दर्पणे, शास्त्रे च दर्शन शब्दः"; अर्थात् दर्शन शब्द नेत्र, स्वप्न, बुद्धि, धर्म, दर्पण और शास्त्र का वाचक है। किन्तु दर्शन शब्द के अनेक अर्थों में सांख्य शब्द के साथ संयुक्त दर्शन शब्द का शास्त्र अर्थ लेना ही युक्ति संगत है। कारण कि "दर्शन शब्द" "दृश्यते भेदेन उपलक्ष्यते सत्वं पुरुषश्च येन तत् दर्शनम्" एवं "दृश्यते यथार्थतया ज्ञायते पदार्थोऽनेनेति दर्शनम्" (करणे ल्युट्) इस व्युत्पत्ति से सिद्ध होकर यही अर्थ प्रकट करता है कि जिससे सत्त्व (बुद्धि रूप जड़ पदार्थ) आत्मा (चेतन तत्त्व) का भेद ज्ञान हो, किंवा वास्तविक रूप से पदार्थ का ज्ञान जिससे हो उसे दर्शन कहते हैं। इस प्रकार का जड़ और चेतन तत्त्वों का भेदज्ञान या तात्त्विक ज्ञान शास्त्र से ही होता है। अतः शास्त्र को दर्शन शब्द से अभिहित किया जाता है। इस प्रकार असमस्त (पृथक्-पृथक्) सांख्य और दर्शन शब्द प्रायः समानार्थक ही हैं किन्तु समास दशा में सांख्य पदार्थ के साथ दर्शन पदार्थ विशेष्य भाव को प्राप्त होता है और "सांख्यदर्शन" इस समस्त पद से उस शास्त्र का ग्रहण किया जाता है जो प्रकृति प्रभृति २४ जड़ वर्ग से भिन्नतया आत्मतत्त्व का कथन, (विवेक ज्ञानरूपीतत्त्वज्ञान) प्रकृति पदार्थ तथा तत्त्वों की संख्या का प्रतिपादन करता है।

यद्यपि अंशतः केवल यौगिक अर्थ को लेकर उक्त परिभाषा वैशेषिकादि अन्य दर्शनों में भी घट जाती है, क्योंकि वे भी तत्त्वों का ज्ञान और उनकी संख्या का निर्देश करते हैं तथापि सर्व प्रथम इस प्रकार का दार्शनिक विचार महर्षि कपिल द्वारा प्रकट होने के कारण योगरूढ़ि का आश्रयण कर कपिल मुनि प्रणीत दर्शन का ही नाम सांख्यदर्शन पड़ा। न्याय वैशेषिकादि शास्त्रों की अपेक्षा कपिल शास्त्र का नाम "सांख्य" इसलिए पड़ा कि सांख्य शब्द का जो वास्तविक अर्थ (सम्यग्विवेकेनात्मकथनम्) है यह न्याय वैशेषिकादि शास्त्रों में नहीं घटता। क्योंकि वे दर्शन (न्यायादि) इन्द्रियादि अनात्म पदार्थों से आत्मा को पृथक् सिद्ध तो अवश्य करते हैं किंतु सुख, दुःख धर्म, अधर्म, इच्छा, द्वेष, काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद, मात्सर्य, भोक्तृत्व, कर्तृत्वादि अनेक अनात्म धर्मों से आत्मा असंग है, ये आत्मा के धर्म नहीं हैं ऐसा नहीं मानते। ये सब आत्मा के ही धर्म हैं ऐसी उनकी स्वीकृति है। इसके विपरीत कपिल महामुनि का आत्मा के विषय में यह उपदेश है कि आत्मा सुखादि धर्मों से रहित है, निर्लेप है, नित्य शुद्ध बुद्ध मुक्त है, वह ज्ञान रूप ही है। ज्ञान (चेतन) वाला नहीं है अर्थात् नित्य ज्ञान स्वरूप है, ज्ञानवान् नहीं।

यद्यपि सांख्यों ने भी "संघातपरार्थत्वात्" कारिका में पुरुष को भोक्ता माना है तथापि पुरुष (आत्मा) में वह भोक्तृत्व भी वास्तविक नहीं है किंतु बुद्धिनिष्ठ भोक्तृत्व का आरोप मात्र है क्योंकि सांख्यनय में तात्त्विक भोक्तृत्व बुद्धि को ही है। यह बात "बध्यते मुच्यते च नानाश्रया प्रकृतिः" कारिका में स्पष्ट कर दी गई है। इस प्रकार के विवेक ज्ञान का प्रतिपादक होने से भी कपिल प्रणीत शास्त्र सांख्यदर्शन नाम से कहा जाता है। कणादादि महर्षियों ने तो सांख्यों के अभिमत पञ्चतन्मात्ररूप परमाणुओं से लेकर सृष्टि या तत्वों का विचार किया है, श्रुति स्मृतीतिहास पुराण प्रसिद्ध प्रकृति, महद् और अहंकार तत्वों पर विचार नहीं किया है। यहाँ हमने पञ्चतन्मात्राओं को परमाणु स्वरूप केवल समझाने के लिए कहा है। वस्तुतः सांख्यदर्शन के अनुसार पञ्चतन्मात्राएँ परमाणु से भी सूक्ष्म हैं। इस प्रकार तत्वों की संख्या न करने से भी उनके दर्शन सांख्य शब्द से व्यवहृत न हो सके इत्यादि विचारों के अनुसार योगरूढ़ि का आश्रयण कर कपिल प्रणीत शास्त्र ही सांख्यदर्शन नाम से कहा जाता है। यहाँ तक सांख्य और दर्शन शब्द के व्यस्त और समस्त स्थितियों में अर्थ का संक्षिप्त वर्णन कर अब इस दर्शन की प्राचीनता के विषय में भी विचार करना उपयुक्त होगा।

सांख्य के प्रवर्तक आचार्य कपिल और सांख्यदर्शन की प्राचीनता का विचार

श्रीमद्भागवत के प्रथम स्कन्ध के तीसरे अध्याय में, जहाँ पर अवतारों की गणना की गई है, आया है कि भगवान् के पाँचवें अवतार सिद्धों में प्रधान कपिल ने अपने शिष्य आसुरि को उस सांख्यशास्त्र का उपदेश दिया जिसमें तत्त्व समूहों का निर्णय है, जो कालवश लुप्त था—

पञ्चमः कपिलो नाम सिद्धेशः कालविप्लुतम्।
प्रोवाचासुरये सांख्यं तत्त्वग्रामविनिर्णयम्॥

यहाँ पर "कालविप्लुतम्" इस पद से प्रकट है कि कपिल मुनि के पहले ही से सांख्यशास्त्र विद्यमान था, कपिल मुनि ने उस लुप्त सांख्यशास्त्र का पुनरुद्धार किया। काल विलुप्त सांख्यशास्त्र का उद्धार सर्व प्रथम कपिल मुनि के द्वारा ही सांख्य के तत्वों के उपदेश के प्रवचन और सूत्रात्मक ग्रन्थ निर्माण के रूप में हुआ। इस कारण उन्हें सांख्य का प्रवर्तक आचार्य या सांख्यशास्त्र का प्रणेता कहा जाता है। महाभारत, हरिवंश, पुराणादि ग्रन्थों के परिशीलन से ज्ञात होता है कि विष्णु (सनात् सनातनतमः कपिलः कपिरव्ययः); शिव (कपिलः कपिशः शम्भुः); नाग (शंखश्च शंखपालश्च कपिलौ वामनस्तथा); दानव (अयोमुखः शंबरश्च कपिलो वामनस्तथा) और मुनि (सिद्धानां कपिलौ मुनिः)—ये पाँच व्यक्ति विशेष कपिल शब्द से कहे जाते हैं। वायुपुराण में गन्धर्वादि भी कपिल नाम से कहे गए हैं। इनमें प्रथम दो व्यक्ति तो प्रसिद्ध विष्णु और शिव देवता हैं अतिरिक्त तीन कपिल दानवादि जातियों में व्यक्ति विशेष हैं। इन पाँच कपिलों में से सांख्यशास्त्र के द्रष्टा व उपदेष्टा कौन कपिल हैं? इस आशंका का निराकरण करने के लिए ही तत्त्वकौमुदीकार वाचस्पतिमिश्र ने सांख्यतत्त्व कौमुदी के मंगलाचरण में 'कपिलाय महामुनये' इस प्रकार स्मरण कर यह दर्शाया है कि महामुनि विशेष कपिल ही सांख्यशास्त्र के प्रवर्तक आचार्य हैं, अन्य कपिल नहीं। श्रीमद्-

भागवतादि पुराण ग्रन्थों में सांख्यशास्त्र के उपदेष्टा कपिल मुनि का इतिवृत इस प्रकार पाया जाता है—"कपिल चौदह मनुओं में आदि स्वायम्भुव मनु के दौहित्र (नाती) थे। आदि स्वायम्भुव मनु की देवहूति नाम की कन्या थी। मनु ने उसका विवाह प्रजापति कार्दम ऋषि के साथ किया। देवहूति ने अनन्य भाव से दीर्घकाल तक पति की सेवा की। उनकी प्रसन्नता और आशीर्वाद के कारण नौ कन्याओं के जन्म के अनन्तर कपिल रूप से ही भगवान् देवहूति के गर्भ में अवतरित हुए। ये नारायण के अंशावतार थे। जन्म से ज्ञानी व सिद्ध थे—

तस्यां बहुतिथे काले भगवान् मधुसूदनः ।
कार्दमं वीर्यमापन्नो जज्ञेऽग्निरिव दारुणि ॥

(भा० ३ स्क०, २४ अ०, ६ श्लोक)

इसके आगे के प्रकरण में इन्हीं कपिल के लिए आया है कि 'हे देवहूते ! सिद्ध गणों के ईश सर्वथामान्य सांख्याचार्य तुम्हारी कीर्ति को बढ़ाने वाला यह तुम्हारा पुत्र लोक में कपिल नाम को धारण करेगा'—

अयं सिद्ध गणाधीशः सांख्याचार्यैः सुसंमतः ।
लोके कपिल इत्याख्यां गता ते कीर्तिवर्द्धनः ॥

(भा० ३ स्कं०, २४ अ०, १९ श्लोक)

इन वचनों से सिद्ध है कि कपिल नाम के अनेक व्यक्तियों में सांख्य के प्रवर्तक वे कपिल हैं जो आदि स्वायम्भुव मनु के दौहित्र तथा विष्णु भगवान् के पञ्चम अंशावतार हैं। इन्हीं को सिद्ध गणाधीश कहा गया है। गीता में भी भगवान् कृष्ण ने इन्हीं को लक्ष्य कर—"सिद्धानां कपिलो मुनिः" ऐसा कहकर सिद्धों में अपने को कपिल रूप कहा है। सांख्यों की यह भी मान्यता है कि इन्हीं कपिल की चर्चा श्वेताश्वेतरोपनिषद् के पाँचवें अध्याय के—"ऋषिं प्रसूतिं कपिलम्" इस द्वितीय मन्त्र में भी आई है, किन्तु अद्वैत मतानुसार इस मंत्र में वर्णित कपिल ही सांख्य के प्रवर्तक हैं ऐसा स्पष्ट न होने के कारण मंत्र के भाष्य तथा व्याख्याकारों ने कपिल का अर्थ हिरण्यगर्भ किया है। फिर भी श्री शंकराचार्य ने यहाँ पर अपने भाष्य में "कनककपिलवर्णम्" इत्यादि अर्थान्तर को दिखाकर विकल्प रूप से कपिल शब्द का अर्थ सांख्य के प्रणेता कपिल माना है। आचार्य शंकर लिखते हैं—

"कपिलोऽग्रज इति पुराण वचनात् कपिलो हिरण्यगर्भोवा निर्दिश्यते"

"कपिलर्षिर्भगवतः सर्वभूतस्य वै किल ।
विष्णोरंशो जगन्मोहनाशाय समुपागतः ॥
कृते युगे परं ज्ञानं कपिलादिस्वरूपधृत् ।
ददाति सर्वभूतात्मा सर्वस्व जगतो हितम् ॥"
"सांख्यानां कपिलो देवो रुद्राणामसि शंकरः"

"इति परमार्थः प्रसिद्धः"। इन वचनों से सिद्ध है कि सांख्य के प्रवर्तक आचार्य कपिल मुनि अति प्राचीन हैं। महर्षि कपिल और उनके द्वारा प्रवर्तित सांख्य की प्राचीनता केवल भागवत पुराण से ही सिद्ध नहीं है प्रत्युत पुराणान्तर तथा महाभारतादि ग्रन्थों से भी सिद्ध है। देवीभागवत् के ८ वें स्कन्ध के तीसरे अध्याय के १४, १७, १८ श्लोकों में

आया है कि कर्दम-देवहूति से कपिल मुनि पैदा हुए। वे सांख्याचार्य कपिल समस्त लोक में प्रसिद्ध हुए। महायोगी भगवान् कपिल मुनि ने अपनी माता देवहूति को सर्व अविद्या की निवृत्ति करने वाले ज्ञान का उपदेश दिया। कपिल शास्त्र (सांख्य) अध्यात्म-ज्ञान का निश्चायक है, अशेष रूप से ध्यान का प्रतिपादक और सर्व प्रकार के अज्ञान का विनाशक है—

"देवहूत्यां च कपिलोऽसौच कर्दमात्" । १३ ।
"सांख्याचार्यः सर्वलोके विख्यातः कपिलो विभुः" । १४।
"कपिलोऽपि महायोगीभगवान् स्वाश्रमेस्थितः ।
देवहूत्यै परंज्ञानं सर्वाविद्यानिवर्तकम्" ॥ १७ ॥
"सविशेषं ध्यानयोगमध्यात्मज्ञान निश्चयम् ।
कापिलं शास्त्रमाख्यातं सर्वाज्ञान विनाशनम्" ॥ १८ ॥

इसी प्रकार कूर्मपुराण के उत्तरार्ध के ११ वें अध्याय में भी आया है कि कपिल ने जेगीषव्य और पञ्चशिख मुनि को परम तत्त्वज्ञान का उपदेश दिया—

'जेगीषव्याय कपिल स्तथा पञ्चशिखाय च ।'२९।

यहाँ पूर्व प्रकरण में तत्त्व ज्ञान का उपदेश दिया—

दत्तवानैश्वरंज्ञानम्

स्कन्धपुराण के वैष्णव खण्ड के १८वें अध्याय में भगवान् अवतार के प्रकरण में भगवान् कहते हैं मैं कर्दम प्रजापति से देवहूति में कपिल नाम से जन्म ग्रहण कर कालवशात् नष्ट हुए 'सांख्य' को संसार में प्रवर्तित करूँगा—

'कर्दमाद्देवहूत्याश्च भूत्वा थ कपिलाभिधः ।
प्रवर्तयिष्ये कालेन नष्टं सांख्यं विरागयुक् ॥' २४ ॥

वासुदेव के अवतार रूप ये कपिल आसुरि आदि अपने शिष्यों को सांख्य का उपदेश देकर उत्तर दिशा (हिमाचल प्रान्त) को तपस्या करने चले गए। ये दीर्घ जीवी थे। जब सगर के पुत्र अश्वमेध के घोड़े को ढूँढ़ते २ इनके आश्रम में पहुँचे तो उनके उपद्रव से इनका ध्यान भग्न हुआ। इनके तीक्ष्ण तपः प्रभाव से वे सब भस्म हो गए। वाल्मीकि रामायण में स्पष्ट ही कपिल को विष्णु का अवतार वासुदेव पद से स्वीकार किया है—

'ददृशुः कपिलं तत्र वासुदेवं सनातनम् ।' वा० रा० बा० का० २५ ।

इस श्लोक की गोविन्द राजीय टीका में स्पष्ट लिखा है ये कपिल दूसरे कपिल नहीं थे। कपिल अवतार थे—'कपिलं कपिलावतारम् ।' इस श्लोक की रामाभिरामी टीका में लिखा है कि नित्य सिद्ध कपिल रूपधारी वासुदेव को देखा—

'सनातनं नित्यसिद्धं कपिलं कपिलरूपवन्तं वासुदेवं ददृशुः ।

वाल्मीकि रामायण में वर्णित ये कपिल और पुराणों में वर्णित सांख्य के उपदेष्टा विष्णु के अवतार कपिल एक ही व्यक्ति हैं, यह बात भी पुराण और वाल्मीकि रामायण के समन्वय करने से सिद्ध हो जाती है। वाल्मीकि रामायण के उक्त प्रकरण

से ज्ञात होता है कि सगर पुत्रों के घोड़े के अन्वेषण के समय कपिल मुनि उत्तर दिशा के किसी हिममय प्रान्त में तप कर रहे थे।

'खनन्तः समुपाक्रान्ता दिशं हैमवतीं तदा।' वा० रा०, बा० ४० सर्ग। २१।

रामा० तिलक टीका—**'खनन्तस्ते सर्वे षष्टिः पुत्र सहस्राणि सागराः हैमवतीं हिमवत्सम्बन्धिनीमुत्तरांदिशं समुपाक्रान्ताः प्राप्ताः।"**

अर्थात् पृथिवी को खोदते हुए वे सगर के साठ हजार पुत्र हिमावली उत्तर दिशा पहुँचे।

देवीभागवत में कपिल की स्तुति का वर्णन करते हुए लिखा है कि कपिल मुनि अपने शिष्यों को सांख्य का उपदेश देकर पुलहाश्रम चले गए। वे सांख्याचार्य महाशय आज भी वर्तमान हैं। जिस कपिल के नाम स्मरण मात्र से ही सांख्य योग सिद्ध हो जाता है, उस योगाचार्य कपिल को मैं प्रणाम करता हूँ—

"उपदिश्य महायोगी स ययौ पुलहाश्रमम्।
अद्यापि वर्तते देवः सांख्याचार्यो महाशयः॥
यन्नाम स्मरणेनापि सांख्ययोगश्च सिद्धयति।
तं वन्दे कपिलं योगाचार्यं सर्ववरप्रदम्॥"

देवी भा०, उत्तरा० ८ स्क० ३ अ०।

शास्त्रीय प्रवल प्रमाणों के रहते हुए भी अद्वैत सम्प्रदाय के प्रमुख आचार्य श्री स्वामी शंकराचार्य जी विष्णु के अवतार रूप कपिल मुनि को सांख्यशास्त्र के प्रणेता नहीं मानते क्योंकि वे सांख्यशास्त्र के प्रणेता को इस प्रकार का महत्त्व देना नहीं चाहते जिससे कि सांख्यशास्त्र का भी महत्त्व वढ़ जाय। विज्ञानभिक्षु ने अपने प्रवचन भाष्य में उनका उद्धरण इस प्रकार दिया है—सांख्य के प्रणेता कपिल विष्णु के अवतार नहीं हैं, किन्तु अग्नि के अवतार-स्वरूप कोई दूसरे ही व्यक्ति कपिल हैं जिन्होंने सांख्यशास्त्र का उपदेश दिया। क्योंकि स्मृति में आया है कि अग्निदेव सांख्यशास्त्र के प्रवर्तक आचार्य हैं जिनका नाम कपिल है—

"सांख्य प्रणेता कपिलो न विष्णुः किन्त्वग्न्यवतारः कपिलान्तरम्।
अग्निः स कपिलो नाम सांख्यशास्त्र प्रवर्तकः।" इति स्मृतेः'

परन्तु श्री शंकराचार्य का यह सिद्धान्त सर्वमान्य नहीं है। उन्हें सांख्य सिद्धान्त का खण्डन करने में अत्यधिक श्रम करना पड़ा। श्रुति स्मृतीतिहास पुराण से समर्थित सांख्य सिद्धान्त की दृढ़ नींव को हिलाने के लिए उन्हें यह आवश्यक हो गया था कि सांख्य के प्रवर्तक कपिल को विष्णु के अवतार रूप में स्वीकार न किया जाय। आचार्य श्री शंकर के उक्त विचार का खण्डन करते हुए विज्ञानभिक्षु सांख्य प्रवचन भाष्य में लिखते हैं कि यह विचार केवल लोक व्यामोहन करने वाला है। स्मृतियों से विष्णु के अवतार देवहूति के पुत्र ही सांख्य के उपदेष्टा रूप से ज्ञात होते हैं। दो कपिलों की कल्पना करने में गौरव भी है। जहाँ पर स्मृति में कपिल नामधारी अग्नि को सांख्य का प्रवर्तक कहा है, वहाँ अपनी अग्नि शक्ति से आवेशयुक्त विष्णु ही अग्नि शब्द से कहे गए हैं, जैसे गीता में भगवान् कृष्ण कालशक्ति आवेशयुक्त होने के कारण ही अपने को "काल हूँ" ऐसा कहते हैं—

"तल्लोक व्यामोहन मात्रम्। एतन्मे जन्मलोकेस्मिन् मुमुक्षूणां दुराशयात्।" ...इत्यादि स्मृतिषु विष्णवतारस्य देवहूति पुत्रस्यैव सांख्योपदेष्टृत्वावगमात्। कपिलद्वयकल्पना गौरवाच्च। तत्र चाग्निशब्देऽग्न्याख्यशक्त्यावेशादेव प्रयुक्तः। यथा लोकेऽस्मिंल्लोकक्षय कृत् प्रवृद्धः–इति श्री कृष्ण वाक्ये काल शक्त्यावेशादेव काल शब्दः।'

सी० द० ६ अ०, ७० सूत्र प्रवचन भाष्य।

आधुनिक सांख्य व्याख्याकारों का कथन है कि भागवतादि पुराणों में वर्णित सांख्य के प्रवर्तक कपिल (देवहूति के पुत्र) के विरुद्ध—'अग्निः स कपिलो नाम सांख्यशास्त्र प्रवर्तकः' (महाभारत) यह स्मृति वाक्य कल्पनान्तरीय (वाराह कल्प से अन्य) कपिल के बारे में है। इस प्रकार सांख्यों द्वारा सांख्य के प्रवर्तक विष्णु के अवतार कपिल व्यक्ति के विषय में शंकर मत का निराकरण कर देवहूति के पुत्र कपिल ही सांख्य के प्रवर्तक आचार्य हैं, इस पक्ष में कोई भी दोष देखने में नहीं आता।

देवहूति के पुत्र विष्णु के अवतार कपिल ही सांख्य के प्रवर्तक आचार्य हैं अन्य कपिल नहीं, इसपर ऊपर विज्ञानभिक्षु प्रभृति प्राचीन आचार्यों की सम्मति दिखा दी गई है। इसके अतिरिक्त भागवतादि पुराणों में स्पष्ट ही यह आया है कि भगवान् कर्दम प्रजापति को वर-दान देते समय कहते हैं कि 'हे मुने। मैं अपनी अंशकला से युक्त होकर तुम्हारी पत्नी देवहूति के गर्भ में जन्म लेकर तत्त्वसंहिता (सांख्यशास्त्र) का निर्माण करूँगा'—

सहाहं स्वांशकलया त्वद्वीर्येण महामुने।
तव क्षेत्रे देवहूत्यां प्रणेष्ये तत्त्वसंहिताम्॥

भा० ३ स्क०, २१ अ०, श्लोक

इस कथन के बाद अवतरित होकर भगवान् कपिल अपनी माता देवहूति से कहते हैं कि, हे मातः! आत्मदर्शन का यह सूक्ष्म मार्ग दीर्घ काल से नष्ट हो गया था उसी को पुनः प्रवर्त्तित करने के लिये मैंने यह देह धारण किया है। स्नेहयुक्त कपिल ने माता का अभिप्राय जानकर शरीर धारण कर सांख्य का उपदेश दिया—

'एष आत्मपथो व्यक्तो नष्टः कालेन भूयसा।
तं प्रवर्तयितुं देहमिमं विद्धि मया भृतम्॥'

भा० ३ स्क०, २४ अ० ३७ श्लोक

विदित्वार्थं कपिलो मातुरित्थं जात स्नेहो यत्र तन्वाभिजातम्।
तत्वाम्नायं यत्प्रवदन्ति सांख्यं प्रोवाच वै भक्ति वितान् योगम्॥

भा० ३स्क०, २५ अ०, ३१ श्लोक

इस प्रकार सांख्य के उपदेष्टा कपिल और उनसे उपदिष्ट सांख्य सिद्धान्त की प्राचीनता में विद्वानों का परस्पर वैमत्य न रहने पर भी वर्तमान 'षडध्यायात्मक सांख्यदर्शन' की प्राची-नता के विषय में बहुधा विवाद देखने में आता है।

वर्तमान षडध्यायात्मक सांख्यदर्शन और अर्वाचीन मत समीक्षा

इन विद्वानों में लगभग डेढ़ सौ वर्ष से अर्वाचीन पाश्चात्य प्रणाली से पोषित ऐतिह्य समालोचक प्राच्य-प्रतीच्य उभयविध विपश्चितों का कथन है कि 'सांख्य दर्शन का

उपलब्ध यह षडध्याय रूप सूत्रग्रन्थ (सांख्य दर्शन) कपिलकृत नहीं है नितान्त अर्वाचीन है। क्योंकि श्री शंकराचार्यादि भाष्यकारों तथा वाचस्पति प्रभृति टीकाकारों ने अपने भाष्यादि ग्रन्थों में सूत्रों को उद्धरण के रूप में न दिखाकर कारिका को ही दिखाया है। जैनों के प्राचीन ग्रन्थों में भी कारिका का ही उद्धरण देखने में आता है। माठर, गौड़पादाचार्य, वाचस्पति मिश्रादि सांख्य के व्याख्याताओं ने भी कारिका के ही ऊपर वृत्ति भाष्य और टीकायें की हैं। इन पाश्चात्य प्रथा के पथिक उभयविध विद्वानों के अतिरिक्त अत्यन्त निकट भूत और कतिपय वर्तमान संस्कृत के विद्वानों ने भी उसी पाश्चात्य प्रणाली के भक्तों के स्वर में स्वर मिलाकर उनकी ध्वनि को तार स्वर का रूप देने में संकोच नहीं किया। इनमें से प्रमाण और पर्यालोचन के विना ही कुछ एकाध मूर्धन्य मान्य मनीषियों ने यहाँ तक लिख मारा कि वर्तमान सांख्य सूत्र विज्ञानभिक्षु-कृत हैं। किसी ग्रन्थ या ग्रन्थकार के प्राचीन और नवीन होने में इन लोगों (पाश्चात्य शैली के अनुयायियों) का प्रबल प्रमाण एक मात्र यह युक्ति रहती है कि अमुक ग्रन्थ में अमुक व्यक्ति का नाम है और अमुक के सिद्धान्तों का उद्धरण है। अमुक में नहीं है। इसलिए कीर्तित और उद्धृत प्राचीन हैं। उद्धरणकर्ता व उसका ग्रन्थ उसके बाद का है। किन्तु ये युक्ति व तर्क प्राचीनता और नवीनता के एकान्त रूप से सर्वथा अव्यभिचारित निर्णायक नहीं है, प्रायिक हैं, कहीं पूरे रूप में लागू होते हैं कहीं अंशतः लागू होते हैं; अर्थात् किसी ग्रन्थ में ग्रन्थाकार की चर्चा न आने से वह ग्रन्थ (चर्चा न करने वाला) प्राचीन हो जाय जिसकी चर्चा न आई हो वह अर्वाचीन मान लिया जाय, यह नियम किसी के प्राचीनत्व और अर्वाचीनत्व का निश्चित निर्णायक नहीं बन सकता। इस अनेकान्तिक नियम का उदाहरण सांख्य के ही ग्रन्थों में देखा जा सकता है। जैसे कि सांख्य के सूत्रों पर अनिरुद्ध ने 'वृति' नाम की अपनी व्याख्या में कहीं पर भी सांख्य कारिका को उद्धृत नहीं किया है, नाम तक नहीं लिया है तो क्या कारिका ग्रन्थ अनिरुद्ध के बाद का कहा जा सकता है ? जब कि कारिका का निर्माण अनिरुद्ध से सैकड़ों वर्ष पूर्व हो चुका था। उसके ऊपर माठरवृत्ति आदि अनेक टीकाएं हो चुकी थीं।

पन्द्रहवीं शताब्दी के अद्वैत मार्ग के पोषक आचार्य अप्पयदीक्षित अपने ग्रन्थों में सर्वत्र सूत्र का ही उद्धरण करते है, तब तो पाश्चात्य प्रणाली के पोषक ऐतिहासिकों को अपने तर्कानुसार यह मानना पड़ेगा कि अप्पयदीक्षित के समय में कारिका ग्रन्थ नहीं था। उनके बाद ही उसका निर्माण हुआ क्योंकि उन्होंने सांख्य सूत्रों का उद्धरण दिया है प्रचलित और प्रामाणिक कारिका का नहीं। उक्त दृष्टान्त से मानना पड़ेगा कि ग्रन्थकार, भाष्यकार, टीकाकार आदि लेखक किसी ग्रन्थ का उद्धरण उसके प्रचार और अपने विभिन्न दृष्टिकोण के अनुसार करते हैं न कि उस विषय का सर्व प्राचीन ग्रन्थ मानकर। समान विषय के ग्रंथों में से किसी एक ग्रन्थ के उद्धरण या अनुद्धरण करने मात्र से ही उनमें परस्पर पौर्वापर्य का निश्चय नहीं किया जा सकता। यदि निश्चय किया जाय तो सांख्य कारिका और सांख्य सूत्र इन दो समान विषय के ग्रन्थों में से केवल सूत्र का ही उद्धरण करने के कारण कारिका ग्रन्थ अप्पयदीक्षित के बाद का मानना पड़ेगा क्योंकि अप्पयदीक्षित ने उसका उद्धरण नहीं किया। इससे सिद्ध है कि उद्धरण करने से केवल उसी ग्रन्थ के निर्माण का पौर्वापर्य का

निश्चय किया जा सकता है न कि उस विषय के सभी ग्रन्थों का। साथ ही ग्रन्थों के पौर्वापर्य से ग्रन्थ कर्ताओं के पौर्वापर्य का भी निर्णय नहीं किया जा सकता।

यह भी आवश्यक नहीं है कि समान विषयक ग्रन्थों में से अति प्राचीन ग्रन्थ के वाक्यों को ही उद्धृत किया जाय और अर्वाचीन में से न किया जाय एवं यह भी आवश्यक नहीं है कि समान विषय के सभी ग्रन्थों में से उदाहरण वाक्य लिए जाँय यह तो किसी भी लेखक के रुचि पर है कि वह समान विषय के प्राचीन व अर्वाचीन सभी ग्रन्थों से उद्धरण ले या किसी एक से ले।

जैसे अप्पयदीक्षित नें सांख्य सूत्रों को ही उदाहरण के रूप में लिया श्री शंकराचार्य ने केवल कारिका का ही उदाहरण दिया। इससे सिद्ध है कि भाष्यादि के लेखकों की जैसी रुचि होती है उसके अनुसार वे दूसरे ग्रन्थों के वाक्यों का उदाहरण देते हैं, किसी नियत सिद्धान्त के आधार पर नहीं। विभिन्न ग्रन्थों का लिखने वाला एक ही ग्रन्थकार अपने ग्रन्थों में विभिन्न लेखन शैली का अनुसरण करता है, इस कारण यह तर्क भी सांख्य सूत्रों को कारिका से अर्वाचीन सिद्ध करने में प्रमाण नहीं हो सकता कि "आचार्य शंकर ने जहाँ प्राचीन दर्शनों के उद्धरण में मूल सूत्र ग्रन्थ या प्राचीन ग्रन्थों के वाक्यों को ही लिया वहां सांख्य के विषय में सूत्र ग्रन्थ का उदाहरण न देकर सांख्य कारिका का ही उदाहरण दिया है इससे सिद्ध है कि कारिका ग्रन्थ प्राचीन हैं, सांख्य सूत्र ग्रन्थ (षडध्याय रूप सांख्यदर्शन) अर्वाचीन है इत्यादि।" स्वामी श्री शंकराचार्य ने अपने शारीरिक भाष्य में खण्डनार्थ परपक्ष को दिखाते समय उनके ग्रंथों से उद्धरण लेने में एक प्रकार की शैली को नहीं अपनाया हैं। वे कहीं पर मूल सूत्रों का ही उद्धरण देते हैं जैसे कि तर्कपाद के द्वितीय अध्याय द्वितीय पाद के ११ वें सूत्र से प्रारम्भ परमाणु कारण वाद के निराकरण प्रकरण में। कहीं पर वे प्रसिद्ध मूल सूत्र ग्रंथ का उल्लेख नहीं भी करते हैं जैसे वेदान्त सूत्र द्वितीय अध्याय के द्वितीय सूत्र (एतेन योगः प्रत्युक्तः) में योग के लक्षण के लिये उन्होंने प्रसिद्ध पातंजल योग दर्शन में कथित योग लक्षण का उद्धरण न देकर "अथ तत्व दर्शनोंपायों योगः" यह ग्रंथान्तर का उद्धरण दिया है। कहीं पर वे परपक्ष का केवल सिद्धान्त ही दिखाते हैं उसके मूल ग्रंथ का एक भी प्रमाण वाक्य उद्धृत नहीं करते। जैसे कि वेदान्त सूत्र २ अध्याय २ पाद के १८ वें सूत्र से ३२ व सूत्र तक खण्डन के लिए बौद्ध दर्शन के सभी प्रकार के सिद्धान्तों का उपन्यास करते हुये उन्होंने किसी भी बौद्ध दार्शनिक आचार्य और उनके वाक्यों का उद्धरण नहीं किया। उनके उद्धरण न करने से यह सिद्ध नहीं किया जा सकता कि बौद्ध दर्शन के वसुबन्धु, दिङ्नाग, नागार्जुन, धर्मकीर्त्ति आदि दार्शनिक आचार्य श्री शंकराचार्य के पहले नहीं हुये थे और उनका कोई ग्रन्थ नहीं था। जब कि वसुबन्धु आदि दार्शनिकों के रचे हुए अभिधर्म कोषादि बहुत से बौद्ध दर्शन के ग्रंथ आचार्य शंकर से सैकड़ों वर्ष पहले निर्मित हो चुके थे एवं वेदान्त सूत्र के २ अध्याय के द्वितीय पाद के ४२वें सूत्र से पाद की समाप्ति ४५वें सूत्र पर्यन्त भागवत मत का खण्डन करते हुए कहीं पर भी उन्होंने उक्त मत के वाक्यों को उद्धृत नहीं किया है केवल सिद्धान्त ही प्रतिपादित किया है, हाँ उस सम्प्रदाय के प्रवर्तक आचार्य शाण्डिल्य का एक बार नामोल्लेख कर दिया है। तो क्या मान लिया जाय कि भागवत सम्प्रदाय का कोई ग्रंथ श्री शंकराचार्य के पहले नहीं था? केवल सिद्धान्त ही

प्रचलित था ? यदि था तो पाश्चात्य विवेचकों के अनुसार उस ग्रंथ का उद्धरण उनके सिद्धान्त दर्शाते समय देना चाहिए। इन सब विचारों से यह नहीं कहा जा सकता है कि 'स्वामी शंकराचार्य ने सांख्य सूत्रों का उद्धरण न देकर कारिका के वचनों को उद्धृत किया तो सांख्य सूत्र उनके वाद के हैं।' वस्तुतः सांख्य सूत्र उनके पहले के हैं, कपिल कृत ही हैं। आचार्य श्री शंकर ने अपने भाष्य ग्रंथ में परमत प्रदर्शन के बारे में ऊपर निर्दिष्ट विभिन्न प्रणालियों का आश्रयण किया है, तदनुसार ही उन्होंने कारिका का उदाहरण दिया है सांख्य सूत्रों का नहीं, इसमें आश्चर्य की कोई बात नहीं। उदाहरण देने में सिलसिलेवार उन्होंने एक निश्चित प्रणाली का आश्रयण नहीं किया है। क्रमशः

———

VEDIC AND UPANIṢADIC MYSTICISM

K. P. S. CHOUDHARY

Research Scholar, Deptt. of Philosophy

Mysticism is the realisation of the ultimate unity in diversity; and in recognising unity in diversity, it does not discard the diversity. For it, the One is Many, and the Many are One[1]. From this realisation of the ultimate unity arises the conviction that all things are but manifestations of One. Mysticism does prove of inestimable service to and is regulative inspirer of religion. It has been frequently alleged that mysticism is the sworn foe of religious life, because the mystical state is the state of passivity. But it is forgotten that the 'wise passiveness' to which mystics have in all ages testified is not a mere passive emotion, but is a state of intense fruition in which they draw, from the fountainhead of their being, that life and light which has always to be commandeered for active service. From the standpoint of our little finitude or our sense of separateness, the mystic is passive, but from the higher point of view this passivity is the greatest activity as the individual will is transmitted into the universal Will. The individual only 'dies to live'—breaks through the crust of an insular existence only to find himself in union with all. "The great mystic is to be conceived as an individual being, capable of transcending the limitations imposed on the species by its material nature, thus continuing and extending the divine action. Such is our definition"[2].

The mystics are the saints, sages, ṛṣis or 'a special tribe of seers'. A ṛṣi is one who has been divinely endowed with wisdom

[1] This idea finds an expression in the Vālakhilya of the Ṛgveda (VIII.58.2): "eka evā'gnir bahudhā samiddha, ekaḥ sūryo viśvam anu prabhūtaḥ, ekai"vo' ṣāḥ sarvam idam vibhāty, ekam vā idam vi babhūva sarvam."

[2] Henri Bergson: *The Two Sources of Morality & Religion*, Anchor Books, N,Y, 1935, pp. 220-21.

and vision. The word ṛṣi is explained as 'ṛṣiḥ darśanāt'—he is a seer because he has a vision. He is a 'mantradraṣṭā. The truths of the ṛṣis are the products of mystical intuition and unifying vision (dṛṣṭi)[1]. "Religious persons have often, though not uniformly, professed to see truth in a special manner. That manner is known as mysticism[2]". The mystics are men of 'direct vision', in the words of Yāska, "sākṣāt-kṛta-dharmāṇaḥ", and the records of their experiences are the facts to be considered by any philosophy of religion. Mysticism is the intuitive perception or direct realisation of the essential unity of all things. A mystic perceives everything in one act of perception. Even Bertrand Russell regards 'belief in unity' as one of the essential characteristics of mysticism[3]. All creaturely existence is experienced as an unity, as All in One and One in All. God is felt to be in everything and everything to exist in God. There is a consciousness of the oneness of everything. A mystic is one who has lost all sense of separate individuality and lives as the Self of all.

Since the earliest days of the Ṛgvéda, a tradition of mystic knowledge (Madhuvidyā) has been orally handed down, from father to son or from teacher to disciple. This tradition prepared the way for the rise of the other types of mysticism that subsequently sprang up in the soil of India. Like the mystic Aśvasttha tree, with its root above and the branches below, the Vedic tradition stands at the very source of almost all forms of Hindu mystical and spiritual cults.

---

[1] Radhakrishnan writes in the *Brahma-Sūtra* (1960), pp. 109-10 : "A seer is one who wraps himself in the mantle of seclusion closes the avenues of communion with the outside world, not to renounce his powers of sight, hearing and speech but to open the inner eye to spiritual realities, capture the sounds that come from the world above the ordinary one and sing in silence the hymn of praise to the Supreme Being."

[2] William James : *The Varieties of Religious Experience*, 1961, p. 298.

[3] "One of the most convincing aspects of the mystic illumination is the apparent revelation of the oneness of all things, giving rise to pantheism in religion and to monism in philosophy."—Mysticism and Logic, 1959, p. 18.

The Vedic mysticism may be called sacrificial or ritualistic simply and precisely because sacrifice (Yajña) is the dominating trend of the Vedic period[1]. The literal meaning of 'sacrifice' (Yajña) is the offering of material objects or mental thoughts to the deity, for the sake of one's own evolution and the good of the world. In the Védas the sacrifice has a great mystical significance. The Vedic ritualism is connected with practically all the important ideas and institutions of that time. It is connected with Ṛta (Moral Order), Creation, Devayāna, Pitṛyāna and so on. The concept of Ṛta is very important in as much as the Ṛgvedic ritualistic mysticism is guided by it. The various deities of the Ṛgveda are unable to proceed with their work unless assisted by the Ṛta. The Vedic ṛṣis, in their deepest mystical experiences, realised that all the finite and everchanging diversities constituting the cosmic order have as their ultimate source and substratum one, infinite and self-revealing Truth (Satya), which is immanent in and transcendent to them all and harmonised and governed by one spiritual principle Ṛta. Ṛta is the Eternal Law[2]. It is a social law. It is the law of social rites. It reigns everywhere. Ṛta and Satya are spoken of by the Ṛgvedic mystics as being 'born in the beginning of things out of perfect spiritual ardour[3]'. As Satya upholds the earth, so does Ṛta uphold the heavens[4]. Ṛta is synonymous with Dharma as an ethical concept. Ṛta, like Satya, forms an essential part of the concept of Divinity. A god is 'Ṛtavam', a goddess 'Ṛtavarī'. As on the moral plane Ṛta leads to the

---

[1] In *Śatapatha Brahmana*, sacrifice (*Yajña*) is variously identified with Prajāpati (Prajāpatir Yajñaḥ—ŚB. I.1.1.13, 5.2.17; III.2.2.4), *Brahman*, (*Brahma Yañaḥ*, ŚB. III.1.4.15), *Puruṣa* (Puruso vai Yajñaḥ, ŚB. I.3.2.1 III.5.3.1) and almost all other important deities such as agni (Agnir Yajñaḥ, ŚB. II.2.2.7), *Indra* (Indro Yajñasya ātmā, ŚB. IX.5.1.33), *Viṣṇu* (Yajño vai Viṣṇuh, ŚB. I..1.2.23; III.2.1.38) and even with Ātman; (Ātmā vai Yajñaḥ, ŚB. IV.2.1.7).

[2] "ṛtasya dṛḷahā dharuṇani santi purūṇi candrā vapuṣe vapuinṣi ṛtena dīrgham iṣaṇanta pṛkṣa ṛtena gāva ṛtam ā viveśa"—*Ṛgveda* IV.23.9.

[3] *Ṛgveda* X.110.1.

[4] *Ṛgveda* X.85.1.

triumph of good over evil, so on the cosmic plane it leads to the triumph of light over darkness. It is said of Indra that—

> "He, shining caused to shine what shone not, by Law (Ṛta) he lighted up the dawns. He moves with steeds yoked by Eternal Order (Ṛta), making man happy by the chariot-nave that finds the light"[1].

The Vedic Ṛta corresponds to the Zorastrian 'Asa' and Chinese 'Tao' which also mean Truth and Right; and the right way of the order of the universe respectively. It again corresponds to the 'universals' of Plato. The world of experience is a shadow or reflection of the Ṛta. In Ṛgvedic sacrificial mysticism, Ṛta may be regarded as a fact of the universe binding men and gods together. The mystic conception of an unchanging reality is seen for the first time in the concept of Ṛta.

In Ṛgveda we find innumberable hymns indicating the various types of mysticism. In one of the most famous hymns (I. 162) we have the description of "Aśvamédha Yajña" (Horse-sacrifice). Yajña has a deep allegorical significance; for example in the Ṛgveda horse stands for knowledge. Dadhyac,[2] a ṛṣi, gives out the highest knowledge, the madhuvidyā, with a horse's head. The Aśvins, the possessors of the horses, are also possessors of the highest knowledge. We read in one of the hymns (IX.1) of the Atharva-Veda :

> "The Aśvins' Honey-whip was born from heaven and earth, from middle air, and ocean, and from fire and wind. All living creatures welcome it with joyful hearts, fraught with the store of Amrit it hath gathered up. They call thee earth's great strength in every form, they call thee too the ocean's genial seed. Whence comes the Honey-whip bestowing beauty, there Vital Spirit is, and Amrit treasured."[3]

---

[1] *Ṛgveda* VI.39.4 (A.C. Bose's Trans.).

[2] Dadhyac is described as having had the head of a horse given to him by the Aśvins which *Indra* had threatened to cut off if he disclosed to any the mystic madhuvidya which is the knowledge of the true nature of Sōma. Dadhyac imparted this to Aśvins; and Indra thereupon cut off his head. With the bones of his head, it is said, Indra made thunderbolt.

[3] Griffith : *The Hymns of the Atharva-Veda*, Lond. 1895, Vol. I, p. 427.

The Aśvamédha Yajña, we think, may be interpreted in this way. The Aśva (mind is likened to a horse) is Amedhaḥ (impure or unbroken) in its early stages. As it journeys forth onward and upward, it reaches higher and higher levels of consciousness. The journey, though arduous and hazardous in the beginning, reveals and rewards in the end. It represents a transition from a lower to a higher state. When it reaches the summit, it ceases to be Amedhah and becomes medha (pure). Aśva and medhaḥ-Aśvamedhaḥ becomes a purified and well trained friend of the Ātman. The Āśvamedha-Yajña, therefore, is the sacrifice of the impurity of mind. This great sacrifice is necessary if the glorious ending in God is the aim and ambition of a jīvātmā for the simple reason that without purity of mind, perfect placidity of mind is unattainable; without perfect placidity of mind, peace of mind cannot be had; and without peace (śānti), happiness is a far cry. But when the sacrifice (Yajña) is accomplished, the beautiful charger, i.e., mind lies slain; and then the greatest destiny, the greatest good, the supreme goal, i.e. the union of jīvātmā with Paramātmā is attained.

It was Agni, who under the authority of Varuṇa, for the first time performed sacrifice. The main purpose of performing the sacrifice was to establish a feeling of fellowship between gods and men. So we may say that Yajña is a means of communion between gods and men; it is a means of binding gods and men together. Mysticism is, we may point out here, a passion for establishing a feeling of creative comradeship or spiritual fellowship between gods and men. The essential feature of the ritualistic mysticism of the Vedas is to establish this fellowship.

The Vedic Yajña and the Gītā :

The Vedic rituals have not lost their importance in the Gītā, where yajña has been interpreted in the Vedic way. The Gītā does not, like Buddhism, reject the significance of the yajña. Sarifice is the very condition of life. All works should be regarded as yajña. The working of the whole world is in its true nature a yajña, with the Divine Being as the enjoyer of all works or sacri-

fice."......sacrifice is born from work, work from brahman, brahman from the Akshara and therefore the all-pervading Brahman, sarvagatam brahman, is established in the seacrifice"[1] The Gītā thus does not deny the validity of the Vedic rituals; it rather admits that by these means one may get earthly and heavenly advantages. But it interprets Yajña as the sacrifice of all the life's energies and activities, with deep spiritual devotion, without desire or attachment, for God's sake and for the sake of the world (lokasaṁgraha)[2]. In the Gītā (III.9) it has been explicitly stated that all actions except the actions done for the sake of sacrifice lead to bondage (Yajñarthāt karmaṇo' nyatra loko'yam karmabandhanaḥ). One has to scacrifice one's petty egoistic self for the attainment of the highest. Śaṅkara's interpretation of Yajña is this that to know the conditioned self as identical with unconditioned Brahman is to sacrifice the self in Brahman. This may in true sense be called the Daiva-Yajña (God-Sacrifice).

Types of Vedic Mysticism :

In the Vedas we find the seeds of various types of sacrificial mysticism; for example, Daiva-Yajña, Tapo-Yajña, Yoga-Yajña, Dravya-Yajña and so on. In the Daiva-Yajña, one has to sacrifice one's self for the knowledge of Brahman. In the Yajña of Tapas (Tapo-Yajña), the fire of restraint is lighted and the senses or sensuous pleasures are the offering. In other words, a right enjoyment of sense-objects is compared

---

[1] Sri Aurobindo : *Essays on the Gītā*, p. 157.

[2] Rāmānuja, commenting on the ninth verse of the third chapter of the *Gītā*, points out that one who performs the rituals without any desire or motive attains self-realisation. As he puts it, "yajñādisāstrīyakarmaśeṣabhūtād dravyārjanādeh karmaṇah anyatra ātmīyaprayojanaśeṣabhūte karmaṇi kriyamāṇe ayam lokaḥ karmabandhano bhavati, ataḥ tvam yajñādyartham dravyārjanādikam karma samācara ; tatra ātmaprayojanasādhanatayā yaḥ saṅgaḥ tasmāt saṅhāt muktaḥ san samācara.

evam muktasaṅgena yajñādyarthataya karmaṇi kriyamāṇo yajñādibhih karambhih ārādhitaḥ paramapuruṣaḥ asya anādikālapravṛttakarmavāsanām samucchidya avyākulātmāvalokanam dadāti ityarthaḥ."

to a sacrifice in which the objects are the offering and the senses the sacrificial fire. Tapo-Yajña is, in fact, the austerity of mystic's self-discipline. And in the Yajña of Yoga (Yoga-Yajña) like the prāṇāyāma of the Rājayogins and Haṭhayogins, the vital functions are the offering into the fire of self-control. Again, in the Dravya-Yajña, the glorious lusture of the blazing fire, the sweet perfume of the burnt butter (ghṛta), the cooked offering in the form of cake, the crushed soma-rasa and all other materials of Yajña had direct and purifying spiritual effects on the minds of the sacrificers. Sri Aurobindo interpreting the Vedic Yajña says, "The fire of sacrifice, agni, is no material flame, but brahmāgni, the fire of the Brahman, or it is the Brahmanward energy, inner Agni, priest of the sacrifice, into which the offering is poured, the fire is self-control or it is a purified sense-action or it is the vital energy in that discipline of the control of the vital being through the control of the breath which is common to Rājayoga and Haṭhayoga, or it is the fire of self-knowledge, the flame of the supreme sacrifice."[1]

Thus the various types of sacrifices like Daivya-Yajña, Tapo-Yajña, Yoga-Yajña, or Dravya-Yajña are the seeds of the various types of sacrificial mysticism found and used allegorically here and there in the Vedas; and all these lead to a way towards the attainment of the highest common goal, i.e., mystic realisation of 'Tad Ekam' or 'Ekam sat'. From all this it is clear that the Vedic Yajña has a very wide connotation. And if the wider import, as has been seen, of Yajña is taken, Yajña must be accepted as the central and cardinal thing in the discipline for higher mystical life.

After having discussed the Vedic mysticism, we deem it relevant now to understand the Upaniṣadic mysticism in relation to the sacrificial mysticism of the Védas. The monism suggested in the Ṛgveda is developed into the full-fledged form of idealistic monism in the Upaniṣads which regard Ātman or Brahman as the ultimate reality. The Upaniṣads really continue the Vedic tradition, they return to the authority of the Vedic seers time and

[1] Sri Aurobindo : *op. cit.*, p. 162.

again for supplementation, confirmation and final approval of their experiences and go on to enlarge and develop what is already contained in the Vedas in germinal form. They represent the profound mystical experiences and truths perceived and lived by the Vedic ṛṣis. There may be a wide gap of time between the Vedas and the Upaniṣads; but there is no gap in the development of philosophy, religion and mysticism. There may be expansion and progress; but there is no departure from the central ideas of the Vedas. The Upaniṣadic doctrines of the immortality of soul, of mokṣa, being the fruit of jñāna, of the concept of one reality (tad ekam), of the concept of Ātman or Brahman, of the distinction between empirical self and transcendental self, of aparokṣānubhuti (mystical intuition), of the adhyātma-vidyā (self-knowledge)—all these are based on the Vedic doctrines. The Upaniṣads thus try to summarise and moralise the mysticism of the Vedas without disturbing its original content or central idea.

But from all this one should not be led to believe that there has not been any progress in the Upaniṣads beyond the Védas. In fact, the progress or advance of the Upaniṣads on the Vedas consists in an increased emphasis on the monistic trends of the Vedic hymns, a shifting of the centre from the outer to the inner world. Instead of the performance of bare rituals, meditation on prāṇa as Brahman is regarded as superior to all. We are reminded here of a passage in the Chāndogya Upaniṣad (V. 1.12) that so beautifully and convincingly establishes the ultimate supremacy of the prāṇa (vital breath). A conflict arose as to which of the sense-organs should be given the highest priority. Each claimed its own supremacy. The indispensability of the prāṇa proved its supremacy over other sense organs. One could live and function, however, inadequately and incompletely it may be, without nose, without eyes, without the sense of hearing, without tongue, without hands, feet etc., but one could not live and function without prāṇa. This recognition of the superiority of prāṇa brings into prominence the importance of

meditation on inward spirit in the mystical doctrines of the Upaniṣads.

The Brāhmaṇical idea of sacrifice is transformed in the Upaniṣads into altogether a new conception of sacrifice, that of a mental sacrifice which is helpful to the acquisition of spiritual knowledge. Sacrifices, in the days of the Upaniṣads, began to be replaced by 'tapas' or meditations. The Bṛhadāraṇyaka Up. opens with an account of the horse-sacrifice (aśva-medha yajña) and interprets it "as a meditative act in which the individual offers up the whole universe in place of the horse, ...In every homa the expression svāhā is used which implies the renunciation of the ego, svatvahanana."[1]

In the Bṛh. Up., instead of a horse-sacrifice the whole universe is conceived as a horse and is meditated upon as such. The dawn is the head of the horse, the sun is the eye, wind is its life, fire is its mouth and the year is its soul, so on and so forth.

Thus as we go from the Vedic period to the Upaniṣadic, there is a 'transference of interest from God to Self'. In other words, we may say that "as we pass from the Vedas to the Upaniṣads, we pass from prayer to philosophy, from hymnology to reflection, from henotheistic polytheism to monotheistic mysticism."[2] This change or transference of interest of the philosophical position from the objective to the subjective comes as a matter of direct realisation or intuitive perception. When we say all this we do not mean to state that the sages of the Upaniṣadic period have made an absolute departure from the central ideas of the Vedas. What we do maintain is that there is only a change of emphasis or interest from the outer to the inner world. The subtle philosophical ideas implicit in the Vedic hymns are

[1] Radhakrishnan: *The Principal Upanisads, Lond.* 1963, pp. 49-50.

The true import of *Yajña* is to give away our possessions in gifts to the needy, and finally, to dedicate even ourselves for the upliftment of others. This is the feeling of renunciation expressd by the word '*svāhā*'. The essence of sacrifice is to offer to the deities the things one greatly values.

[2] Ranade: *A Constructive Survey of Upanishadic Philosophy*, p. 3.

enlarged or enriched in the Upaniṣads. Even the Vedic ritualism is not exclusively given up, rather it has been interpreted for the realisation of the highest goal.[1] As a matter of fact, it is nowhere stated in the Upaniṣads that sacrifices are not efficacious. It has only been said that performance of sacrifices cannot be the highest aim of human life, because after attaining heaven by sacrifices, one has to be born again in this world. This is, of course, quite different from saying that sacrifices are not efficacious. They say that the sacrifices should be performed not with a view to being able to enjoy the pleasures in heaven but in order to purify and tranqullise the mind, because without such purification of the mind, the true knowledge, the knowledge of Brahman (Brahma-Jñāna) cannot be obtained.

It is true that in the Muṅḍaka Up. (I.2.7-8) there is an attack on ritualism. Sacrificial forms are described as "Unsafe boats". "Plavā hy ete. aṛḍha yajña-rūpā." Here 'unsafe boats' is evidently used in contrast with the Vedic claim that the ritual is a 'heavenly ship' (daivīm nāvam)[2]. In the Ṛgveda (X. 63.10) it has been clearly stated that the heavenly ship, well-oared, faultless, unleaking will lead to the attainment of bliss. "Daivīm nāvam svaritrām anāgasam, astravantim ā ruhemā svastaye"[3]. The heavenly ship implies the ritual which, faultlessly performed, is expected to take the worshipper across the sea of sufferings. The special effect of the ritual is that it creates an atmosphere of holiness and bliss. The elements of the outer sacrifice in the Vedas are used as symbols of the inner sacrifice. It gives the sacrificer a means of raising himself to the divine level and realising a condition in which he will no longer have to die. Its correct performance regulates the progress of the world. The sacrifice is thus a cosmic operation—a process for the total transformation of the world. The Muṅḍaka Up. criticises rituals only when they are performed for the sake of worldly

[1] "In the Upaniṣads we find a combination of the element of the worship of the Divine in the forest with the Vedic sacrifices. Ritualism was not given up". History —of Philosophy : Esstern and Western, Vol. I, edit. by Radhakrishnan, p. 33.

[2] *Ṛgveda :* X. 63. 10.

[3] *Ibid.*

pleasures. Such sacrifices, it calls, inferior (avaram), because it is devoid of knowledge. In the same upaniṣad (I.2.9) it has been clearly asserted that the deluded, living in the abyss of ignorance, think that they have accomplished their aim. Those who perform rituals with attachment (yat karmiṇo na pravedayanti rāgāt tenāturāh kṣīṇalokās cyavante), they sink down when the fruits of their merits are exhausted. It is now clear that the Muṇḍaka Up. criticises only 'rāgāt-yajña'; it does not criticise the yajña when done with detachment or for self-discipline. The Ṛgveda (VIII.70.3) itself declares that rituals done with attachment cannot lead to the attainment of Indra, the praised of all[1]. The Ṛgveda (X.12.8) says that one should sacrifice everything for the sake of God and for man's sake. The highest or supreme sacrifice is self-sacrifice for a noble cause. The ṛṣi Bṛhaspati chose not immortality for man's sake and Yama gave up his own dear body to find a path for mortal men from this world to another.

> "devebhyaḥ kam āvṛṇīta mṛtyuṃ prajāyai kam
> amṛtaṃ nāvṛṇita Bṛhaspatiṃ yajñam akṛṇvata ṛṣim
> priyāṃ yamas tanvaṃ prārirecit[2]."

In the Ṛgveda it is said that creation proceeds from Yajña. "Of the Yajña that the shining Ones prepared with Puruṣa as the oblation, Spring was the butter, summer the wood and autumn the offering[3].

The unwise man, says the Ṛgveda, obtains foodgrains to little purpose, for it is as good as his death. He feeds neither a friend nor a comrade. And one who eats all by himself sins all by himself[4]. It has been very clearly mentioned in the Ṛgveda

[1] "nakiṣṭam Karmaṇā naśad
yaś cakāra sadāghṛdham
indram na yajñair viśvagūtram ṛbhvasam
adhṛaṣṭam dhṛṣṇvojasam".

[2] *Ṛgveda :* X. 12. 8.

[3] "yat puruscṇa havisā deva yajñam atanvata, vasanto asyā" sīd ājyam grīṣma idhamsh sarad haviḥ". *Ṛgveda :* XI. 90. 6

[4] "mogham annam vindate apracetāh sstyam bravīmi vadha itsa tasya, nā 'aryamaṇam puṣyati no sakhāyam kevalāgho bhavati kevalādī". *Ṛgveda :* X.177.6.

that the evil-doers (duṣkṛtaḥ) are not fit for performing the sacrifices. They will not be allowed to move in the path of Ṛta (Eternal Law). "Ṛtasya panthānam na taranti duṣkṛtaḥ[1]." No ritual is of any worth unless the person performing it comes with a pure body, a pure heart and a clean life. These considerations reveal plainly that the elements of the ritualistic cult found in the Védas are quite efficacious; the mystical tradition as prevalent in Vedic times finds its wider scope in the philosophy of the Upaniṣads.

From all that has been said it is clear that the ritualistic mysticism of the Vedas, in its inner sense, is an upward journey, a pilgrimage and a travel towards the attainment of Infinite or the highest Truth. The Ṛgvedic mystics, through their mystical fervour of devotion and contemplation, realise the ecstatic feeling of the immence of the divine in every sentient creature. They perceive the Truth (Tad Ekam or Ekam Sat) and have a vision of unruffled beatific consciousness, bedecked with the full Ray of the Light 'that never was on sea and land'. Their mystical unifying vision, their spiritual radiancy of joy, their depth of metaphysical reflection, their keenness of intuitive penetration and their deep conviction do not leave a trace of doubt that the Vedic ṛṣis have established a sufficient claim to be heard. Vedic mysticism has always been the cream and core, the guiding spirit and shaping force of all later mysticism that thrived on Indian soil. In the Atharvaveda (XIII.4.16), we have "na dvitīyo na tṛtīyaś caturtho nā py uccyaté, na pañcamo na ṣaṣṭhaḥ saptoma nāpy uccyaté. nā ṣṭamo na navamo daśamo. sa eṣa eka ekavṛd eka eva, sarve' smin devā ekavṛtto bhavanṭi." It would be no exaggeration to say that all later Advaitic thought is the elaboration of this unifying vision of the Vedic seers. India is revealing today this intuitive unifying vision of the Vedic ṛṣis, the vision that will liberate man into the Truth, Freedom and Blissful higher existence, which it is his divine destiny to attain as the very goal and consummation of his life on earth.

——

1 *Ṛgveda :* IX.73.6.

प्रायश्चित्ततत्त्वम्

विश्वनाथ शास्त्री

संस्कृत महाविद्यालय

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय

प्रायश्चित्त का तात्पर्य है—पाप का विशोधन करने वाला कर्म। प्राय का अर्थ है—'पाप' और चित्त का तात्पर्य है—'विशोधन'। जिसके द्वारा पाप की शुद्धि होती है, उसे प्रायश्चित्त कहते हैं।[१] स्मृति में कहा गया है कि "प्रायः पापं समुद्दिष्टं चित्तं तस्य विशोधनम्" जिसका तात्पर्य है--पाप का शोधन करने वाला कर्म ही प्रायश्चित्त की संज्ञा से अभिहित किया जाता है। पाप को नष्ट करने में साधनभूत कर्म ही प्रायश्चित्त है।[२] हारीत का भी मत है कि अशुभ का नाश करने से ही इस कर्म को प्रायश्चित्त कहा जाता है।[३] महाभारत में कहा गया है कि जिस प्रकार शरीर के मल को जल दूर करता है और अग्नि के प्रकाश से अन्धकार नष्ट हो जाता है, उसी प्रकार दान एवं तपस्या के द्वारा सभी पाप नष्ट हो जाते हैं।[४] इस कारण पापक्षयमात्र में साधन होने से विधिवोधित कर्म को प्रायश्चित्त कहते हैं।[५] विष्णु ने कहा है कि बड़े-बड़े पापी भी अश्वमेध यज्ञ करने से शुद्ध हो जाया करते हैं।[६] उसकी दूसरी व्युत्पत्ति बतलाते हुए अङ्गिरा ऋषि ने कहा[७] है कि 'प्राय' का तात्पर्य 'तप' से है, और 'चित्त' का अर्थ 'निश्चय' से है। इसलिए तप एवं निश्चय से युक्त ही प्रायश्चित्त कहलाता है। यह जो निश्चय है, उसका अर्थ पापक्षयसाधनत्व से है। इन पापों का तात्पर्य वैदिक प्रतिपाद्य अनर्थों से है।[८] ये

---

[१] "प्रायस्य पापस्य चित्तं विशोधनं यस्मात्।"

[२] प्रायस्य तपसः चित्ताम् निश्चय इति। "पारस्करप्रभृतीनि च संज्ञायाम्" ६।१।१५७ इत्यत्र "प्रायस्य चित्तिचित्तयोः" इति वार्तिकोक्त्या 'सुट्' निपात्यते च। "पापक्षयसाधनं कर्म्म।"

[३] "प्रयतत्वाद्वोपचितमशुभं नाशयतीति प्रायश्चित्तम्।" हारीतः। यत्तपः प्रभृतिकं कर्म्म उपचितं सञ्चितमशुभं पापं नाशयतीति क्रत् तत्द् कर्मभिः कर्तुः प्रयतत्त्वाद्वा शुद्धत्वादेव तत् प्रायश्चित्तम्।" यथा पुनर्हारीतः—
"यथा क्षारोपस्वेद चण्डनिर्णोदनप्रक्षालनादिभिर्वासांसि शुध्यन्ति एवं तपोदानयज्ञैः पापकृतः शुद्धिमुपयान्ति।" शुद्धिं पापक्षयम्।

[४] "अद्भिर्गात्रात् मलमिव तमो ह्यग्निभयाद् यथा। दानेन तपसा चैव सर्वपापम-पोहति।" महाभारते।

[५] "पापक्षयमात्रसाधनत्वेन विधिबोधितं कर्म प्रायश्चित्तम्।"

[६] "अश्वमेधेन शुध्यन्ति महापातकिनस्त्विमे।"
इति **विष्णूक्तस्याश्वमेधस्यापि प्रायश्चित्तत्वम्।**

[७] "प्रायोनाम तपः प्रोक्तं चित्तं निश्चय उच्यते।
तपोनिश्चय संयुक्तं प्रायश्चित्तमितिस्मृतम्।"

[८] "निश्चयसंयुक्तंपापक्षयसाधनत्वेननिश्चितमित्यर्थः। पापन्तु वैदिकप्रतिपाद्योऽनर्थः।"

अनर्थ अनिष्ट के साधन हैं। पाप के कारणों को बतलाते हुए याज्ञवल्क्य ने कहा है कि वेद-विहित कर्म का अनुष्ठान न करने, निन्दित कर्मों का सेवन करने तथा इन्द्रियों का निग्रह न करने से मनुष्य पतन को प्राप्त होता है।[1] कौन-कौन सा पाप करने से कौन कौन अवस्थाएँ मिलती हैं—इसे बतलाते हुए मनु ने कहा है कि शरीर से उत्पन्न कर्मदोष से मनुष्य स्थावरता को प्राप्त होता है, वाणीगत पाप करने से पक्षी एवं मृग की योनियों को तथा मानस-पाप करने से अन्त्यजजातिता को प्राप्त करता है। कोई इस लोक में पाप करने से तथा कोई पूर्व योनियों में पाप करने से रूपविपर्य्यय को प्राप्त करते हैं।[2] मनु ने यह भी बतलाया है कि सुरापान, ब्रह्महत्या, गोवध, सुवर्णस्तेय, गुर्वङ्गनागमन करने वाले तथा इनके संसर्ग में रहने वाले लोग सभी नरक में गिरते हैं।[3] इन पाँचों को महापातक कहा जाता है।[4]

प्रायश्चित्त के माहात्म्य का निर्देश करते हुए अङ्गिरा ऋषि ने बतलाया है कि जिस प्रकार आदित्य उदित होकर सम्पूर्ण अन्धकार को नष्ट करते हैं, उसी प्रकार यह प्रायश्चित्त कर्म सभी पापों को दूर करके कल्याण प्रदान करता है।[5] इस प्रकार प्रायश्चित्त को कल्याण स्वरूप भी माना गया[6] है। यह आवश्यक कर्त्तव्य है। यम ने बतलाया है कि जिस प्रकार भोग करने से कर्म नष्ट होते हैं और तपस्या के द्वारा अन्त में अन्तःकरण शुद्ध होता है वैसे ही विभिन्न प्रकार के प्रायश्चित्त भी विशुद्धि के लिए करने चाहिए।[7] प्रायश्चित्त की अर्हता को बतलाते हुए मनु ने कहा है कि विहित कर्म को न करने, निषिद्ध कर्म को

---

[1] "विहितस्याननुष्ठानान्निन्दितस्य च सेवनात्।
अनिग्रहाच्चेन्द्रियाणां नरः पतनमृच्छति।"
—याज्ञवल्क्यः।

[2] "शरीरजैः कर्म्मदोषैर्याति स्थावरतां नरः।
वाचिकैः पक्षिमृगतां मानसैरन्त्यजातिताम्॥
इह दुश्चरितैः केचित् केचित् पूर्व्वकृतैस्तथा।
प्राप्नुवन्ति दुरात्मानो नरा रूपविपर्य्ययम्॥" मनुः।

[3] "सुरापो ब्रह्महा गोघ्नः सुवर्णस्तेयकृन्नरः।
पतितैः संप्रयुक्तश्च कृतघ्नो गुरुतल्पगः।
एते पतन्ति सर्वेषु नरकेष्वनुपूर्वशः।" **यमः।**

[4] "ब्रह्महत्या सुरापानं स्तेयं गुर्वङ्गनागमः।
महान्ति पातकान्याहुः तत्संसर्गश्च पञ्चमः।"

[5] "उद्गच्छन् यद्वदादित्यस्तमः सर्व्वं व्यपोहति।
तद्वत् कल्याणमातिष्ठन् सर्व्वं पापं व्यपोहति।
पापञ्चेत् पुरुषः कृत्वा कल्याणमभिपद्यते।
मुच्यते पातकैः सर्वैर्महाभ्रैरिव चन्द्रमाः।"

[6] "कल्याणं प्रायश्चित्तम्।"

[7] "तपसोऽन्ते विशुध्यन्ति कर्म्मणां वा परिक्षयात्।
तस्मात् कर्तव्यमेतैस्तु प्रायश्चित्तं विशुद्धये।" **यमः।**

करते तथा इन्द्रियों के अर्थों में अत्यन्त प्रसक्त होने से मनुष्य को प्रायश्चित्त करना पड़ता है।[१] अज्ञानपूर्वक अथवा ज्ञानपूर्वक यदि कोई निन्दित कर्म हो जाय तो उससे मुक्ति प्राप्त करने के लिए दूसरी बार पुनः वही कार्य नहीं करना चाहिए।[२] प्रायश्चित्त की नित्यता, नैमित्तिकता तथा काम्यता को बतलाते हुए जाबालि महर्षि ने बतलाया है कि काम्य कर्मों की सफलता के लिए तथा दोषों को दूर करने के लिए प्रायश्चित्त की स्थिति होती है, इसलिए इसे काम्य तथा नैमित्तिक दोनों का सहायक मानते हैं। अतः विशुद्धि के लिए भी नित्य प्रायश्चित्त का आचरण करना चाहिए।[3] ज्ञान द्वारा करने से अथवा अज्ञान में हो गये निन्दित कर्मों के कारण ही प्रायश्चित्त में भेद प्रदर्शन किया जाता है।[४]

इस विषय में अङ्गिरा ऋषि का कथन है कि यदि कोई पाप बुद्धि पूर्वक जानकारी रखते हुए किया जाय, तो उसका प्रायश्चित्त द्विगुणित हो जाता है।[५] परिषद् किस प्रकार की होनी चाहिए, इसका निरूपण करते हुए बतलाया गया है कि २१ संख्या वाले मीमांसा एवं वेदशास्त्र के पारंगत विद्वानों की जो वेद के साथ ही उसके अङ्गभूत शास्त्रों के विषयों से भी पूर्ण परिचित हों, बनानी चाहिए।[६] ऋषियों का कथन है कि यदि लघुकार्य है तो छोटी, मध्यम हो तो मध्यम और यदि महापातक हो, तो उसे और बढ़ा देनी चाहिए।[७]

यदि कोई व्यक्ति प्रायश्चित्त का ज्ञान रखते हुए भी उसका पूर्णतः निर्देश नहीं करता है, तो वह भी दोष का भागी होता है।[८] यदि दोष का भागी व्यक्ति अशक्त हो, तो उसके साथ अनुग्रह किया जा सकता है, ऐसा पराशर का मत है।[९] किन्तु यदि प्रायश्चित्त

---

[१] "अकुर्व्वन् विहितं कर्म निषिद्धन्तु समाचरन्।
प्रसक्तश्चेन्द्रियार्थेषु प्रायश्चित्तीयते नरः।" **मनुः।**

[२] "अज्ञानाद् यदि वा ज्ञानात् कृत्वा कर्म विगर्हितम्।
तस्माद्विमुक्तिमन्विच्छन् द्वितीयं न समाचरेत्।" **मनुः।**

[3] "काम्यानां सफलार्थञ्च दोषघातार्थमेव च।
काम्यं नैमित्तिकञ्चैव प्रायश्चित्तमिति स्थितिः।
चरितव्यमतो नित्यं प्रायश्चित्तं विशुद्धये।
निन्द्यैश्च लक्षणैर्युक्ता जायन्ते निष्कृतैनसः।" **जाबालः।**

[४] "ज्ञानाज्ञानकृतपापयोः प्रायश्चित्तभेदः।"

[५] "अकामतः कृते पापे प्रायश्चित्तं न कामतः।
स्यात्वकामकृते यत्तु द्विगुणं बुद्धिपूर्वके।" **अङ्गिराः।**

[६] "एकविंशतिसंख्याकैर्मीमांसावेदपारगैः।
वेदाङ्गकुशलैश्चैव परिषत् संप्रकल्पयेत्।" **अङ्गिराः।**

[७] "एषा तु लघुकार्य्येषु मध्यमेषु तु मध्यमा।
महापातकिशोध्येषु शतशो भूय एव वा।" " "

[८] "आर्त्तानां मार्गमाणानां प्रायश्चित्तानि ये द्विजाः।
जानन्तो न प्रयच्छन्ति तेऽपि तद्दोषभागिनः।"

[९] "दुर्बलेऽनुग्रहः कार्य्यस्तथा वै शिशुवृद्धयोः।
अतोऽन्यथा भवेद्दोषस्तस्मान्नानुग्रही भवेत्।"

को बतलाने वाला व्यक्ति स्नेहादि के कारण किसी के साथ अनुग्रह करता है, तो उसे दोष का भागी भी बनना पड़ता है।[1] वृद्ध, बालक, स्त्री तथा रोगियों के साथ कुछ अनुग्रह किया जा सकता है।[2]

पाप का प्रायश्चित्त किस प्रकार होगा, इसका निरूपण करते हुए महाराज मनु ने कहा है कि तपस्या, अध्ययन, अनुताप, ख्यापन तथा दान इत्यादि करने से पाप दूर होता है।[3] यह अध्ययन, तपस्या तथा दान अनुकल्प कहा जाता है।[4] यह हिंसा से अतिरिक्त प्रायश्चित्तों के लिए है; किन्तु हिंसा में तो दान ही मुख्य है। भविष्यपुराण में कहा गया है कि सभी हिंसात्मक कार्यों के लिए मनीषियों ने प्रायश्चित्त के लिए दान करने की प्राथमिकता दी है।[5] मनु भी इसका समर्थन करते हैं।[6] सामान्य प्रायश्चित्त के लिए हिरण्यदान, गोदान, भूमिदान आदि का विधान मिलता है।[7] यम का मत है कि शरीर का शोषण करने से, तपस्या तथा अध्ययन करने से दान तथा इन्द्रियों के विषयों का दमन करने से पाप दूर हो जाता है।[8] विष्णुपुराण में कहा गया है कि प्रायश्चित्त तपस्या आदि कर्मों के करने से भी यदि पूरा न हो, तो उसे (पाप को) दूर करने के लिए कृष्ण का स्मरण सर्वोत्तम मार्ग है।[9] यम ने बतलाया है कि देवपूजा, वेदाभ्यास, पुण्यसरिताओं में स्नान इत्यादि महापातकजन्य पापों को दूर करते हैं।[10] महाभारत में बतलाया गया है कि यदि सैकड़ों पाप करके भी कोई गंगा में स्नान कर लेता है; तो गंगाजल उसके पाप को उसी तरह नष्ट

---

१ "स्नेहाद्वा यदि वा लोभात् मोहादज्ञानतोऽपि वा।
कुर्वन्त्यनुग्रहं ये तु तत् पापं तेषु गच्छति।"

२ "अशीतिर्यस्य वर्षाणि बालो वाऽप्यूनषोडशः।
प्रायश्चित्तार्द्धमर्हन्ति स्त्रियो रोगिण एव च।"

३ "ख्यापनेनानुतापेन तपसाध्ययनेन च।
पापकृन्मुच्यते पापात्तथा दानेन चापदि।" **मनुः।**

४ "आपदीत्यनेन अध्ययन तपसोर्दानमनुकल्प इत्युक्तम्।"

५ "हिंसात्मकानां सर्व्वेषां कीर्त्तितानां मनीषिभिः।
प्रायश्त्तिकदम्बानां दानं प्रथम उच्यते।" **भविष्ये।**

६ "दानेन वधनिर्णेकं सर्पादीनामशक्नुवन्।
एकैकशश्चरेत् कृच्छ्रं द्विजः पापापनुत्तये।" **मनुः।**

७ "हिरण्यदानं गोदानं भूमिदानं तथैव च।
नाशयन्त्याशु पापानि महापातकजान्यपि।"

८ शोषणेन शरीरस्य तपसाध्ययनेन च।
पापकृन् मुच्यते पापात् दानेन च दमेन च।" **यमः।**

९ "प्रायश्चित्तान्यशेषाणि तपः कर्म्मात्मिकानि वै।
यानि तेषामशेषाणां कृष्णानुस्मरणं परम्।" **विष्णुपुराणम्।**

१० "गवाह्निका देवपूजा वेदाभ्यासः सरित्प्लवः।
नाशयन्त्याशु पापानि महापातकजान्यपि।" **यमः।**

कर देता है, जैसे अग्नि तूलराशि को।[१] शास्त्रों में जिन विभिन्न प्रकार के व्रतों का विधान किया गया है, वे भी पाप को दूर करने वाले तथा शुद्धि के कारण हैं। यथा—चान्द्रायणादि व्रत शुद्धि और अभ्युदय के कारण[२] है। प्राजापत्य, सान्तपन, शिशुकृच्छ्र, पराक, अतिकृच्छ्र, पर्णकृच्छ्र, सौम्यकृच्छ्र, महासान्तपन, तप्तकृच्छ्र, जलोपवास कृच्छ्र, ब्रह्मकृच्छ्र प्रभृति जितने व्रतोपवास हैं; वे समस्त अथवा इनमें से कोई एक भी पापों को दूर करते हैं।[३] विशुद्धि के लिए चान्द्रायण व्रत किया जाता[४] है। शिशुचान्द्रायण और यतिचान्द्रायण इत्यादि का भी विधान किया जाता है। जो पाप प्रकाश में हों; उनको दूर करने के लिए व्रतों का अनुष्ठान ही उत्तम[५] है। रहस्यकृत पापों के लिए जपादि किया जाता है[६]। प्राजापत्य का विधान करते हुए मनु बतलाते हैं कि ये व्रत आविष्कृत पापों को दूर करके शुद्धि प्रदान करते हैं। अनाविष्कृत पापों की शुद्धि मंत्र तथा होम से होती है।[७]

प्रायश्चित्त का विधान करते हुए हारीत ने बतलाया है कि चाहे कोई राजा हो, राजपुत्र हो अथवा बहुश्रुत ब्राह्मण हो, उसे केश वपन करके ही प्रायश्चित्त करना चाहिए[८]। यदि कोई व्यक्ति केश रखकर ही प्रायश्चित्त करता है, तो उसे द्विगुणित व्रत करना होता[९] है। द्विगुणित व्रत करने पर उसकी दक्षिणा भी दूनी होती[१०] है। विद्वान्, विप्र, राजा, स्त्री को केशवपन की आवश्यकता नहीं है। सधवा स्त्रियों के लिए विशेष निर्देश

---

[१] "यद्यकार्यशतं कृत्वा कृतं गङ्गाभिषेचनम्।
सर्व्वं दहति गंगाम्भस्तूलराशिमिवानलः।" **महाभारते।**

[२] "कृच्छ्रं चान्द्रायणदीनि शुद्ध्यभ्युदयकारणम्।" **विश्वामित्रः।**

[३] "प्राजापत्यः सान्तपनः शिशुकृच्छ्रः पराककः।
अतिकृच्छ्रः पर्णकृच्छ्रः सौम्यः कृच्छ्रातिकृच्छ्रकः।
महासान्तपनः शुद्ध्यै तप्तकृच्छ्रस्तु पावनः।
जलोपवासकृच्छ्रश्च ब्रह्मकूर्च्चस्तु शोधकः।
एते समस्ता व्यस्ता वा प्रत्येकमेकशोऽपि वा।
पातकादिषु सर्व्वेषु पापकेषु प्रयत्नतः।" **विश्वामित्रः।**

[४] "कार्य्याश्चान्द्रायणैर्युक्ताः केवला वा विशुद्धये।
शिशुचान्द्रायणं प्रोक्तं यतिचान्द्रायणं तथा।"

[५] "प्रकाशकृते पापे व्रतानि मुख्यानि।"

[६] "रहस्यकृते जपादीनि।"

[७] "एतैर्द्विजातयः शोध्या व्रतैराविष्कृतैनसः।
अनाविष्कृतपापांस्तु मन्त्रैर्होमैस्तु शोधयेत्।" **मनुः।**

[८] "राजा वा राजपुत्रो वा ब्राह्मणो वा बहुश्रुतः।
केशानां वपनं कृत्वा प्रायश्चित्तं समाचरेत्।" **हारीतः।**

[९] "केशानां धारणार्थन्तु द्विगुणं व्रतमाचरेत्।"

[१०] "द्विगुणे तु व्रते चीर्णे द्विगुणा दक्षिणा भवेत्।"

[११] "विद्वद्विप्रनृपस्त्रीणां नेष्यते केशवापनम्।
ऋते महापातकिनो गोहन्तुश्चावकीर्णिनः।"

करते हुए देवभट्ट ने बतलाया है कि नारियों का वपन नहीं किया जाता। न तो उन्हें जपादि करना चाहिए और न तो उन्हें गोष्ठ (गोशाले) में शयन ही करना चाहिए[१]। स्त्रियों के लिए सभी केशों को छोड़कर केवल अग्रभाग से दो अंगुल केश काटने का विधान मिलता है। सभी स्थलों में स्त्रियों के शिरः मुण्डन-स्थल पर इसी प्रकार का विधान किया गया है[२]। धेनु के मूल्य की व्यवस्था करते हुए बतलाया गया है कि जो प्राजापत्य व्रत करने में अशक्त हों, उन्हें पयस्विनी गौ देनी चाहिए[३]। धेनु के अभाव में उसका यथोचित मूल्य देना चाहिए[४]। बछड़े के सहित गाय का दान करना मुख्य पक्ष[५] है। उसके अभाव में उस सवत्सा गौ का यथोचित मूल्य दिया जाय। प्राचीन काल में गौ का मूल्य ३२ ताम्रपर्ण माना गया था। वत्स का मूल्य एक "पुराण" माना जाता था। यह मत महर्षि कात्यायन का है[६]। प्रायश्चित्त करने के अनन्तर ब्राह्मणों को भोजन कराना चाहिए[७]। सभी प्रकार के कृच्छ्रों के आरम्भ में और समाप्ति पर आज्य के द्वारा शालाग्नि में आहुतियाँ पृथक्-पृथक् देनी चाहिए[८]। व्रत के अन्त में श्राद्ध करना चाहिए; साथ ही गौ, हिरण्य, तथा अन्न इत्यादि दक्षिणा में देना चाहिए[९]। प्रायश्चित्त करने के बाद गाय को यवस देना चाहिए[१०]; उसे अपने सिर पर रखकर ले आना चाहिए; यदि यवस को गाय प्रसन्नता पूर्वक ग्रहण कर लेती है, तब समझना चाहिए कि प्रायश्चित्त सफल हो गया। अतः उस व्यक्ति के साथ पूर्ववत् व्यवहार करना चाहिए। यदि न ग्रहण करे तो समझना चाहिए कि अभी प्रायश्चित्त पूर्ण नहीं हुआ[११]; अभी पाप किसी अंश में विद्यमान है। उन पापियों का संग्रह नहीं करना चाहिए; जिनमें पाप विद्यमान हैं, उनके संसर्ग से संसर्गी पुरुष भी पाप के भागी बन जाते हैं।

---

१ "वपनं नैव नारीणं नानुव्रज्या जपादिकम्।
न गोष्ठे शयनं तासां न च दद्याद्गवाजिनम्। देवभट्टः।

२ "सर्वान् केशान् समुद्धृत्य छेदयेदंगुलिद्वयम्।
सर्वत्रैवं हि नारीणां शिरसो मुण्डनं स्मृतम्।"

३ "प्राजापत्यव्रताशक्तो धेनुं दद्यात् पयस्विनीम्।"

४ "धेनोरभावे दातव्यं तुल्यं मूल्यं न संशयः।"

५ "सवत्साया एव दानं मुख्यम्। तदभावे यथोचितं मूल्यम्।
तदसम्भवे पुराणत्रयम्।"

६ "द्वात्रिंशत्पणिका गावो वत्सः पौराणिको भवे-
दिति कात्यायनवचनात्।"

७ "क्रियते शुद्धये यत्तु ब्राह्मणानान्तु भोजनम्।"

८ "आरम्भे सर्वकृच्छ्राणां समाप्तौ च विशषतः।
आज्येनैव हि शालाग्नौ जुहुयादाहुतीः पृथक्।"

९ "श्राद्धं कुर्य्याद् व्रतस्यान्ते गोहिरण्यान्नदक्षिणम्।"

१० "प्रायश्चित्तानन्तरं गोभ्यो यवसं दद्यात्।"

११ "स्वशिरसा यवसमादाय गोभ्यो दद्यात् यदि
ताः प्रमुदिता गृह्णीयुरथैनं प्रवर्त्तयेयुः। एनं
कृतप्रायश्चित्तम्। इतरथा न। (क्रमशः)

खड़ी बोली में काव्यारम्भ

विद्या गुप्त
महिला महाविद्यालय
काशी हिन्दू विश्वविद्यालय

द्विवेदी-युग हिन्दी काव्य-साहित्य का क्रान्ति युग है। भारतेन्दु हरिश्चन्द्र की सजग प्रतिभा ने काव्य के जिन उपेक्षित क्षेत्रों के प्रति संकेत मात्र किया था, द्विवेदी जी ने उन्हें अपनी काव्य साधना का विशिष्ट क्षेत्र बनाया। भारतेन्दु जी ने खड़ी बोली की पुकार उस समय सुनी थी जब हिन्दी साहित्य के क्षेत्र में ब्रजभाषा का निर्द्वन्द्व साम्राज्य था; खड़ी बोली उसकी प्रतिद्वन्द्विता में खड़े होने का साहस भी न कर सकती थी। भारतेन्दु जी ने खड़ी बोली की इस दीन दशा को गद्य के क्षेत्र में उचित स्थान देकर गौरव प्रदान किया। खड़ी बोली का गद्य-साहित्य उनके समय में अपना सर्वाङ्गीण विकास कर रहा था। स्वयं भारतेन्दु जी ने जितने व्यापक दृष्टिकोण को लेकर खड़ी बोली में गद्य-साहित्य प्रस्तुत किया, उसे देखकर आश्चर्य होता है। ऐसे महान प्रतिभाशाली और शक्ति सम्पन्न भारतेन्दु जी भी खड़ी बोली को काव्यभाषा न बना सके। उनके मंडल के कवियों ने खड़ी बोली में काव्य सर्जन के स्फुट प्रयास समय समय पर किए, भारतेन्दु जी ने भी जब तब खड़ी बोली को अपने भाव-सुमन अर्पित किए किन्तु उन्होंने यह अनुभव किया कि खड़ी बोली काव्य-भाषा के अनुपयुक्त है, उसमें ब्रज भाषा का लोच और माधुर्य नहीं है। वह अपने स्वभाव का 'खरापन' छोड़ सकने में असमर्थ है और उन्होंने निराशा पूर्वक कहा—

"मैंने कई बेर परिश्रम किया कि खड़ी बोली में कुछ कविता बनाऊँ पर वह मेरी चित्तानुसार नहीं बनी, इससे यह निश्चय होता है कि ब्रजभाषा में ही कविता करना उत्तम है।"

अपने प्रयोगों के सम्बन्ध में उनका कथन है—"तीन भिन्न छन्दों में यह अनुभव करने ही के लिए कि किस छन्द में इस भाषा [खड़ी बोली] का काव्य अच्छा होगा कविता लिखी है। मेरा चित्त इसमें सन्तुष्ट न हुआ और न जाने क्यों ब्रजभाषा से मुझे इसके लिखने में दूना परिश्रम हुआ, इस भाषा की दीर्घ क्रियाओं में दीर्घ मात्रा विशेष होने के कारण बहुधा असुविधा होती है।"

गद्य और पद्य की भाषा एक हो, यह प्रश्न भारतेन्दु काल के लेखक और कवियों के सामने आ चुका था, प्रयोग चल रहे थे, पर कवियों के मानस पर अभी ब्रज माधुरी का ही आधिपत्य था। राज-राजेश्वरी की गरिमा से वह वहाँ प्रतिष्ठित थी। गद्य के क्षेत्र में अवश्य ही उसका वह मान न रहा था, वहाँ खड़ी बोली प्रतिष्ठित हो चुकी थी। गद्य और पद्य की दो भाषा बन गई थी, कवि और लेखक बिना किसी मानसिक क्षोभ की अनुभूति किए गर्व से सोचने लगे कि यह उनकी साहित्यिक समृद्धि का प्रमाण है कि वह दो दो भाषाओं पर अधिकार रखते हैं। एक स्थल पर श्री प्रतापनारायण मिश्र ने सगर्व लिखा है—

"दूसरे देशवाले केवल एक ही भाषा से गद्य-पद्य दोनों का काम चलाते हैं। हमारे यहाँ एक गद्य की भाषा है, एक पद्य की।"

किन्तु समय और परिस्थितियाँ बदलती गयीं। वही कारण जो पहले गर्व की उद्भावना करते थे अब कवियों और लेखकों को लांछन से लगने लगे। आचार्य महावीर-प्रसाद द्विवेदी ने इस क्षेत्र में दृढ़ता और साहस से कार्यारम्भ किया। जो कुछ भारतेन्दु जी को असंभव प्रतीत हुआ था वही द्विवेदी जी के जीवन का स्वप्न और साधना बन गया। उनके सतत प्रयासों से यह स्वप्न सत्य में परिवर्तित हुआ और अब कविगण अनुभव करने लगे कि खड़ी बोली काव्य के सर्वथा उपयुक्त है। श्री श्रीधर पाठक मूलतः ब्रजभाषा के कवि थे किन्तु उन्होंने यह अनुभव किया कि "गद्य और पद्य की भिन्न-भिन्न भाषा होना हमारे लिए उतना अहंकार का विषय नहीं है जितना लज्जा और उपहास का है कि जिस भाषा नें हम गद्य लिखते हैं उसमें पद्य नहीं लिख सकते।" उन्होंने खड़ी बोली काव्य के विरोधियों को चेतावनी दी कि—"यह कभी भूल से मत बोलना कि खड़ी बोली हिन्दी कविता के उपयुक्त नहीं है।"

इस प्रकार काव्य के क्षेत्र में खड़ी बोली की सत्ता स्वीकृत हुई, वह काव्य-भाषा मान ली गई पर अब उसके सामने प्रश्न था ब्रजभाषा की प्रतिद्वन्दिता का। काव्य के क्षेत्र से ब्रजभाषा का आधिपत्य भले ही उठ गया किन्तु अब भी काव्य रसिकों के हृदय का हार वही थी, खड़ी बोली को साहित्य-क्षेत्र में उचित सम्मान न मिला था। द्विवेदी जी ने उसे यह सम्मान प्रदान कराने की दृढ़ प्रतिज्ञा की। खड़ी बोली को केवल काव्य-भाषा ही नहीं, राष्ट्र-भाषा बनाने का भी महत्वपूर्ण उद्देश्य उनके समक्ष था। भारतेन्दु जी से प्राप्त 'निज-भाषा उन्नति अहै सब उन्नति को मूल', उक्ति को मूलमन्त्र रूप में ग्रहण कर उन्होंने इसके महत्तर और वृहत्तर स्वरूप को जनता के सम्मुख रक्खा—

भारत भर की एक राष्ट्र भाषा हो जावे
जो हम सब में खूब परस्पर मेल बढ़ावे।
यह अभिलाषा पूर्ण हमारी करने वाली—
हिन्दी ही है परम पूज्य गुणवती निराली।
छात्रो! उसके साहित्य को सब प्रकार उन्नत करो
उसके पुस्तक भंडार को सद्ग्रन्थों से तुम भरो।

—सरस्वती फरवरी १९१५

राष्ट्र-भाषा का न होना किसी भी सभ्य देश के लिए लज्जा की बात है, यह भावना इस समय के, मुख्यतः द्विवेदी जी से प्रेरणा प्राप्त कवियों के हृदय में कसकने लगी। सरस्वती के द्वारा जहाँ द्विवेदी जी ने राष्ट्र-भाषा को माता से भी अधिक पूज्य घोषित किया वहाँ गुप्त जी ने देश की चरम अवनति की सूचक राष्ट्र-भाषा के अभाव पर खेद पूर्वक लिखा—

'है राष्ट्र-भाषा भी अभी तक देश में कोई नहीं' [सरस्वती फरवरी १९०५] काव्य-भाषा और राष्ट्र-भाषा के महत्व को जन मन तक पहुँचानें के लिए गद्य-पद्य दोनों

माध्यमों से प्रचारात्मक रचनाएँ प्रकाशित हुईं। अंगरेजी और संस्कृत साहित्य की समृद्ध स्थिति से प्रभावित विद्वन्मंडली से द्विवेदी जी ने साग्रह अनुरोध किया—

इंग्लिश का ग्रन्थ समूह बहुत भारी है
अति विस्तृत जलधि समान देह धारी है
संस्कृत भी सब के लिए सौख्यकारी है
उसका भी ज्ञानागार हृदयहारी है
इन दोनों में से अर्थ रत्न ले लीजै
हिन्दी के अर्पण इन्हें प्रेम युत कीजै।

इस सदुपदेश का आंग्लभाषा और संस्कृत के प्रेमियों के लिए कोई मूल्य न था। ऐसे आर्यभाषा द्रोहियों की भर्त्सना करने से भी कविगण चूकते न थे। यह तिरस्कार भाव कभी तो अन्योक्ति या रूपक पद्धति द्वारा और कभी खुले वाक्य प्रहारों द्वारा होता रहा। 'हृतभागिनी' हिन्दी में भागवत सिंह शर्मा ने आक्षेप पूर्वक कहा—

भाषण लिखन निज मातृभाषा
में निरा अपमान है।
मान दायिनि म्लेच्छ भाषा
बस यही अनुमान है।
मित्र के शुभ आगमन में
बन्दगी करते सप्रेम।
शृगाल सी आकृति बना
गुडमानिं करना है नेम।

[मर्यादा फरवरी १९१५]

इसी विचार को अधिक संयत स्वर में अन्य कवि ने प्रकट किया—

लाद पराए धर्म का संकट भार अतोल।
तोता पिंजड़े में पड़ा, बोल मनुज के बोल।

[शंकर-अनुरागरत्न]

इस प्रकार लेखों द्वारा, कविताओं द्वारा द्विवेदी जी और उनके अनुयायी लेखक राष्ट्र-भाषा के प्रचार में लीन थे। खड़ी बोली काव्य-भाषा पद पर आसीन हो चुकी थी। अब दूसरा महत्त्वपूर्ण कार्य खड़ी बोली काव्य क्षेत्र के निर्धारण का था। 'कवि-कर्त्तव्य' नामक अपने निबन्ध में द्विवेदी जी ने काव्य-क्षेत्र क्या हो?—इस सम्बन्ध में अपना स्पष्ट मत दिया 'यमुना के किनारे केलि-कौतुहल का अद्भुत अद्भुत वर्णन बहुत हो चुका। न परकीयाओं पर प्रबन्ध लिखने की अब कोई आवश्यकता है और न स्वकीयाओं के गतागत की पहेली बुझाने की। चींटी से लेकर हाथी पर्यन्त पशु, भिक्षुक से लेकर राजा पर्यन्त मनुष्य, बिन्दु से लेकर समुद्र पर्यन्त जल, अनन्त आकाश, अनन्त पृथ्वी, अनन्त पर्वत-सभी पर कविता हो सकती है।"

द्विवेदी जी का दृष्टिकोण आदर्शवादी था अतः शताब्दियों से शृंगार की रीतिबद्ध सरिता में डुबकियाँ लगाते, नायिका भेद की गुत्थियाँ सुलझाते, विप्रलम्भा खंडिता, कलहान्त-

रिता, सौन्दर्यगर्विता आदि नायिकाओं के पाँव पखारते हुए इन कवियों से उन्हें विरक्ति थीं, यही नहीं पराधीन देश की दरिद्र जनता को अब मूँगे-मोतियों से सज-सँवर बन-बीथियों में, कूलों कद्दारों पर निर्बाध विहार करने वाली, नीति-धर्म और सामाजिकता को तिलांजलि देने वाली अभिसारिकाओं की अथवा मंजुल काम-निकेतनों में क्रीड़ा-रत प्रेमियों की आवश्यकता न थी। ऐसी रचनाएँ अप्रासंगिक एवं असामयिक थीं—

मंजुल निकुञ्जन में मंजुल महल मध्य,
मोतिन की झालरें किनारिन में कुरविंद।
आइगे तहाँ ज्यों पदमाकर पियारे कान्ह,
आनि जुरि गयो त्यों चबाइन के नीके बृन्द।

किसी समृद्ध देश की जनता ही मुक्ता-मंडित महलों में रासलीला करने वाली इन रूपसियों से मन बहला सकती होगी। दारिद्रय में आकंठ निमग्न, भग्नहृदय, विदेशी शासन से पीड़ित प्रजा को इन मिथ्या स्वप्नों की आवश्यकता न थी। अत: पथ-भ्रान्त साहित्यिकों की चेतना की बहुमुखी जाग्रति के लिए जिस शंखनाद की आवश्यकता थी वह द्विवेदी जी जैसे कर्मठ व्यक्ति द्वारा ही संभव था। यही कारण था कि नीति-उपदेश परक काव्य की जैसी बाढ़ इस युग में आई वैसी साहित्य के क्षेत्र में अन्यत्र दुर्लभ है। "गिर जाता है गर्त में जब जो उन्नत देश, ऊँचा करते हैं उसे तब ऊँचे उपदेश।" उक्ति सिद्धान्त-वाक्य बन गई :

उपदेशात्मकता के लिए अर्थ-गोपनीयता तो अभिप्रेत हो ही नहीं सकती अत: काव्य-क्षेत्र में अभिधा का अटल राज्य स्थापित हुआ और लक्षणा-व्यंजना उपेक्षित हो काव्य से बाहर हो गईं। उत्साही कवि गद्यवत् तुक बन्दियों में जातिगत्. धर्मगत्, साहित्यिक और राजनीतिक सभी प्रकार की समस्याओं को सुलझाने लगे। वे कभी तो समाज में फैली कुरीतियों के विरुद्ध स्वर ऊँचा कर कहते—'न रंडी बुलाकर नचाया करो,' तो कभी पारस्परिक फूट से उद्विग्न हो 'एक से है एक को द्वेषत्वता छाई हुई' कहते सुनाई पड़ते, कभी एक ही साँस में 'उपदेश-कुसुम' की माला पाठक के कंठ में पहना देते—

ईश भजैं नर नारि पतिव्रत
ध्यान सनातन धर्म धरेंगे
सत्य दया हिरदै बिच लावहिं
दीनन को उपकार करेंगे
देश हितै करि एक मतै
पर स्वारथ सों नहिं नेक टरेंगे

[इंदु कला १ किरण ५ उपदेश कुसुम]

सामाजिक जीवन की आधार-भित्ति नारी के आदर्श क्या हों ? इस प्रश्न पर भी प्रकाश डाला गया। द्विवेदी जी द्वारा सम्पादित 'कविता कलाप' में उत्कृष्ट कवियों द्वारा आदर्श नारियों के जो चित्र प्रस्तुत किए गए हैं उनका मूल भाव है—नारी का पति-प्राण होना। द्विवेदी जी ने अपनी रचना 'प्रियम्वदा' में लिखा—

सीखा चित्र बनाना इसने
करके कौशल नाना इसने,
ना और पढ़ाना इसने
पति का चित्त चुराना इसने।

गुप्तजी ने भी 'कुल कन्या अघ से डरती हैं, एक बार ही वर वरती हैं' के साथ 'घर में सबको भाती हैं यह, पति का चित्त चुराती है यह' लिखा। इससे स्पष्ट हो जाता है कि स्त्री-जीवन और उसके कार्य-क्षेत्र तथा कर्तव्य की अथ-इति घर की सीमा के ही अन्दर थी। उसके जीवन की चरम सार्थकता पति का चित्त चुराने की दक्षता मात्र है, गृहिणी, मन्त्री, एकान्त सखी, अतिकान्ता से आगे उसकी गति नहीं।

राजनीति के क्षेत्र में अभी कोई स्पष्ट और सुदृढ़ विचार धारा न बन पाई थी अतः कभी तो कवि गण ब्रिटिश राज्य की सराहना करते—

इन्द्रासन पर बैठ इन्द्र ने, इन्द्र प्रस्थ पर प्यार किया,
प्रभुता पाय जार्ज पञ्चम ने, सुख सागर संसार किया।

[शंकर-अनुराग रत्न]

और कभी कहते—

नियम अन्याय मय तोड़ो यही कर्तव्य है सच्चा,
महात्मा गांधी का संग करो कटिबद्ध हो मित्रो।

राजनीति के क्षेत्र में विचारों की अस्थिरता, स्वदेश और स्वदेशी की भावना से गांधी जी द्वारा चलाये स्वदेशी आन्दोलन द्वारा पुष्ट हो रही थी और 'भाषा, भोजन, भेष, भाव' से अंगरेजों का दीन अनुकरण करने वाले साहित्यिकों की दृष्टि में हेय ठहर रहे थे। नेकटाई को लक्ष्य कर कवि की उक्ति है—

तुझे कंठ में देखकर बँधता है यह ध्यान।
बन्दी अपने हाथ से, हुई भरतं-सन्तान।
× × × × ×
गले लिपट तू कह रही मानों वचन भविष्य।
ढाँकेंगे तन अन्त में, तुझसे तेरे शिष्य।"

[पथ पुष्पावली-पृष्ठ ८१]

एक अन्य कवि ने स्वदेशी वस्त्र निर्माण के लिए पाठक से प्रार्थना की—

लीजे विमल कपास को उटवा चर्खी बीज,
धुनका कर रहँटे चढ़ा, तार महीने खींच,
तार महीने खींच वस्त्र कर पहनो बुनकर,...

राजनीतिक विचारों में जो राज-भक्ति का स्वर 'वृटिश नाम जपते' मर मिटने का आग्रह लेकर मुखरित हुआ था वह जातीय भावनाओं और देश भक्ति के भाव से ओजस्वी हो 'जय स्वदेश' 'हमारा देश', 'भारतवर्ष', 'मेरे देश' के गीत गाने लगा और लोकमान्य तिलक का सिंहनाद 'स्वराज्य हमारा जन्म-सिद्ध अधिकार हैं' कवियों की विचार-

धारा को उत्तेजना देने लगा। 'मेरे देश' शीर्षक कविता में श्री मनोरंजन प्रसाद सिंह ने भारत-माता की दीन-हीन छवि की चर्चा करते हुए स्वराज्य प्राप्ति की अदम्य आकांक्षा प्रकट की—

ले स्वराज्य ही हम दम लेंगे
या कर देंगे जीवन शेष। [मर्यादा जुलाई १९१७]

सैद्धान्तिक क्षेत्र में प्रशस्त विचारभूमि प्रस्तुत करने के साथ ही द्विवेदी जी ने छन्द-विधान में भी परंपरित प्रणालियों के अवरुद्ध घेरे से निकल नवीन प्रयोगों के लिए कवियों को प्रेरणा दी। इस समय तक भारतेन्दु काल की तीन छन्द प्रणालियाँ प्रमुख रूप से प्रचलित थीं—हिन्दी के कवित्त-सवैया की प्रणाली, उर्दू छंदों की प्रणाली और लावनी का ढंग। [हिन्दी साहित्य इतिहास—रा. च. शुक्ल] द्विवेदी जी ने उर्दू, बंगला और अंगरेज़ी के साथ संस्कृत के वर्णिक छन्दों से प्रेरणा लेने के लिए कवियों से आग्रह किया। उमर खैयाम की 'रुबाइयों' के अनुवाद के साथ 'मुसद्दस' शैली में गुप्त जी ने 'भारत-भारती' की रचना की। अंगरेजी के 'सॉनेट' छन्द के आधार पर चतुर्दशपदी छन्द प्रचलित हुआ। 'ग्रे' की 'एलेज़ी' के आधार पर शोक गीत लिखे गए। बंगला से कवियों को 'मुक्त छंद' और 'पयार' की प्रेरणा मिली। स्वयं द्विवेदी जी का झुकाव संस्कृत के वर्णवृत्तों की ओर था जो सन् १९०१ की सरस्वती में प्रकाशित 'हे कविते' शीर्षक कविता से प्रमाणित है। यह अतुकान्त वर्णिक छन्द में है। इस प्रकार खड़ीबोली में तुकान्त के आग्रह की समाप्ति हुई और श्रीधर पाठक से लेकर कन्हैयालाल पोद्दार, देवी प्रसाद 'पूर्ण', सत्यशरण रतूड़ी, हरिऔध जी आदि अनेक कवियों ने इस परम्परा को प्रवहमान रक्खा। आगे चलकर रायकृष्ण दास जयशंकर प्रसाद, मुकुटधर आदि कवियों ने भी इस परम्परा में उत्कृष्ट रचनाएँ की। प्रसाद जी की रचना 'प्रेमपथिक' और हरिऔध जी के 'प्रियप्रवास' ने अतुकान्त वृत्त को खड़ी बोली के काव्य क्षेत्र में मान्यता और प्रतिष्ठा प्रदान की। वर्णवृत्तों के अतुकान्त सोन्दर्य ने सवैया और कवित्त की कला बाजियों को दिखलाने वाले कवियों के मुँह मलिन कर दिए और दोहे चौपाइयाँ लावनियाँ इधर-उधर सिर धुनने लगीं। छन्द-क्षेत्र में इन नए प्रयोगों ने विद्वान साहित्यिकों तक को विस्मित कर दिया। द्वितीय हिन्दी सम्मेलन के सभापति पं बालकृष्ण भट्ट ने अपने भाषण में कहा था—'आजकल छन्दों के चुनाव में भी लोगों की अजीब रुचि हो रही है। इन्द्रवज्रा मन्दाक्रान्ता शिखरिणी आदि संस्कृत के छन्दों का हिन्दी में अनुकरण हममें तो कुढ़न पैदा करता है। इस समय कुछ पद्य रचना रसिक हिन्दी में अतुकान्त काव्य की भी चेष्टा कर रहे हैं। दो एक इस क्रम की कविताएँ जो अबतक पत्रों में प्रकाशित हुई हैं भद्देपन का नमूना हैं।'

एक अज्ञात लेखक ने 'खड़ी बोली की कविता, लेख में अपने विचार उग्रता पूर्वक प्रकट किए—

"पद्य रचना के क्षेत्र में जब तक ब्रजभाषा का आधिपत्य था, तब तक छन्द शास्त्र भी था, व्याकरण, रस और अलंकार भी थे। किन्तु खड़ी बोली का प्राधान्य होते ही एक गदर सा मच गया,। एक तूफ़ान सा आ गया, न व्याकरण की क़दर रह गई, न छन्दशास्त्र और अलंकार शास्त्र की ही जरूरत समझी गई।" अब जिसका जैसा बोलने को

जी चाहता है वह वैसा ही बोल उठता है। बरसात के दिनों में किसी सरोवर में मण्डूक मण्डली जैसा कोलाहल मचाती है, ठीक वैसी ही दशा इस समय हिन्दी कविता की हो रही है। भाषा का कोई आदर्श नहीं रह गया। जो जैसी भाषा जानता है, उसे ही वह आदर्श मान बैठा है। जिसे न व्याकरण बोध है, न छन्द शास्त्र का ज्ञान है, न रस और न रीति से परिचय है और न भाषा पर जिसका अधिकार है, वह भी कवि शिरोमणि, कवि रत्न, कवि सम्राट, कविवर उपाधियों से लदा हुआ अपनी टूटी फूटी तुकबन्दी के बेसुरे आलाप से आसमान सिर पर उठाये हुए है। सैकड़ों हजारों कवि सम्राट एक साथ बोल रहे हैं, कोई किसी की सुनता नहीं। साहित्य में खास खास रसों के लिए खास खास छन्दों का निर्देश किया गया है, किन्तु हिन्दी के कवि सम्राट या तो इसे जानते नहीं या जानकर मानते नहीं। इसीसे कोई तो भुजंग प्रयात में रो रहा है और कोई द्रुतविलम्बित में युद्ध कर रहा है, कोई शार्दूल विक्रीडित में विलाप कर रहा है तो कोई मन्दाक्रान्ता में रौद्र रस भर रहा है।"

[सरस्वती-जलाई १९२६]

उपर्युक्त विचार विवादास्पद हैं क्योंकि संस्कृत के पिंगल ग्रन्थों में भी छन्द और रस के पारस्परिक सम्बन्ध के विषय में ऐसा कोई निर्दिष्ट विधान नहीं है। इस विषय पर पहले भी आलोचक विचार कर चुके थे और इस विषय के क्षेमेन्द्रकृत् 'सुवृत्ततिलक' के आधार पर निर्णय कर चुके थे कि क्षेमेन्द्र द्वारा निरूपित नियमों का संस्कृत में भी पालन नहीं हुआ। क्षेमेन्द्र के अनुसार वंशस्थ में राजनीति होनी चाहिए पर पंडितराज जगन्नाथ ने इसे करुण रस के अनुकूल माना है। विलाप के लिए वैतालीय या वियोगिनी का प्रयोग बहुधा होता था किन्तु नैषधकार ने इसी छन्द में कुशलता पूर्वक पुर वर्णन किया है।

भाषा सम्बन्धी आक्षेप "जो जैसी भाषा जानता है, उसे ही वह आदर्श मान बैठा है" अंशतः सत्य है। क्योंकि इस काल के विद्वान् कवियों के लिए भाषा साधन मात्र थी, साध्य नहीं। विषयानुकूल अथवा आवश्यकतानुकूल भाषा के रूप परिवर्तन की सामर्थ्य उनमें थी। आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी और श्री अयोध्यासिंह उपाध्याय ने संस्कृत-समास गुम्फित पद शैली से लेकर सरलतम हिन्दी में रचनाएँ कीं। लाला भगवान दीन, पं० रामचरित उपाध्याय, राय देवीप्रसाद पूर्ण, नाथूराम शर्मा 'शंकर' जैसे उद्भट विद्वान् खड़ी बोली काव्य-रचना में प्रवृत्त थे अतः भाषा सम्बन्धी त्रुटियों का कारण अल्पज्ञता या असामर्थ्य न होकर प्रयोगकालीन अस्थिरता मात्र थी। कभी कभी सतर्कता के अभाव के कारण भी भाषा की यह शिथिलता काव्य में स्थान पा जाती थी। द्विवेदी जी जैसे आचार्य भी क्रियापदों के प्रयोग में विशेष सावधानी नहीं रखते थे और 'रुचि पूर्वक दोल **बढ़ाय** रही,' 'अनुराग अपार **जगाय** रही,' जैसी पद रचनाएँ करने लगते थे। निश्चय ही 'बढ़ाय, जगाय' जैसे प्रयोग वांछनीय न थे।

क्रिया पदों के समान ही कभी-कभी अन्य व्याकरण-दोष भी दृष्टिगोचर होते थे। जैसे—

मेघों ने मिल प्रथम बिन्दु को अतिशय उच्चस्थान दिये।
किन्तु क्रूरता से फिर तत्क्षण उसे वहाँ से पतित किये।

[इंदु-कला ४, खंड २,]

तुकान्त के आग्रह के कारण वचन और क्रिया पद में व्याकरण दोष आया है। इसी प्रकार सर्वनामों के प्रयोग में भी अस्थिरता दिखलाई पड़ती है। जैसे—

बस अन्य का उपकार करना ही तुम्हारा काम है।
परहित रते अतएव तेरा नाम जग अभिराम है।

भाषा की शुद्धता के पक्षपाती और गद्य के क्षेत्र में भाषा के रूप की स्थिरता और व्यवस्था प्रदान करने वाले आचार्य द्विवेदी पद्य के क्षेत्र की इस अव्यवस्था को कैसे सह सके ? यह प्रश्न निश्चय ही उठ सकता है। किन्तु ध्यान से देखा जाय तो जिस प्रचुर परिमाण में काव्य सर्जन हो रहा था उसके अनुपात में यह दोष नहीं के बराबर हैं।

"रसात्मकं वाक्यं काव्यम्" का आदर्श खड़ी बोली में अभी प्रतिष्ठित न हो सका था। खड़ी बोली के व्यापक प्रसार का लक्ष्य लेकर, इसे जन-जन तक पहुँचाने के लिए, नगर और प्रान्त की परिधि तोड़कर राष्ट्रभाषा पद पर आसीन करने के लिए जिस सर्व बोधगम्य भाषा की आवश्यकता थी—वह 'ग्रन्थ-गुण-गान' की भाषा ही थी। जनता की सदियों से बेसुध चेतना को जगाने के लिए, वर्तमान स्थिति से अवगत कराने के लिए 'अखबार' जैसी रचनाओं का भी महत्त्व था —

तुम से इक विनती है यार,
कभी कभी देखो अखबार। [इन्दु, कला १ किरण १]

इस प्रकार जहाँ नीति-परक, उपदेश-परक, कर्त्तव्याकर्तव्य के विवेचन से पुष्ट खड़ी बोली में काव्य-निर्माण हो रहा था वहाँ सरिता के विशाल वक्षस्थल पर लहराती लघु उर्मियों के क्रीड़ा-विलास के समान भावपूर्ण कोमल-क्रान्त पदावली भी धीरे-धीरे अपना विकास कर रही थी। पं० श्रीधर पाठक का प्रकृति-प्रेम, पं० रामनरेश त्रिपाठी के प्रेम और कर्तव्य के मध्य संघर्ष जन्य प्रेम-प्रबन्ध [पथिक, स्वप्न] गुप्त जी के भक्ति-परिप्लावित हृदय की 'झंकार'—'स्वर न ताल केवल झंकार' निश्चय ही खड़ीबोली के मन-प्राणों को झंकृत करने लगे थे और द्विवेदी जी का 'अर्थ सौरस्य' का सिद्धान्त भावात्मक तरलता की गंगा में डुबकियाँ लगाने लगा था। 'सनेही' जी की पौराणिक आख्यानों पर लिखी 'शय्या-विलाप', 'बन्धु-वियोग' जैसी रचनाएँ रागात्मक अनुभूति के साथ अनुभावों के चित्रण में भी सचेष्ट हुईं। उदाहरणतः—

हुआ जब युद्ध में बेहोश भाई, उड़ी तब राम के मुख पर हवाई।
जलद मद हर मुखाम्बुज मंजु नीला, पलक भर में हुआ छवि हीन पीला।
रुधिर गति देह में रुक सी गई फिर, व्यथित हो देह कुछ झुक सी गई फिर।
सजल जल जात दृग दुख देख ऊबे, युगल खंजन विकल जल बीच डूबे।
[सरस्वती फरवरी १९१६]

अब कविता के क्षेत्र में लक्षणा और व्यञ्जना पुनः अपना स्थान ग्रहण करने लगी थीं। सर्वश्री मुकुटधर पांडेय, बदरीनाथ भट्ट, सियारामशरण गुप्त आदि कवि दार्शनिक चिन्तन, राष्ट्रीय भावना और दीन-दलित वर्ग की दुःख गाथाओं को कविता का विषय बनाने लगे थे। अब कविता कोरी इतिवृत्तात्मक न रह गयी थी। सौन्दर्य-चित्रण की स्थूल और आलंकारिक प्रणाली भी अधिक सांकेतिक और सरल हो चली थी।

नख-शिख वर्णन की स्थूल परम्परा, जिसमें उपमानों के ढेर लगाये जाते थे अधिक सुरुचि पूर्ण, विचार संगत और सार्थक रूप ग्रहण करने लगी थी। अतः 'बोलो इन अखियों की होड़ करने को अब कौन से अड़ीले उपमान अड़ जायेंगे' जैसा परम्परागत रूढ़ रूप 'जो सत्कवि की एक पंक्ति सी सुन्दर थी सदर्थ से प्राणित' में परिवर्तित हो चला था और आगे चल कर रीतिकालीन मुखर सौन्दर्य 'लाज भरे' 'मौन सौन्दर्य' की गरिमा गई मादकता से आसिक्त हो उठा।

